www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

67 YEARS देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक –6 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!
■ सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला ... पृष्ठ 6
■ पाकिस्तान में पीएमएल-एन व पीपीपी ने मतभेदों को सुलझाने का किया प्रयास पृष्ठ 7
रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार पृष्ठ 8

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का लंबी बीमारी के बाद निधन

## वेटिकन में 88 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, फेफड़ों व किडनी में था गंभीर संक्रमण



**वेटिकन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी पोप के निधन पर दुख जताया है। 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप दौरे पर थे, तब उन्होंने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। पोप फ्रांसिस से मोदी की यह पहली मुलाकात थी। पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया था। इसके बाद मोदी ने दूसरी बार जी-7 समिट में 2024 में मुलाकात की थी। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें1 4 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी।

**पोप का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए रखा जाएगा**

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार होगा। इसमें कई दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान होंगे। उनके पार्थिव शरीर को दर्शनों के लिए रखा जाएगा।

दुनिया भर से लोग अंतिम संस्कार से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। अभी तक अंतिम संस्कार के समय की घोषणा नहीं की गई है।



परम पावन पोप फ्रांसिस को दुनिया भर में लाखों लोग करुणा, विनम्रता व आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखेंगे : नरेंद्र मोदी

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस शांति से आराम करें। भगवान उन्हें और उनसे प्यार करने वाले सभी लोगों को आशीर्वाद दें : डोनाल्ड ट्रंप

**पोप फ्रांसिस को वेटिकन में नहीं दफनाया जाएगा**

पोप फ्रांसिस एक सदी से भी ज्यादा वक्त में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप होंगे। आमतौर पर पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे गुफाओं में दफनाया जाता है। लेकिन पोप फ्रांसिस को रोम में टाइबर नदी के दूसरी तरफ मौजूद सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा।

# सीएम निवास घेरने निकले कांग्रेसियों ने तोड़ा बैरिकेड

## पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, भारी गर्मी से प्रदर्शनकारी महिलाएं हुई बेहोश



**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सीएम हाउस के घेराव के रूप में कांग्रेस ने आज राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया ।कड़ी धूप और भीषण गर्मी में भी कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान खासा जोश दिखाया। गांधी मैदान में सभा के बाद सीएम हाउस घेराव के लिए कूच किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने महिला थाना चौक और ओसीएम चौक पर रोकने की नाकाम कोशिश की। यहां छोटे बैरिकेड लगे थे, जिन्हें कांग्रेसियों ने गिरा दिया और आगे बढ़ा। पुलिस ने दीवार बनाकर रोकना चाहा, तो प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और साथियों की सिपाहियों से धक्का-मुक्की हुई। लेकिन गास मेमोरियल चौक पर पुलिस का बैरिकेड स्ट्रांग तथा सुरक्षा इंतजाम भी पुख्ता थे। उस इंतजाम को भेदा नहीं जा सका। जबर्दस्त नारेबाजी के बीच कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव वहीं संपन्न हो गया।

प्रदर्शन के दौरान बेतहाशा गर्मी की वजह से कुछ महिला कांग्रेसियों के अचेत होने की भी सूचना है। सीएम हाउस घेरने के लिए निकलने से पहले कांग्रेसियों ने गांधी मैदान पर एक सभा की, जिसमें कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

सरकार के खिलाफ इस बड़े प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस के सबसे बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव शामिल नहीं हुए।

**घेराव में शामिल होने प्रदेश भर से पहुंचे नेता**

मुख्यमंत्री निवास घेराव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, धनेंद्र साहू, विजय जांगीड़, जरिता लैतफलांग, फूलो देवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैदू, विधायक अंबिका मरकाम, चातुरी नंद, उमेश पटेल, अरुण वोरा, गुरमुख होरा, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, प अमितेश शुक्ल, विकास उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, प्रमोद दुबे सहित संगठन के पदाधिकारी, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सार संक्षेप

### फिर एक मंच पर दिखे शरद-अजित पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनां नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।

### मांगी लाल जाट बने भाकृअनुप के महानिदेशक

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित कृषि विज्ञानी डॉ. मांगी लाल जाट ने सोमवार को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने 17 अप्रैल को एक अधिसूचना में डॉ. जाट को तीन साल की अवधि के लिए डेयर का सचिव एवं भाकृअनुप का महानिदेशक नियुक्त किया है।

### पोषण ट्रैकर ऐप को प्रधानमंत्री पुरस्कार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (नवाचार श्रेणी) प्राप्त किया। मलिक को यह पुरस्कार देश भर में पोषण सेवा वितरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले पोषण ट्रैकर ऐप के लिए प्रदान किया गया। पोषण ट्रैकर एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषण और बाल देखभाल सेवाओं के वितरण से जुड़े डेटा तुरंत प्रदान करने के लिए करते हैं।

### ईपीएफओ ने फरवरी में 1 6.10 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी 2025 में 16.10 लाख सदस्यों को जोड़ा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2024 की तुलना में शुद्ध वृद्धि में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### बेंगलुरु में वायुसेना अधिकारी और पत्नी पर हमला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे।

# नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़ : साय



**रायपुर/नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री शाह की अध्यक्षता आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# भिलाई 3 में मिले 500 व 200 रुपए के जाली नोट

**भिलाई नगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विवेक कुलश्रेष्ठ निवासी नवीन नगर चरोदा द्वारा जलाराम बेकरी दुकान चरोदा में आरोपी नरेंद्र सिंग द्वारा सामान खरीदकर कपटपूर्वक बेइमानी से नकली नोट को असली रूप में उपयोग करने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी नरेंद्र सिंग का तलाशी लिया गया जिसके पास से 500 रुपए के 18 नोट एवं 200 रुपए के 11 का नकली नोट मिलने पर प्रार्थी के लिखित आवेदन पेश करने पर आवेदन अवलोकन पर धारा 318(4), 179, 180 बीएनएस का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर व ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



# सपरिवार भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस और अपने तीन बच्चों के साथ भारत की चार दिन की यात्रा सोमवार को सुबह नई दिल्ली पहुंचे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार संग दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गए। वे वहां करीब 1 घंटे रुके। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और द्वितीय महिला का पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। वेंस के साथ अमेरिकी प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। पालम वायुसैनिक हवाई अड्डे पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया गया। सेना की एक संयुक्त टुकड़ी ने उन्हें सलामी गारद पेश की। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत की है। बता दें कि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति चार दिवसीय दौरे पर भारत आएं हैं उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और बच्चे भी मौजूद हैं। थोड़ी देर में प्रधानमंत्री जेडी वेंस के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगे। वहीं जेडी वेंस सपरिवार जयपुर और आगरा का भी दौरा करेंगे। वेंस विदेश मंत्री एस ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



■ जेडी वेंस ने परिवार संग अक्षरधाम मंदिर देखा
■ उपराष्ट्रपति बनने के बाद वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है

# जनसंपर्क, सुशासन और जनविश्वास का सेतु : मुख्यमंत्री

रायपुर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनसंपर्क अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसंचार क्षेत्र से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसंपर्क आज मात्र सूचना के प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास और संवाद की सशक्त कड़ी है। शासन की योजनाओं, नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ जनसंपर्क की भूमिका और भी व्यापक हो गई है। आज जनसंपर्क की लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के विस्तार के इस युग में विश्वसनीय, सटीक और संवेदनशील संप्रेषण पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। ऐसे में जनसंपर्क की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जनसंपर्क जनमत, जनचेतना और जनसेवा के त्रिवेणी संगम की तरह है। इसकी सक्रियता, संवेदनशीलता और संप्रेषण क्षमता जितनी सशक्त होगी, छत्तीसगढ़ में सुशासन की छवि उतनी ही मजबूत होगी। सही सूचना, सही समय पर, सही स्वरूप में जब आमजन तक पहुँचती है, तभी लोकतंत्र में विश्वास और सहभागिता मजबूत होती है।

# निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा न्यायापालिका पर की गई टिप्पणी पर विवाद हो गया है और अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी हो रही है। सोमवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने एक याचिका आई, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मांगी गई। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह निशिकांत के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को इस मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने दायर की है। अनस तनवीर भी वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं में से एक का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी को पत्र लिखकर उनकी मंजूरी मांगी है।

# दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी 'आप'

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने कहा है कि इस बार वो मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा जहां-जहां चुनाव हारती है वहां साम दाम दण्ड भेद अपनाकर सरकारें बनाती है। दूसरी पार्टियों को तोड़कर भाजपा सरकार बनाती है। एमसीडी चुनाव को गुजरात चुनाव के साथ कराया गया, लेकिन उनकी कोई कोशिश सफल नहीं हुई।

**अमेरिका में बोले राहुल गांधी**

# चुनाव आयोग ने कर लिया समझौता

**बोस्टन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर आगे कहा कि चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

महाराष्ट्र में शाम 5:30 से 7:30 के बीच 65 लाख वोट कैसे पड़े : राहुल गांधी



**उपलब्धि** इसरो ने अंतरिक्ष में फिर कर दिखाया बड़ा कारनामा

# स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग भी हुई कामयाब

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इसरो ने एक बार फिर से अंतरिक्ष में बड़ा कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने अपने स्पैडेक्स मिशन के तहत दूसरी बार उपग्रहों की डॉकिंग कराने में सफलता हासिल की है।**

*परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है। जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोग होंगे। उन्होंने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। जैसा कि पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी60/ स्पैडएक्स मिशन को 30 दिसम्बर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 को सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है। बता दे कि भारत 16 फरवरी को अंतरिक्ष में दो स्पेस क्राफ्ट को सफलतापूर्वक डॉक करने वाला चौथा देश बना था। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इससे पहले 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों सैटेलाइट्स को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गई। 12 जनवरी को सैटेलाइट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।*

*__एक ही प्रयास में मिली सफलता__-स्पैडेक्स उपग्रहों की डॉकिंग और अनडॉकिंग 45 डिग्री झुकाव के साथ 460 किलोमीटर की* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



# देश

**उवाच**



बिहार में पिछले बीस वर्षों के शासन काल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में भ्रष्टाचार को समाप्त किया। आधारभूत संरचना, सड़क निर्माण, सेतु एवं महासेतुओं का जाल बिछाया गया। इसके अलावा घर घर बिजली, पीने का पानी, कमजोर वर्गों का सशक्तीकरण, नौकरी एवं रोजगार, जातीय सर्वेक्षण एवं शराबबंदी जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसले लेकर बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुँचाने का कार्य किया: **राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.3 | 26.2 |
| मुंबई | 33.6 | 25.1 |
| कोलकाता | 36.4 | 27.0 |
| चेन्नई | 38.1 | 26.0 |

### कर्नाटक के बाद हिमाचल-तेलंगाना के सीएम को राहुल की चिट्ठी

# 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को चिट्ठी लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने सीएम सुक्खू और रेवंत रेड्डी को लिखी चिट्ठी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखने के बाद मैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पत्र लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का आग्रह किया है।' उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी ने दोनों मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बाबा साहेब अंबेडकर के बचपन की दो घटनाओं का जिक्र किया। पहला, जब बैलगाड़ी यात्रा के दौरान बाबा साहेब को 'अछूत' होने के कारण पानी नहीं मिला था और दूसरा, जब स्कूल में उन्हें अपनी योग्यता के बावजूद अकेले बैठना पड़ता था।



**कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

इससे पहले उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चिट्ठी लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने की मांग की थी। राहुल गांधी ने बीते दिनों दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों से मुलाकात करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, 'हाल ही में संसद में मेरी मुलाकात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है। बाबा साहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है, जिससे वंचित भी सशक्त बनकर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे हैं।' उन्होंने लिखा था, 'इसी भेदभाव ने रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार छात्रों की जान ली है। ऐसी भयावह घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। अब इस अन्याय पर पूरी तरह से रोक लगाने का वक्त है। मैंने सीएम सिद्धारमैया को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कर्नाटक में रोहित वेमुला एक्ट लागू किया जाए।'

## *चार दिनों में 57 शहरों में नेशनल हेराल्ड मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी कांग्रेस*


*__नई दिल्ली।__ कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अत्यंत आक्रामक हो गई है और इस मुद्दे पर अपना पक्ष जनता कर बीच में रखने के लिए पार्टी कल से 24 अप्रैल तक 57 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह जानकारी देते हुए रविवार को कहा कि पार्टी ने 57 वरिष्ठ नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी का कहना है की इन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उसके नेता पूरे देश में भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करेंगे और नेशनल हेराल्ड मामले की असलियत का खुलासा कर सच्चाई जनता की सामने लाएगी। श्री खेड़ा ने कहा 'विजयवाड़ा से वाराणसी तक, कश्मीर से तिरुवनंतपुरम तक कांग्रेस के नेता पूरे देश में भाजपा के झूठ और आजादी की लड़ाई के जीवित प्रतीक 'नेशनल हेराल्ड' को खत्म करने की राष्ट्रविरोधी साजिश का पर्दाफाश करेगी।' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा 'देश मे 21 से 24 अप्रैल के बीच 57 शहरों में जो नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे उनमें असम के जोरहाट में गौरव गोगोई, बिहार के पटना में अविनाश पांडे, छत्तीसगढ़ के रायपुर में सुप्रिया श्रीनेत, दिल्ली में पी चिदंबरम, चंडीगढ़ में जितेंद्र सिंह, धर्मशाला में प्रणब झा, शिमला में अशोक गहलोत, सूरत में डॉ अजय कुमार, कर्नाटक के बेलगांव में पृथ्वीराज चौहान, केरल के कोच्चि में दीपेंद्र हुड्डा, कोझिकोड में के राजू, तिरुवंतपुरम में दीपा दासमुंशी, लक्षद्वीप में शशि थरूर, भोपाल में कुमारी सैलजा, नागपुर में अजय उपाध्याय, मुंबई में पवन खेड़ा, भुवनेश्वर में भूपेश बघेल, चंडीगढ़ में मनीष तिवारी, अजमेर में शमा मोहम्मद, जयपुर में कन्हैया कुमार, हैदराबाद में रणदीप सिंह सुरजेवाला, देहरादून में उदित राज, कोलकाता में जीए मीर, लखनऊ में तारिक अनवर, आगरा में रंजीता रंजन, अगरतला में सप्तगिरि उलाका आदि प्रमुख हैं।*

# मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी कुशल बनें सैनिक : राजनाथ

**श्री सिंह ने राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।

श्री सिंह ने राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में, हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।' उन्होंने जोर देकर कहा कि आजकल साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और मनोवैज्ञानिक मोर्चों पर युद्ध लड़े जा रहे हैं और सैनिकों को मानसिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है, क्योंकि राष्ट्र की रक्षा केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत व्यक्तित्व, प्रबुद्ध चेतना और जागरूकता से भी की जा सकती है।



**'आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने कहा कि एक सैनिक के लिए शारीरिक शक्ति तो जरूरी है ही, साथ ही मानसिक शक्ति भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कठिन परिस्थितियों में सेवा करते हुए देश की रक्षा करते हैं और इन चुनौतियों का सामना एक मजबूत आंतरिक आत्मा से पैदा हुई ऊर्जा के जरिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक तनाव, अनिश्चितता और कठिन परिस्थितियों में काम करने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, जिसके लिए आंतरिक आत्मा को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए ब्रह्माकुमारी का अभियान इस दिशा में एक सराहनीय कदम है।

श्री सिंह ने कहा कि यह पहल मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सैनिकों के मन को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा, अभियान का विषय 'आत्म-सशक्तिकरण - आंतरिक जागृति के माध्यम से' आज के समय में अत्यंत रोचक और प्रासंगिक है। ध्यान, योग, सकारात्मक सोच और आत्म-संवाद के माध्यम से आत्म-परिवर्तन हमारे बहादुर सैनिकों को मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करेगा। आत्म-परिवर्तन का बीज है और राष्ट्र का परिवर्तन इसका फल है। वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में, भारत यह संदेश दे सकता है कि आंतरिक-आत्म और सीमाओं की सुरक्षा एक साथ संभव है।

## सार संक्षेप

### 'केंद्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही सरकार : कुमारी शैलजा

**भोपाल।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर देश की संस्थाओं का अपमान करने और जनता के सामने असली मुद्दों को छिपाने का गंभीर आरोप लगाया है। लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि सरकार बेरोजगारी, महंगाई और अर्थव्यवस्था की बदहाली जैसे मुद्दों पर पर्दा डाल रही है। उन्होंने बीजेपी नेताओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट पर की जा रही टिप्पणियों की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, 'देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है, विदेश नीति में पारदर्शिता की कमी है, पड़ोसी देशों, खासकर बांग्लादेश की स्थिति चिंताजनक है। लेकिन सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने की बजाय जनता को भटकाने की कोशिश कर रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की संस्थाओं, खासकर सुप्रीम कोर्ट, में लोगों का विश्वास कमजोर कर रही है।

### तेजस्वी यादव के आरोप राजनीति से प्रेरित : जदयू

**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने कहा है कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के राज्य में क़ानून व्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को यहां कहा कि उन्होंने कहा कि बिहार विकसित राज्य बनने की राह पर अग्रसर है। श्री प्रसाद ने कहा कि जद यू इतिहास के गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ना चाहता है, लेकिन जब श्री यादव अनाप शनाप बोलते रहेंगे तो उन्हें आईना दिखाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि श्री यादव को यह भूलना नहीं चाहिए कि उनके माता जी एवं पिताजी के कार्यकाल में क्या-क्या भोगना पड़ा है। लोमहर्षक नरसंहारों, फिरौती के लिए अपहरण, जातीय सेनाओं एवं अतिवादी संगठनों के बीच संघर्ष एवं इलाकाई समानांतर सरकारों एवं बाहुबलियों के कहर से त्रस्त राज्य नीतीश शासन में बदलने लगा है। अब बिहार में अराजकता के स्थान पर सुशासन की सरकार स्थापित हुई।

### स्टालिन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री स्टालिन ने अपने शोक संदेश में कहा कि वह एक परिवर्तनकारी व्यक्ति थे जिन्होंने सहानुभूति और प्रगतिशील मूल्यों के साथ कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। उन्होंने जो विरासत छोड़ी वह करुणा और मानवता पर आधारित विश्वास है।

# बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने आठ नए प्रवक्ता किया नियुक्त

**पटना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं की टीम का विस्तार किया है। कुछ नए लोगों को शामिल किया गया है। राजद ने राष्ट्रीय स्तर पर टीम को बढ़ाते हुए आठ प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव और बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इस संबंध में पत्र भी जारी कर दिया है।



उन्होंने लिखा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के निर्देश के बाद राजद ने आठ नए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद ने जिन नए प्रवक्ताओं को नियुक्त किया है, उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. श्याम कुमार, डॉ. राजकुमार राजन, डॉ. रविशंकर रवि, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. बादशाह आलम, पटना विश्वविद्यालय के प्रो. उत्पल बल्लभ, बीआरए विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राकेश रंजन, मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार तरुण एवं जेपी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दिनेश पाल शामिल हैं। माना जा रहा है कि बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने अपने प्रवक्ताओं की टीम को बढ़ाया है। राजद के बिहार प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को बधाई दी। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दूरदर्शी सोच और सकारात्मक पहल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की सूची का विस्तार करते हुए आठ नए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का मनोनयन किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि राजद के नवनियुक्त प्रवक्ता पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाकर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### फडणवीस ने की राहुल गांधी की आलोचना, कहा- 'कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को बदनाम नहीं कर सकता'

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी यात्रा के दौरान चुनाव आयोग के बारे में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी आलोचना की है। सीएम फडणवीस ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि राहुल गांधी विदेश में जाकर अपने देश के प्रति, देश की संवैधानिक संस्था के प्रति झूठ फैलाने और भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, यह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि बार-बार चुनाव हारने से उन पर असर पड़ा है, जिसके कारण वे ऐसी हरकत कर रहे हैं। कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को इस तरह से बदनाम नहीं कर सकता। राहुल गांधी जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनके चरित्र पर एक सवालिया निशान खड़ा हो गया है। दुनिया भर में देश की बदनामी करके वे चुनाव नहीं जीत सकते हैं।

बता दें कि अमेरिका दौरे पर ब्राउन यूनिवर्सिटी पहुंचे राहुल गांधी ने मंच से निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। यहां उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का उदाहरण देते हुए देश की चुनाव प्रणाली और चुनाव आयोग की मंशा को कटघरे में खड़ा किया।

# एसवाई कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्त, भाजपा पर भी किया कटाक्ष : राउत

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) शहाबुद्दीन याकूब कुरैशी को बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक बताया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी कटाक्ष किया। संजय राउत ने कहा, 'एस.वाई. कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक थे। मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। जब वे चुनाव आयुक्त थे, तब शिवसेना और भाजपा का गठबंधन था। तब भी हमने यही कहा था कि वह एक निष्पक्ष और बेहतरीन चुनाव आयुक्त हैं। अगर इसी तरह आप कहें कि कोई चीफ जस्टिस मुसलमान है, या कोई चुनाव आयुक्त मुसलमान है, तो यह कौन सी भाषा है? यह कौन सी सोच है? उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो देश को तोड़ना चाहते हैं, वे इस देश में रहने के लायक नहीं हैं।' उल्लेखनीय है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से हंगामा मचाने के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को एस.वाई. कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि एक 'मुस्लिम आयुक्त' थे।



महाराष्ट्र में सरकार द्वारा हिंदी भाषा थोपने के सवाल पर संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी पहले से चल रही है। जबरदस्ती हिंदी थोपने की कोई जरूरत नहीं है। यह जनता और हम सबका दबाव था कि महाराष्ट्र में अपनी भाषा और संस्कृति के सम्मान के साथ रहा जाए। सांसद संजय राउत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपनी 'वॉशिंग मशीन' में सभी कथित 'भ्रष्टाचारियो' को डालकर साफ कर देती है। अजित पवार को पार्टी में लिया, एकनाथ शिंदे को लिया, अशोक चव्हाण को लिया, ऐसे बहुत से लोग हैं। इन्होंने कितने भ्रष्टाचारियों को अपनी 'वॉशिंग मशीन' में डाल दिया है, ये बातें जनता को भी बताइए, ताकि सच्चाई सामने आए।

# मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में भीड़ नहीं जुटने पर पार्टी ने की कार्रवाई, जिलाध्यक्ष को किया सस्पेंड

**पटना /बक्सर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार के बक्सर जिले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कार्यक्रम आयोजित था।हालाँकि इस कार्यक्रम में लोगों की मौजूदगी नहीं के बराबर रही। इसके मद्देनजर पार्टी ने जिलाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन के बाद पार्टी नेतृत्व ने कड़ा निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई दरसल खेल मैदान में आयोजित सभा में भारी अव्यवस्था और भीड़ की कमी के कारण की गई।



**सभा के दौरान तैयारियों में घोर लापरवाही और संगठनात्मक समन्वय की पूर्णतः अनुपस्थिति देखी गईः उमेश प्रसाद सिंह, कार्यालय सचिव**

पटना स्थित सदाकत आश्रम से जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभा के दौरान तैयारियों में घोर लापरवाही और संगठनात्मक समन्वय की पूर्णत: अनुपस्थिति देखी गई, जिससे पार्टी की साख को गंभीर नुकसान पहुंचा। पार्टी नेतृत्व की नाराजगी केवल जिला अध्यक्ष तक सीमित नहीं रही। बक्सर के दोनों कांग्रेस विधायकों की निष्क्रियता भी कटघरे में आ गई है। संगठन की नजर में वे न केवल भीड़ जुटाने में नाकाम रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती देने में भी विफल साबित हुए हैं। सूत्रों की मानें तो इन दोनों विधायकों के टिकट पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी दावेदारी कमजोर पड़ गई है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी यह पत्र पार्टी के शीर्ष नेताओं को भी भेजा गया है, जिनमें महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, सह प्रभारीगण, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार, विधानमंडल दल नेता डॉ. शकील अहमद खान और विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि यह मामला केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व इसे गंभीरता से ले रहा है।

### बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को मारी गोली

**पटना,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आम तो आम अब खास लोग भी अपराधियों के निशाने पर हैं। ताजा मामला राजधानी पटना का है। जहां बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को गोली मार दिया है। पूरा मामला बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र का है। जहां बाइक सवार तीन अपराधियों ने महिला पर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर के पास ही एक दुकान चलाती थी। उसके घर के पास ही अपराधियों ने उसे गोली मारी है। महिला जदयू नेत्री के साथ साथ समाजसेवी भी है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202411210100033 अ-58 वर्ष 2024-25**
**ग्राम कोदवा प.ह.नं. 25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन कार्यपालन अभियंता (सं/स) संभाग छ.स्टे. पा.डि.कं, लिमिटेड भाटापारा का क्रमांक 10-20/10-25/कार्य/4929 भाटापारा, दिनांक 19.11.2024 द्वारा ग्राम कोदवा, तहसील भाटापारा में 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन निर्माण हेतु शासकीय भूमि खसरा नंबर 1643/1/ख रकबा 13.6180 हे. में से 2 एकड़ भूमि को आबंटित करने की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा पांचसाला एवं ग्राम पंचायत कोदवा की सहमति पत्र एवं बैठक कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न कर कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा को प्रेषित किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। तथा दिनांक 25.04.25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपति/ दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 25.04.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के पश्ताप प्राप्त दावा/आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.04.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**निपनिया**



**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**
**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 166801 प्रथम आमंत्रण 08.04.2025 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला-बीजापुर ब्लॉक भैरमगढ़ के अंतर्गत जैगूर रोड से तुमनार (शेष कार्य) तक पहुंच मार्ग पुल-पुलिया सहित लंबाई 11.20 कि.मी. निर्माण कार्य। | 1308.80 |
| 2 | 166803 प्रथम आमंत्रण 08.04.2025 | जिला जशपुर के वि.ख. कांसाबेल के देवरी से हाईस्कूल पहुंच मार्ग लं. 2.40 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 204.38 |
| 3 | 166832 प्रथम आमंत्रण 08.04.2025 | जिला जशपुर के रौनी से लमदरहा पहुंच मार्ग लं. 2.64 कि.मी. निर्माण कार्य। | 269.52 |
| 4 | 166864 प्रथम आमंत्रण 09.04.2025 | जिला सूरजपुर के सूरजपुर के वि.ख. रामानुजगंज (रामानुजनगर) मुख्य मार्ग कौशलपुर से भैसामुड़ा पहुंच मार्ग लं. 12.22 कि.मी. निर्माण कार्य। | 1276.44 |
| 5 | 166915 द्वितीय आमंत्रण 11.04.2025 | संभागीय कार्यालय मुख्यालय दुर्ग में 750 सीटर ऑडिटोरियम भवन के निर्माण कार्य की वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, फायर फाईटिंग, हार्वेस्टिंग, पहुंच मार्ग, लैण्ड स्कैपिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। शेष कार्य। | 1014.78 |
| 6 | 166984 प्रथम आमंत्रण 11.04.2025 | जिला बेमेतरा के गडुवा खैरझिटी नवागांवकला मार्ग (मु.जि.मा.) लंबाई 14.375 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 2115.21 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 05 दिनांक 28.04.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 02.05.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

**जी/252600357**



**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.कं. 202405210100035 अ-59/वर्ष 2023-24**
**ग्राम पटपर प.ह.नं. 39**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छत्तीसगढ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक 622/आर.नं.07/सात-1/2024 नवा रायपुर, दिनांक 25.04.2024 के अनुसार राज्य में युवा कल्याण एवं क्रीडा गतिविधियों को सुगठित करने एवं राज्य से विकासखण्ड स्तर पर सुविधायुक्त कार्यालय की स्थापना एवं विभागीय गतिविधियों के संचालन हेतु एक एकड शासकीय भूमि आरक्षित कर आबंटन कर किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपेक्ष्य में अनुविभागीय अधिकारी रा. भाटापारा का पत्र क्रमांक 2260/अ.वि.अ/वाचक/2024 भाटापारा दिनांक 17.05.2024 के अनुसार ग्राम पटपर, पटवारी हल्का नम्बर 39 स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1/1 रकबा 35.7369 हे. में से रकबा 0.405 हे. को आरक्षित करते हुए आबंटित किये जाने हेतु प्रस्ताव कलेक्टर महोदय को प्राप्त होने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 30.04.2025 को सुनवाई हेतु नियत है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 30.04.2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
**भाटापारा छ.ग.**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यात्रिकीय खंड**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**
**E-mail-eeraj-phe-cg@nic.in**

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ब' में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला राजनांदगांव के जिला स्तर में जल जीवन मिशन के विभिन्न स्तरों पर कियान्वयन, अनुश्रवन एवं निगरानी हेतु किराये पर वाहन रखने के बाबत् की निविदा ऑनलाईन पर दिनांक 17.04.2025 को आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 24.04.2025 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 08.05.2025 (शाम 5:30 बजे) तक है।

| क्र. | निविदा सूचना क्रमांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का विवरण | वाहन संख्या | माह की संख्या | अनुमानित लागत (रू. लाख में) सभी कर सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 167146 | Innova/Mahindra XUV700/ Tata Harrier/Tata Safari एवं समतुल्य (द्वितीय आंमत्रण) | 1 | 12 | 9.00 |
| 2 | 2 | 167148 | Maruti Ertiga /Maruti XL6/ Maruti Brezza/ Grand Vitara एवं समतुल्य (द्वितीय आंमत्रण) | 1 | 12 | 7.44 |
| 3 | 3 | 167149 | Maruti Dzire /Honda Amaze/ Tata Ne&on एवं समतुल्य (प्रथम आंमत्रण) | 1 | 12 | 6.48 |

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**जी/252600374**

### विवादित बयान देकर मुसीबत में फंसे अनुराग कश्यप, गहना वशिष्ठ ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई।** अभिनेत्री गहना वशिष्ठ ने ब्राह्मणों पर की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ सोमवार को मुंबई के ओशिवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वशिष्ठ ने शिकायत में कश्यप के बयानों की कड़ी निंदा की और उन्हें अपमानजनक बताया। उन्होंने उनके शब्दों के चयन पर सवाल उठाया और ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक रवैये के लिए फिल्म निर्माता की कड़ी आलोचना की। शिकायत में अभिनेत्री ने यह भी कहा है कि अगर अन्य समुदायों के लिए ऐसी टिप्पणियां की जातीं, तो उन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाता।

# रंगों में छुपा है खुशियों का गहरा राज



**'डोपामाइन' का बढ़ेगा लेवल और खिल उठेंगे आप**

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** रंग न सिर्फ हमारी जिंदगी में रंग ही नहीं भरते, बल्कि हमारी सोच पर भी छाप छोड़ते हैं। हर रंग की अपनी एक कहानी होती है, जो हमारे मूड को बदलने के लिए काफी है। जानकार मानते हैं कि पीला या नारंगी जैसे चटकीले रंग आंतरिक संतुष्टि और खुशी को दोगुना बढ़ा देते हैं, जिसका कारण डोपामाइन हार्मोन का बढ़ा लेवल होता है। रंग के कारण डोपामाइन लेवल बढ़ता है और फिर जिंदगी खुशरंग हो जाती है! आखिर ये डोपामाइन होता क्या है?

डोपामाइन एक न्यूरोट्रांसमीटर और हार्मोन है, जो मस्तिष्क में काम करता है। यह एक रासायनिक संदेशवाहक है और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेशों को संचारित करता है। हालांकि, इसका कोई रंग नहीं होता, लेकिन डोपामाइन पर रंग का प्रभाव पड़ता है।

वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि अलग-अलग रंग आपके दिमाग के विभिन्न हिस्सों को सक्रिय करते हैं। आयुष निदेशालय दिल्ली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसएजी) और इहबास इकाई के प्रभारी डॉक्टर अशोक शर्मा के अनुसार, हमारी जिंदगी रेनबो की तरह है, हमारे भाव अलग-अलग होते हैं, कभी हम खुश होते हैं, तो कभी दुखी होते हैं कभी जीवन उमंग भरा होता है तो बहुत रंग दिखते हैं और कभी दुखी होते हैं तो जिंदगी बेरंग हो जाती है। इसे लेकर रिसर्च भी खूब हुई है।

**अब सवाल उठता है कि ये आखिर होता कैसे है?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार, रंग मस्तिष्क के हाइपोथैलेमस को संदेश भेजते हैं, ये आपके मूड को बदलते हैं और इसमें हार्मोन रिलीज करने की ताकत होती है। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो खासतौर पर पीला और नारंगी रंग खुशी से जुड़ा होता है। पीला रंग हंसमुख और संतोष को दर्शाता है।

एक अध्ययन में पाया गया कि खुश लोग पीले रंग को अपनी भावनाओं के लिए चुनते हैं, जबकि उदास लोग ग्रे रंग को चुनते हैं। पीले रंग में बना 'स्माइली' इस खुशी की सबसे बड़ी मिसाल है, जिसे 1960 में एक डिजाइनर ने कर्मचारियों का मूड बेहतर करने के लिए बनाया था।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार, नीला रंग भी मूड को शांत करता है और सोशल मीडिया पर 'डोपामाइन ड्रेसिंग' का ट्रेंड भी इस बात को दर्शाता है कि कुछ लोग चटकीले रंग वाले कपड़े पहनकर खुशी महसूस करते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, अगर मूड को सही रखना है तो इसमें सबसे अच्छी भूमिका सही रंग के कपड़े निभाते हैं। पीले और नारंगी रंग को अपनी ज़िंदगी में शामिल करके खुशियों को दोगुना किया जा सकता है।

2012 के हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने पुष्टि की कि कपड़े पहनने का तरीका हमारे मूड को सीधे प्रभावित करता है। यह कपड़ों की मनोवैज्ञानिक ताकत को दर्शाता है, जो खुशी और संतोष का सबब बनते हैं।

# लहसुन एलिसिन कैंसर से लड़ने में मददगार



**कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद**

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारत के हर घर में लहसुन का मिलना बहुत आम बात है। कई पकवानों में इसका प्रयोग होता है। लहसुन का नियमित उपयोग कई मामलों में शरीर के लिए फायदेमंद साबित होता है। रिसर्च दावा करती हैं कि कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के साथ-साथ कैंसर से लड़ने वाले चिकित्सीय गुण पाए जाते हैं।

वैज्ञानिकों और शोधार्थियों की सामाजिक नेटवर्किंग साइट रिसर्च गेट में छपी रिपोर्ट के अनुसार, लहसुन में कई बायोएक्टिव ऑर्गेनोसल्फर युक्त कंपाउंड होते हैं, जिसमें एलिसिन भी पाया जाता है। एलिसिन में कैंसर विरोधी चिकित्सीय क्षमता है। लहसुन में पाया जाने वाला एलिसिन एक ऐसा कंपाउंड है जो इम्यूनिटी बूस्ट करता है। साथ ही, यह फ्लू और सांस संबंधी समस्याओं से लड़ने में मददगार भी साबित होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है। हार्ट हेल्थ का सपोर्ट करने के साथ-साथ, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। पाचन सुधार में भी लहसुन को बेहतर माना गया है। यह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पिंपल्स, एक्ने और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। एंटीबायोटिक गुणों के लिए पहचाना जाने वाला लहसुन बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन से बचाता है।

आयुर्वेद के अनुसार, सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन शरीर के लिए बेहद फायदेमंद माना गया है। सुबह रोजाना लहसुन का सेवन शरीर के इम्यून फंक्शन को बूस्ट करके बैक्टीरिया, वायरस और फंगस को रोकता है। लहसुन नाक की गंदगी को दूर करता है और श्वसन इंफेक्शन को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद में लहसुन को 'एंटी पावर कैंसर' के नाम से जाना जाता है। वैसे, गर्मी में लहसुन का ज्यादा सेवन करना भी ठीक नहीं है। इससे लिवर पर असर पड़ सकता है। चूंकि कच्चे लहसुन में एंटीऑक्सीडेंट अधिक होता है, इसलिए अधिक सेवन से लिवर में टॉक्सिसिटी हो सकती है।

# 'रेड 2' के लिए 'खलनायक' रितेश देशमुख थे पहली पसंद, निर्देशक ने बताया कारण

**मुंबई, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' काफी चर्चाओं में है। फिल्म के ट्रेलर ने फैंस के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है। इसमें तमन्ना भाटिया और वाणी कपूर लीड रोल में हैं और रितेश देशमुख विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। मूवी का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। निर्देशक राज कुमार गुप्ता ने फिल्म के कलाकारों के बारे में खुलकर बात की और सभी की जमकर तारीफ की। साथ ही बताया कि उन्होंने रितेश को खलनायक के किरदार के लिए क्यों चुना।

'रेड 2' के लिए रितेश देशमुख को कास्ट करने के बारे में निर्देशक ने कहा कि मुझे हमेशा से रितेश का काम पसंद आया है। हम सभी जानते हैं कि कॉमिक रोल हो या खलनायक की भूमिका, वह सभी किरदार शानदार तरीके से निभाते हैं। वह असल में बेहतरीन कलाकार हैं। पिछले साल मैंने उनके साथ एक सीरीज में काम किया था, जिसमें उन्होंने अहम किरदार निभाया था। तब मैंने तय कर लिया था कि मैं आगे एक बार जरूर उनके साथ काम करूंगा। उन्होंने बताया कि रेड 2 की स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद मैं उनसे मिला और उन्हें स्क्रिप्ट सुनाई। उन्हें यह काफी पसंद आई, उन्हें खलनायक का किरदार काफी अच्छा लगा और इस तरह वह फिल्म में शामिल हुए। मुझे बहुत खुशी है कि वह फिल्म का हिस्सा हैं।

उल्लेखनीय है कि फिल्म 'रेड' साल 2018 में रिलीज हुई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। फिल्म को मिली शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए इसके सीक्वल पर काम शुरू किया गया। सीक्वल में अजय देवगन 'अमय पटनायक' का किरदार निभाते नजर आएंगे।

वहीं, रितेश देशमुख राजनेता की भूमिका में हैं। रेड-2 भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है। फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की गई है। यह 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# गर्मी की मार से बचने के लिए दही का सेवन फायदेमंद



■ **'दही' में प्रोटीन, कैल्शियम, प्रोबायोटिक्स, विटामिन बी6 व विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्व**

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** देशभर में पारा चढ़ने लगा है। ऐसे में गर्मी की मार से बचने और अपनी सेहत को दुरुस्त रखने के लिए लोग आमतौर पर ठंडी चीजों का सेवन करते हैं। इन्हीं ठंडी चीजों में 'दही' भी शामिल है, जो गर्मियों में स्वाद को बढ़ाने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए वरदान माना जाता है।

दरअसल, 'दही' एक प्राकृतिक और पौष्टिक खाद्य पदार्थ है, जो पाचन को बेहतर बनाने का काम करता है। साथ ही शरीर को हाइड्रेट और तरोताजा रखने के कई लाभ भी पहुंचाता है। गर्मियों में 'दही' खाने के कुछ अनमोल फायदों के बारे में जानते हैं।

भारतीय घरों में 'दही' का इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है। 'दही' में प्रोटीन, कैल्शियम, प्रोबायोटिक्स, विटामिन बी6 और विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में होने वाली किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए कारगर हैं।

इतना ही नहीं, 'दही' में कुछ ऐसे रासायनिक पदार्थ होते हैं, जिसकी वजह से यह दूध की तुलना में जल्दी पच जाता है और इसका सेवन पेट से संबंधित परेशानियों में भी फायदेमंद साबित होता है। 'दही' का सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है। साथ ही इसमें कैल्शियम अच्छी मात्रा में पाए जाने के कारण यह दांतों को भी मजबूत करने का काम करता है।

इसके अलावा, 'दही' में मौजूद लाभकारी बैक्टीरिया पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। साथ ही मुंह में होने वाले छालों से छुटकारा पाने के लिए 'दही' का सेवन लाभदायक माना गया है।

यही नहीं, हार्ट अटैक के खतरे और मोटापे को कम करने के लिए भी 'दही' रामबाण की तरह है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए इसका सेवन किया जा सकता है। साथ ही मोटापे को दूर करने के लिए रोजाना इसका सेवन किया जा सकता है।

इसके साथ ही 'दही' में खूबसूरती का खजाना भी छुपा है। इसे त्वचा की सुंदरता के लिए अच्छा माना जाता है। गर्मियों के दौरान होने वाली टैनिंग की समस्या से निपटने के लिए 'दही' बहुत अच्छा विकल्प है। इसे बेसन के साथ मिलाकर लगाने से चेहरे पर निखार आता है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले रणदीप हुड्डा



**'वेव्स' और 'ओबेसिटी' पर की बात**

**मुंबई, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** अभिनेता रणदीप हुड्डा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र से मिले। इस दौरान उनकी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा भी मौजूद थीं। हुड्डा ने इसे प्रेरणादायक मुलाकात बताया। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए रणदीप हुड्डा ने लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। देश के भविष्य के बारे में उनका नजरिया, ज्ञान और विचार हमेशा प्रेरणादायक होता है। उनका पीठ थपथपाना हमें हमारे क्षेत्र में अच्छा काम करते रहने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। मां और बहन के साथ पहुंचे अभिनेता ने पोस्ट में आगे बताया कि इस मुलाकात में पीएम मोदी के साथ किन-किन बातों पर चर्चा की। हुड्डा ने आगे लिखा कि हमने भारतीय सिनेमा के वैश्विक पटल पर बढ़ते रसूख, प्रामाणिक कहानी कहने की ताकत और सरकार के दूरदर्शी नए ओटीटी प्लेटफॉर्म-वेव्स के बारे में बात की, जो वर्ल्ड प्लेटफॉर्म पर भारतीयों की आवाज को ताकत देती है। हुड्डा ने पीएम मोदी के ओबेसिटी कैंपेन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मेरी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा के साथ शामिल होना एक गौरवपूर्ण फैमिली मोमेंट था, जिसमें हमने ओबेसिटी कैंपेन (मोटापा विरोधी अभियान) और समग्र स्वास्थ्य की उनकी पहलों पर बात की। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में 'ओबेसिटी यानी मोटापे' पर चर्चा की थी, जिसमें उन्होंने 'फिट और हेल्दी नेशन' बनाने के लिए 'ओबेसिटी' की समस्या से निपटने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के दौरान कहा, था कि खाने में तेल का कम उपयोग और ओबेसिटी से निपटना यह केवल पर्सनल च्वाइस नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इससे ओबेसिटी से लड़ने में मदद मिलेगी। पीएम ने इस अभियान के लिए आर माधवन समेत कई सितारों को भी जोड़ा है।

# आईपीएल मैच में राघव चड्ढ़ा को देख 'जीजू-जीजू' चिल्लाने लगे ऑडियंस



**मुंबई, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी शादीशुदा जिंदगी काफी एन्जॉय कर रही हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अपने पति राघव चड्ढ़ा के साथ फोटोज शेयर करती रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें आईपीएल मैच देख रहे ऑडियंस राघव चड्ढ़ा को 'जीजू-जीजू' कहते सुनाई दे रहे हैं।

वीडियो में देखा जा सकता है कि राघव चड्ढ़ा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स इलेवन के बीच हुए मैच का लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच, जब दर्शकों की नजर उन पर पड़ी, तो वे मैच को छोड़कर उन्हें देखने लगे और जोर-जोर से 'जीजू-जीजू' चिल्लाने लगे। इस दौरान कई दर्शक उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर करते दिखाई दिए। दर्शकों के इस प्यार और सम्मान को राघव ने हाथ हिलाते हुए स्वीकार किया। यह वीडियो उनके इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया - 'आरसीबी-पंजाब किंग्स इलेवन के मैच पर फैंस राघव चड्ढ़ा को 'जीजू' कहकर बुला रहे हैं।' इसी वीडियो को परिणीति ने भी अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा - 'तुम सभी बहुत स्वीट हो।'

उल्लेखनीय है कि परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढ़ा 2023 में उदयपुर में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की मुलाकात लंदन के एक फंक्शन में हुई थी। परिणीति के भाई शिवांग ने उन दोनों को मिलवाया और उसके बाद दोनों की मुलाकात पंजाब में हुई, जब वह इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' की शूटिंग कर रही थीं। शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकातों का सिलसिला बढ़ने लगा और दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदलने लगी, जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया।

# करीना बनीं 'अम्मा' तो करिश्मा बनीं 'लोलो मां'

**मुंबई, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** बॉलीवुड में जब भी सिस्टर्स की बात होती है, तो कपूर सिस्टर्स यानी करीना और करिश्मा का नाम जरूर आता है, जिन्हें फैंस प्यार से लोलो-बेबो कहकर बुलाते हैं। दोनों बहनें सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। करिश्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ ताजा तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक खास चीज ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। तस्वीर में करिश्मा 'लोलो मां' और करीना 'अम्मा' की टैग वाली टोपी पहने नजर आ रही हैं। लुक्स की बात करें तो करिश्मा ने स्ट्राइप ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वह कमाल लग रही हैं। उन्होंने ड्रेस के ऊपर बेहद खूबसूरत जैकेट भी कैरी की और अपने लुक को सनग्लासेस से पूरा किया। इस ड्रेस के साथ उन्होंने वाइट शूज पहने। वहीं, करीना गोल्डन टॉप में नजर आईं और उन्होंने ऊपर से व्हाइट जैकेट कैरी की। दोनों की टोपी उनके लुक को और भी मजेदार बना रही थीं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो कपूर खानदान से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाली करिश्मा पहली बेटी हैं। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने फिल्म 'प्रेम कैदी' के जरिए डेब्यू किया और पर्दे पर अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा भी मनवाया। एक्ट्रेस ने कई हिट फिल्में दीं, जिसमें 'अनाड़ी', 'राजा बाबू', 'दुलारा', 'अंदाज', 'जिगर', 'सपने साजन के', 'कुली नंबर 1', 'जुड़वा', 'हीरो नंबर 1', 'राजा हिंदुस्तानी', 'गोपी किशन', 'दिल तो पागल है', 'जानवर', 'फिजा', 'चल मेरे भाई', 'एक रिश्ता', 'जीत' समेत कई फिल्में शामिल हैं। वहीं, करीना कपूर ने भी अपने अब तक के करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। उन्होंने साल 2000 में फिल्म 'रिफ्यूजी' से अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन पहचान 2001 में रिलीज हुई फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' से मिली। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 'जब वी मेट', 'युवा', 'गोलमाल रिटर्न्स', '3 इडियट्स', 'गोलमाल 3', 'बॉडीगार्ड', 'सिंघम रिटर्न्स', 'बजरंगी भाईजान', 'तख्त', 'गुड न्यूज' जैसी कई धमाकेदार फिल्में दीं।



# माता सीता के शोक को हरने वाला 'अशोक' खास

■ **महिलाओं की कई समस्याओं का समाधान**
■ **अशोक की छाल से पीरियड्स में होने वाले तेज दर्द व ऐंठन, सूजन में मिलती है राहत**



**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)।** 'तरु अशोक मम करहूं अशोका' माता सीता कहती हैं 'अशोक वृक्ष ने मेरी विरह वेदना को दूर किया, इसलिए मैं इसका सम्मान करती हूं।' माता सीता की विरह वेदना को दूर करने वाले अशोक के वृक्ष के पास महिलाओं की हर समस्या का समाधान है। अशोक की पत्तियों, छाल से कई बीमारियों का इलाज किया जाता है।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि इस वृक्ष के पास महिलाओं की हर समस्या का हल है। धर्म शास्त्रों में भी अशोक वृक्ष को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि पवित्र वृक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव से हुई थी। वृक्ष की चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को पूजा की जाती है। मान्यता है कि अशोक अष्टमी के दिन पूजा करने से न केवल सुख-शांति की प्राप्ति होती है, बल्कि रोग-शोक भी दूर होते हैं।

ये तो था पौराणिक महत्व, इसके औषधीय गुणों से आयुर्वेदाचार्य और पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने रूबरू कराया।

उन्होंने बताया कि अशोक के वृक्ष का आयुर्वेदिक महत्व है। इसे महिलाओं का दोस्त कहें तो ज्यादा नहीं होगा। इसका इस्तेमाल स्त्री रोग और मासिक धर्म की समस्याओं जैसे- भारीपन, ऐंठन, अनियमितता और दर्द को कम करने में भी सहायक है।

आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि समस्याओं से राहत पाने के लिए इसे भोजन के बाद दिन में दो बार गर्म पानी या शहद के साथ चूर्ण के साथ ले सकते हैं। अशोक की छाल खून साफ करती है, जिससे महिलाओं की त्वचा में निखार आती है। अशोक की छाल को चेहरे पर लगाने से डेड स्किन से छुटकारा मिलता है।

रिसर्च बताती है कि अशोक की छाल पीरियड्स में होने वाले तेज दर्द और ऐंठन, सूजन को कम कर देती है। यह बढ़े हुए वात को नियंत्रित करती है। अशोक के सेवन से वात की समस्या खत्म होती है। इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होता है, जिससे कब्ज, वात, ऐंठन, दर्द में राहत मिलती है।

अशोक के पेड़ में कई प्रकार के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी विभिन्न रोगों से रक्षा करने में सहायक होते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में ग्लाइकोसाइड्स, टैनिन, फ्लेवोनोइड्स तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए टॉनिक के रूप में काम करते हैं। अशोक के पेड़ की जड़ें और छाल मुहासे और त्वचा संबंधित समस्याओं को दूर करने में सहायक हैं। आयुर्वेदाचार्य प्रेग्नेंसी के दौरान और उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रसित लोगों को इसके इस्तेमाल में सावधानी बरतने और बिना डॉक्टर के परामर्श के इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं।

रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल ने खोली चुनाव आयोग की पोल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश दौरों पर जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार की जान सांसत में होती है। राहुल गांधी इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं ही, उन्हें एक बड़े नेता के तौर पर भी देखा जाता है। देश में तो राहुल गांधी भाजपा एवं उसकी एनडीए सरकार के खिलाफ़ संसद के भीतर-बाहर अभियान छेड़े हुए हैं ही, विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों से वे लोकतंत्र के लिए अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। राहुल अभी अमेरिका प्रवास पर हैं। वहां उन्होंने अपनी पहली सभा में भारत के केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति की जमकर आलोचना की। किस तरह से पूरी निर्वाचन पद्धति सत्तारुढ़ भाजपा के पक्ष में काम करती है, उन्होंने इसका लेखा-जोखा सामने रखा है।

अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचे राहुल ने व्यवसायियों और वहां रहने वाले भारतीयों से बातचीत में भारत के चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'हमारे सामने यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और निर्वाचन प्रणाली में व्यापक गड़बड़ियां हैं।' राहुल गांधी ने कहा- 'मैंने यह कई बार बताया है, खासकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश के वयस्क नागरिकों की संख्या से कहीं अधिक लोगों ने वोटिंग की। चुनाव आयोग द्वारा शाम 5.30 बजे तक मतदान के आंकड़े जारी किये गये थे। बाद में जो अंतिम आंकड़े प्रदान किये गये उसके अनुसार शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 65 लाख लोगों ने मतदान किया। ऐसा होना संभव ही नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। इस हिसाब से तो सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगनी चाहिये थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कांग्रेस व विपक्ष ने आयोग से वीडियो सबूत मांगे तो उसे न केवल मना कर दिया गया बल्कि आयोग ने कानून ही बदल दिया ताकि विपक्षी दल वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।'

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ऐसे वक्त में चुनावी गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है जब कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके खासमखास दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने साफ किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। बैलेट पेपर की हिमायत करते हुए मस्क ने तो यहां तक कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। यानी वे उस आरोप की पुष्टि कर रहे हैं जो भारत के कई विपक्षी दल 2022 से लगा रहे हैं। आरोप हैं कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में वोटिंग मशीनों में बड़े पैमाने पर धांधली कर भाजपा ने दो-चार नहीं वरन लगभग 80 सीटें जीती हैं। इतना ही नहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एक खास पैटर्न के द्वारा हारती हुई भाजपा ने चंद घंटों में इतनी सीटें जीत लीं कि वह सरकार बनाने में कामयाब हो गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के उदाहरण इस सिलसिले में दिये जाते हैं।

वैसे तो भारत में जिस तरह से शासकीय मशीनरी के जरिये लोकतंत्र को अपहृत किया गया है और मोदी सरकार निरंकुश तरीके से काम कर रही है, वह दुनिया अब जान चुकी है, राहुल द्वारा जो बातें भारतीय समुदायों के समक्ष कही जा रही हैं, वह दूर तलक जायेगी क्योंकि वहां का मीडिया एक तरह से वैश्विक कहा जाता है जो निश्चित ही भारतीय मीडिया के मुकाबले बहुत अधिक जनतांत्रिक, स्वतंत्र और निष्पक्ष है। भारत का मीडिया विपक्ष की बातों को जहां स्थान नहीं देता वहीं अमेरिकी या लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व किसी भी देश का मीडिया सरकार की बजाय प्रतिपक्ष को तरज़ीह देता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की बातें एक बार फिर से विश्वपटल पर प्रमुखता से लोगों के सामने आयेगी।

अनुमानों के मुताबिक भाजपा ने राहुल के इस बयान को 'संवैधानिक संस्थाओं का अपमान' बताया तथा राहुल पर 'देश को बदनाम करने की सुपारी' लेने का आरोप लगा दिया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, 'राहुल गांधी विदेश जाकर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। यही उनकी पहचान बन गई है। यह दिखाता है कि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हुए भारत के विरोध पर उतर गये हैं- वह भी विदेशी धरती पर।' पूनावाला के अनुसार 'पूरी दुनिया भारत के चुनाव आयोग और निर्वाचन प्रणाली की प्रशंसा कर रही है पर भारत के खिलाफ और देश की बदनामी की सुपारी लेने का काम राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम कर रहा है।' इसी तरह संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान पर नेशनल हेराल्ड मामले में चल रही ईडी की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि वे अब जेल जा सकते हैं। वहीं देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल गांधी के चरित्र पर ही सवाल उठाए और उन्हें नसीहत दी कि चुनाव नतीजों पर सवाल उठाने की जगह वे जनता का दिल जीतने के बारे में सोचें। भाजपा की ये सारी प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर जो सवाल उठा रहे हैं, उनसे सबसे ज्यादा तकलीफ भाजपा को हो रही है। याद हो कि उनके पिछले विदेशी दौरों में दिये उनके व्याख्यानों को लेकर उन्हें भाजपा समर्थकों ने 'देशद्रोही' तक कहा था।

बहरहाल, राहुल की अमेरिका यात्रा में आगे क्या होता है, ये देखना होगा। उनका एक व्याख्यान ब्राउन विश्वविद्यालय में होगा, साथ ही वे भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे, जिसमें भाजपा अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। वैसे राहुल गांधी के दौरे की कमान एक बार फिर से इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के हाथों में है जो साबित करता है कि दोनों के बीच मतभेदों की जो बात बीच-बीच में उठाई जाती रही है, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। पित्रोदा ने एक्स पर जारी अपनी पोस्ट में कहा, ''युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज राहुल गांधी, आपका अमेरिका में स्वागत है! आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें!''


# अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!

फासीवादियों की एक जाने-मानी रणनीति है। जो खुद करना चाहते हो, करने जा रहे हो, विरोधी पर वही करने का आरोप लगा दो। भाजपा के बदजुबान पर मोदी जी निजाम के मुंहलगे सांसद, निशिकांत दुबे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना पर ''देश में हो रहे सभी गृह युद्धों'' की जिम्मेदारी डालने के जरिए, ठीक यही दांव आजमा रहे थे। कहने की जरूरत नहीं है कि दुबे का उक्त बयान, वक्फ़ कानून की वैधता के लिए चुनौतियों की सुनवाई के क्रम में संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय खंडपीठ द्वारा अपनाए गए आरंभिक रुख के संदर्भ में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में क्या कहा है और क्या किया है, इसकी चर्चा हम जरा आगे चलकर करेंगे। यहां सिर्फ इतना कि अगर भाजपा के अघोषित प्रवक्ता के रूप में दुबे को, इस संदर्भ में गृहयुद्धों की याद आ गयी है, तो यह संयोग ही नहीं है। इसमें वक्फ़ कानून को लाने के पीछे संघ-भाजपा निजाम के असली मकसद का इशारा है। और यह मकसद है, मुसलमानों की स्थिति को और कमजोर करना, उन्हें और दबाना, जिसके संबंध में वे भी बखूबी जानते हैं कि यह देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। लेकिन, किसी कमजोर, अल्पसंख्यक को दबाने वाला गृहयुद्ध ही उनका वाक्य है न कि गृहयुद्ध से बचाव।

याद रहे कि दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है। उस निर्णय से जुड़ा गृहयुद्ध का इशारा, आम तौर पर राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ और खासतौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों की भाषायी-सांस्कृतिक-सामाजिक स्वायत्तता के खिलाफ, संघ-भाजपा की एकात्मकतावादी मुहिम में निहित गृहयुद्ध की संभावनाओं की ओर है।

इस प्रसंग में इसकी याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि तमिलनाडु की ''हिंदी थोपे जाने'' की चिंताओं का आधे-अधूरे तरीके से सरकार की ओर से खंडन किए जाने के बीच ही, महाराष्ट्र की भाजपा-नीत गठजोड़ सरकार ने तमिलनाडु की आशंकाओं को ही सच साबित करते हुए, इसका ऐलान कर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत, त्रिभाषा फार्मूले की तीसरी भाषा के रूप में महाराष्ट्र में ''हिंदी'' अनिवार्य की जा रही है। हैरानी की बात नहीं है कि इस निर्णय का व्यापक रूप से विरोध भी हो रहा है। बहरहाल, इसके सामानांतर मुंबई के कुछ हिस्सों से एक बार फिर गुजरातियों और मराठियों के बीच तनाव बढ़ने की खबरें आने लगी हैं।

यह भी याद रहे कि तमिलनाडु बनाम राज्यपाल प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमले की शुरूआत, निशिकांत दुबे से दो-तीन दिन पहले, भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कर चुके थे। धनखड़ जो सर्वोच्च न्यायालय के तथाकथित ''अतिक्रमणों'' से संसद की और वास्तव में कार्यपालिका की हिफाजत करने के नाम पर पहले भी कई बार तलवार भांज चुके हैं, इस बार सर्वोच्च न्यायालय से इस बात से खफा थे कि उसने राज्यपालों द्वारा और यहां तक कि राष्ट्रपति द्वारा भी, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों पर मंजूरी या नामंजूरी का निर्णय करने के लिए, तीन महीने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। उनके अनुसार यह राष्ट्रपति की और उसकी नियुक्तियों के रूप में राज्यपालों की भी 'सर्वोच्चता' का अतिक्रमण है! अदालत राष्ट्रपति को कुछ भी निर्देश कैसे दे सकती है, भले ही यह इसी का निर्देश क्यों न हो कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे ही नहीं रहें, तीन महीने के अंदर उन पर अपना कोई न कोई फैसला दे दें! सर्वोच्च न्यायालय को ''पूर्ण न्याय'' करने में समर्थ बनाने वाली संविधान की धारा-142 को तो उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ''जनतांत्रिक ताकतों के खिलाफ नाभिकीय मिसाइल, जो न्यायपालिका को 24 घंटा 7 दिन उपलब्ध है'' ही करार दे दिया। यह इसके बावजूद था कि बाबरी मस्जिद बनाम रामजन्म भूमि विवाद में, मंदिर के पक्ष में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से ''पूर्ण न्याय'' करने के लिए ठीक इसी धारा का सहारा लिया था।



राजेंद्र शर्मा

> दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है।

फिर भी यह अकारण ही नहीं है कि धनखड़ से भिन्न, निशिकांत दुबे तथा दिनेश शर्मा जैसे भाजपायी सांसदों ने, आम तौर पर सर्वोच्च न्यायालय पर और खासतौर पर मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए, वक्फ बोर्ड के मुद्दे को ही सबसे आगे रखा है। इसका सीधा संबंध, वक्फ कानून में संशोधनों के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक मंतव्यों से है। बेशक, संघ-भाजपा की ओर से इसका काफी स्वांग भी किया जाता रहा है और जाहिर है कि इसमें संसद में बहस के दौरान तथा उसके बाद के भी उनके जुबानी दावे भी शामिल हैं, कि ये संशोधन वास्तव में मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की चिंता से किए जा रहे हैं। कि इन संशोधनों से विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं व पसमांदा मुसलमानों को और मुसलमानों के बोहरा आदि कमजोर पंथों को फायदा मिलने वाला है। कि इसका हिंदुओं के तुष्टीकरण से कोई संबंध नहीं है, आदि। इसके बावजूद, इस पूरे प्रोजेक्ट के पीछे की असली नीयत तब खुलकर सामने आ गयी जब रातों-रात संघ-भाजपा के युवा संगठनों ने विभिन्न राज्यों को ऐसे पोस्टरों से पाट दिया, जो वक्फ संशोधन विधेयकों का विरोध करने वाली राजनीतिक पार्टियों को, हिंदू-विरोधी घोषित करते थे। यह इसका खुला ऐलान था कि यह कानून, सबसे बढ़कर हिंदू सांप्रदायिकता के आग्रहों से ही संचालित है।

एक प्रकार से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस वक्फ अधिनियम के खिलाफ चुनौतियों की सुनवाई पर अपनी शुरूआती प्रतिक्रिया में बिना कहे इस सच्चाई को स्वीकार भी किया है। इसीलिए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिनियम के कम से कम तीन पहलुओं पर फौरी तौर पर रोक लगाने की जो मंशा जतायी थी, उसके बाद मोदी सरकार ने अपनी ओर से ही संबंधित पहलुओं का परिचालन अगले अदालती आदेश तक रोके रखने का आश्वासन दे दिया। अदालत ने इस आश्वासन को आधिकारिक रूप से दर्ज कर लिया और इस तरह वक्फ़ अधिनियम के अमल को ही अदालत द्वारा रोके जाने की शर्मिंदगी से तो सरकार बच गयी, लेकिन इन कदमों को अपनी ओर से ही रोके रखने का वादा करने के बाद ही।

इस तरह जिन दो सबसे समस्यापूर्ण पहलुओं का अमल रोक दिया गया, उनमें एक तो वक्फ़ बोर्ड तथा वक्फ़ काउंसिल का राज्यों के स्तर तक पुनर्गठन ही है। इस सिलसिले में विवाद तथा अदालती चुनौती के केंद्र में अधिनियम का यह प्रावधान है कि अब तक के कायदे के विपरीत, उक्त निकायों में गैर-मुसलमानों को भी रखा जा सकता है। शिकायत यह है कि नये प्रावधानों के तहत बोर्ड और काउंसिल में गैर-मुस्लिमों का बहुमत तक हो सकता है। इस संदर्भ में इस कानून का विरोध करने वालों का तर्क यह है कि यह तो अपनी धार्मिक संस्थाओं का स्वायत्त रूप से संचालन करने की, देश के संविधान में सभी समुदायों को दी गयी स्वतंत्रता का ही उल्लंघन है। इसके अलावा इस प्रबल तर्क का भी सरकार के पास कोई जवाब नहीं था कि क्या वह अन्य धर्मों पर व संप्रदायों की संस्थाओं में भी इसी प्रकार, अन्य धर्मावलंबियों को जगह देने जा रही है?

फिलहाल स्थगित कर दिया गया दूसरा ऐसा ही समस्यापूर्ण पहलू ''वक्फ़ बाई यूज'' यानी वक्फ़ के रूप में उपयोग होते आने से किसी संपत्ति की वक्फ़ के रूप में मान्यता का है। नया कानून वक्फ़ बाई यूज को अमान्य करता है और इस प्रकार सैकड़ों साल पुरानी अनेक मस्जिदों, कब्रिस्तानों, खानकाहों आदि पर संपत्ति विवादों का रास्ता खोलता है। मुद्दा यह है कि वर्तमान संपत्ति रजिस्ट्रेशन कानूनों के अमल में आने से पहले से वक्फ़ के रूप में चली आ रही संपत्तियों के मामले में, रजिस्ट्रेशन आदि के कागजात कहां से आएंगे और किस के पास मिलेंगे? इस तरह नये कानून के बनते ही, अनेक पुरानी संपत्तियों पर विवाद खड़े हो जाने का रास्ता रोक दिया गया है।

बेशक, नये कानून को चुनौती दिए जाने के प्रमुख मुद्दे और भी हैं, जिन पर फिलहाल पाबंदी लगाना जरूरी नहीं समझा गया है। इनमें बुनियादी धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला यह प्रावधान भी शामिल है कि वक्फ़ करने के लिए, संबंधित शख़्श का पांच साल से धर्मपालक मुसलमान रहा होना जरूरी है। इसी प्रकार, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा नये कानून में जिलाधीश को वक्फ़ संपत्तियों के दर्जे के संबंध में निर्णय के तमाम अधिकार सौंपे जाने से लेकर, किसी संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा किए जाने की सूरत में, जिलाधीश द्वारा अंतिम निर्णय किए जाने तक, उसका वक्फ़ संपत्ति का दर्जा ही स्थगित हो जाने तक जाता है। बहरहाल, फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अपने हस्तक्षेप से नये कानून के सबसे आपत्तिजनक तथा समस्यापूर्ण प्रावधानों का अमल स्थगित करा दिया है और अदालत ने एक हद तक अपने सोच की दिशा का भी इशारा कर दिया है। यही सुप्रीम कोर्ट पर संघ-भाजपा के इस बौखलाहट भरे हमले का मुख्य कारण है।

बेशक, भाजपा के अध्यक्ष पद पर अब चंद दिन के मेहमान, जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे, दिनेश शर्मा आदि भाजपा सांसदों द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर लगाए गए आरोपों से भाजपा को अलगाने की कोशिश में, न सिर्फ उनके बयानों को उनके निजी बयान बताया है बल्कि एक कदम आगे जाकर कहा है कि उन्हें आइंदा ऐसा न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। लेकिन, संघ-भाजपा की एक साथ कई-कई मुंह से अलग-अलग बातें कहने की कार्यनीति से परिचित लोग, भाजपा के इस खंडन को गंभीरता से लेने केलिए तैयार नहीं हैं। और संघ-भाजपा की ट्रोल सेना ने वक्फ़ प्रसंग को ही लेकर जिस तरह, सुप्रीम कोर्ट को कथित मुस्लिम-पक्षधरता के लिए गरियाना जारी रखा है और उसे ''सुप्रीम कोर्ट'' से लेकर '' शरिया अदालत'' तक कहना जारी रखा है, उससे भाजपा के इन रस्मी खंडनों के प्रति लोगों के अविश्वास को ही बल मिलता है।

सच्चाई यह है कि अब जबकि संजीव खन्ना की अगुआई में सुप्रीम कोर्ट ने सत्तारूढ़ संघ-भाजपा के मंसूबों से कुछ स्वायत्तता का प्रदर्शन करना शुरू किया है और जल्द ही देश को एक नया मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहा है, जिसका रिकार्ड भी कार्यपालिका की मर्जी के आगे बहुत ज्यादा झुकने का नहीं रहा है, अपने फासीवादी मिजाज के अनुरूप वर्तमान सत्ताधारियों के इशारे पर, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ हमला बोल दिया गया है। यह संवैधानिक संस्थाओं को धौंस में लेने की जानी-पहचानी फासीवादी कार्यनीति की ही आजमाइश है। यह दूसरी बात है कि ऐसी कार्यनीति की जरूरत अपने आप में, सत्ताधारियों के लिए गहराते संकट का ही संकेत करती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

## सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला अंतरिम आदेश

**■ के रवींद्रन**

विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम पर सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश ने विरोधी खेमों के बीच एक असामान्य संतुलन पैदा कर दिया है, जो निर्णायक हस्तक्षेप के बजाय एक सुनियोजित संतुलनकारी कार्य का संकेत देता है। हालांकि यह आदेश संशोधनों के कार्यान्वयन पर पूर्ण रोक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, लेकिन यह न्यायिक संयम की एक परत पेश करता है जो आश्वस्त और अस्थिर दोनों है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति किस पक्ष में है। यह कानूनी युद्ध के मैदान को खुला छोड़ देता है, लेकिन संकेत- हालांकि कमजोर- सरकार की स्थिति के अंतिम समेकन की ओर इशारा करते हैं।

सरकार को यथास्थिति बनाये रखते हुए अधिक मजबूत तर्क प्रस्तुत करने का समय देकर, न्यायालय ने अधिक गहन जांच के लिए मंच तैयार किया है जो अंतत: विचाराधीन संशोधनों को वैध बना सकता है। सरकार के दृष्टिकोण से, यह अंतरिम व्यवस्था न केवल स्वीकार्य है- परन्तु उसके लिए लाभप्रद भी है। यह मौजूदा कानूनी ढांचे में ठोस खामियों को प्रदर्शित करके बहस को सैद्धांतिक से अनुभवजन्य में बदलने की अनुमति देता है।

पूरे गांवों को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित किये जाने की रिपोर्ट, अक्सर निवासियों की जानकारी या सहमति के बिना, निराशा की एक लहर पैदा करती है जिसे सरकार न्यायालय के समक्ष बढ़ाना चाहती है। इस मुद्दे को सामूहिक वंचितता और प्रणालीगत अस्पष्टता के रूप में प्रस्तुत करके, सरकार न केवल प्रशासनिक आवश्यकता, बल्कि सामाजिक न्याय की कहानी गढ़ रही है। फिर महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कहानी एक ऐसी अदालत के साथ प्रतिध्वनित होने की संभावना है जिसने पिछले फैसलों में कानून की सिद्धांतवादी व्याख्याओं पर संतुलन और व्यावहारिकता की ओर झुकाव दिखाया है।

समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न्यायालय ने संशोधित कानून के संचालन पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन मुकदमे के लंबित रहने के दौरान यथास्थिति में इस तरह से बदलाव न करने की चेतावनी दी, जिससे किसी भी पक्ष के अधिकारों को नुकसान पहुंचे। यह दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। ये कानूनी चुनौती को निरर्थक बना सकते हैं। लेकिन सरकार के लिए, यह अभी भी अपना मामला बनाने, डेटा एकत्र करने और पिछली व्यवस्था के तहत लंबे समय से चले आ रहे अन्याय के लिए आवश्यक सुधार के रूप में संशोधन को तैयार करने का रास्ता खुला छोड़ता है। न्यायालय के निर्देश के शब्द ही कठोर अंतरिम कदम उठाने की अनिच्छा को दर्शाते हैं, जो अंतिम फैसले के समय उसके हाथ बांध सकते हैं।

इस स्थिति से जो उभरता है, वह एक तरह की न्यायिक हेजिंग है- चुनौती देने वालों को उम्मीद देने के लिए पर्याप्त अस्पष्टता, लेकिन सरकार के लिए पैंतरेबाज़ी करने के लिए पर्याप्त जगह। चुनौती देने वालों को निश्चित रूप से न्यायालय द्वारा की गयी कुछ टिप्पणियों से सांत्वना मिली है, जो संशोधनों से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए कुछ हद तक सहानुभूति का संकेत देती हैं। लेकिन यह सांत्वना अंतत: वास्तविक से ज़्यादा बयानबाज़ी साबित हो सकती है। न्यायालय का इतिहास बताता है कि जब तक विचाराधीन कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक या घोर अन्यायपूर्ण न हो, तब तक यह विधायी और कार्यकारी शाखाओं के अधीन रहता है, खासकर जब व्यापक शासन संबंधी मुद्दे शामिल हों।

क्रिश्चियन एलायंस और एसोसिएशन ऑफ़ सोशल एक्शन जैसे नये हस्तक्षेपकर्ताओं के साथ सरकार का रणनीतिक गठबंधन इसके हाथ को और मज़बूत करता है। इन समूहों का तर्क है कि पिछले कानून को धार्मिक या संस्थागत दावों के तहत व्यक्तियों- अक्सर अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से- को उनके वैध संपत्ति अधिकारों से वंचित करने के लिए हथियार बनाया गया था। ऐसी आवाज़ों को एकजुट करके, सरकार कानून को बहुसंख्यकवादी थोपे जाने के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्मनिरपेक्ष, समावेशी सुधार के रूप में फिर से परिभाषित कर रही है। यह पुनर्स्थापन महत्वपूर्ण है। यह मुद्दे को एक संकीर्ण प्रशासनिक बदलाव से संपत्ति के अधिकारों को बहाल करने और ऐतिहासिक असंतुलन को ठीक करने के लिए एक नैतिक धर्मयुद्ध में बदल देता है। न्यायपालिका, जब इस तरह के नैतिक ढांचे का सामना करती है- खासकर अगर वास्तविक जीवन की गवाही और आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है - अक्सर विधायी इरादे को बनाये रखने की ओर झुक जाती है जब तक कि एक मजबूत संवैधानिक उल्लंघन साबित न हो जाये।

नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है। इसके विपरीत, सरकार मौजूदा प्रणाली की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो पहले से ही मूर्त और प्रदर्शन योग्य हैं। साक्ष्य की गुणवत्ता और प्रकृति में यह विषमता अंतिम निर्णय में भारी पड़ सकती है।

> नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है।

इसके अलावा, अदालत की अंतरिम टिप्पणियों की भाषा संभावित जटिलताओं के बारे में गहरी जागरूकता का सुझाव देती है जो विधायी प्रक्रिया में समय से पहले हस्तक्षेप करने से उत्पन्न हो सकती हैं। इस बात पर जोर देकर कि मामले के लंबित रहने के दौरान कोई नयी जटिलताएं पेश नहीं की जानी चाहिए, अदालत समय खरीदती हुई प्रतीत होती है - न कि समय पर निर्णय लेने के लिए कानून के बारे में बात करना और बिना व्यवधान पैदा किए निष्पक्ष सुनवाई करना। यह सतर्क दृष्टिकोण, तटस्थ प्रतीत होते हुए भी, अक्सर यथास्थिति या इस मामले में, नये पेश किये गये परिवर्तनों के पक्ष में काम करता है। एक बार जब कोई कानून व्यवस्था में स्थापित हो जाता है - यहां तक कि एक अंतिम क्षमता में भी- तो इसे उलटना संस्थागत रूप से अधिक कठिन हो जाता है जब तक कि ऐसा करने के लिए कोई भारी कारण न हो।

इसके अतिरिक्त, संशोधनों का समर्थन करने वाली आवाज़ों की बढ़ती संख्या से न्यायालय के प्रभावित होने की संभावना है, विशेष रूप से हाशिए के समुदायों और सामाजिक वकालत समूहों से। ये हितधारक अपने साथ एक हद तक नैतिक और सामाजिक-राजनीतिक वैधता लाते हैं जिसे नज़रंदाज़ करना मुश्किल है। कानूनों के पिछले शासन के तहत बहिष्कार और बेदखली के उनके आख्यान एक भावनात्मक और मानवीय आयाम पेश करते हैं जो अन्यथा एक अमूर्त कानूनी प्रतियोगिता हो सकती है। यदि चुनौती देने वाले तुलनात्मक रूप से सम्मोहक प्रति-कथा प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं - जो कानूनी तकनीकों से परे हो और न्याय को एक आंतरिक तरीके से संबोधित करे-तो पेंडुलम सरकार के पक्ष में झूलता रहेगा।



## ललित सुरजन की कलम से

### युद्ध नहीं, शांति चाहिए

*'युद्ध की क्या कीमत चुकाना पड़ती है, इस बारे में बात करने से हम कतरा रहे हैं। भारत उपमहाद्वीप में स्थायी शांति कैसे स्थापित हो सकती है, इस पर बात करने में हमारी कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं देती। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में अपनी शक्ति जाया कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुलवामा और बालाकोट की घटनाओं का हर तरह से राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की कोशिश है कि ऐसा न होने दिया जाए। इस बीच अधिकतर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा से इस पूरे घटनाचक्र पर टिप्पणियाँ कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा गरज रहे हैं। उन्होंने अभिनंदन की रिहाई की घोषणा के तुरंत बाद जो टीका की वह वांछित नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह तो पायलट प्रोजेक्ट है, असली खेल तो इसके बाद होगा।'*

**(देशबंधु में 07 मार्च 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/03/blog-post.html

## गुरुवाणी विचार

### राग गौड़ी सलोक महला 9

साधो मन का मान तिआगो-
काम क्रोध संगत दुरजन की।
तांते अहि निस भागे (रहाओ)
सुख दुख दोनों समकर जाने-और मान अपमाना
हरख सोगते रहे अतीता- तिनि जगि तत पछाना
उसतति निंदा दोऊ तिआगे-खोजे पद निरबाना
जन नानक ऐह खेल कठिन है-किनहु विरले जाना।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा नौवें नानक गुरु तेग बहादुरजी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि हर इंसान का जीवन व्यतीत करना पड़ता है इसलिए हमें इन पंक्तियों द्वारा समझाया गया है कि इंसान को हमेशा घमंड से दूर रहना चाहिए। मैं-मेरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए कहा भी गया है कि

जब लग मेरी मेरी करे- तब लग काज एक नहीं सरे।

हर इंसान के आध्यात्मिक क्षेत्र में कई रोड़े हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, तृष्णा से बचकर रहना चाहिए। इन पर विजय तो नहीं पाई जा सकती पर इनको वश में रखना जरूरी है। लोभ भी जरूरत के मुताबिक थोड़ा बहुत ठीक है। नेक कमाई कर अपने परिवार का उदरपोषण करना है और इस नेक कमाई का दसबंध निकाल कर जरूरतमंदों की मदद में खर्च करना है। काम भी गृहस्थ में रहकर किसी हद तक संतानोत्पत्ति के लिए आवश्यक है। क्रोध भी जीवन में आवश्यक है। सांप अगर फूंफकार भी न मारे तो इंसान उसे अकारण ही पत्थर मार-मारकर घायल कर देगा। मोह भी जरूरी है पर धृतराष्ट्र जैसा अंधा मोह भी नहीं होना चाहिए नहीं तो महाभारत जैसी स्थिति हो सकती है। अहंकार भी बुराइयों की जड़ है।

हमें प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त हो जाने पर फिर आनंद ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी क्योंकि प्रभु के सांचे दरबार जिसे भक्त रविदास ने बेगमपुर कहा है जहां पर किसी किस्म की गम या चिंता नहीं है-

हलति सुख पलति सुख
सुख सदा सिमपनो नाम हरि का सदा लीजै।।

इसलिए हर इंसान को चाहिए कि वह संसार में आकर मानव जीवन प्राप्त कर सांसारिक मोह माया त्याग कर प्रभु सिमरन भक्ति का मार्ग अपना ले। प्रभु सिमरन करते-करते वह फिर प्रभु परमात्मा जो कि हरेक के हृदय में विराजमान है, के दर्शन प्राप्त कर पाएगा। हमें प्रभु परमात्मा को पाने के लिए कहीं वन कंदराओं में भटकने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ जीवन में रहकर भी परिवार का उदर पोषण करते हुए मन से निरंकार को सिमरन करते रहें। बस हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथकर उसकी प्राप्ति करनी है।

जिन खोजा तिन पाइआ गहरे पानी पैठ।
मैं बपुरी खोजन गई रही किनारे बैठ।।

सारी वनस्पति में अग्नि है, दूध में घी है पर हमें जुगत लगाकर ही उसकी प्राप्ति हो पाती है। हमें भी अपने मन रूपी मथनी से सिमरन भक्ति कर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर लेनी है।

सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटावहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा। निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ-साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं। भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है, उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है

भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजनाकारों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा, परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**-संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## इशिबा ने युद्ध से जुड़े कुख्यात मंदिर को भेजी भेंट

**टोक्यो,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को देश के वसंत उत्सव के अवसर पर कुख्यात यासुकुनी श्राइन को एक अनुष्ठान भेंट भेजी। इस श्राइन को देश में अतीत के क्रूर सैन्यवाद के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। श्री इशिबा ने टोक्यो के चियोदा जिले में स्थित युद्ध से जुड़े तीर्थस्थल पर तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन मासाकाकी नामक अनुष्ठान वृक्ष भेजा। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि त्यौहार के दौरान उनके व्यक्तिगत रूप से तीर्थस्थल पर जाने की उम्मीद नहीं है। यासुकुनी तीर्थस्थल द्वितीय विश्व युद्ध के 14 दोषी जापानी युद्ध अपराधियों को सम्मानित करता है, जिनमें हिदेकी तोजो भी शामिल है। यह लंबे समय से जापान और उसके पड़ोसियों के लिए कूटनीतिक घर्षण का स्रोत रहा है।

# पाकिस्तान में पीएमएल-एन व पीपीपी ने मतभेदों को सुलझाने का किया प्रयास

### लाहौर में दोनों दलों की समन्वय समितियों की पांचवीं बैठक हुई

**लाहौर,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दो सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के पदाधिकारियों ने कुछ विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत में सत्ता के बंटवारे के संबंध में लाहौर में मुलाकात की।

स्थानीय अखबार 'डॉन' ने बताया कि दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विवादास्पद मुद्दों विशेष रूप से स्थानीय सरकार के चुनावों और पंजाब में कृषक समुदाय से संबंधित मतभेदों को सुलझाने के लिए लाहौर में गवर्नर हाउस में मुलाकात की। कुछ प्रगति करने के बाद दोनों दलों के कुछ दिनों में फिर से मिलने की उम्मीद है। लाहौर बैठक में दोनों दलों की समन्वय समितियों की पांचवीं बैठक हुई। प्रतिभागियों में प्रधानमंत्री के राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष मलिक अहमद खान, पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब और उप प्रधानमंत्री इशाक डार शामिल थे, जो एक वीडियो लिंक के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।




**तमाम आपत्तियों के बावजूद सहयोगियों ने देश में मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साथ चलने का फैसला किया है : हसन मुर्तजा**

पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान, पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ, नदीम अफजल चैन, अली हैदर गिलानी और हसन मुर्तजा ने पीपीपी का प्रतिनिधित्व किया।

बैठक के बाद अपने मीडिया संबोधन में पीपीपी नेता हसन मुर्तजा ने कहा कि तमाम आपत्तियों के बावजूद दोनों गठबंधन सहयोगियों ने देश में मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साथ चलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी स्थानीय सरकार के चुनावों के लिए दबाव डालती है और किसानों की चिंताओं को रेखांकित करती है। उन्होंने विधेयक में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि इसमें व्यक्तियों के राजनीतिक उत्पीड़न की संभावना है।

### पाकिस्तान की जेलों से 175 अफगान कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में कैद कुल 175 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस स्वदेश भेज दिया गया है। शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार कैदी शनिवार को दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए। पाकिस्तान ने पिछले एक साल में जेल में बंद हजारों अफगानी कैदियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। इससे पहले सितंबर 2024 में जेल प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूसुफ मुस्तरी ने संकेत दिया था कि वर्तमान में देश के बाहर 8,000 से 9,000 अफगान नागरिक कैद हैं।

## अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए ब्रिटेन विस्फोटकों और गोले का उत्पादन बढ़ाएगा

**लंदन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन अमेरिका और फ्रांस पर गोला-बारूद उत्पादन में निर्भरता को खत्म करने के प्रयासों के तहत अब हेक्सोजेन विस्फोटक के उत्पादन को काफी बढ़ाने की योजना बना रहा है जिसका उपयोग नाटो 155-मिलीमीटर के गोले में किया जाता है।



■ **ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश व यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से कर रही इनकार**

टाइम्स अखबार ने एक ब्रिटिश रक्षा कंपनी के हवाले से बताया कि बड़ी ब्रिटिश रक्षा कंपनी बीएई प्रणाली जो देश में 155 मिलीमीटर के तोपखाने के गोले बनाने वाली एकमात्र कंपनी है पहले अमेरिका और फ्रांस से आरडीएक्स (हेक्सोजेन) का आयात करती थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश और यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से इनकार कर रही हैं। कंपनी दुनिया की पहली नई तकनीक को अन्य देशों को बेचने की योजना बना रही है। साथ ही बीएई प्रणाली ने यह तय किया है कि वह गोला-बारूद के उत्पादन में अमेरिकी घटकों या सामग्रियों का इस्तेमाल नहीं करेगी ताकि वे अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय शस्त्र व्यापार विनियमन (आईटीएआर) नियमों के अधीन न आएं। इससे कंपनी को ये गोला-बारूद बिना अमेरिकी प्रतिबंधों के स्वतंत्र रूप से बेचने की अनुमति मिल जाएगी। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति समझौते में बाधा डालती है जिससे नाटो देश सीधे संघर्ष में शामिल हो जाते हैं।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियारों से भरा कोई भी माल रूस के लिए वैध लक्ष्य होगा। उनके अनुसार अमेरिका और नाटो सीधे संघर्ष में शामिल हैं, जिसमें न केवल हथियारों की आपूर्ति करना, बल्कि ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और अन्य देशों में कर्मियों को प्रशिक्षण देना भी शामिल है।

## सुडोकू 6890

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन - आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क - आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह - आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या - आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक - आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु - आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

मकर - आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ - आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन - आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यमन पर अमेरिकी हमलों में 12 लोगों की मौत, 30 घायल : हूती

**सना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं।

हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शु उब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं।

हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था। उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया।



**मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही राहत व बचाव टीमें**

हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके। उत्तरी यमन के ज्यादातर हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती समूह ने कहा है कि उनके हमलों का मकसद अमेरिका का समर्थन पाने वाले इजरायल पर दबाव बनाना है, ताकि वह गाजा पट्टी पर हमला बंद करे और संकटग्रस्त फिलीस्तीनियों के लिए जरूरी सामान पहुंचाने की इजाजत दे।

## अवामी लीग के 25 नेता व कार्यकर्ता जुलूस निकालने को लेकर गिरफ्तार

**ढाका,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश में एक बार फिर राजनीतिक असंतोष को दबाने की घटना सामने आई है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत पुलिस ने खुलना शहर में अचानक निकाले गए जुलूसों के बाद अवामी लीग और इसके सहयोगी संगठनों के कम से कम 25 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में अवामी लीग, इसकी स्टूडेंट विंग छात्र लीग और युवा संगठन जूबो लीग के सदस्य शामिल हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के एक मीडिया आउटलेट यूएनबी ने खुलना मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त (मीडिया और जनसंपर्क) अहसान हबीब के हवाले से दी। पुलिस ने रविवार रात को अलग-अलग अभियानों में इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई खुलना शहर में रविवार सुबह अवामी लीग के एक अचानक निकाले गए जुलूस के बाद की गई। यह जुलूस अवामी लीग की खुलना जिला इकाई के बैनर तले आयोजित किया गया था। यह शेख हसीना के पतन के बाद क्षेत्र में इस तरह का पहला प्रदर्शन था। जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक बैनर पकड़ा हुआ था, जिसमें शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना की तस्वीरें थीं।



## वर्ग पहेली 6890

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंर्तध्यान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना,विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का मौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का. चुस्त, फुर्तीली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. झिड़की, डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6889

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| दा | ■ | द्ध | ■ | ५ प्र | त्य | क्ष | ■ | क्षी | ■ |
| ६ फा | स | ला | ■ | शं | ■ | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | ■ | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | ■ | ज | ■ |
| ■ | १० बां | ■ | गौ | ■ | ■ | ■ | ११ मौ | ■ | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | ■ | १४ आ | ■ | १५ न | रे | श |
| ■ | ल | ■ | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | ■ | ■ | हा |
| १७ प्र | ता | प | ■ | ■ | स्मि | ■ | १८ अ | १९ स | ली |
| या | ■ | ■ | २० से | वा | क | २१ र | ■ | ह | ■ |
| २२ स | र | ग | ना | ■ | ■ | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**नए कानूनों को ...**

में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53,981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50न्न मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं।

बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा और देशभर में कानूनी सुधार की इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया।

गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, सचिव गृह नेहा चंपावत सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

**भिलाई 3 में मिले...**

नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में उक्त आरोपी के विरूद्ध के त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

दौरान विवेचना के आरोपी नरेंद्र सिंग से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसने बताया कि करीबन 5-6 दिन पूर्व भाठागांव बस स्टैंड के पास झाड़ियों में पैसे का बंडल मिलना जिसे चेक करने पर नकली नोट होना। कुछ दिन बाद लालच में आकर भिलाई-चरोदा में आकर जलाराम से कुछ सामान खरीदकर 200-200 रू के 4 जाली नोट देकर वापस रायपुर चले जाना। घटना 19 अप्रैल को पुनः उसी दुकान में रात्री करीब 10.45 बजे दुकान बंद करने के समय सामान खरीदने के लिए वापस आया जो दुकानदार द्वारा पहचान लेना बताया। उस व्यक्ति के द्वारा 500 रु का जाली नोट जिसका सीरियल नंबर 8सीवी405332 देकर 50 रूपये की कुल्फी पैक कराई। जिसे जलाराम बेकर के मालिक विवेक कुलश्रेष्ठ उन्हें आरोपी के वाहन में रखे हुए हेलमेट से उसकी पहचान की उसे याद आया यही व्यक्ति 4 दिन पहले हेलमेट लगाकर दुकान में आया था और जाली नोट देकर चला गया था तब उसने अपने पिताजी को बताया और पुलिस को सूचित किया। चारों नोटों का सीरियल नंबर 9ईडब्ल्यू063476 एक ही था जिसमें से दो नोट को दुकानदार ने फाड़ दिया था और दो नोट को संभालकर रखा हुआ था जिसे जब्त किया है मौके पर पुलिस पहुंचने के बाद तलाशी लेने पर आरोपी के जेब से 500 रू के सीरियल नंबर 4एमए 088412 वाला 1 नकली नोट तथा उसके मोटर सायकल वाहन के पेट्रोल टंकी में लगे लेदर बैग में 200 रू के सीरियल नंबर 9ईडब्ल्यू063476 वाले 5 नकली नोट, सीरियल नंबर 6सीजी001655 वाले 6 नकली नोट कुल 11 नकली नोट एवं 500 रू के सीरियल नंबर 2एचपी 509055 वाले 4 नकली नोट, सीरियल नंबर 2एचआर 347889 वाले 3 नकली नोट, सीरियल नंबर 8क्यूवी812700 वाले 3 नकली नोट, सीरियल नंबर 8सीवी405332 वाले 7 नकली नोट कुल 18 नकली नोट बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 318(4), 179, 180 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय जेएमएफसी न्यायालय भिलाई 3 के समक्ष पेश किया गया।

**सपरिवार भारत पहुंचे ...**

जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन चात्रा से भी मुलाकात करेंगे। दिल्ली, जयपुर और आगरा की आधिकारिक यात्रा (21-24 अप्रैल) से भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी को और गहरा होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल को 24 अप्रैल को वाशिंगटन के लिए प्रस्थान करने से पहले जयपुर और आगरा का भी भ्रमण करेंगे।

**13 साल बाद भारत दौरे पर हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा, उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में 2013 में भारत आए थे।

**चुनाव आयोग ने ...**

वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। पिछले महीने 10 मार्च को राहुल ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो अच्छा होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो।

**लोकसभा में भी खड़े किए थे सवाल**

दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चुनाव प्रोसेस को लेकर राहुल के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने पूछा था कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार नहीं बनाती है, यह बात बिल्कुल सही है। लेकिन पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष शासित हर राज्य में और खासकर महाराष्ट्र में साफ-साफ सवाल उठे हैं। पूरा विपक्ष मिलकर सिर्फ ये कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर यहां चर्चा हो जाए। राहुल गांधी दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी।

**स्पैडेक्स मिशन के तहत ...**

गोलाकार कक्षा में सफलतापूर्वक की गई। पूरी प्रक्रिया एक ही प्रयास में पूरी की गई, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में इसरो की सटीकता और विशेषज्ञता को दर्शाता है। स्पैडेक्स मिशन पिछले वर्ष 30 दिसंबर को लॉन्च किया गया था, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों-एसडीएक्स-1 और एसडीएक्स-2 को कक्षा में स्थापित किया था। स्पैडेक्स में महारत हासिल करना भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जैसे कि चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन करना।

**NECC**

| 22.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 400 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 95 | 180 |

डिलीवरी 415 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

## आज का इतिहास

1851-प्रसिद्ध इंजीनियर, समाजसेवी और भारत में हरित क्रांति के नायक सर गंगा राम का जन्म।
1894-भारतीय संविधान को बनाने में सहयोग देने वाली महिलाओं में से एक अम्मू स्वामीनाथन का जन्म।
1906-यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1914-हिन्दी फ़िल्म निर्माता-निर्देशक बी. आर. चोपड़ा का जन्म।
1915-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
1921-नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया।
1931-मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1932-जानेमाने आध्यात्मिक संत, समाज सुधारक, दार्शनिक तथा लेखक स्वामी सच्चिदानंद का जन्म।
1958-एडमिरल आर.डी. कटारी भारतीय नौसेना के पहले भारतीय प्रमुख बनाए गए।
1969-'काकोरी कांड' के प्रसिद्ध क्रांतिकारी जोगेशचंद्र चटर्जी का निधन।
1970-दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
1974-मशहूर उपन्यासकार चेतन भगत का जन्म।
1983-अंतरिक्ष यान सोयूज टी-8 पृथ्वी पर लौटा।
1997-पेरू में जापानी दूतावास में चार माह से चल रही घेराबंदी को समाप्त करने के लिए सेना ने प्रवेश किया।
2001-भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञों में से एक तथा मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल महमूद अली खाँ का निधन।
2002-पाकिस्तान में पर्ल हत्याकांड की सुनवाई प्रारम्भ।

## दुनिया को जानें

### रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लौटा

**मास्को,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रुस का सोयुज एमएस-26 अंतरिक्ष यान चालक दल के साथ रविवार सुबह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आया। रूसी संघीय अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। वेबसाइट पर कहा गया है कि रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन, इवान वैगनर और नासा के अंतरिक्ष यात्री डोनाल्ड पेटिट को ले जाने वाला अवरोही मॉड्यूल मध्य4 कजाकिस्तान के जेज़काज़गन शहर के पास मास्को समयानुसार 04:20 बजे उतरा।



रोस्कोस्मोस ने कहा कि वापसी से पहले सोयुज एमएस-26 आईएसएस के रूसी खंड के रासवेट मॉड्यूल से अनडॉक हो गया साथ ही कहा कि डीऑर्बिट और अवरोही संचालन योजना के अनुसार आगे बढ़ा। सितंबर 2024 में आईएसएस पर पहुंचने के बाद से चालक दल ने 43 अनुप्रयुक्त विज्ञान प्रयोग किए एक स्पेसवॉक किया।

# खेल जगत

## एमआई ने सीएसके के खिलाफ दर्ज की एकतरफा जीत : मार्क बाउचर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर मार्क बाउचर ने मुंबई इंडियन्स की चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत की जमकर तारीफ की। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एमआई ने सीएसके को 9 विकेट से हरा दिया। बाउचर ने इस मुकाबले को 'पूरी तरह एकतरफा' बताया। इस मैच में पहले मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए चेन्नई को 176 रन पर ही रोक दिया। सीएसके की ओर से शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद रोहित शर्मा (76 नाबाद) और सूर्यकुमार यादव (68 नाबाद) ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस को लगातार दूसरी घरेलू जीत दिलाई। बाउचर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मैं इस जीत से बहुत खुश हूं, ये एकदम एकतरफा मुकाबला था। मुंबई इंडियन्स लगातार एक बेहतरीन मैच खेलने की बात कर रही थी, और इस बार वो काफी हद तक उसमें सफल रही।

# दिल्ली कैपिटल्स से हिसाब चुकता करने उतरेगी लखनऊ

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धू)। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के अर्द्धशतकों के बावजूद अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम में तीन गेदो के बाकी रहते एक विकेट से हार से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंटस अब अपने घर लखनऊ के इकाना अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रिटर्न मैच में आईपीएल 2025 में मंगलवार को उससे हिसाब चुकता करने उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सात में पांच जीत और दो हार के साथ लखनऊ सुपर जायंटस की जयपुर में बल्लेबाजी की नई सनसनी 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी की 34 रन की तूफानी और यशस्वी जायसवाल के तेज अर्द्धशतक के बावजूद आवेश के खान के मैच के आखिरी ओवर मे बेहतरीन गेंदबाजी से दो रन से जीत



■ लखनऊ को पूरन और मार्श से बड़ी पारियों की आस

के साथ आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार समान रूप से दस दस अंक है। दिल्ली कैपिटल्स अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे और लखनऊ पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस से उसके घर में पिछले मैच में जोस बटलर के 97 रन की तेज पारी के चलते सात विकेट से हार झेलनी पडी। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंटस के पास जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा ऐसे में दोनों टीम के बीच मंगलवार को रोचक संघर्ष की उम्मीद है। लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहने के बावजूद चार अर्धशतकों के साथ 368 रन बना रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे निकोलस पूरन और सात मैचों में चार अर्द्धशतक जड़ कुल 299 रन के साथ रन बनाने में सातवें स्थान पर चल रहे मिचेल मार्श और तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले एडन मार्क्रम (कुल 274 रन) , आयुष बडोनी (आठ मैच, में एक अर्द्धशतक सहित 181 रन) अब्दुल समद सात मैच 111 रन, ऋषभ पंत के अर्धशतक सहित 106 रन पर निर्भर है। दिल्ली को अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाना है तो वह शीर्ष क्रम मे 2 पूरन और मार्श से से दिल्ली के खिलाफ बड़ी पारियों की आस करेगा।

### जीत का श्रेय गेंदबाजों को : ऋषभ पंत

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत से खुशी के साथ राहत महसूस कर रहा हूं। इस तरह के मैच आपके चरित्र का निर्माण करते हैं। यह गजब की जीत एक टीम के रूप में यह जीत हमे एक अलग ही स्तर पर ले जाएगी। हम आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जीत का श्रेय गेंदबाजों को जाता है,जिन्होंने धैर्य बनाए रखा। हमारी योजना अपनी योजना को अमली जामा पहनाने की थी। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी की। हमें लगता है हम सही दिशा में हैं।

### इस मैच की गलतियां अगले मैच में नहीं दोहरानी : अक्षर

मेरा मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ हमने 10 -15 रन कम बनाए। यही हार जीत में निर्णायक बन गया, जब जब हमने तेज गति से रन बनाने की कोशिश की तो विकेट गंवाने के साथ लय खो दी और पारी का जिस अंदाज में समापन करना चाहते थे वैसा नहीं कर पाए। हमने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी कैचिंग और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम अपने लक्ष्य से दूर रह गए। अब इस बाबत बहुत सोचने की जरूरत नहीं है हम यह सीखना होगा कि हम क्या और बेहतर कर सकते थे। हमें यह पक्का करना होगा इस मैच की गलतियां अगले मैच में न दोहराए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।

# अब चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी लगभग नामुमकिन : अंबाती रायडू

आईपीएल 2025



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इस बार आईपीएल 2025 में वापसी करना लगभग नामुमकिन है। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद सीएसके की यह सीजन की आठ मैचों में छठी हार थी। अब वे अंक तालिका में सबसे नीचे हैं।

एक बार फिर से सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन पहली बार खेलने उतरे आयुष म्हात्रे ने 15 गेंदों में 32 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई। उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 176/5 तक पहुंचाया।

जवाब में, रोहित शर्मा ने शानदार नाबाद 76 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। उनके साथ सूर्यकुमार यादव ने भी तेजी से 30 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही यह लक्ष्य 9 विकेट रहते हासिल कर लिया। रायडू ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में सीएसके वापसी कर पाएगी। खुद धोनी ने भी मैच के बाद कहा कि अब वे अगले सीजन की तैयारी की सोच रहे हैं। अब वे युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेंगे और ऐसी टीम बनाना चाहेंगे जो बिना डरे खेले, लेकिन लापरवाही से नहीं। टीम को ज्यादा सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा। शायद आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी को अब पूरे मौके दिए जाएं। सीएसके की हार पर रायडू ने कहा कि टीम के खेलने के अंदाज में जोश और सोच की कमी थी। उन्होंने कहा कि मध्य के ओवरों में उन्होंने लगभग 7 ओवरों में सिर्फ 35 रन बनाए। आजकल टी20 क्रिकेट में इस तरह का धीमा खेल कोई नहीं खेलता। खेल बहुत बदल चुका है, और बीच के ओवरों में भी तेजी से रन बनाना जरूरी है। सीएसके के पास इरादा ही नहीं दिखा। मैच हारना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन लड़ना जरूरी है। आप सिर्फ बीच के ओवरों में समय काटने की सोच नहीं रख सकते। इस पिच पर जीत के लिए कम से कम 190 रन चाहिए थे, और सीएसके जो स्कोर कर पाई, वह औसत से भी कम था। रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर रायडू ने कहाकि शुरुआत में उन्होंने थोड़ा समय लिया, लेकिन फिर बेहतरीन शॉट्स लगाए। उन्होंने सिर्फ ऑन साइड पर ही खेलने की कोशिश नहीं की। पहले भी उन्होंने बहुत रन बनाए हैं, लेकिन आज वे कुछ बड़ा करने के इरादे से उतरे थे। वह मैदान पर समय बिताना चाहते थे और मुंबई इंडियंस के लिए मैच खत्म करना चाहते थे। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी बड़ा स्कोर कर सकते हैं। अब जब टूर्नामेंट का अहम हिस्सा आ रहा है, तो ऐसी पारियां न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को आत्मविश्वास देती हैं। अब मुंबई इंडियंस बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को चेन्नई में इसी टीम से मुकाबला खेलेगी।

# बीसीसीआई सालाना अनुबंध घोषित: रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार

## नीतीश, ध्रुव, अभिषेक, सरफराज, आकाशदीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित नए अनुबंधित खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को सीनियर भारतीय पुरुष टीम के 2024-25 सीजन (पहली अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025) के लिए सालाना खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी। इसकी घोषणा बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने की।

टॉप टियर ग्रेड ए + में चार क्रिकेटरों - रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा को अनुबंधित किया है। ग्रेड ए+ में बीते बरस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके रविचंद्रन अश्विन को छोड़ बाकी चारों को बरकरार रखा गया है। विराट, रोहित और रवींद्र जडेजा भारत को बीते वर्ष जून में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऋषभ पंत को ग्रेड बी से पदोन्नत कर ग्रेड ए मे सिराज, केएल राहुल , शुभमन

■ ऋषभ पंत ग्रेड ए में, श्रेयस व ईशान एक बरस बाद फिर अनुबंधित

गिल , हार्दिक पांड्या भी है। ऋषभ पंत 2022-23 के सीजन में ग्रेड ए में थे लेकिन दिसंबर, 2022 में खतरनाक सड़क दुर्घटना के चलते एक बरस से ज्यादा तक क्रिकेट न खेलने पर उन्हें ग्रेड बी मे भेज दिया था।

ऋषभ पंत 2024 में आईपीएल से वापी की और भारत के लिए क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उसके बाद ऋषभ पंत ने दस टेस्ट, एक वन डे अंतरराष्ट्रीय और दस टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इसलिए उनकी ग्रेड ए में वापसी हो गई। श्रेयस अय्यर कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और सूर्य कुमार यादव के साथ ग्रेड बी मे जबकि ईशान किशन को ग्रेड सी मे अनुबंधित किया गया है। बीसीसीआई



के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में पहली बार ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ी हैं -नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरैल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाशदीप , वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा। शार्दूल ठाकुर, केएस भरत, आवेश खान, जीतेश शर्मा जैसे बीते बरस सबसे निचले ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया है । बीसीसीआई हालांकि सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों के चार ग्रेड की राशि का खुलासा नही किया है। ऐसा अनुमान है ग्रेड ए+में शामिल क्रिकेटरो को सालाना सात करोड़ रुपये,



ग्रेड ए के खिलाड़ियों को पांच करोड़, ग्रेड बी के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और ग्रेड सी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये सालाना मिलने का अनुमान है।

श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने बीते बरस तब अपना बीसीसीआई का सालाना अनुबंध गवा दिया था जब इन दोनो ने खुद को घरेलख सीजन के लिए अनुपलब्ध बताया था। श्रेयस अश्शर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को सूचित किया था कि वह पीठ में ऐंठन के कारण उपलब्ध नहीं है। ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट मे अपने राज्य झारखंड के लिए खेलने की बजाय डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट को खेलने को तवज्जो दी थी। ईशान किशन 2024-25 मे झारखंड के लिए सभी फॉर्मेट में खेले और उन्होंने 2024-25 सीजन के लिए बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में वापस जगह बनाई। वहीं श्रेयस ने मार्च 2024 से केकेआर के कप्तान के रूप में उसे आईपीएल खिताब, मुंबई को 2023-24 मे रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी जिताने के साथ भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने जिताने में अहम भूमिका निभाई।

### बीसीसीआई के 2024-25 सीजन के लिए सालाना स्थित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**ग्रेड ए+** : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा।

**ग्रेड एः** ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी।

**ग्रेड बी** : सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी** : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे,रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरैल, सरफराज खान, नीतीश कुमार रेड्डी,इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

## सार संक्षेप

### छोटे गांवों व कस्बों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे : रेखा

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को अल्मोड़ा के सोमेश्वर में कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए छोटे कस्बों और गांवों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के दौरान प्रदेश में बडा खेल ढांचा तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसकी देखरेख और संचालन के लिए प्रदेश सरकार लिगेसी प्लान ला रही है। कैबिनेट मंत्री पिछले दो दिन से अपनी सोमेश्वर विधानसभा के दौरे पर हैं। उन्होंने यह बात सोमेश्वर के कोट्यूडा में एक खेल मैदान के भूमि पूजन के दौरान कही। श्रीमती आर्य ने यहां दो पेयजल योजनाओं का लोकार्पण भी किया और मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने 198.21 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाईढौल पम्पिंग पेयजल योजना और कोतवाल गांव पंपिंग पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। उन्होंने ग्राम भकुना ( ताकुला) में आम जनता की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम भकुना में मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

### मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया।

# बंगलादेश को हमुदुल हसन जॉय और मोमिनुल हक बड़ी साझेदारी की उम्मीद

**सिलहट,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक



गेंदबाजी के बाद महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) की जूझारू पारियों के दम पर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दम पर जिम्बाब्वे को 273 के स्कोर पर समेटकर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 25 पीछे हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने महमुदुल हसन जॉय के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों की जूझारू पारियों की मदद से बंगलादेश ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 13 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने एक विकेट लिया।

## आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे संजू सैमसन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 24 अप्रैल को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। घायल कप्तान संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 19 अप्रैल को जयपुर में हुए मैच में भी नहीं खेले थे। टीम ने बताया कि कप्तान सैमसन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 16 अप्रैल को खेले गए घरेलू मैच में चोटिल हुए थे और अब वह साइड स्ट्रेन से ठीक होने के लिए जयपुर में ही रुकेंगे। उनके साथ राजस्थान रॉयल्स की मेडिकल टीम के कुछ सदस्य भी रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान सैमसन ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। यह मुकाबला सुपर ओवर तक गया था, जिसमें राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा था।

# 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलने भारत आएंगे कई अंतरराष्ट्रीय सितारे

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने यह खुलासा किया है कि कई अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 24 मई को बेंगलुरु में होगी। यह प्रतियोगिता 'एनसी क्लासिक' के नाम से जानी जाएगी और इसे वर्ल्ड एथलेटिक्स की %ए% श्रेणी में रखा गया है। इसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को ऊंचे स्तर के रैंकिंग अंक मिलेंगे, जैसे कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड प्रतियोगिता में मिलते हैं। नीरज चोपड़ा के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के एलीट महिला और पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी पहली बार भारत में हिस्सा लेंगे। जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस मीट में नीरज ने बताया कि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व



एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे : नीरज चोपड़ा

चैंपियन) और केन्या के जूलियस येगो (रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन) भारत आ रहे हैं। नीरज ने आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुछ नाम अभी बताए हैं, बाकी बाद में बताएंगे। भारत के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, मैंने रोहित यादव से बात की है। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (13 से 21 सितंबर, टोक्यो) के लिए क्वालीफाई करने का एक महत्वपूर्ण मौका भी होगी। हालांकि नीरज खुद पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नीरज ने बताया कि हम कम से कम 4-5 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक गोल्ड-लेवल प्रतियोगिता है, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने के लिए रैंकिंग अंक मिलेंगे। जब पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के आने के बारे में पूछा गया तो नीरज ने बताया कि हमने अरशद नदीम को भी आमंत्रण भेजा है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई पुष्टि नहीं मिली है।

### सुडोकू 6890 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

# आईपीएल 2025 : रोहित ने 76 रनों की पारी खेलकर बनाए खास रिकॉर्ड

■ रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में रोहित शर्मा की शानदार पारी के चलते मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में जीत की हैट्रिक लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को 9 विकेट से मात दी। इससे पहले इसी सीजन में जब दोनों टीमें पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, तब सीएसके को जीत मिली थी।

मुंबई इंडियंस की जीत न केवल अंक तालिका में उन्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ा रही है बल्कि रोहित शर्मा भी अपनी फॉर्म पकड़ते नजर आ रहे हैं। पिछले मैच में रोहित की बैटिंग को



देखते हुए क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना था कि 'हिटमैन' अब जल्द ही एक बड़ी पारी खेल सकते हैं। हालांकि तब रोहित ने सिर्फ 26 ही रन बनाए थे। लेकिन ताजा मुकाबले में उनके बल्ले से वैसी पारी निकली जिसकी फैंस को उम्मीद थी। एमआई के पूर्व कप्तान ने केवल 45 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने चार चौके और छह छक्के लगाए। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। एमआई ने इसके साथ ही सीएसके द्वारा सेट किया गया 177 रनों का टारगेट केवल 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है। इस मामले में उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल (25) और एबी डिविलियर्स (22) हैं। दोनों ही खिलाड़ी अब आईपीएल में नहीं खेलते हैं। ऐसे में रोहित के सामने दोनों ही रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। इस सीजन में उनका ये अवार्ड है। यह आईपीएल 2016 का सीजन था जब रोहित ने सबसे ज्यादा चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड' जीता था। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' मिलने की बात हो तो रोहित शर्मा अब संयुक्त तौर पर टॉप कर चुके हैं। यह सीएसके के खिलाफ उनका चौथा ऐसा अवार्ड है। रोहित शर्मा, केएल राहुल और कीरोन पोलार्ड ने ऐसा 4-4 बार किया है। डेविड वार्नर और शिखर धवन ऐसा 3-3 बार कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों में अब सिर्फ रोहित और राहुल ही सक्रिय हैं। रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी आतिशी पारी खेली और वह 68 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों धुरंधर बल्लेबाजों के बीच 114 रनों की अटूट साझेदारी हुई।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 1 | 10 | +0.589 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.308 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 3 | 8 | +0.446 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| तेल एवं गैस | 2.61 प्रतिशत |
| पावर | 2.49 प्रतिशत |
| रियल्टी | 2.27 प्रतिशत |
| ऊर्जा | 2.11 प्रतिशत |
| कमोडिटीज | 1.51 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 1.32 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.04 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.04 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.99 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.37 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 97,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,888 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# प्रमुख आठ उद्योगों की उत्पादन वृद्धि मार्च में 3.8 प्रतिशत रही

**बीते वित्त वर्ष में उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में कोयला, कच्चा तेल और इस्पात सहित आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) के उत्पादन में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार पर मार्च, 2025 में एक वर्ष पूर्व इसी माह की तुलना में 3.8 प्रतिशत (अनंतिम) की वृद्धि दर्ज की गई। संशोधित आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में इन आठ उद्योगों की सालाना आधार पर उत्पादन वृद्धि 5.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष (अप्रैल से मार्च, 2024-25) के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मार्च, 2025 में सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में ऊंचा रहा, जबकि इसी दौरान कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन कम हुआ। इन आठ उद्योगों का आईआईपी में 40.27 प्रतिशत योगदान है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार मार्च में कोयला उत्पादन में एक साल पहले की तुलना में वृद्धि 1.6 प्रतिशत रही तथा पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कच्चे तेल का उत्पादन मार्च, 2025 में 1.9 प्रतिशत घटा और अप्रैल-मार्च, 2024-25 के दौरान संचयी उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत कम रहा। प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2025 में मार्च 12.7 प्रतिशत कम रहा जबकि अप्रैल-मार्च, 2024-25 का गैस उत्पादन सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत कम रहा।



**मार्च, 2025 में सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में ऊंचा रहा : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

## खादी व ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के खादी और ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार हो गया है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने सोमवार को यहां वित्त वर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खादी उत्पादन में 347 प्रतिशत के उछाल के साथ चार गुना और बिक्री में 447 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ पांच गुना की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में कुल रोजगार सृजन के क्षेत्र में 49.23 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है और 1.94 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि खादी-ग्रामोद्योग भवन नई दिल्ली का कारोबार पहली बार रिकॉर्ड 110.01 करोड़ रुपए के आंकड़े तक पहुंचा है। श्री कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए का था, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 116599.75 करोड़ रुपए पहुंच गया।

## 2025 में भारत का चमड़ा फुटवियर निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के चमड़ा और गैर-चमड़ा फुटवियर निर्यात में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 5.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई) के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। फुटवियर निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने वाली सीएलई का कहना है कि विकसित और विकासशील दोनों देशों से मांग मजबूत बनी हुई है।

## सीसीटीवी एमएसएमई निर्माताओं ने सरकार से मांगा समर्थन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में कार्यरत सीसीटीवी निर्माण क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने सरकार से मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन को लागू करने के लिए अधिक समय और वित्तीय सहायता की मांग की है। एमएसएमई का कहना है कि बिना सरकारी सहायता के इस मानक का तत्काल अनुपालन करना 1000 से अधिक इकाइयों को बंदी के कगार पर ला सकता है। साथ ही चार लाख से अधिक नौकरियों पर संकट मंडरा सकता है। अखिल भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संघों के महासंघ एफएआईआईटीए ने सोमवार को संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में कहा कि वर्तमान में एमएसएमई पहले से ही उत्पादन लागत में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और सख्त अनुपालन आवश्यकताओं जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में एसटीक्यूसी जैसे जटिल मानकों को बिना किसी तकनीकी या वित्तीय सहायता के लागू करना न केवल उनके लिए अव्यवहार्य है बल्कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों को भी प्रभावित कर सकता है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202504116400033/बी-121/2024-25
ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73
रायपुर, दिनांक 09.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण किसुन चतुर्वेदी एवं अन्य पिता झुमुक चतुर्वेदी निवासी ग्राम देवपुरी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 10 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 51/1 रकबा 0.0120 हे. भूमि आवेदक किसुन चतुर्वेदी पिता झुमुक चतुर्वेदी एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रुप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि पर भूमिस्वामीयों का नाम दर्ज होने के पश्चात् आवेदकगण को ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया था, जिसके कारण आवेदकगण को ऋण पुस्तिका संबंधित कार्यों में असुविधा हो रही है। आवेदकगण द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार सूरज सिंह बिसेन, पिता श्री अशोक कुमार बिसेन, निवासी- 1242, वार्ड नं. 54, हनुमान मंदिर के पास, श्रद्धा विहार कॉलोनी, बोरियाखुर्द, सेजबहार, रायपुर, छ.ग. के पिता श्री अशोक कुमार बिसेन आयु 65 वर्ष पिता स्व. गणेश सिंह बिसेन निवासी-1242, वार्ड नं. 54, हनुमान मंदिर के पास, श्रद्धा विहार कॉलोनी, बोरियाखुर्द, सेजबहार, रायपुर, छ.ग. जो कि मानसिक रोग से ग्रसित है तथा उन्हे जुआ एवं सट्टा खेलने की बूरी लत है, कई लोगो से पैसा उधार पर लिये है और उन पैसो को जुआ, सट्टा एवं फर्जी ऑनलाईन स्कीमों में व्यय किये है। इनको कोई भी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था उधार पर रकम न देवे। यदि कोई रकम उधार देता है तब उसे वापस करने की किसी भी प्रकार की नैतिक अथवा विधिक जवाबदेहिता इनके किसी भी विधिक वारिसान या परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं होगी। वर्तमान में मेरे पक्षकार के पिता श्री अशोक कुमार बिसेन के नाम पर कोई भी चल-अचल संपत्ति अस्तित्व में नही है।

सो सूचना जाने।

सुचनाकर्ता
सी. के. द्विवेदी ( अधिवक्ता )
पता- बी-26, 3.गणेश गार्डन
सेंचुरी कॉलोनी, डी.डी. नगर, रायपुर, ( छ.ग. )
मो.नं.- 99261 40500

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. ) सूचना-पत्र ( नोटिस )**

क्रमांक/क/वाचक/तहसीलदार/2025
रायपुर, दिनांक 15.04.2025
प्रति,

श्री पूरन लाल गुप्ता पिता स्व. मोहन लाल गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 14, श्रीजी कॉलोनी अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
द्वारा-जमादारमाल तहसील कार्यालय रायपुर के माध्यम से तामिली हेतु।

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिका श्रीमती शोभा प्रजापति पति स्व. श्री मनोज प्रजापति निवासी गली नंबर 01, न्यू शांति नगर शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 25, भूखण्ड क्रमांक 32/1 खसरा नंबर 438/8 का भाग रकबा 4252 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री पूरनलाल गुप्ता पिता स्व. मोहन लाल गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 14, श्रीजी कॉलोनी अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.03.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका द्वारा निवेदन किया गया है। जिस पर सुनवाई दिनांक 28.04.2025 को नियत है।

अत: आप नियत सुनवाई तिथि 28.04.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. ) सूचना-पत्र ( नोटिस )**

क्रमांक/क/वाचक/तहसीलदार/2025
रायपुर, दिनांक 15.04.2025
प्रति,

01. श्री राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. भुवन लाल गुप्ता 02. श्री रितेश गुप्ता पिता स्व. भुवनलाल गुप्ता 03. श्री ऋषि गुप्ता पिता स्व. भुवन लाल गुप्ता सभी निवासी वार्ड नंबर 14, श्रीजी कॉलोनी अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
द्वारा-जमादारमाल तहसील कार्यालय रायपुर के माध्यम से तामिली हेतु।

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता प्रजापति पति स्व. राजेश प्रजापति निवासी गली नंबर 01. न्यू शांति नगर नगर शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम पण्डरीतराई प.ह.नं. 109/47 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 25, भूखण्ड क्रमांक 32/2 खसरा नंबर 438/8 का भाग रकबा 1418 वर्गफुट भूमि को विक्रेतागण 01. श्री राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. भुवन लाल गुप्ता 02. श्री रितेश गुप्ता पिता स्व. भुवन लाल गुप्ता, 03. श्री ऋषि गुप्ता पिता स्व. भुवन लाल गुप्ता सभी निवासी वार्ड नंबर 14 श्रीजी कॉलोनी अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.03.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका द्वारा निवेदन किया गया है। जिस पर सुनवाई दिनांक 28.04.2025 को नियत है।

अत: आप नियत सुनवाई तिथि 28.04.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00033 हथबंद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440721400007

तहसील धरसींवा के प.ह.नं.00033 के अंतर्गत ग्राम हथबंद के वर्तमान भूमिस्वामी घसीया, मोहन, रामजी, नेमसिंग पिता/पति पि. भुखऊ, नाबा रोमिन व लालजी वली मां रमौतिन पता बेवा लालजी सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 134/1 0.1010, 120 0.0610 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता धरमीन निषाद पिता/पति स्व. रामजी, बुधाबाई निषाद पिता/पति स्व. घसियाराम निषाद पता हतबंद, मीना पिता/पति मनीष पता हथबंद, ना.बा. रोमिन वली मां रमौतिन पिता/पति लालजी पता हथबंद, मोहन, नेमसिंग पिता/पति भुखऊ पता हथबंद, ना.बा. विक्रम निषाद, ना.बा. गौरी निषाद वली मां मीना निषाद पति मनीष पिता/पति मनीष पता हथबंद, पुष्पा बाई, महेश्वरी बाई, पिता/पति स्व. रामजी पता हथबंद, गोपाल, दुखुराम, गोविन्द, फेकन पिता/पति स्व. घसियाराम निषाद पता हथबंद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**शपथ पत्र**

मैं लुकेश रामटेके उम्र 37 वर्ष पिता स्व. श्री बाबूराव रामटेके निवासी एलआईजी 16 हुडको आमदी नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1-यह कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, एवं पासपोर्ट में मेरा नाम लुकेश रामटेके दर्ज है किन्तु मेरे अंकसूची में मेरा नाम लुकेश कुमार रामटेके दर्ज है।

2-यह कि इस प्रकार लुकेश रामटेके एवं लुकेश कुमार रामटेके दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है किन्तु मैं अपने भविष्य में सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों पर अपना नाम लुकेश रामटेके दर्ज कराना चाहता हूं एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे एवं सभी दस्तावेजो पर यही नाम दर्ज एवं अंकित किया जाये ।

3-यह कि यह शपथ पत्र में अपने एक ही नाम होने की सत्यतता के संबंध में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**कार्यालय रा.नि.मं. चन्दखुरी तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर ( छ.ग. ) आम सूचना**

जारी दिनांक 16.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समृद्धि इनवेस्टमेंट भागीदार फर्म भागीदार कमल भंसाली पिता स्व. मनोहर मल जी भंसाली निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम पचेड़ा प.ह.नं. 03 राजस्व निरीक्षक मंडल चन्दखुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1109/1, 1110/1, 1110/2 रकबा क्रमशः 0.150, 0.120, 0.120 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद आदेश दिनांक 14.01.2025 के परिपालन में दिनांक 02.05.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 03 के पचेड़ा स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
चन्दखुरी ( मंदिर हसौद )

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता तरूण कुमार होइयानी पिता श्री हरीलाल होइयानी, निवासी मकान नं. 117, G Capital city fase-1. अंबुजा माल के पीछे, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की परिवर्तित भूमि के भू-तल पर निर्मित पक्का मकान, जिसका ब्लॉक / शीट नं. 15. भू-खंड क्रमांक 3/4 का भाग रकबा 540 वर्गफुट जमीन, जिसके भू-तल पर (12×45) 540 वर्गफुट में पक्का मकान निर्मित है। जो कि वाके मौजा पंडरीतराई, प.ह.नं-47, रा.नि. मं-रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग ) में स्थित है को मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है केवल बयनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वतत्व अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 वें दिवस के भीतर अपनी आपत्तिमय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा। तत्पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 21.04.2025

भवदीय
दिनेश कुमार साहू ( अधिवक्ता )
ग्राम-नहरडीह, तह. व थाना - खरोरा
जिला रायपुर ( छ.ग. )
मो.नं. 9669345155

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए कि न्यायालय में मामला क्रमांक मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार**

क्रमांक: 202504114500031
विषय-अ-6 सन् 2024-2025
गुढ़ियारी प.ह.नं. 00049 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ द्वारा अनिल पारख पिता मांगीलाल जी पारख निवासी वालफोर्ट सिटी तहसील व जिला रायपुर, अनावेदक पक्षकार-श्रीमती इंदिरा धाडीवाल पति स्व. निर्मल धाडीवाल निवासी 55, ऐश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ द्वारा अनिल पारख पिता मांगीलाल जैन पारख निवासी वालफोर्ट सिटी तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में धारा-109 एवं 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका शीट नंबर 6 भूखण्ड क्रमांक 12 रकबा 2489 वर्गफुट भूमि को दानकर्ती श्रीमती इंदिरा धाडीवाल पति स्व. निर्मल धाडीवाल निवासी 55, ऐश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत दान विलेख दिनांक 27.03.2025 के माध्यम से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत दान विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 08.05.2025 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 08.05.2025 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियॉद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202504115600050/अ-6/2024-25
ग्राम-चंगोराभाठा प.ह.नं. 59
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंजबिहारी शर्मा पिता परशुराम शर्मा निवासी आशादीप स्कूल के पीछे न्यू चंगोराभाठा तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक की माता जानकी शर्मा पति परशुराम शर्मा के स्वामित्व की भूमि ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 135/25 रकबा 0.004 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी जानकी शर्मा की मृत्यु दिनांक 23.03.2019 को हो चुकी है जिनके विधिक वारिसान आवेदक है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है का लेख करते हुए मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से आवेदक का नाम राजस्व अभिलेखो में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 13.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 13.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

क्रमांक 3531/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 03.04.25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-06 योजनांतर्गत श्री विष्णुप्रसाद अग्रवाल पिता श्री राधाकृष्ण अग्रवाल को भूखंड क्रमांक बी-51 रकबा 708.75 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा दिनांक 15.01.2025 को श्री विष्णुप्रसाद अग्रवाल पिता श्री राधाकृष्ण अग्रवाल के द्वारा मु. आम श्रीमती निवेतिदा मिलिंद जैन पिता श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल के माध्यम से श्री नरेन्द्र राधाकृष्णा अग्रवाल पिता श्री राधाकृष्णा अग्रवाल को दान कर दिया है। दानग्रहिता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री नरेन्द्र राधाकृष्णा अग्रवाल पिता श्री राधाकृष्णा अग्रवाल के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / द्वावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 03.04.25 को जारी

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I, Jitendra Dhruw, aged 43 years, S/o Ramlakhan Dhruw, Resident of- 309, Pragati Nagar, Saddu, Mowa, Raipur, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruw, which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Jitendra Dhruv S/o Ramlakhan Dhruv and, from this day forward, will be recognized by my new correct name: Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruw. I kindly request that everyone henceforth address me by this name and recognize me as Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruw. I will now go by the name Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruw in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions. and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.
Date:

**Jitendra Dhruw**
S/o Ramlakhan Dhruw
Resident of- 309 Pragati Nagar, Saddu Mowa, Raipur, Chhattisgarh

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I, Sunita Dhruw, aged 38 years, W/o Jitendra Dhruw. Resident of- 309, Pragati Nagar. Saddu, Mowa, Raipur, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Sunita Dhruw W/o Jitendra Dhruw, which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Sunita Bai Dhruv W/o Jitendra Dhruv and, from this day forward, will be recognized by my new correct name: Sunita Dhruw W/o Jitendra Dhruw. I kindly request that everyone henceforth address me by this name and recognize me as Sunita Dhruw W/o Jitendra Dhruw. I will now go by the name Sunita Dhruw W/o Jitendra Dhruw in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.
Date:

**Smt. Sunita Dhruw**
W/o Jitendra Dhruw
Resident of-309 Pragati Nagar, Saddu Mowa, Raipur, Chhattisgarh

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) सूचना-पत्र**

क्रमांक/वाचक/अति.तहसीलदार/2025
रायपुर, दिनांक 15.04.2025
प्रति,

पुरूषोत्तम पिता जमुनालाल निवासी ग्राम माना तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
विषय-रा.प्र.क्र./अ-12/वर्ष 2024-25 पक्षकार सुनीता कुशवाहा पति जगदीश कुशवाहा विरूद्ध छ.ग. शासन में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है। आवेदिका सुनीता कुशवाहा पति जगदीश कुशवाहा निवासी माना बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का 80 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 774/20 रकबा 0.0090 हेक्टेयर भूमि आवेदिका सुनीता कुशवाहा पति जगदीश कुशवाहा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमांकन करने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06.05.2025 को अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताकर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

क्रमांक 4124/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 21/04/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री अनिल कुमार डिंगवानी पिता स्व. श्री लीलाराम डिंगवानी को व्यावसायिक प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक ए-01बी क्षेत्रफल 3676 वर्गफुट सेक्टर 7बी में आबंटित हैं। क्रेता श्री निखिल जैन पिता श्री पदम चंद जैन निवासी आई-06, भैरव सोसायटी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 07.03.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 21.04.2025 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

क्रमांक 4103/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 21/04/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्रीमती श्वेता अग्रवाल पति श्री अभिषेक अग्रवाल को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-68 रकबा 96.875 वर्गमीटर सेक्टर 7ए में आबंटित हैं। क्रेता 1. राहूल कंदोई पिता श्री मनोज कंदोई 2. श्रीमती ज्योति कंदोई पति श्री मनोज कंदोई दोनों निवासी जामा मस्जिद के सामने, हलवाई लाईन, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 29.03.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 21.04.2025 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

क्रमांक 4101/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 21/04/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री गिरीश कुमार चतुर्वेदी पिता श्री भरत राज चतुर्वेदी को आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक डी-130 रकबा 733.02 वर्गफुट सेक्टर 4ए में आबंटित हैं। क्रेता श्री मंजीत यादव पिता श्री मैकू लाल यादव निवासी म.नं. 15, ग्राम-भठोरा, तहसील कटघोरा, पोस्ट-भिलाई, बाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 06.11.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 21.04.2025 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) सूचना-पत्र**

क्रमांक/वाचक/अति./तहसीलदार/2025
रायपुर, दिनांक 15.04.2025
प्रति,

पुरूषोत्तम पिता जमुनालाल निवासी ग्राम माना तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
विषय-रा.प्र.क्र./अ-12/वर्ष 2024-2025 पक्षकार जगदीश प्रसाद कुशवाहा पिता भैयालाल कुशवाहा विरूद्ध छ.ग. शासन में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश प्रसाद कुशवाहा पिता भैयालाल कुशवाहा निवासी माना बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का 80 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 774/18 रकबा 0.0210 हेक्टेयर भूमि जगदीश प्रसाद कुशवाहा पिता भैयालाल कुशवाहा, संतोष सिन्हा पिता भागवत सिन्हा के नाम पर संयुक्त रुप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमांकन करने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06.05.2025 को स्वत: अथवा पैच प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./बी-121/2024-2025
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69
रायपुर, दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलेर, सिंह होरा पिता स्व. श्री जीत सिंग होरा निवासी डी-229/230/231 सेक्टर-5 देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, बी-1, शपथ पत्र, बी-1 की प्रति, संलग्न प्रस्तुत किया गया है ग्राम अमलीडीह पटवारी हल्का नंबर 69 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 262/9 रकबा 0.2340 हे., 262/10 का रकबा 0.0970 हे. कुल खसरा 02 का कुल रकबा 0.3310 हे. भूमि को आवेदक द्वारा धारित किया जाता है। जिसे विक्रेता मनजीत कौर पति श्री अजिन्दर सिंग, निवासी ऐश्वर्या रेसीडेंसी, तेलीबांधा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 10.03.2013 के माध्यम से क्रय कर बिक्री शुदा संपत्ति का तबादलानामा द्वारा प्राप्त की गई है। तत्पश्चात आवेदक को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय नहीं होने से एक प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान करने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1, खसरा की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./बी-121/2024-2025
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69
रायपुर, दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रजिन्दर कौर पति श्री दिलेर सिंह होरा निवासी डी-229/230/231 सेक्टर-5 देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, बी-1, शपथ पत्र, बी-1 की प्रति, संलग्न प्रस्तुत किया गया है ग्राम अमलीडीह पटवारी हल्का नंबर 69 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 262/6 रकबा 0.1210 हे., 262/11 का रकबा 0.1260 हे. कुल खसरा 02 का कुल रकबा 0.2470 हे. भूमि को आवेदक द्वारा धारित किया जाता है। जिसे विक्रेता मनजीत कौर पति श्री अजिन्दर सिंग, निवासी ऐश्वर्या रेसीडेंसी, तेलीबांधा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.04.2013 के माध्यम से क्रय कर बिक्री शुदा संपत्ति का तबादलानामा द्वारा प्राप्त की गई है। तत्पश्चात् आवेदक को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदाय नहीं होने से एक प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान करने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1, खसरा की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30.04.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम चरौदा, प.ह.नंबर 19 रा.नि. मंडल रायपुर 15-धरसींवा, तहसील व रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 438/1 का भाग रकबा 0.082 हे., खसरा नंबर 438/3 रकबा 0.206 हे. एवं खसरा नंबर 438/4 का भाग रकबा 0.1340 हे. वर्गफुट के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकारगण (1) अंकुर शर्मा पिता श्री गोपाल शर्मा एवं (2) विजय कुमार पिता स्व. श्री फूलचंद दोनों निवासी वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के द्वारा विक्रेता मजहर इमाम पिता मो. नसरूद्दीन निवासी गाजी नगर, बिरगांव, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.), से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम चरोदा, प.ह.नंबर 19, रा.नि. मंडल रायपुर 15-धरसींवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 438/1 का भाग रकबा 0.082हें. खसरा नंबर 438/3 का रकबा 0.206 हे. एवं खसरा नंबर 438/4 का भाग रकबा 0.134 हे. कुल रकबा 0.4220 हें (45418 वर्गफुट लगभग) को क्रय किये जाने का सौदा पक्का कर बयाना अदा कर दिया गया है और अब केवल सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना ही शेष है। यदि उपरोक्त सौदेशुदा खसरा नंबरो की भूमि अथवा उसके किसी भी हिस्से पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय अथवा निजी वित्तीय संस्था, सोसायटी, साहूकार, ट्रस्ट, फर्म, या कंपनी का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हक, हिस्सा, हित, अधिकार या दावा हो अथवा उपरोक्त सौदे पर किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो, तो वे इस सूचना प्रकाशन तिथि से 10 (दस) दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति, मय दस्तावेंजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकारगण उपरोक्त विक्रेता से उक्त सौदेशुदा भूमि के बैनामे की लिखा-पढ़ी वो रजिस्ट्री अपने हक में करवा लेंगें, और तत्पश्चात् प्रस्तुत समस्त आपत्तियां पूर्णत: शून्य एवं अवैध होंगी तथा मेरे पक्षकारो पर किसी भी तरह से बंधनकारी वो बाध्यकारी नहीं होंगी।

अत: सूचना ताकिद जनियें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 21.04.2025

कमलेश अग्रवाल, अधिवक्ता
प्रगति चौक, सुंदर नगर
रायपुर ( छ.ग. )
मो.नं. 9926574967

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

क्रमांक 4105/रा.शा./आर.सी./वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 21/04/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 (कौशल्या माता विहार) के योजनांतर्गत सुशील टावरी एच.यू.एफ. द्वारा कर्ता श्री सुशील टावरी पिता-श्री किशनलाल टावरी को आवासीय सेक्टर 7ए, भूखण्ड क्रमांक-ए-2 खसरा नं. 126 का भाग रकबा-540.00 वर्गमीटर पर आबंटित है। क्रेता एस.एस.डी रिएल्टिस् द्वारा पार्टनर श्रीमती गीत तलरेजा पति-श्री रौनक तलरेजा निवासी म.नं.-सी-57, सेक्टर-05 एम.एल.ए. रेस्ट हाउस रोड, टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 11.03.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त विक्रय विलेख के माध्यम से नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा। उक्त विक्रय विलेख के माध्यम से नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि दिनांक 21.04. 2025 को जारी ।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा**

क्रमांक 4107/रा.शा./आर.सी./वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 21/04/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 (कौशल्या मात्ता विहार) के योजनांतर्गत श्री आशीष गुप्ता पिता-श्री अशोक गुप्ता, श्रीमती स्वाति गुप्ता पति-श्री आशीष गुप्ता, श्री राहुल गुप्ता पिता-श्री अशोक गुप्ता, श्रीमती कल्पना गुप्ता पति-श्री राहुल गुप्ता को सेक्टर-7ए, पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-4 खसरा नं.- 126 एवं 129 का भाग रकबा - 483.00, 409.50 वर्गमीटर पर आबंटित है। क्रेता श्री राज कुमार राठी पिता-श्री लीलाधर राठी निवासी म.नं.- 111, सड़क पारा, पोस्ट कोरर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) पिन 494670 द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 03.04.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त विक्रय विलेख के माध्यम से नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा। उक्त विक्रय विलेख के माध्यम से नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि दिनांक 21.04.2025 को जारी ।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AJAY KUMAR S/O SHYAM KISHOR MISHRA resident of HOUSE NO 14, 5TH FLOOR 3BHK BLOCK-01, HOUSING BOARD COLONY PHASE -02 OPP AISHWARYA KINGDOM, KACHNA, RAIPUR , (C.G.) PIN 492014 have changed my old name AJAY KUMAR S/O SHYAM KISHOR MISHRA so in future I should be recognized by my new name that is AJAY KUMAR MISHRA S/O SHYAM KISHOR MISHRA in all Government and other documents.

**AJAY KUMAR MISHRA**
HOUSE NO 14, 5TH FLOOR 3BHK BLOCK-01, HOUSING BOARD COLONY PHASE -02 OPP AISHWARYA KINGDOM, KACHNA, RAIPUR , (C.G.) PIN 492014

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MR YASHVANT AGRAWAL S/O MR RAMJI LAL AGRAWAL resident of PLOT NO.- 08, SHRI RAMJI VATIKA, MOULSHREE VIHAR, VIP ROAD, RAIPUR (C.G.) 492006 have changed my old name MR YASHVANT AGRAWAL S/O MR RAMJI LAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is MR YASHVANT AGRAWAL S/O MR RAMJI LAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**MR YASHWANT AGRAWAL**
PLOT NO.- 08, SHRI RAMJI VATIKA, MOULSHREE VIHAR, VIP ROAD, RAIPUR (C.G) 492006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHITAL PATEL D/O MANOJ KUMAR PATEL resident of HOUSE NO. B-15, SECTOR - 3, DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name SHITAL PATEL D/O MANOJ KUMAR PATEL so in future I should be recognized by my new name that is SHEETAL PATEL D/O MANOJ PATEL in all Government and other documents.

**SHEETAL PATEL**
HOUSE NO. B-15, SECTOR -3, DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)

# घुंचापाली के बुढ़ादेव देवालय में हुआ आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा के वार्षिक सभा का आयोजन





**बागबाहरा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)।** बागबाहरा विकासखंड के समीपस्थ ग्राम पंचायत घुंचापाली के बुढ़ादेव देवालय परिसर में आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा के वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महासमुंद के सूअरमार राज के परिक्षेत्र क्रमांक 01 व 02, परिक्षेत्र बड़े बार, परिक्षेत्र फिंगेश्वर व खोलहा राज (ओड़िशा) के समाज प्रमुख सहित अधिक संख्या में कुटुंबजन उक्त सभा में सम्मिलित हुए। आगंतुक खोलहा राज (ओड़िशा) के समाजजनों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात आहूत वार्षिक सभा बैठक को समसामयिक सामाजिक चर्चा परिचर्चा की गई।

इस अवसर पर सूअरमार परिक्षेत्र 01 अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला सदस्य चंदाराम सोरी, जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव, संरक्षक नैकु ठाकुर, संचालक संतोष ध्रुव, सचिव चंद्रशेखर ध्रुव, नरेंद्र ठाकुर, पंच पुनीतराम मरई, मनहरण ध्रुव, सोनू मरई, मन्नू राम छेदेहा सहित समस्त पदाधिकारी गण, युवा प्रभाग द्वारका ध्रुव, दुर्गेश नेताम मानसिंह मरई, पीलादाऊ मरई एवं कुटुंब जन, परिक्षेत्र क्रमांक 02 के अध्यक्ष राजकुमार ध्रुव, सचिव उमेंद्र सिंह ध्रुव, कोषाध्यक्ष मोहन ध्रुव ऋषिकुमार ध्रुव, मनराखन नेताम, पंच लीलाधर नेताम, ओमप्रकाश नेताम, खिलावन पोडेटी सहित सूअरमार 02 के समस्त पदाधिकारी गण, अध्यक्ष बड़े बार पवन मांडवी, उपाध्यक्ष मोहन मांडवी, सचिव डागेश्वर बाघनेटी, कोषाध्यक्ष हीरराम छेदेहा, संचालक दुकालू पोडेटी, संरक्षक राजेंद्र गंगवंशी, हितेश ध्रुव युवा प्रभाग सहित परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी गण, खोलहा राज 02 अध्यक्ष पन्नालाल पोडेटी, पूर्व अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह मरई, जिला सदस्य बलराम छेदहा, सूरजभान, हरप्रसाद नेताम, पंच मधु छेदहा, रंजन मरई सहित समस्त कुटुंब जन, फिंगेश्वर राज अध्यक्ष शिवराम ध्रुव, संरक्षक पुराण सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सेवक राम ध्रुव, संचालक गंगाराम नेताम, हिरासिंह ध्रुव, मीडिया प्रभारी बाबूलाल ध्रुव, प्रवक्ता संतोष कुमार ध्रुव, कंवल सिंह ध्रुव, हीरामन ध्रुव, पंच अगरसिंह ध्रुव, सहित प्रमुख पदाधिकारी एवं सूअरमार राज के समस्त कुटुंब समाज उपस्थित थें।

# प्रतिबंधित लाल ईंट का काला कारोबार सरकार को लाखों का राजस्व नुकसान



**तिल्दा नेवरा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)।** क्षेत्र में प्रतिबंधित लाल ईंट भट्ठों का कारोबार लगातार बढ़ते जा रहा है। प्रशासन की अनदेखी के कारण इन ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हैं तथा वे प्रतिबंधित लाल ईंटों का उत्पादन खुलेआम कर रहे हैं। जिले के तिल्दा नेवरा तहसील के अन्तर्गत दर्जनों गांवों में अवैध लाल इट भट्ठी संचालित की जा रही है। ग्राम सतभावा, छपोरा, चापा, कोटा, कोहका, ताराशिव, छतौद, बरतोरी, तुलसी, बिलाड़ी, भुरसुदा, परसदा, सरोरा, ओटागन, घुल घुल, सिनोधा, खपरी, व कई गांवों में अवैध रूप से ईंट भट्ठों का कारोबार चल रहा है सबसे ज्यादा निर्माण तिल्दा नेवरा से लगे सासाहोली में किया जाता जिसकी जानकारी अधिकारियों भी है बावजूद विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रत्येक दो हजार इटों को दस हजार रूपये में बेची जा रही है। बता दें कि तिल्दा क्षेत्र के अनेकों गांव में न केवल ईट भट्ठों का अवैध कारोबार होता है बल्कि यहां पर र मिट्टी का उत्खनन भी जोरों से होते आ रहा है।

## प्रशासन की मौन सहमति सवाल के घेरे में

गर्मी सामने है और पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी होती है। नदी-नाले में जलस्तर गिर रहा है, ऐसी स्थिति में ईट भट्ठा संचालक बोर और नदी से पानी लेकर लाखों की तादात में ईट का निर्माण कर रहे हैं। जिसके प्रति विभाग के अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं ईंट भट्ठा मजदूरों का अब तक ठेकेदार के द्वारा कोई पंजीयन नहीं कराया गया है, जबकि मजदूरों का पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। ठेकेदार सारे नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर मजदूरों से ईट भट्ठा में ईट का निर्माण करा रहा है। अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रत्येक दो हजार ईंटों को दस हजार रूपये में बेची जा रही है। हर साल करोड़ों का बिजनेस होता है। वह भी बिना जीएसटी बिल के जिसके चलते केंद्र और राज्य सरकार को भारी क्षति हो रही है। ईंट संचालकों द्वारा बड़े पैमाने पर ईंट का निर्माण करने के लिए शासकिय और निजी जमीन का खनन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण तो प्रभावित हो रहा है।

# आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए गांवों में किया जा रहा सर्वे



**धमतरी/पुरूर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में आवास योजना में छुटे परिवारों का सर्वे जनपद ग्राम पंचायत के कर्मचारीगण पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला स्व-सहायता के समूह के साथ मिलकर किया जा रहा है। सरकार की योजना है कि कोई भी पात्र परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न हो।

जनपद पंचायत गुरूर के अध्यक्ष सुनीता साहू ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए गांवों में सर्वे किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मिर्रीटोला, आनंदपुर में इस योजना के बारे में आमजनता को अवगत कराते हुए छुटे हुए पात्र हितग्राहियों का आवास प्लस 2.0 के माध्यम से सर्वे किया गया जिसमे प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपंद पंचायत गुरूर श्री रात्रे जनपद सदस्य हेमंत साहू, कौशिल्या चंद्रवंशी, संजय साहू, आवास मित्र शेखर सिन्हा सहित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचगण शामिल थे। जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने सर्वेयर को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सर्वे बार बार नही होता इसलिए कोई भी पात्र परिवार आवास के लाभ से वंचित न हो उन्होने कहा कि प्रदेश के साय सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का एवं सुरक्षित मकान प्रदान करना है। इस हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अचंलो में छूटे परिवारों को जोड़ने के लिए विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 अप्रैल से शुरू हुआ है जो 30 अप्रेल तक चलेगा। इस दौरान आवास प्लस 2.0 एप्लीकेशन के जरिए स्थायी प्रतिक्षा सूची और आवास प्लस सूची से वंचित परिवारों का सर्वे किया जा रहा है।

# दुर्गेश यादव बने जनपद पंचायत के विधायक प्रतिनिधि



**बागबाहरा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरनादादर निवासी दुर्गेश यादव को जनपद पंचायत बागबाहरा हेतु अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिस पर दुर्गेश यादव ने विधायक श्री यादव के प्रति तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभारी हूं। जिन्होंने मुझे इस योग्य समझा। और इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच संघ बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष एडिसन ठाकुर, राहुल यादव, मुबारक अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थें।


## आवश्यकता है

रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और राजनांदगांव में ऑनलाईन सामान की डिलिवरी हेतु 5-5 लड़के (कुल 25) और ऑफिस हेतु 3-3 लड़किया (कुल 15) चाहिए। बाहर वालों को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नहीं होने पर, कंपनी देगी। 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कंपनी की तरफ से काल आएगी।

संपर्क करें-6264826402


## मुख्तियार निरस्तीकरण

यह मुख्तियार नामा निरस्तीकरण आज 11 अप्रैल 2025 को पिथौरा नोटरी समक्ष नागेश कुमार कौशिक पिता बिहारी लाल कौशिक उम्र 48 वर्ष जाति अघरिया निवासी वार्ड क्रमांक 9 बागबाहरा तह बागबाहरा जिला महासमुंद के द्वारा निष्पादित किया जाता है कि नागेश कुमार कौशिक के द्वारा 20 फरवरी 2021 को एक खास मुख्तियारनामा राजिंदर सिंह बग्गा पिता मनजीत सिंह बग्गा उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, पिथौरा जिला महासमुंद छ ग के पक्ष में पब्लिक नोटरी से सत्यापित कर निष्पादित किया था कि स्वयं की भूमि ग्राम राजासेवैया खुर्द प ह न 10 रा.नि.म. व तह पिथौरा जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ के ख न 900/1 का भाग,रकबा0.66 हे. लगान 1.80 पैसा भूमि एवं ख न 900/1 का भाग रकबा 0.30हे. भूमि को देखभाल एवं क्रय विक्रय के संबंध में अधिवक्ता नियुक्त करने तथा उपरोक्त भूमि के लेनदेन करने का राजस्व न्यायालय में मुख्तियार निरस्त करने वाले की उपस्थित होकर कार्रवाई के भाग लेने के लिए खास मुख्तियार राजिंदर सिंह बग्गा को नियुक्त किया था।

मुख्तियार निरस्त करने वाला नागेश कुमार कौशिक को अधिकार है कि वह अपने द्वारा नियुक्त किया गया मुख्तियार खास को कभी भी हटा सकता है तथा उसे दिया गया अधिकार वापस ले सकता है इसी तारतम्य में मुख्तियार निरस्त करने वाला नागेश कुमार कौशिक पूर्व में दिया गया राजिंदर सिंह बग्गा का अधिकार समाप्त करते हुए निष्पादित कर मुख्तियारनामा स्टांप क्रमांक एम 286770 दिनांक 20 फरवरी 2021 का प्रभाव शून्य करता है।

अत: यह मुख्तियारनामा निरस्तीकरण आज दिनांक 11 अप्रैल को स्थान पिथौरा में गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर किया है।

**मुख्तियार निरस्त करने वाला**
**नागेश कुमार कौशिक**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, TIKENDRA SAHU S/O NARAYAN SAHU resident of 58, NAYAPARA BADGAON HADIGAON POST BABAI DIST KONDAGAON (C.G.) have changed my old name TIKENDRA SAHU S/O NARAYAN SAHU so in future I should be recognized by my new name that is TIKENDRA KUMAR SAHU S/O NARAYAN SAHU in all Government and other documents.

**TIKENDRA KUMAR SAHU**
58, NAYAPARA BADGAON
HADIGAON POST BABAI
DIST KONDAGAON (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANDEEP UPADHYAY S/O RAM CHANDRA UPADHYAY resident of SHIV SHARAN TOWER-1 FLAT-201, STREET -29, LAWN TENNIS GROUND, SMRITI NAGAR BHILAI, VTC MOTILAL NEHRU NAGAR BHILAI, PO MOTILAL NEHRU NAGAR BHILAI SUB DISTT DURG, DISTT- DURG (C.G.) 490020 have changed my old name SANDEEP UPADHYAY S/O RAM CHANDRA UPADHYAY so in future I should be recognized by my new name that is SANDEEP KUMAR UPADHYAY S/O RAM CHANDRA UPADHYAY in all Government and other documents.

**SANDEEP KUMAR UPADHYAY**
SHIV SHARAN TOWER-1 FLAT-201, STREET -29, LAWN TENNIS GROUND, SMRITI NAGAR BHILAI, VTC MOTILAL NEHRU NAGR BHILAI, PO MOTILAL NEHRU NAGAR BHILAI SUB DISTT DURG, DISTT- DURG (C.G.) 490020

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHAILJA CHANDRAKAR W/O LAXMAN CHANDRAKAR resident of 309 WARD NO. 26 SANTRA BADI DURG (C.G.) 491001 have changed my old name SHAILJA CHANDRAKAR W/O LAXMAN CHANDRAKAR so in future I should be recognized by my new name that is SHAILAJA CHANDRAKAR W/O LAXMAN CHANDRAKAR in all Government and other documents.

**SHAILAJA CHANDRAKAR**
309 WARD NO. 26 SANTRA
BADI DURG (C.G.) 491001

## न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा
### मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00001 भटिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-20242510 414510

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम भटिया के वर्तमान भूमिस्वामी ईतवारी माण्डले पिता/पति बिसनाथ माण्डले पता भटिया तहसील आरंग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 252 0.1200 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता तारनी माण्डले पिता/पति ईतवारी माण्डले पता भटिया तहसील आरंग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार आरंग**

## न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा
### मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00001 भटिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-20242510 414407

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम भटिया के वर्तमान भूमिस्वामी रूपेन्द्र पिता/पति शंभू पता लांजा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 759 1.4000, 713 0.1000, 720 0.1000 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आदित्य बंजारे पिता/पति सरिता बंजारे पता लांजा खुद व वली मां सरिता बंजारे पिता/पति रूपेन्द्र बंजारे पता लांजा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार आरंग**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खरोरा
### विकासखण्ड व जिला-महासमुंद (छ.ग.)

**(5 नग व्यवसायिक परिसर दुकान) निलामी की सूचना प्रकाशन**

सर्वसाधारण ग्राम निवासी को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरोरा में नगर व्यवसायिक परिसर दुकान का निलामी दिनांक 06.05.2025 को समय 11 बजे स्थान पंचायत भवन में किया जायेगा। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त दुकान की निलामी में भाग लेना होगा तो निलामी तिथि 06.05.2025 के पूर्व अमानत राशि 10 प्रतिशत (15000 रु.) पंचायत खरोरा ग्राम पंचायत में जमा करना होगा।

**(दुकान की आरक्षण की स्थिति)**

| स.क्र. | दुकान क्रमांक | आरक्षण | कुल दुकान |
|---|---|---|---|
| 1 | क्र. 1, क्र. 2 | अ. जाति के लिए | 2 नग आरक्षित (अ.जा.) |
| 2 | निरंक | निरंक | निरंक |
| 3 | 3,4,5 | अनारक्षित वर्ग | 3 नग अनारक्षित मुक्त (जनरल) |

पंचायत भवन में नियम शर्ते की प्रकाशन चस्पा कर दिया गया है। अत: इच्छुक व्यक्ति नियम शर्तो का अवलोकन कर उक्त दुकान की निलामी बोली में भाग ले सकते है।

**सचिव** — ग्राम पंचायत खरोरा, वि.खं. व जिला-महासमुंद
**सरपंच** — ग्राम पंचायत खरोरा, वि.खं. व जिला-महासमुंद

## कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

क्रमांक /132/नपानि/भंडार/2025 जगदलपुर दिनांक 11/04 2025

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (दर स्वीकृति दिनांक से 31 मार्च 2026 अवधि तक) हेतु दर अनुबंध निविदा प्रपत्र ''सी'' में लेखन / मुदण कार्य निविदा आमंत्रित है-

| क्र | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र | शुल्क अमानत राशि | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2025-26 हेतु लेखन सामग्री क्रय/मुद्रण कार्य | 750.00 | 60000.00 | 20.00 लाख |

अंतिम तिथि: दिनांक 01.05.25 को सांय 5.30 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि दिनांक 02.05.25 को 5.00 बजे।
उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा प्रपत्र ''सी'' व अन्य जानकारी निगम के विभागिय बेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन उपरांत दिए गए निर्देशानुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम जगदलपुर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. अ-6/2024-2025

ग्राम बीजातराई के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीताराम चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी महका तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बीजातराई हल्का नं. 01 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 46, 50 रकबा 0.4980, 0.2510 हे. भूमि का फौती/नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयंया अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12.04.2025 समय 11 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार मुंगेली**

## न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. अ-6/2024-2025

ग्राम बीजातराई के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी महका तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बीजातराई हल्का नं. 01 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 49 रकबा 0.2550 हे. भूमि का फौती/नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयंया अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 26.04.2025 समय 11 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार मुंगेली**

## न्यायालय बी.आर.साहू, जिला न्यायाधीश गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
### उपस्थिति हेतु नोटिस

प्रोसेस क्रमांक 170/2025
उत्तराधिकार अपील प्रकरण क्रमांक 01/2025
पेशी दिनांक 29.04.2025
सरजू राम कमार ........... वादी
विरूद्ध
आम जनता ......... प्रतिवादी
प्रति,
आम जनता

इस न्यायालय में वादी सरजू राम कमार विरूद्ध आम जनता के विरूद्ध उत्तराधिकार अपील प्रकरण क्रमांक 01/2025 लाया है। प्रकरण में प्रतिवादी आम जनता (जिस किसी से इस मामले से संबंध हो) की उपस्थिति हेतु नियत है।

प्रकरण की अगली सुनवाई 29.04.2025 को प्रतिवादी की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण के संबंध में सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 29.04.2025 को 11 बजे होगी। अत: आप प्रतिवादी मय समस्त दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे। आपकी अनुपस्थिति में उक्त प्रकरण में सुनवाई एकपक्षीय किया जावेगा। अवकाश की स्थिति में सुनवाई जो भी आगामी कार्य दिवस तिथि होगी, उस तिथि पर किया जावेगा।

न्यायालय की पद मुद्रा से दिनांक 09.04.2025 को जारी किया गया।
स्थान-गरियाबंद (छ.ग.)

**बी.आर. साहू**
**जिला न्यायाधीश, गरियाबंद**
**मुहर** **जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार कुण्डा जिला कबीरधाम (छ.ग.)
### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम पलससरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव प्रसाद आ. श्री जुठेला जाति कुर्मी निवासी ग्राम पलससरी तहसील कुंडा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं शिवप्रसाद पिता जुठेला की जन्म/मृत्यु दिनांक 05.08.1971 को ग्राम पलससरी में हुआ है जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 24.04.2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार कुण्डा**

## कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/736/2/राजस्व न.पं./2024-25
कुरूद, दिनांक 28.03.2025

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती डामेश्वरी साहू पति योगेश्वर साहू निवासी कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत् आवेदन पत्र पेंश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्र. 12 कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 596/21/22/1, रकबा 0.0172 हे. (1855 वर्गफुट) भूमि स्थित है जिसे श्री अवधराम पिता स्व. गैंदलाल चन्द्राकर भूमि स्वामी कुरूद, निवासी-सेक्टर 01, पी.टी. दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 20.11.2024 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका के नाम को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: अवेदिका द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकरी**
**नगर पंचायत कुरूद**
**मुहर** **जिला-धमतरी (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)
### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) के पत्र क्रमांक /1280/न.पं. / 2025 पिपरिया दिनांक 31.12.2024 के अनुसार नगर पंचायत पिपरिया प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. पिपरिया में स्थित आबादी भूमि कुल ख.नं. 24 कुल रकबा 13.626 हे./33. 67 ए. एवं बड़े झाड़ के जंगल छोटे झाड़ का जंगल (घास) मद की भूमि कुल ख.नं. 40 कुल रकबा 15.001हे. / 37.07 ए. अंतर्गत समस्त घास मद की भूमि जिसमें अतिक्रमकों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर कच्चा एवं पक्का मकान निर्माण करने के पश्चात् बार-बार पट्टे का मांग किया जा रहा है, परंतु घास मद की भूमि होने के कारण आवासीय पट्टा दिया जाना संभव नही है। अत: ऐसे घास भूमि जिस पर अतिक्रमकों द्वारा आवास निर्माण कराया गया है। उन्हे मद परिवर्तन करते हुये नजूल भूमि घोषित किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तिथि तक अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक- 28.04.2025

**तहसीलदार पिपरिया**
**मुहर**

## न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

**रा.प्र.क्र.....वर्ष 2024-25**
**ग्राम- अवरेठी प.ह.न. 10 तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक विपिन कुमार पुरोहित पिता चांदरतन पुरोहित निवासी संजय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम अवरेठी प. ह.नं. 10 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटझपारा में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खाता कमांक 713 में दर्ज भूमि खसरा नंबर 77/3, 77/4, 79/10, 80/1, 81/2 रकबा कमश: 0.0420, 0.0430, 0.4010, 1.1297, 0.0890 कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 0.7047 हे. भूमि के आयुक्त भू-अभिलेख छ.ग. रायपुर का पत्र कमांक/2768/आ.भू.अ / भूईयां/2018 दिनांक 25/07/2018 एवं छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर कमांक 2430/एफ 4/सात/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13/08/2020 के तहत आपस में संलग्न खसरा नंबरों की भूमि है जिसे खसरा पांचसाला के साथ-साथ नक्शे में कम्प्युटरीकृत भूईया अभिलेख में खसरा संविलियन की कार्यवाही कर रिकार्ड दुरूस्ति किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। तत्ससबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है. तथा सुनवाई हेतु दिनांक 28/04/25 को नियत है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 28/04/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार आज दिनांक 11/04/25 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया ।

**सील** **तहसीलदार भाटापारा**

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
### उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम गिधवा प.ह.नं. 09 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक श्री दर्शनी पिता विदेशी %जाति तेली निवासी गिधवा प.ह.न 09 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है. कि उनकी माता स्व. मंगतीन पति विदेशी का मृत्यु दिनांक 22/04/2009 को ग्राम गिधवा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06/05/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 17/04/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील नांदघाट**
**सील** **जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
### उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम मरदेही प.ह.नं. 05 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक श्री जग्गु पिता बुध्धू %जाति सतनामी निवासी मरदेही प.ह.न 05 ने आवेदन पत्र वास्ते जन्म पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि उनके पिता स्व. बुध्धू पिता कन्हई का मृत्यु दिनांक 01/07/1997 को ग्राम मरदेही में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 06/05/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 17/09/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील नांदघाट**
**सील** **जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग.
### उद्घोषणा

**रा.प्र.क्र. 649/ ब-121/ 2024-25**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलोचन बघेल पिता/ स्व. सोनसाय बघेल जाति भतरा ग्राम झारउमरगांव तहसील बकावन्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने स्वयं कमलोचन बघेल निवासी ग्राम झारउमरगांव तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अत: आवेदक/आवेदिका के स्वयं कमलोचन बघेल पिता स्व. सोनसाय बघेल ग्राम झारउमरगांव का दिनांक 27/05/1964 को जन्म हुई है। आवेदक कमलोचन बघेल पिता स्व. सोनसाय बघेल जाति भतरा ग्राम झारउमरगांव तहसील बकावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के कमलोचन बघेल जन्म प्रमाण पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी ।

आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**सील** **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावंड जिला बस्तर**

## न्यायालय:-श्रीमान् प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार छ.ग.
### (पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार वर्मा)
### उपस्थिति हेतु समंस

**आदेश 5 नियम 20-1 व्य.प्र.स.**
**प्रो.कं. 188 आरसीए. 34-ए/2024**
**पेशी तारीख 28.04.2025**
**प्रति,**
**आम जनता जिनका इनसे संबंध हो।**
**प्रकाश साहू बनाम आम जनता वगै.**

अपीलार्थी प्रकाश साहू पिता स्व. गेंदराम उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम सरसेनी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. हालमुकाम ग्राम कंजी तहसील व जिला बलौदाबाजार छ.ग.। आप उत्तरवादीगण के विरूद्ध आरसीए.34-ए/2024 धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता का अपील वाद संस्थित किया है। आम जनता जिनका इससे संबंध हो इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 28.04.2025 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे संबंधित स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। आम जनता जिनका इससे संबंध हो को यह निर्देश दिये जा रहे है कि आप इन सब दस्तावेंजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करे। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख 28.04.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीप:- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

**(राकेश कुमार वर्मा)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**सील** **बलौदाबाजार (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय मे मामला
### मामले की श्रेणी:-राजस्व
### ईश्तहार

क्रमांक 202503090100036/ए-19(3)
विषय- अ-19(3) सन्-2024-2025
हीरापुर (प.ह.नं. 00015)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार कार्यपालन अभियंता (संचा. संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., डोंगरगढ़,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन राजस्व विभाग,

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोगरगढ़ से प्राप्त। आवेदक कार्यपालन अभियंता (संचा.संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि. कं. लिमि., डोंगरगढ़ द्वारा वितरण केन्द्र एल.बी. नगर अंतर्गत ग्राम हीरापुर में नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत केन्द्र निर्माण हेतु ग्राम हीरापुर स्थित पुरानिक आ. परसराम व अन्य के नाम पर शामलात चारागाह मद की भूमि खसरा नं. 51 रकबा 3.0110 हे. में से 1.25 एकड़ भूमि आबंटन करने का अनुरोध किया गया है।

अत: उपर्युक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 09.05.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुदा से आज दिनांक 07.04.2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**मुहर** **लाल बहादुर नगर (छ.ग.)**

## संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

**धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पंकज कुमार पटेल, पिता श्री श्याम पटेल, निवासी-ग्राम कांदुरपाली, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा ग्राम-मुजगहन स्थित भूमि संविलियन खसरा नं. 15006/1 कुल रकबा 22.057 हेक्टे. हेतु आदेश क्रमांक 13109/नग्रानि/पी.एल. 21/2014 रायपुर, दिनांक 24.09.2014 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखंड क्रमांक 205, 206 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश**
**जी-252600361** **क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)**




प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## रील बनाने मौत को गले लगाते लोग

मोबाइलों की उपयोगिता से इंकार न करने के बावजूद इसका खतरनाक स्तर तक दुरुपयोग सामने आ रहा है। उसके जरिये अपराध तो हो ही रहे हैं, लोग काम-धाम छोड़कर उनमें खोये रहते हैं। वाट्सएप, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म लोगों को व्यस्त रखते हैं। मोबाइल कैमरों से सेल्फी खींचने के अलावा लोगों का नया शौक रीलें बनाने का है। जहां भी देखें तो लोग रील बनाते दिखते हैं। इसका शौक इस कदर बढ़ रहा है कि लोग अपनी जान पर खेल कर रीलें बना रहे हैं। कई ऐसी भी घटनाएं होती है कि उन्हें बनाने न दिया जाये तो वे आत्महत्या तक कर रहे हैं।

पिछले साल फरवरी में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल डीकेएस प्रबंधन ने 3 नर्सों को नौकरियों से बर्खास्त कर दिया है जो अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में रीलें बनाकर सोशल मीडिया पर डालती थीं। तीनों बर्न विभाग की यूनिफॉर्म पहनकर फिल्मी गानों पर रीलें बनाती थीं जबकि उनकी ड्यूटी ऑपरेशन थियेटर में नहीं थीं। उन्हें कई बार इसके लिये मना किया गया था फिर भी वे बाज नहीं आती थीं। कई बार बर्न विभाग की प्रभारी सिस्टर तथा विभागाध्यक्ष ने प्रबंधन से उनकी शिकायत की थी। इन तीनों नर्सों- पुष्पा साहू, तेजकुमारी साहू व तृप्ति दासर द्वारा जब रीलें बनाना जारी रहा तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बर्खास्त कर दिया। एक अन्य घटना भिलाई की है जहां रचना साहू नामक महिला का पति उसके द्वारा सारे वक्त मोबाइल के इस्तेमाल करने से परेशान रहता था क्योंकि वह घर के काम छोड़-छाड़कर पूरा समय मोबाइल पर व्यस्त रहती थी। वह अपनी रीलें सोशल मीडिया पर डालती रहती थी। उसका पति भूपेन्द्र मिस्त्री है जिसका पेशा टाइल्स का है। वह बार-बार उसे घर के कामों पर ध्यान देने के लिये कहता था। इसके चलते दोनों के बीच झगड़े होते थे। कुछ माह पहले की बात है, एक दिन उसके पति ने रचना का मोबाइल छीन लिया और अपने साथ लेकर काम पर चला गया। नाराज़ महिला ने पति के जाने के बाद उसने फांसी लगा ली।

ताजा घटना भिलाई की है। तीन नाबालिग हर्ष, जय और आदित्य आधी रात को निकले थे और शनिवार को बहुत सुबह मोटर साइकल पर सवार होकर रील बना रहे थे। हर्ष बाइक चला रहा था जबकि दोनों पीछे बैठे थे। रील बनाने हुए मोटर साइकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। हर्ष व जय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और आदित्य बुरी तरह घायल हो गया।

तीनों ही घटनाएं बतलाती हैं कि सोशल मीडिया पर दिखने का क्रेज़ ऐसा बढ़ चला है कि लोग, खासकर युवा इसके पीछे लगकर न केवल नौकरी खो रहे हैं बल्कि आत्महत्या कर रहे हैं और मौत को गले लगा रहे हैं।

उल्टा पुल्टा

बुजुर्ग- पढ़ाई कैसी चल रही है?
चिंटू- बिल्कुल आपकी जिंदगी की तरह।
बुजुर्ग- इसका क्या मतलब है?
चिंटू- मतलब राम भरोसे।

# बीज पंडुम में बेहतर पैदावार की मांगी मन्नत

## गीदम के रोंजे में ग्रामीणों ने मनाया माटी तिहार, बांट छेकनी की रस्म में राहगीरों से मांगा सहयोग

**दंतेवाड़ा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के ग्रामीण अंचल में इन दिनों बीज पंडूम का दौर जारी है। रविवार को गीदम ब्लॉक के रोंजे में ग्रामीण माटी तिहार की खुशियाँ मनाते नजर आए। परंपरानुसार रविवार को माटी तिहार के उपलक्ष्य में ग्रामीणों ने गीदम-बारसूर मार्ग में नाकेबंदी कर राहगीरों से माटी मान लिया।

चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से अलग-अलग तिथियों में पर्व मनाने का सिलसिला जारी है। रविवार की सुबह भोर से पहले रोंजे में ग्रामीणों ने माटी देव की पूजा की। तत्पश्चात माटी पुजारी की अनुमति लेकर ग्रामीणों की टोली गाँव के सरहद पर बांट छेकनी रस्म के लिए पहुंची। यहाँ गाँव की सरहद पार करने या सीमा प्रवेश करने वाले सभी राहगीरों से माटी मान लेकर पर्व की बधाई दी। साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण बारसूर-गीदम मार्ग में



पहले देवता को अर्पण करेंगे नये फल, फिर उपयोग

नाकेबंदी से राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन परंपरा को ध्यान में रखते हुए लोग सहयोग करते नजर आए। नियमानुसार चंदे में ली गई वस्तु और राशि माटी पुजारी, गांयता और वड्डे के सुपूर्द कर शाम को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। बाट छेकनी रस्म में स्वेच्छा से राहगीर को वस्तु या राशि लिए जाने का रिवाज है। मगर कहीं-कहीं पर आजकल जबरन पैसे लिए जाते हैं, इसलिए विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। माटी तिहार के जरिए ग्राम व कुल देवता की पूजा कर आने वाले खरीफ फसलों के अच्छे पैदावार के लिए मनौती मांगी जाती है।

रोंजे निवासी कमलू ने बताया कि पहले दिन खरीफ फसलों के बीज की पोटली देवता को समर्पित कर अच्छे पैदावार के लिए मनौती मांगते है। दूसरे दिन आमानवा के बाद इसका समापन होता है। थलेश ठाकुर ने बताया कि खरीफ सीजन में बोई जाने वाली अनाज वर्गीय फसलों के बीज धान, मंडिया, जोंदरा, कोदो-कुटकी देवता को अर्पित किया जाता है। ताकि देवता के आशीर्वाद से फसलों को किसी प्रकार की हानि ना हो और अच्छी पैदावार मिले। साथ ही सीजन का मौसमी फल आम, चिरोंजी आदि को पहले देवता को अर्पण कर इसे उपयोग में लाने का रिवाज है। जब तक गाँव में माटी तिहार और आमा खावनी नहीं होता, आम को तोड़ने और खाने या अन्य उपयोग में लाने की मनाही होती है।

# एकटागुड़ा, हिंगलाजिन मंदिर के वार्षिक मंड़ई में उमड़ी भीड़



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भी पहुंचकर की पूजा अर्चना

**जगदलपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष एकटागुड़ा में माता हिंगलाजिन मंदिर में वार्षिक मंडई का आयोजन होता है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव अपने परिवार के साथ माता हिंगलाजिन मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करते सभी के सुख समृद्धि की माता से कामना किया। वहीं एकटागुड़ा ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव का बस्तर के पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने स्वागत किया। एकटागुड़ा के वार्षिक मंडई में श्री देव ने कहा कि एकटागुड़ा मे माता हिंगलाजिन मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। वहीं आयोजित वार्षिक मंडई का अपना ऐतिहासिक महत्व है। हमारी बस्तर की पहचान संस्कृति, मेला, मंडई से है। हम आज भी पारंपरिक तरीके से मेला बनाते है जिसका अपना महत्व है। मेला में आयें सभी क्षेत्र की जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं मेला में प्रमुख रूप से माता पुजारी जयराम, मुन्ना लाल विश्वकर्मा, डा. व्ही एस राजपूत व देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

# कल से ग्राम पंचायतों में होगा जन चौपाल

**जगदलपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए 23 अप्रैल से 2 मई तक ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उक्त जन चौपाल के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित जिला, जनपद स्तरीय तथा ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सम्बन्धितों को नियत तिथि पर सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश के अनुसार जिले के जनपद पंचायत दरभा के समस्त ग्राम पंचायतों में 23 अप्रैल 2025, बकावंड के सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, बास्तानार के ग्राम पंचायतों में 26 अप्रैल, जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में 28 अप्रैल, जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल, तोकापाल के ग्राम पंचायतों में 1 मई तथा लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में 2 मई 2025 को जनचैपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित अधिकारी और अन्य मैदानी अमला ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित कर ग्राम पंचायत की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने के साथ ही निर्धारित प्रपत्र में जानकारी जिला पंचायत बस्तर में प्रस्तुत करेंगे।

# दंतेश्वरी दर्शन के बाद कलेक्टर कुणाल ने संभाली कुर्सी

**दंतेवाड़ा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज पदभार ग्रहण किया। श्री दुदावत निवर्तमान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की जगह दंतेवाड़ा में पदस्थ किये गए हैं। आईएएस अफसरों की तबादला सूची में श्री चतुर्वेदी बतौर रायगढ़ कलेक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

इधर पदभार ग्रहण के पहले कलेक्टर श्री दुदावत ने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना भी की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी श्री दुदावत पूर्व में कोंडागांव जिले में कलेक्टर तथा बिलासपुर नगर निगम में आयुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवपदस्थ कलेक्टर श्री दुदावत ने आज संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के डंकनी सभाकक्ष में पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं जिले की विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से सत्यनिष्ठा, समर्पण, से कर्तव्य निर्वहन पर बल देते हुए कहा कि वे नियत समय पर अपने कार्यालय पर उपस्थित होवें। न केवल अधिकारी बल्कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी कार्यालयों पर समय पर आवें। इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के प्राप्त आवेदनों पर किए जा रहे निराकरण के संबंध में कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत दो तरह के आवेदन शिकायत और मांग आवेदन विभागों के समक्ष आ चुके है। इस संबंध में शिकायत संबंधित आवेदनों पर विभाग प्रमुखों से पूरी तत्परता से निराकरण की अपेक्षा है जबकि मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण में विभागीय बजट के अनुसार समाधान को प्राथमिकता देवें।



- पहली बैठक में सुशासन के आवेदनों की ली जानकारी
- निर्धारित समय में समाधान पर दिया जोर
- नियद नेल्लानार और विकास गतिविधियों पर लिया फीड बैक

उन्होंने कहा कि इसके अलावा शासन स्तर के मांगों के लिए आवेदकों को सौम्य भाषा में निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना सुनिश्चित करें। चूंकि 5 मई तक आवेदनों का समाधान किया जाना है अतः इसे सभी विभाग सर्व प्राथमिकता देवें। नियद नेल्लानार के संबंध में नवागन्तुक कलेक्टर ने कहा कि केंद्र और राज्य संबंधी जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं हैं, उसका नियद नेल्लानार ग्रामों को लाभान्वित कराना प्रमुख उद्देश्य है अतः इस संबंध में आगामी दिवस में विभागवार बैठक ली जाएगी। इसके साथ ही बैठक में राजस्व पखवाड़े के अंतर्गत राजस्व अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने, सीमाकंन, बटवारा, बी-1 खसरा वाचन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने, नक्सली परिवारों के पुनर्वास हेतु कौशल विकास कार्यक्रमों के संचालन, नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वच्छता के संबंध में सामाजिक श्रमदान जैसी गतिविधियां चलाने के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

# नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसट्टी में आधार से पैसे का लेन-देन प्रारंभ, ग्रामीण जुड़े डिजिटल इंडिया से

**सुकमा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत बनने के बाद शासन की कल्याणकारी योजनाएं तीव्र गति से बड़ेसट्टी पहुंच रही हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नक्सलमुक्त पंचायत बनते ही बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत में सीएससी की सुविधा शुरू हो गई है। ग्रामीणों के एग्रिस्टेक फार्मर आईडी बनाये जा रहे हैं और साथ ही आधार इनेबल पेमेंट सिस्टम चालू किया गया है। इससे ग्रामीणों को बैंक की सुविधा अपने गांव में ही मिलने लगी है। ग्रामीणों को पैसे जमा करने और निकालने में सहूलियत होगी। आधार से पैसे निकालने पर बुजुर्ग और महिलाओं ने खुशी जाहिर की और इसे सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इसी तरह शिविर लगाकर ग्रामीणों के बैंक खाते खोले गए, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जिला प्रशासन के द्वारा शासकीय योजनाओं की शत प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आवश्यकतानुसार शिविर भी लगाये जा रहे हैं। ऑनलाइन सेवा पहुँचने में सीएससी सुकमा के जिला प्रबंधक शेख शाहरुख का सराहनीय योगदान रहा।



# ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पंप संधारण अभियान

**जगदलपुर** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मरम्मत योग्य हेण्डपम्पों तथा सोलर ड्यूल पम्पों का सुधार किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत जिले में अब तक 508 हेण्डपम्पों का मरम्मत किया गया है, साथ ही 23 सोलर डयूल पम्पों का सुधार किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी के दिनों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का रखरखाव सुनिश्चित किए जाने के लिए 15 मार्च 2025 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा क्रेडा के विभागीय अमले द्वारा समन्वय स्थापित कर मरम्मत योग्य हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का सुधार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए आवश्यक स्पेयर-पार्ट्स, राइजिंग पाइप सहित अन्य जरूरी सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। साथ ही उक्त संधारण अभियान का नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है।



**ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था हेतु टोलफ्री नम्बर जारी, शिकायत निवारण हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रभारी अधिकारी नियुक्त:** ज्ञात हो कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित शिकायत निवारण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही समस्या समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोलफ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर एचएस मरकाम ने बताया कि उक्त टोलफ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का सुधार किया जा रहा है। साथ ही क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में शिकायत निवारण के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी के तहत दरभा एवं लोहण्डीगुडा हेतु एसडीओ हिरेन्द्र बघेल मोबाइल नंबर 78289-57721, बास्तानार एवं तोकापाल के लिए उप अभियंता एसएस पैकरा मोबाइल नंबर 75873-62080, बकावण्ड एवं बस्तर हेतु उप अभियंता आलोक मंडल मोबाइल नंबर 99936-99227 और जगदलपुर ब्लॉक के लिए एसडीओ के. सुनिता मोबाइल नंबर 94252-65225 को दायित्व सौंपा गया है। इन प्रभारी अधिकारियों से भी संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के सम्बंध में अवगत कराया जा सकता है।

# प्याऊ घर मामले में सरकार की अवहेलना : इंदिरा

**दंतेवाड़ा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में पेयजल संकट दूर करना दंतेवाड़ा पालिका की प्राथमिकता में नही है। ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है क्योंकि पालिका ने आम आदमी की प्यास बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्याऊ घर को इस बार महत्व नहीं दिया है।

- महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाए जमकर आरोप
- विभागीय सचिव की चिट्ठी को भी नहीं मान रही पालिका
- भटक रहे राहगीर, एक गिलास पानी का भी नहीं है आसरा

कांग्रेस के लगातार आलोचना और मांग के बावजूद पालिका प्रशासन और परिषद दोनों ही खामोश है। कांग्रेस नेता और पूर्व एल्डर मेन सत्यभान जादौन (शेखर) ने कहा है कि यह सरासर लापरवाही है। पालिका, राज्य सरकार के दिशा निर्देश की भी अवहेलना कर रही है। वहीं इस मामले में महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा ने भी पालिका की आलोचना की है।



श्रीमती शर्मा का कहना है कि नगरीय प्रशासन विभाग ने पूरे प्रदेश के लिए एक सामान्य दिशा निर्देश जारी किया है कि सभी पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट निवारण के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं इसके दिशा निर्देश के चौथे बिन्दु में स्पष्ट उल्लेख है कि बस स्टेण्ड, बाजार एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ घर की स्थापना की जाए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्याऊ घर में पानी की व्यवस्था के साथ-साथ मानव बल भी उपलब्ध रहे। इस कार्य हेतु सामाजिक संस्थाओं एवं एनजीओ भी स्वेच्छा अनुसार सहयोग लिया जा सकता है।

इसके साथ ही जल संकट के निवारण के लिए गाईड लाईन जारी हुई है। सीएमओ को संबोधित यह पत्र 27 मार्च को जारी हुआ है जबकि आज 21 अप्रैल की स्थिति में भी दंतेवाड़ा में इसका पालन नहीं हो रहा है। यह कैसी पालिका और परिषद है जो जन सामान्य से जुड़े इस मुद्दे पर कोताही बरत रही है। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. के हस्ताक्षर से जारी यह दिशा निर्देश दंतेवाड़ा में प्रभावी नहीं है, ऐसा लगता है। श्रीमती शर्मा ने इस मामले में तत्काल कदम उठाने की मांग पालिका प्रशासन से की है।

उल्लेखनीय है कि प्याऊ घर के विकल्प के रूप में वाटर एटीएम का हवाला दिया जा रहा है, लेकिन यह व्यवस्था आम लोगों के लिए कारगर नहीं है। एक रूपए का सिक्का डालकर वाटर एटीएम से पानी पीना हर कोई पसंद नहीं करता। वाटर एटीएम भी खराब पड़े हैं।

बस स्टैंड में सार्वजनिक प्याऊ घर की व्यवस्था इसलिए भी नहीं हो रही है कि क्योंकि यहां की उपयोगी जगह को व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाते हुए किराये में दे दिया गया है।

# जिपं अध्यक्ष ने किया पीएम आवास प्लस का सर्वे

**सुकमा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में च्चमोर दुआर-साय सरकारज्ज के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में च्चमोर आवास मोर अधिकारज्ज के संकल्प को साकार करने हेतु सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा पीएम आवास प्लस योजनांतर्गत घर घर भ्रमण कर पात्र हितग्राहियों को जागरूक कर सर्वे किया जा रहा है। जिला पंचायत सुकमा के अध्यक्ष मंगम्मा सोयम के द्वारा जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत एर्राबोर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण महा अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों का सांकेतिक रूप से आवास प्लस सर्वे किया गया एवं शत प्रतिशत सर्वे पूर्ण किए जाने हेतु सर्वेयर को निर्देशित किया गया।

पीएम आवास पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल



## निर्धन परिवारों की लड़कियों-लड़कों का विवाह 29 से



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद् की अपनी 1600 इकाईयों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सरल विवाह कार्यक्रम देश के विभिन्न स्थानों में प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किये जाते हैं। जिसका उद्देश्य है सरल, सस्ती, संस्कारित और सुखद भावना से सकल समाज के सहयोग द्वारा निर्धन परिवारों की लड़कियों और लड़कों का विवाह गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराना। भिलाई में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व.भगवती प्रसाद रायका की स्मृति में यह कार्यक्रम अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई,श्री बाँके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई, भारत विकास परिषद भिलाई एवं परिषद् की ही महिला प्रधान इकाई नारायणी के संयुक्त तत्वावधान में 29 एवम् 30 अप्रैल मंगलवार एवं बुधवार को अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, महेश्वरी भवन सेक्टर 6 एवं राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर पूर्व में संपन्न होने जा रहा है। 29 अप्रैल मंगलवार को हल्दी, मेहंदी, मंगलगीत, दूल्हा दुल्हन को कपड़े और श्रृंगार समग्री वितरण तथा 30 अप्रैल बुधवार अक्षय तृतीया के दिन बारात हुडको आमदी नगर से सेक्टर 9 हनुमान मंदिर एवं अन्य मंदिर, स्थानों से होते हुवे अग्रसेन भवन आएगी जहाँ वरमाला वैदिक विधि से परिणय संस्कार और फिर गृह उपयोगी सामग्री तथा विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए जायेगें। इस पावन अवसर पर अनेक परिवार विशेषकर जिनकी बेटियाँ नही होती हैं वे बढ़ चढ़ कर कन्यादान कार्यक्रम मे तन मन धन से सहभागी बनते हैं। समग्र भारतीय समाज के सभी वर्गों का सहयोग एवं सहभागिता इस पुनीत सामाजिक कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है।

# निगम में आने वालों से अच्छा व्यवहार करें : राजीव

## निगम आयुक्त की उपस्थित में भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आज सोमवार को नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान अधिकारियो को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमे मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिको के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है उसको सूना जावे, इससे उनको भरोसा मिलता है। जो काम खुद के करने लायक हो उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दुबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियो को भी सूचित करना चाहिए। शासन का दिशा-निर्देश है कि हमे समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आए, अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है जिससे हमारा परिवार चलता है। आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समीक्षा के दौरान प्रमुख मांगे जो थी उसमें पानी की समस्या जिस पर शीध्र अतिशीध्र निराकरण किया जावे। अगर कहीं पुरानी स्वीकृति है तो आवश्यकता के अनुसार कार्यो को पूर्ण कराया जाए। नागरिको के मांग अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जावे। सुशासन तिहार में जितने भी मांग वाले आवेदन है उसमें क्षेत्र के सब इंजीनीयर मौके पर जाकर संबंधित व्यक्ति से मिलकर निरीक्षण करें। जोन आयुक्त भी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। आयुक्त कभी भी किसी भी वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। सभी प्रकरणो पर समय अवधि के अंदर निराकरण करना आवश्यक है। प्रमुख रूप से सुशासन तिहार में जो आवेदन आए है उसमें से औसतन पानी की समस्या, साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क, नाली, ढक्कन निर्माणए पानी जमा होनाए अवैध कब्जा, महतारी वंदन योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। सबका निराकरण यथा संभव किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने डोम शेड के लिए दिए 20 लाख

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस के तत्वाधान मे सेक्टर 6 स्थित कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ प्रदेश स्तरीय भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिकेश सेन वैशाली नगर भिलाई के युवा विधायक ने भिलाई इस्पात मजदूर संघ के आग्रह पर 20 लख रुपए डोम शेड निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की एवं घोषणा की गई। जिसका निर्माण एक वर्ष के अंतराल में पूरी की जाएगी भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में हो रहे इस तरह की कार्यक्रम की नजर केंद्र सरकार विशेष कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी रहती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की संगठन भारतीय मजदूर संघ इकाई है। केंद्र सरकार इस तरह की आयोजनों पर गर्व करती है और पार्टी को मजबूती मिलती है। बीएमएस भारतीय मजदूर संघ जो कि श्रमिक संगठन है जो कि वर्तमान में मजबूती से खड़ी है उक्त बातें आज भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व मेंयुवा सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे वैशाली नगर के युवा विधायक ने कही। पंडालों में जो खर्च होता है वह बचाकर गरीबों कीं बच्चों की शादी में लगाने के लिए कहा और भारतीय मजदूर संघ के मांग पर उन्होंने 20 लख रुपएसे डोम शेड बनवाने की घोषणा की ।गरीब मजदूरों की बच्चों की शादी में खर्च होगा । पंडाल में खर्च होने वाले पैसों से किसी गरीब की सहायता की जा सकती है। किसी गरीब के बच्चे की शादी या किसी गरीब को उनकी आवश्यक मदद किया जा सकता है। रिकेश सेन का स्वागत करते हुए उन्हें आभार व्यक्त किया गया। श्री सेन ने कहा कि दिल्ली में उन्होंने सेल चेयरमैन, स्टील मिनिस्टर से मुलाकात की और बैठक भी हुई। अगली बैठक बीएसपी के सीईओ सेल अध्यक्ष स्टील मिनिस्टर, स्टील राज्य मंत्री और भिलाई इस्पात इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू के अलाव भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी भी इस बैठक में शामिल होंगे।




कार्यक्रम में पुरुषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ जो कि भारतीय मज़दूर संघ का श्रमिक संगठन है उसकी इकाई भारतीय इस्पात मज़दूर संघ है और भारतीय मज़दूर संघ मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये लड़ने के लिए बनाई गई एक ईमानदार पार्टी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंख ध्वनि सिंह, के द्वारा की गई । उद्घाटन राधेश्याम जायसवाल ने किया और विशिष्ट अतिथि सुनील किरवई, योगेश दत्त मिश्र, दिनेश कुमार पांडेय, चन्ना केशवलू के द्वारा आयोजित किया गया। संघ के रीति नीति से प्रभावित होकर संयंत्र के दो दर्जन युवाओं ने संघ यूनियन में प्रवेश लिया। सभी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन संघ के महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय एवं आभार प्रकट प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंख ध्वनि सिंह के द्वारा किया गया । यह जानकार चन्ना केशवलू ने दी ।

## नकली नोट के आरोप में एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में नकली नोट खपाने पहुंचा के अरोप में एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चरोदा स्थित एक बेकरी में उक्त व्यक्ति पहुंचा और पांच सौ रुपए का नोट देकर आइसक्रीम की मांगी। दुकानदार ने नोट छूकर देखा तो उसे नकली होने का अहसास हुआ। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस से उस व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उस व्यक्ति के पास से 500 रुपए के और 200 रुपए के नकली नोट मिले। फिलहाल पुलिस ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुरानी भिलाई पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की है। चरोदा ज्योति विद्यालय के पास विवेक कुलश्रेष्ठ की जलाराम बेकरी के नाम से दुकान है। दुकान में एक व्यक्ति आईसक्रीम लेने के लिए पहुंचा और 500 रुपए का नोट दिया। नोट देखने से उसकी प्रिंट से नकली लग रहा था इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक योगेश्वर कुमार वर्मा उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी शुरू की। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेंद्र महासमुंद का होना बताया। नकली नोट खपाने पहुंचा नरेन्द्र पहले भी इसी दुकान में नकली नोट खपा चुका है। दुकान संचालक विवेक ने बताया कि चार से पांच दिन पहले भी वह दुकान में पहुंचा था। दुकान में वह रात को करीबन 9.45 बजे आया और कुछ सामान लेने के बाद 200-200 रुपए चार नोट देकर चला गया। बाद में पता चला कि वह नकली नोट हैं। इससे उसने पहचाना और अपने पिता से भी पहचान कराने के बाद पुलिस को सूचना दी। आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) 179, 180 बीएनएस तहत कार्रवाई की गई।

## एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने बीएसपी के ईडी से की मुलाकात



**भिलाईनगर** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने नए फाइनेंशियल ईयर में बीएसपी के ईडी एमएम एण्केण् चक्रवर्ती के साथ सौजन्य मुलाकात की और अपने कुछ ज्वलंत मुद्दे उनके समझ रखे। इन मुद्दों में एमएसएमई उद्योगों को इंक्वारी देते समय हेल्दी कॉम्पटीशन करने, एमएसएमई उद्योगों का निरीक्षण करने, प्रोपराइटरी आइटम की एक प्रदर्शनी लगाने, हर 5-6 माह में एमएसएमई के साथ बैठक करने और पूरे 1 वर्ष के लिए पास बनाए जाने की मांग प्रमुख थी।संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ईडी एमएम से उनके कक्ष में मिला। सर्वप्रथम ईडी श्री चक्रवर्ती का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात एक-एक करके सभी ने अपनी बात रखी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री खुराना ने ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि एमएसएमई उद्योगों को जो भी इंक्वारी दी जा रही है उसमें हेल्दी कॉम्पटीशन करने की जरूरत है। क्षमता के आधार पर जो बराबर की इंडस्ट्रीज है उन्हें समान इंक्वारी दी जानी चाहिए। देखा यह जा रहा है कि कुछ बड़े इक्विपमेंट आते हैं तो उसमें छोटी इंडस्ट्रीज को भी डाल दिया जाता है। छोटी इंडस्ट्रीज काम ले लेती है और फंस जाती है क्योंकि उनके पास वह काम करने की क्षमता नहीं होती। अब वह इंडस्ट्रीज काम करके नहीं दे पाएगी तो उसे 6 माह के लिए ब्लॉक कर दिया जाता है। इससे एमएसएमई इंडस्ट्री और स्टील प्लांट दोनों को नुकसान होता है। उद्यमी बृजमोहन अग्रवाल ने आग्रह किया कि बीएसपी प्रबंधन एमएसएमई उद्योगों का विजिट करें ताकि उसे पता चल सके कि उसके पास लोकल में कितने एमएसएमई है। यह एमएसएमई हर कार्य में पूर्ण है और हर कार्य करके दे सकते हैं। उद्यमी भगवान अग्रवाल ने प्रोपराइटरी आइटम की एक प्रदर्शनी प्लांट के भीतर लगाए जाने की मांग रखी। ऐसे आइटम जो बीएसपी प्रबंधन बाहर से ले रहा है उनकी प्रदर्शनी लगाई जाए ताकि यहां के एमएसएमई उद्योग उन्हें देख सके। प्रदर्शनी देखने के बाद उद्यमी अपनी इच्छा जाहिर कर सकते हैं कि वह यह आइटम बना सकते हैं। यदि इन आइटमों को लोकल एमएसएमई बना सकते हैं तो उन्हें यह इंक्वारी दी जानी चाहिए। उद्यमी आशुतोष तिवारी ने पास के मुद्दे को गंभीरता से रखा। उनका कहना था कि एमएसएमई उद्योगों के लिए पूरे 1 वर्ष का पास बनाकर दिया जाए। यदि किसी एमएसएमई उद्योग के पास परचेज ऑर्डर नहीं है तो भी पास मिलना चाहिए ताकि वह अधिकारियों से मिल सके और अपनी बात रख सकें। उद्यमी रामकुमार बंसल ने हर 5-6 माह में एक बार बीएसपी प्रबंधन के साथ एमएसएमई की बैठक रखे जाने की मांग रखी।अधिशासी निदेशक एमएम श्री चक्रवर्ती ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और उन्होंने आस्वस्थ किया कि वह अपने अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और सभी का हल निकालने का प्रयास करेंगे। एमएसएमई उद्योगों का विजिट करने का उन्होंने आश्वासन दिया। बैठक में बीएसपी प्रबंधन की ओर से सीजीएम के.सी. मिश्रा और ए.के. मिश्रा, जीएम मनोहर शर्मा एवं पी.बी. प्रभाकर तथा एमएसएमई उद्योग संघ की ओर से आशुतोष तिवारी, विजय अग्रवाल, भगवान अग्रवाल, देशराज यादव, बृजमोहन अग्रवाल, आर.के. सिंह, रामकुमार बंसल, अनिल शुक्ला और अंकित मेहता उपस्थित थे। बैठक पश्चात एमएसएमई संघ के पदाधिकारी व सदस्य अध्यक्ष के.के. झा से मिले और उन्हें इस बैठक की पूरी जानकारी दी।

## रतन माहिनी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की दिवंगत मुख्य प्रशासिका राजयोगीनी दादी रतनमाहिनी की पुण्य स्मृति में सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि दादी को सदा देह और कर्म के बंधन से मुक्त फरिश्तेपन की स्थिति में लाईट शक्ति स्वरूप में देखा। दादी साइलेंस पॉवर की अथॉरिटी थी। भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव प्रवास के दौरान दादी को स्वास्थ संबंधी परेशानी हुई। फिर भी दादी ने यह कहते हुए सेवाएं की यह कार्य परमात्मा का है हमे निमित्त बनकर सहयोग देना है, तब ही परमात्मा की संपूर्ण मदद मिलती है। दादी के निमित परमात्मा को विशेष भोग अर्पण करने के पश्चात भिलाई स्थित सर्व सेवाकेंद्रो की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों सहित सभी ब्रह्मावतसो ने 101 वर्ष की आयु में दिवंगत मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ब्रह्मा वत्सो ने दादी की शिक्षाओं को जीवन में धारण कर कंट्रोलिंग पॉवर द्वारा एक मास मन को एकाग्र करने का दृढ़ संकल्प किया।

## विदाई में अपनी यादें साझा कर भावुक हुए बीएसपी कर्मी

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 ने समारोह का आयोजन कर माह मार्च 2025 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की। किसी कर्मी को सोसायटी के ऋण से लिया गया पहला ब्लैक एंड व्हाइट टेलीविजन याद आया तो किसी को यहां के ऋण से परिवार की पूरी की गई जरूरत की याद आई। स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के प्रति रिटायर कर्मियों का स्नेह हमेशा बना रहेगा।



इस दौरान कर्मियों ने भी अपनी बातें रखीं। पीएनई (सामान्य) से रिटायर आशा चौरसिया ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा यहां स्टाफऔर पदाधिकारियों का व्यवहार बहुत ही अच्छा रहा। कोई भी जरूरत हो तो तुरन्त पूरी की गई। उन्होंने कहा कि हम रिटायर लोग चाहते हैं कि भविष्य में भी सोसाइटी से ऐसा ही सहयोग मिलता रहे। इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग लेबोरैटरी (ईटीएल) से रिटायर अरूप रॉय ने सोसाइटी की कार्य प्रणाली की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की कार्य संस्कृति आगे भी ऐसे ही बनाए रखिए। वायर रॉड मिल से शिव कुमार डे ने अपना सेवाकाल याद करते हुए कहा कि जब मैंने पहला नियमित ऋण लिया था तो सोसाइटी से 5000 रूपए मिले थे, जबकि आज इस नियमित ऋण की सीमा 5 लाख तक की है, जो कि कर्मचारी हित में है। मशीन असेंबलिंग एंड रि.इंजीनियरिंग शॉप मार्स-1 से रिटायर बी वी दुर्गा प्रसाद ने कहा हमारे लिए सोसाइटी कुबेर का खजाना रही है। हमें जब भी जरूरत पड़ी ऋण मिलता रहा। टाउनशिप इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग विभाग से रिटायर रघुवीर प्रसाद पाटिल ने कहा कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा देने में इस सोसाइटी का कोई मुकाबला ही नहीं है और यही परंपरा अनवरत चलती रहे। वायर रॉड मिल कर्मी रहे हीराराम वैकर ने कहा कि मैंने पहले लोन से ब्लैक एंड व्हाइट टीवी खरीदा था। आज रिटायरमेंट पर अपने पुराने दिनों की याद ताजा हो गई। अन्य कर्मियों ने भी सोसाइटी की कार्यप्रणाली को सराहा और भविष्य में भी सोसाइटी की उन्नति की कामना की। अन्य रिटायर कर्मियों में टाउनशिप इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग विभाग से प्रकाश महाले, प्लेट मिल से पीलू राम साहू, ब्लास्ट फर्नेस से बुधैया, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से राम बलि और रामप्रवेश सिंह, सीआर से सुखदेव, भंडार से आर राम मूर्ति,वायर रॉड मिल से रवीन्द्र कुमार नागले, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से दया राम धुर्वे और पीताम्बर वर्मा, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गेनाइजेशन से नरेंद्र कुमार और प्रहाद सिंह ठाकुर, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस-3 से धनुष राम निषादराज, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से विजय कुमार पशीने, मशीन असेंबलिंग एंड रि.इंजीनियरिंग शॉप-1 से कुलेश्वर और सतर्कता से विनोद कुमार सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीनएसंचालक मंडल सदस्यगण पुरुषोत्तम सिंह कंवरए विपिन बन्छोरए जानकी राव, सतानंद चंद्राकर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन संचालक शशिभूषण सिंह ने और आभार प्रदर्शन संचालक वेदप्रकाश सूर्यवंशी ने व्यक्त किया।

## आपसी मसले सुलझ रहे रजामंदी से हो



**भिलाईनगर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुस्लिम समुदाय की तंजीम दारुल कजा भिलाई.दुर्ग के तीन साल पूरे होने पर इज्लास.ए.आम फरीद नगर मैदान में रखा गया। जिसमें तंजीम के कामकाज और इससे जुड़ी तमाम जानकारियां अवाम के सामने दी गई। इस इजलास की सदारत कर रहे मौलाना अतीक अहमद बस्तवी कन्वीनर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि मुल्क की आजादी में सभी धर्म ओर जाति समुदाय के लोगों का योगदान रहा है। इस मुल्क को अमन और शांति के प्रतीक बनाने में सभी की भूमिका रही है। हमारे उलेमा ए दीन की कुर्बानियां लगी है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि मुल्क के भाईचारे को कायम करने अपनी भूमिका निभाएं। खास मेहमान मौलाना तबरेज आलम कासमी आर्गेनाइजर काजी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस दौरान बताया कि सभी समाज में अपने समुदाय के भीतर के घरेलू और निजी मामलों में आपसी रजामंदी से हल निकालने पहल की जाती है। सदर जिल्लू रहमान और सेक्रेटरी मोहम्मद अरशद ने यहां मौजूद सभी तंजीमो के नुमाइंदों का इस्तकबाल किया। नायब सदर मोहम्मद नासिर ने दारूल कजा भिलाई दुर्ग का मकसद बताया। दारूल कजा के काजी शहर मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने बताया कि इसके जरिए 50 पारिवारिक मामलों के आपसी बातचीत रजामंदी से हल किया गया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के पारिवारिक व सामाजिक मसलों हल करने के लिए लोगों को अल्लाह का डर रखना चाहिए। इस मौके पर मौलाना शकील, मोहम्मद युसूफ नैय्यर इकबाल, सैय्यद असलम, हाजी अब्दुल हमीद, हाफिज़ सिराज, मौलाना दिलशाद, हाफिज शाह, आलम मोहम्मद इरफान, शरीफ खान, हबीबुर्रहमान, मेहबूब भाई, जहांगीर, सुलेमान, मोहम्मद अनवर पाशा, हाफ्जि मकसूद, मौलाना फैसल अमीन गुलजार भाई, रजा सिद्दीकी मौजूद थे।

## अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर के खिलाफ निगम का अभियान

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र में चौक चौराहों पर सड़क के बीच में लगे बिजली पोलों या सरकारी दीवारों पर अवैध होर्डिंग बैनर पोस्टर लगा दिए गए हैं। जिसके कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है। आंधी पानी चलने पर बैनर पोस्टर गिर जाते हैं। जिसके कारण कभी-कभी इससे बड़ी दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सभी जोन में अवैध बैनर पोस्टर होडिंग निकालने का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही उन एजेंसी का नाम नोट किया जा रहा है, जिनके द्वारा बैनर पोस्टर लगाया जाता है। उन्हीं एजेंटीयों को नोटिस जारी की जाएगी, उनके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसी जानकारी मिली है कि एजेंसी के लोगों द्वारा ही ठेका लिया जाता है। बैनर पोस्टर लगवाने वाला व्यक्ति उनको पैसा दे देता है। वह कहीं भी सरकारी जगह पर अपना बनाया पोस्टर लगा देते हैं। एक तरफ देखने में आ रहा है कि लोगों में को होड लगी है, बैनर पोस्टर लगाने में। निगम भिलाई लोगों से अपील करता है कि नगर को साफ सुथरा सुंदर बनाने में सहयोग करें। यह शहर सबका है सबको मिलकर के साफसुथरा रखने की जिम्मेदारी है।




## तथागत महिला समिति ने सत्यलोक केन्द्र कैसदा का किया भ्रमण



**भिलाईनगर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। तथागत महिला समिति के तत्वावधान में भिलाई के करीब 24 महिला का दल अध्यक्ष आयुष्मति कल्पना गजभिए के नेतृत्व में सत्यलोक केन्द्र कैसदा (सिमगा) में संचालित धम्मघोष दीपक छात्रावास के बच्चों के लिए भोजन सामग्री जिसमें 60 किलो चावल, 30 किलो आटा, एक टीन तेल, दाल 15 किलो व अन्य सामान दान किया। सर्व प्रथम बुद्ध वंदना की व धम्मचारी अमृतरत्न व्दारा सत्यलोक केन्द्र की जानकारी के साथ बोधिसत्व को दो कहानियों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अध्यक्ष कल्पना गजभिए व सभी महिलाओं ने 5200 रुपये दान दिया। कल्पना गजभिए ने महिला समिति गठित होने के उद्देश्य बताया। सुनंदा गजभिए, मीना नारनवरे ने बौद्ध धर्म में दान के पुण्य कार्य से संबंधित जानकारी दी। महिला समिति ने छात्रावास का भ्रमण किया व लाइब्रेरी एवं बुद्ध धर्म से संबंधित जानकारी ली। महिला समिति के सभी सदस्यों ने छात्रावास के बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान करुणा सहारे, सीमा धोक, रीना मडामें, तृषाली फुलझलें, आशा चौहान, वंदना गढ़पायलें, प्रिया खोबरागड़े, नम्रता मेश्राम, मीना नारनवरे, सुनंदा गजभिए, रंजन घोडके सविता इंदुरकर, इंदु ऊके, प्रतिभा मंडपे, संतकला श्याम कुवर, हंसा खोबरागड़े, नलिनी चौहान, सुनीता मेश्राम, एसुनीता प्रकाश मेश्राम, माधुरी बौद्ध, धन्य खोबरागड़े, श्रेया खोबरागड़े यश फूलझेले उपस्थित थे'

# हत्या की नियत से गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को फरसगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार



## आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का टंगिया को किया जप्त

**कोण्डागांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु) हत्या करने की नियत से गंभीर चोट पहुँचाने वाले आरोपी को थाना फरसगांव पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चंद घंटे में गिरफ्तार करने के साथ ही आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे के टंगिया को जप्त किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि जिला कोण्डागांव के थाना फरसगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम नालाझर के प्रार्थी सुक्कुराम पिता सुदूराम नेताम ने रिपोर्ट दर्ज करवाया कि 20 अप्रैल 2025 की सुबह 08 बजे मेरा भाई सोनाधर नेताम मोहल्ला में ही मेहमान आए लच्छुराम नेताम की पत्नी के घर गया था। जहाँ लच्छुराम नेताम की पत्नी से बातचीत कर रहा था, जिसे देखकर लच्छुराम अत्यधिक नाराज होकर सोनाधर से वाद विवाद करने लगा। जिसे देखकर मेरा भाई सोनाधर नेताम वहाँ से आकर अपने घर के पड़ोस में श्रीमति फुलबती सोरी के घर दरवाजा के सामने बरामदा में मनईबाई से बातचीत कर रहा था। तभी लच्छुराम नेताम पीछे से दौड़ते हुए आया और सोनाधर नेताम को मेरी पत्नि से क्यों बातचीत करता है, आज तुझे जान से मार दूंगा कहकर पास में रखे टंगिया को उठाकर सोनाधर नेताम के सिर में टंगिया से प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे सोनाधर खुन से लथपथ होकर जमीन में गिर गया। प्रार्थी सुक्कुराम नेताम के रिपोर्ट पर अप.क्र.52/2025 धारा 109 (1) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से) के द्वारा सख्त कार्यवाही के आदेश से एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में आरोपी लच्छुराम नेताम पिता मंगलुराम नेताम 45 वर्ष निवासी ग्राम गिरोला थाना व जिला कोण्डागांव छ.ग.का शीघ्र पता तलाश कर 21 अप्रैल 2025 के 10.06 बजे विधिवत् गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे के टंगिया को जप्त किया गया है। मामला गंभीर एवं अजमानतीय होने से आरोपी लच्छुराम नेताम को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल व आवश्यक कार्यवाही की गयी।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि पितामबर कठार, प्रधान आरक्षक मुपेन्द्र साहु, आरक्षक दीपक हलधर, अजरंग बघेल की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# नक्सली भरोसे योग्य नहीं शांति वार्ता चाहते तो आज फिर बीजापुर में आईडी ब्लास्ट नहीं करते : अर्जुन हेमला

**बीजापुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अर्जुन हेमला ने प्रेस विज्ञापन जारी करते हुए कहा कि नक्सली भरोसे योग्य नहीं नक्सलियों द्वारा पहले जितने आईडी गांव खेतों कल्यानो में लगाए गए हैं उन्हें पहले हटाए निर्दोष ग्रामीण मवेशी मासूम बच्चे वृद्धि और हमारे जवान आईडी के चपेट में आ रहे हैं पहले आईडी हटाएं एवं मुख्य धारा में जुड़े सरकार को गुमराह करना बंद करें नक्सली शांति वार्ता चाहते हैं तो आईडी क्यों प्लांट किए कुछ दिन पूर्व ही नक्सली नेता ने प्रेस नोट जारी करके छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री शर्मा जी से अपील किया है कि एक महीना के लिए युद्ध विराम किया जाए हमारी होर से भी आपके होर से बोलकर अचानक क्यों आईडी ब्लास्ट किया जा रहा है नक्सलियों की ओर से अर्जुन हेमला ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि नक्सली विश्वास योग्य नहीं किसी षड्यंत्र की मनसा नजर आ रही है इनसे शक्ति से निपटना ही सही रहेगा। अर्जुन हेमला ने कहां पुलिस एवं सुरक्षा बलों की कार्रवाई से जनता खुश है नक्सलियों के काले साए से कई गांव अब विकास के उजियारे में अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना कर पा रहे है अर्जुन हेमला ने क्षेत्रीय नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि हमारे भटके साथी बाहरी नक्सलियों के चक्कर में अपनी जान ना गवाएं आत्म समर्पण करें एवं सरकार की लाभदायक योजना पाकर अपना जीवन यापन करें एवं सुखदाई करें हेमला आगे कहा जल्द अंदरूनी गांव में पर्चे लगाकर भटके हुए क्षेत्रीय नक्सलियों को मुख्य धारा से जुड़ने अपील किया जाएगा हेमला ने आगे कहा सरकार ने आत्म समर्पण पर प्रोत्साहन राशि भी 25000 से बढ़कर 50000 कर दी गई है और हथियार लेकर आत्म समर्पण करने पर लाखों का राशि रखा गया है साथ ही आत्म समर्पण करने वाले * *नक्सलियों के उत्थान के लिए मकान रोजगार का सुनहरा मौका प्रदान किया है अर्जुन हेमला ने आगे कहा नक्सली* समस्या खत्म होते ही बस्तर की सुंदरता उभर कर नजर आएगी पर्यटन के रास्ते खुलेंगे नए उद्योग एवं रोजगार का जरिया बनेंगे विकास से बस्तर देश दुनिया के लिए मिसाल बनेगी।



**एक सीएएफ का जवान मनोज पुजारी शहीद हो गए माओवादी यदि शांति वार्ता चाहते हैं तो आत्म समर्पण से गुजरे क्यों पहले जितने आईडी प्लांट किए उन्हें हटाए माओवादी**

# पशु चिकित्सकों ने सिजेरियन ऑपरेशन से गाय की जान बचाया



**कोण्डागांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पशु चिकित्सकों द्वारा सुदूर ग्राम पदनार के जंगल में सिजेरियन ऑपरेशन करके गाय की जान बचाए जाने के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिले के तहसील मर्दापाल क्षेत्र के अंतर्गत सुदूर ग्राम पदनार में पशु मालिक लखमु राम मण्डावी की गाय को बीते दो दिनों से बछड़ा जनने में परेशानी हो रही होने की सूचना मिलने पर वीएएस पशु चिकित्सालय कोंडागांव डॉ.ढालेश्वरी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि गाय की जनन नली संकरी होने के कारण बछड़ा बाहर नहीं आ पा रहा था एवं बछड़े की मृत्यु हो चुकी थी। गाय के जीवन रक्षा हेतु एवं पशु मालिक की सहमति से डॉ.ढालेश्वरी द्वारा तत्काल सिजेरियन ऑपरेषन करने का निर्णय लिया गया एवं डॉ.कृष्ण कोर्राम, डॉ.अनिल, डॉ. चंदना की टीम द्वारा ऑपरेशन कर मृत बछड़े को बाहर निकाला गया। शल्यक्रिया के दौरान एव्हीएफओ आलोक नेताम, संजीत, खेमराज एवं अन्य ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

# निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत को दी गई भावपूर्ण विदाई



**कोण्डागांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत के दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर के तौर पर स्थानांतरण होने पर 21 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कुणाल दुदावत को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह में अधिकारियों ने कुणाल दुदावत के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि कोण्डागांव में अपने 15 माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का बहुत अच्छा सहयोग मिला। सभी अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह टीम भावना के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान कई कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन बहुत कारगर रहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। उनके मार्गदर्शन में जिले में कई नवाचार प्रारंभ किए गए, जो जिलेवासियों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने भी कलेक्टर श्री दुदावत के मार्गदर्शन में हुए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत को जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, सीआरपीएफ के अधिकारीगण सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रवेश परीक्षा में 1656 परीक्षार्थी हुए शामिल



**कोण्डागांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य मंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को कोंडागांव जिले के 6 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सुश्री निकिता मरकाम ने बताया कि जिले के कुल 2017 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीयन कराया था। इनमें से कुल 1656 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और कुल 361 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय राज्य शासन द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय है, जहां आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयारी कराई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रों को निःशुल्क राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है।

# संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व की शिक्षा यहां मिलती है

**नगरी,** 21 अप्रैल। श्रीराम प्रभात शाखा, नगरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा नगर के साहू सदन में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व की शिक्षा दी जाती है। नगर के संघ प्रमुख ने बताया कि आज के दौर में जब समाज और परिवारों को मजबूती देने की आवश्यकता है, संघ की शाखा एक ऐसा आदर्श मंच है जहां हमारे बच्चे शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त बनते हैं। इस शाखा में योग, खेल और अनुशासन के साथ देशभक्ति, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व, भारतीय संस्कृति, इतिहास और मूल्य, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संगठन कौशल सिखाया जाता है। यह सिर्फ एक शाखा नहीं वरन राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है। डॉ. जीआर. देवांगन, मोतीलाल दिवाकर ने पालकों से विशेष अनुरोध किया है की आपके बच्चे का भविष्य केवल किताबों से नहीं, अच्छे संस्कारों और अनुशासन से भी बनता है। इसलिए आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त पीढ़ी और सशक्त भारत बनाएं।

# कलेक्टर ने दिया अंतर्जातीय नव दंपतियों को प्रोत्साहन राशि का चैक



**नारायणपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना एक ऐसी योजना है, जो अनुसूचित जाति के व्यक्ति और अन्य हिंदू के बीच अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत् योग्य जोड़ों को 2 लाख 50 हजार रूपये की वित्तीय सहायता राशि दी जाती है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित है, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार दोनों का 50 प्रतिशत योगदान होता, जिसके तहत् जिले के अंतरजाति विवाह के दो नव दंपतियों को कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा प्रोत्साहन राशि का चेक देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ब्रेहबेड़ा निवासी हरिराम नेताम संगीता नेताम और सुलेंगा निवासी नागेश बेसरा और शोभना बेसरा द्वारा अंतर्जातीय विवाह किए जाने पर सरकार के द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए 2 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है। पूर्व में इन नव दंपतियों को एक लाख रूपये का राशि प्रदाय किया गया था, शेष राशि 1 लाख 50 हजार रुपये का चैक कलेक्टर ममगाईं द्वारा प्रदाय किया गया। कलेक्टर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर जीवन जीने की बधाई दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग राजेंद्र सिंह एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# स्कूल अमाली में बाल संस्कार सभा का आयोजन किया गया



**नगरी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कमारपारा प्राथमिक शाला अमाली में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा, अनुशासित जीवन, समय की उपयोगिता एवं प्रबंधन की जानकारी दी गई। विनय नाहटा नगरी के द्वारा अपने पिताजी के पुण्य स्मृति में बच्चों को न्योता भोज, आंशिक पोषण आहार, खीर, पूड़ी, केला वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमाली सरपंच श्री मति हिरोंदी ध्रुव, उप सरपंच जीत बाई सेन, समस्त पंच गण, ग्राम पटेल हरचंद साहू, अमृत बाई साहू, विष्णु साहू, सोहन जैन, विनय नाहटा सह परिवार, प्रधान पाठक हर्षलता साहू, गंगा नवरंग, सिद्धेश्वर साहू, श्वेता गौर, नीलिमा साहू, चंद्रकुमारी नवरंग, आस बाई मौजूद रहे। शाला समिति ने सभी अतिथियों एवं भोजन प्रदाता का शाला परिवार की ओर से धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया।

# 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु न्यायिक अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ हुआ बैठक



**कोण्डागांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। 10 मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु न्यायिक अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक होने के सम्बध में जानकारी देते बताया गया है कि 21 अप्रैल 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में सुश्री रेशमा बैरागी पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव एवं सुश्री गायत्री साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव और कोण्डागांव जिले के समस्त थाना प्रभारियों के साथ आगामी नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य था आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की सफल एवं न्याय प्रक्रिया की दक्षता को बढ़ाना, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए रणनीति बनाना तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु न्यायपालिका और पुलिस विभाग के बीच समन्वय स्थापित करना था। न्यायाधीश ने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सुलहनीय वादों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता से निपटाया जाए, जिससे पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सके। इसके साथ ही मामलों का शीघ्र निस्तारण संभव हो सके, इसके लिए लंबित मामलों की सूची तैयार कर न्यायालय के साथ समन्वय स्थापित करने की बात बैठक में कही गई। इसके साथ ही विशेष तौर पर आबकारी अपराध, ट्रैफिक चालान और सामान्य अपराधों को अधिक से अधिक निराकरण करने तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को अपने-अपने स्तर पर तामिली करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया।

# भाटीगुड़ा के वार्षिक मंड़ई में शामिल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव



**जगदलपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के भाटीगुड़ा में माता गंगादई व कांरी तेलगीन माता मंदिर में वार्षिक मंडई का प्रतिवर्ष आयोजन होता है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव माता गंगादई व कांरी तेलगीन माता मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करते सभी के सुख समृद्धि की माता से कामना किया। वहीं भाटीगुड़ा ग्रामवासियों ने किरण देव का बस्तर के पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने स्वागत किया। भाटीगुड़ा के वार्षिक मंडई में किरण देव ने कहा कि माता गंगादई मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। हम आज भी पारंपरिक तरीके से मेला बनाते है जिसका अपना महत्व है। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस ने क्षेत्रीय विधायक के समक्ष विकास कार्य की मांग रखी जिस पर विधायक श्री देव ने जल्द विकास कार्य होने की बात कही। वहीं मेला में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, सरपंच उमन बघेल, मंडल अध्यक्ष हरि राम मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य फूलकुमारी व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्या



**नारायणपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में पार्षद वार्ड क्रमांक 15 डुमरतराई द्वारा सड़क निर्माण में ध्यान देने, नरेन्द्र कुमार उसेण्डी द्वारा ऋण लेने, राकेश कुमार सोढ़ी द्वारा वेतन प्रदाय करने, समस्त ग्रामवासी तोयनार द्वारा प्राथमिक शाला तोयनार में बालक आश्रम स्वीकृति देने, मुकेश ग्राम कानागांव द्वारा जीवन यापन बाबत, गोगाराम उसेण्डी प्रधान अध्यापक तोयनार द्वार अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का राशि देने, राहुल राठौर गुडरीपारा द्वारा अंतर्जातीय विवाह के संबंध में, अनिता दुग्गा एवं यशवंत दुग्गा द्वारा यशवंत दुग्गा के सर्विस बुक में नाम दर्ज कराने एवं रोजगार दिलवाने, खेमसिंह देवांगन द्वारा पट्टे की जमीन से संबंधित विवाद में समझौता के माध्यम से विपक्ष द्वारा कब्जा हटाने पर अपनी मंजूरी के पश्चात् मान्य आदेश की अवहेलना के संबंध में, कुमारी ममता कर्मा द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार दिलाने, सुखनाथ सोरी ग्राम आदपाल द्वारा डोनर को रोड निर्माण कार्य में लगाया था, जिसका पैसा दिलाने, सरपंच ग्राम ताड़ोपाल द्वारा विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदाय करने, महेश्वरी कोवाची जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 2 द्वारा बालक बालिकाओं के लिए नये आश्रम शाला भवन निर्माण करने, रविन्द्र, सरिता एवं अन्य द्वारा एनएच सड़क निर्माण के संबंध में, मोहन सिंह द्वारा सहायक ग्रेड 02, संविदा आपरेटर पद में पदांकित करने, समस्त पारावासी ग्राम पंचायत बेलगांव द्वारा पट्टा प्रदाय करने, प्रवीण जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 12 द्वारा राशन दुकानों में संचालन का समय व संचालनकर्ता का मोबाईल नंबर चस्पा करने, मनोज नाग उप सरपंच ग्राम ओकपाड़ द्वारा ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई के आश्रित ग्राम ओकपाड़ में द्वितीय श्रेणी सड़क एवं पलिया निर्माण हेतु, सरपंच ग्राम कन्हारगांव द्वारा किसानों को खाद बीज लोन दिलाने, अध्यक्ष उ. शा.प्र.समि. द्वारा शिक्षक पदोकिंत करने तथा उत्तमचंद जैन तहसीलपारा द्वारा संविलयन नियम 2018 के क्रमांक 9 के परिपालन में अन्य विकासखण्ड एवं अन्य जिलों से स्थानांतरण से आये शिक्षकों को दिये गये पदोन्नति को निरस्त करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

# बीजापुर के तोयनार फरसेगढ़ मार्ग में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद

**बीजापुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में हुए ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया। बताया जा रहा है कि, ष्टस्न के जवान सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा में लगे हुए थे। इस दौरान धमाका हुआ और ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, बीजापुर में तोयनार-फरसेगढ़ सड़क निर्माण कार्य जारी है। उसकी सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया गया है। इसी दौरान ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट हुआ, जिसकी चपेट में आने से 19वीं बटालियन सीएएफ का जवान मनोज पुजारी उम्र (26) शहीद हो गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों का सर्चिंग अभियान जारी है।

**एक हफ्ते पहले बरामद हुआ था सीरियल बम**

एक हफ्ते पहले बीजापुर जिले के मनकेली गांव के पास नक्सलियों ने सीरियल आईईडी लगा रखा था। जिला पुलिस बल ने 3 बोतल बम और 2 टिफिन बम बरामद किया और डिफ्यूज किया था।

# नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने ग्रहण किया कार्यभार




**कोण्डागांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सोमवार 21 अप्रैल 2025 को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्रीमती नूपुर राशि पन्ना वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने कोंडागांव जिले की 10 वें कलेक्टर के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया है। इसके पहले वे मुख्य कार्यपालन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी में पदस्थ थीं। पूर्व में जिला पंचायत कोंडागांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### रील बनाने मौत को गले लगाते लोग

*मोबाइलों की उपयोगिता से इंकार न करने के बावजूद इसका खतरनाक स्तर तक दुरुपयोग सामने आ रहा है। उसके जरिये अपराध तो हो ही रहे हैं, लोग काम-धाम छोड़कर उनमें खोये रहते हैं। वाट्सएप, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म लोगों को व्यस्त रखते हैं। मोबाइल कैमरों से सेल्फी खींचने के अलावा लोगों का नया शौक रीलें बनाने का है। जहां भी देखें तो लोग रील बनाते दिखते हैं। इसका शौक इस कदर बढ़ रहा है कि लोग अपनी जान पर खेल कर रीलें बना रहे हैं। कई ऐसी भी घटनाएं होती है कि उन्हें बनाने न दिया जाये तो वे आत्महत्या तक कर रहे हैं।*

*पिछले साल फरवरी में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल डीकेएस प्रबंधन ने 3 नर्सों को नौकरियों से बर्खास्त कर दिया है जो अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में रीलें बनाकर सोशल मीडिया पर डालती थीं। तीनों बर्न विभाग की यूनिफॉर्म पहनकर फिल्मी गानों पर रीलें बनाती थीं जबकि उनकी ड्यूटी ऑपरेशन थियेटर में नहीं थीं। उन्हें कई बार इसके लिये मना किया गया था फिर भी वे बाज नहीं आती थीं। कई बार बर्न विभाग की प्रभारी सिस्टर तथा विभागाध्यक्ष ने प्रबंधन से उनकी शिकायत की थी। इन तीनों नर्सों- पुष्पा साहू, तेजकुमारी साहू व तृप्ति दासर द्वारा जब रीलें बनाना जारी रहा तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बर्खास्त कर दिया। एक अन्य घटना भिलाई की है जहां रचना साहू नामक महिला का पति उसके द्वारा सारे वक्त मोबाइल के इस्तेमाल करने से परेशान रहता था क्योंकि वह घर के काम छोड़-छाड़कर पूरा समय मोबाइल पर व्यस्त रहती थी। वह अपनी रीलें सोशल मीडिया पर डालती रहती थी। उसका पति भूपेन्द्र मिस्त्री है जिसका पेशा टाइल्स का है। वह बार-बार उसे घर के कामों पर ध्यान देने के लिये कहता था। इसके चलते दोनों के बीच झगड़े होते थे। कुछ माह पहले की बात है, एक दिन उसके पति ने रचना का मोबाइल छीन लिया और अपने साथ लेकर काम पर चला गया। नाराज़ महिला ने पति के जाने के बाद उसने फांसी लगा ली।*

*ताजा घटना भिलाई की है। तीन नाबालिग हर्ष, जय और आदित्य आधी रात को निकले थे और शनिवार को बहुत सुबह मोटर साइकल पर सवार होकर रील बना रहे थे। हर्ष बाइक चला रहा था जबकि दोनों पीछे बैठे थे। रील बनाने हुए मोटर साइकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। हर्ष व जय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और आदित्य बुरी तरह घायल हो गया।*

## उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।
मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

# श्रमिकों को कारखाना परिसर में ही मिलेगी आवासीय सुविधा, बढ़ेगी उत्पादन क्षमता

**रायपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। साय सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है।यह संशोधन, जो 27 फरवरी 2025 को अधिसूचित किया गया, औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है। इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**पट्टे पर दी गई भूमि का 15 प्रतिशत नियमितीकरण**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर किए गए नए संशोधन के तहत, औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई कुल भूमि का 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-औद्योगिक गतिविधियों, जैसे प्रशासनिक भवन, कैंटीन, या अन्य सुविधाओं के लिए नियमित करने की अनुमति दी गई है। पहले यह सीमा सख्त थी, जिसके कारण कई इकाइयों को परिचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस छूट से उद्यमी अपनी इकाइयों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए लचीले ढंग से भूमि का उपयोग कर सकेंगे।

**औद्योगिक श्रमिक आवास निर्माण की अनुमति**

संशोधन का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए आवास निर्माण की अनुमति है।यह कदम न केवल श्रमिकों को बेहतर रहन-सहन की सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की उपलब्धता को भी बढ़ाएगा। इससे श्रमिकों को कार्यस्थल के नजदीक रहने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी यात्रा लागत और समय की बचत होगी

**संशोधन के लाभ**

15 प्रतिशत भूमि के नियमितीकरण की अनुमति से उद्यमी अपनी इकाइयों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बना सकेंगे. इससे उत्पादकता और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा शुरू होने से श्रमिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा।यह उनकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। अनुकूल नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में औद्योगिक




निवेश को बढ़ावा मिलेगा।यह विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्यमों के लिए लाभकारी होगा। श्रमिक आवास और औद्योगिक विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा से शहरी क्षेत्रों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा, क्योंकि श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्रों में ही रहने का विकल्प मिलेगा। पहले औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई भूमि का उपयोग केवल विशिष्ट औद्योगिक गतिविधियों के लिए करना होता था। गैर-औद्योगिक उपयोग, जैसे कार्यालय भवन या कर्मचारी सुविधाओं के लिए, अनुमति लेना जटिल और समय लेने वाला था। नए नियम के तहत, 15 प्रतिशत भूमि को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के नियमित करने की अनुमति दी गई है। यह उद्यमियों को परिचालन लागत कम करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा. उदाहरण के लिए, एक इकाई अब इस 15 प्रतिशत भूमि पर कर्मचारी कल्याण केंद्र, प्रशिक्षण सुविधा, या गोदाम बना सकती है।

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र अक्सर ग्रामीण या अर्ध-शहरी इलाकों में स्थित हैं, जहां श्रमिकों के लिए आवास की कमी रहती है इससे श्रमिकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिसका असर उनकी उत्पादकता पर पड़ता है। संशोधन के तहत, औद्योगिक इकाइयां अब अपने परिसर में या आसपास श्रमिकों के लिए आवास बना सकती हैं। यह सुविधा न केवल श्रमिकों के लिए लाभकारी होगी, बल्कि उद्यमियों को भी स्थिर और समर्पित कार्यबल उपलब्ध कराएगी।

औद्योगिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह संशोधन छत्तीसगढ़ को निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा। रायपुर के उद्योगपति, राजेश अग्रवाल ने कहा, 15 प्रतिशत भूमि के नियमितीकरण से हमें अपने परिसर में कर्मचारी सुविधाएं बढ़ाने में मदद मिलेगीसाथ ही श्रमिक आवास की अनुमति से हमारे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस संशोधन को विकसित छत्तीसगढ़ के विजन का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उद्योगों को बढ़ावा देना और साथ ही श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करना है।यह संशोधन दोनों उद्देश्यों को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन राज्य के औद्योगिक विकास और श्रमिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।15 प्रतिशत भूमि के नियमितीकरण और श्रमिक आवास निर्माण की अनुमति से न केवल उद्यमियों को लाभ होगा, बल्कि श्रमिकों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

# बिजली विभाग का इंजीनियर 25 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रायपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएसपीडीसीएल के एक सहायक अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी प्रवीण साहू पर एक उपभोक्ता से तीन फेज बिजली कनेक्शन के नाम पर 25,000 रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।



जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने जब रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो उसने एसीबी से संपर्क कर पूरा मामला दर्ज कराया। इसके बाद एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए अभियंता प्रवीण साहू को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ लिया। कोरबा जिले में भी एसीबी ने एक पटवारी को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। पटवारी ने एक किसान से जमीन ऑनलाइन कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इन दोनों मामलों से साफ हो गया है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वालों पर शिकंजा कसना अब तेज हो गया है।

# आज से शनिवार तक पड़ेगी भीषण गर्मी

**रायपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश भर में सोमवार का दिन भीषण गर्मी वाला रहा। अधिकांश मैदानी इलाके में लू जैसी गर्म हवा शुरू हो गई है। प्राइवेट मौसम एजेंसी एक्यूवेदर ने मंगलवार से शनिवार तक राजधानी में पारा 43 से शुरू होकर 45 डिग्री तक रहने की भविष्यवाणी की है।44 डिग्री या आसपास का तापमान भीषण गर्मी का इशारा है। रविवार को मौसम विभाग ने 7 जिलों में लू के हालात पैदा होने की आशंका जताई थी, जो सोमवार को सही निकली। रायपुर में ही दोपहर में गर्म हवा के थपेड़ों ने जान निकाल दी है। आने वाले छह में से किसी भी दिन तापमान 45 डिग्री को छू लेगा, यानी इस हफ्ते राजधानी रायपुर संभाग, बिलासपुर संभाग तथा अन्य संभागों के मैदानी इलाकों के लोग रेगिस्तान जैसी गर्मी का एहसास करने वाले हैं।

रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्से, यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में भी हवा बेहद गर्म

**पारा 44 डिग्री या ऊपर, रहेंगे लू जैसे हालात**



है। हवा बुरी तरह तपते राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आने लगी है। इसे मौसम विज्ञानी पश्चिमी हवा कहते हैं, जो छत्तीसगढ़ में गर्मी की जिम्मेदार होती है। अगले पांच दिन तक हवा की दिशा में किसी तरह के बदलाव के आसार नहीं है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि पांच दिन बुरी तरह तपने के बाद शनिवार को बादल आ सकते हैं, लेकिन उस दिन गर्मी कम नहीं होगी। हल्के बादलों के कारण आने वाले रविवार तथा एक-दो दिन और गर्मी कुछ कम हो सकती है, इसके बाद फिर बढ़ेगी। कुल मिलाकर, अगले पांच दिन भीषण गर्मी के रहने वाले हैं। तापमान दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक हर हाल में 40 डिग्री से ऊपर रहने वाला है। दोपहर 1 से 4 बजे तक बाहर निकलना हो तो गर्म हवा के लू जैसे थपेड़ों से सामना होगा। इसलिए बाइक से निकलने वाले या सार्वजनिक साधनों से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को अगले चार-पांच दिन तक घर से सावधानी से निकलना बेहद जरूरी है।

# महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी ने 573 करोड़ की संपत्ति किया जब्त

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर जोनल कार्यालय द्वारा महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप मामले में 16 अप्रैल 2025 को दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर सहित कई ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम, 2002 के तहत सर्च ऑपरेशन चलाया गया। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत महादेव सट्टा मामले में 573 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। इसमें 3.29 करोड रुपये नकद है। 6 राज्यों के 14 सटोरिए गिरफ्तार रायपुर पुलिस ने 6 राज्यों के 8 अंतर्राज्यीय सहित कुल 14 सटोरिए को गिरफ्तार किया था। महादेव एप के पैनलों से कोलकाता और गुवाहाटी (असम) में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा था। पुलिस ने झारखण्ड के तीन, मध्य प्रदेश के दो, पंजाब का एक, यूपी का एक, बिहार का एक और छत्तीसगढ़ के छह सटोरियों समेत कुल 14 सटोरियों गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही तीन पैनल एल 95 लोटस, लोटस 651 और लोटस 656 के संचालनकर्त्ताओं को गिरफ्तार किया है।



1500 से अधिक बैंक खाता फ्रीज

आरोपियों के सट्टे के पैसों के लेन-देन किये जाने वाले 1500 से अधिक बैंक खाताओं को फ्रीज कराने के लिये संबंधित बैंको को खत लिखा जा रहा है। सटोरियों के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 73/25 धारा 4(क), 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, 318(4), 61(2), 112(2) बीएनएस तथा भारतीय तार अधिनियम 25सी का अपराध दर्ज किया गया है।

महादेव सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत महादेव सट्टा मामले में 387.99 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने पांच दिसंबर को यह संपत्ति कुर्क की है। अटैच की गई संपत्ति में मॉरीशस की कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड की चल संपत्ति भी शामिल हैं। इसे एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल में निवेश किया गया था।

# 209 अवैध गैस सिलेंडर जब्त



**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने अवैध गैस सिलेंडर भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धर्मेंद्र सोनी को गिरफ्तार किया है। खमतराई थाना क्षेत्र के गोवर्धन नगर में एक प्लॉट और चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में कमर्शियल गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण पाया गया।इस कार्रवाई में पुलिस ने 209 गैस सिलेंडर और एक वाहन जब्त किया, जिनकी कुल कीमत लगभग 7.5 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस को 20 अप्रैल 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के माध्यम से सूचना मिली थी कि गोवर्धन नगर में एक व्यक्ति अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण कर रहा है. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और खमतराई थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की. मौके पर धर्मेंद्र सोनी (35 वर्ष, निवासी गुढ़ियारी, रायपुर) को पकड़ा गया, जो एक छोटा हाथी वाहन (क्रमांक सीजी 04 एम वाई 6534) में सिलेंडरों का भंडारण किए हुए था। पूछताछ में धर्मेंद्र सोनी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसके कब्जे से पूर्ति गैस, सीजी गैस, इंडेन गैस, भारत गैस, एचपी गैस, गो गैस, और ब्लू गैस कंपनियों के 209 कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए।इसके साथ ही उक्त वाहन भी जब्त किया गया।आरोपी के खिलाफ खमतराई थाने में अपराध क्रमांक 367/25, धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस ऑपरेशन में खमतराई थाना प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पांडेय, उपनिरीक्षक सतीश पुरिया, प्र.आर. कुलदीप द्विवेदी, आर. संदीप सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, अविनाश देवांगन, हिमांशु राठौड़, अविनाश टंडन, और खमतराई थाने से उपनिरीक्षक प्रहलाद राठौर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मंदिर हसौद में चार जगहों पर छापा, 28 लाख का पेट्रोल जब्त

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में रायपुर पुलिस ने पेट्रोल और डीजल की अवैध कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक चार अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ, वाहन और उपकरण जब्त किए गए। कुल जब्त सामग्री की कीमत करीब 28 लाख रुपये आंकी जा रही है। इस पूरे मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।



पुलिस सूत्रो के मुताबिक गुजरा फाटक के यादव ढाबा पर छापा मारा गया, जहां राहुल यादव (24) को 4610 लीटर पेट्रोल, एक ब्राउजर वाहन, और अन्य सामग्री के साथ पकड़ा गया।जब्त सामग्री की कीमत 8.11 लाख रुपये है। राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरआईटी कॉलेज के सामने खाद गोदाम के पास सुब्रजीत मुदुली (40) और दीप्ती रंजन (35) को 800 लीटर डीजल और एक पिकअप वाहन के साथ पकड़ा। जब्त सामग्री की कीमत 75,000 रुपये है. दोनों को गिरफ्तार किया गया। एमएम कॉलेज उमरिया में अमरेश साव उर्फ बबली (35) के गोदाम पर छापा मारा।31 ड्रम पेट्रोल, डीजल, और इथेनॉल (कुल 8.77 लाख रुपये) के साथ दो वाहन और उपकरण जब्त किए गए. अमरेश गिरफ्तार हुआ।

इंदिरा कॉलोनी में गोलू उर्फ नोहर रात्रे (33) के गोदाम पर रेड डाली। 6600 लीटर पेट्रोल, 1400 लीटर इथेनॉल, दो पिकअप वाहन, और अन्य सामग्री (कुल 10.94 लाख रुपये) जब्त की गई। नोहर मौके से फरार हो गया।

# वीआईपी रोड पर शराब पीकर कार ड्राइव करते 20 पकड़ाए

## एसएसपी डा. लालउमेद ने लाइसेंस निलंबित करने भिजवाई चिट्ठी

**रायपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। वीआईपी रोड और नया रायपुर के दो मेन चौराहों पर पिछली दो रात से जारी चेकिंग में पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए 20 लोगों को पकड़ा है। 12 लोगों को शनिवार रात और 8 लोगों को रविवार रात पकड़ा गया। सभी की कार जब्त कर ली गई हैं और चालान करते हुए दस्तावेज कोर्ट में पेश किए गए हैं। इसके अलावा, एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने ऐसे सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग को इनका लाइसेंस सस्पेंड करने की अनुशंसा के साथ चिट्ठी लिखवाई है।



अफसरों ने बताया कि सोमवार रात में सभी की डीटेल के साथ पत्र तैयार कर लिया गया है, जिसे मंगलवार आरटीओ रायपुर को तुरंत कार्रवाई के लिए सौंप दिया जाएगा।

रायपुर में हर वीकएंड पर एसएसपी डा. लालउमेद ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। शनिवार और रविवार रात इसी के तहत पुलिस ने वीआईपी रोड पर राम मंदिर, फुंडहर चौक, एयरपोर्ट चौक और अटल नगर चौक पर गाड़ियों को रोककर ड्राइवरों की ब्रीथ एनलाइजर से जांच की है। इस जांच में 20 लोग पकड़े गए हैं। ज्यादातर महंगी कारें चला रहे थे। इनके खिलाफ चालान करते हुए गाड़ी जब्त कर ली गई। लेकिन रात में एसएसपी ने निर्देश दिए कि अब ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई शुरू करवाई जाए। एसएसपी ने बताया कि पिछले तीन माह में लगभग पीकर कार चलाते पकड़े गए 312 लोगों का चालान हुआ है और अदालतों ने इन पर 10,000-10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अब ऐसे लोगों का लायसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पिछले दो दिन में पकड़े गए 20 लोगों के नाम भी जारी किए हैं। इनमें से कई प्रभावशाली परिवारों के तथा फारेन ब्रांड की गाड़ियों में पकड़े गए हैं।

# ग्रीष्मावकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने संबंधी आदेश निरस्त

**रायपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन समर शिविर क्लास आयोजन करने संबंधी आदेश को निरस्त कराने हेतु छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय खंडेलवाल से मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग अवर सचिव द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक घोषित आदेश, भीषण गर्मी, सभी स्कूलों में गर्मी से बचने के संसाधन का अभाव, ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर अर्जित अवकाश की पात्रता होती है, जिससे शासन के ऊपर आर्थिक भार पड़ता है, भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इन बातों को देखते हुए जारी आदेश को निरस्त करने का निवेदन संघ द्वारा किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल अपने द्वारा जारी आदेश को भीषण गर्मी में छात्र एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य के हित को देखते हुए पूर्व आदेश को निरस्त किया। आगामी भविष्य में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करने की बात कही। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश के 10 कलेक्टर करोड़पति

**रायपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में 2004 बैच के सीनियर अधिकारी अमित कटारिया और टोपेश्वर वर्मा को सबसे अमीर आईएएस अधिकारी है। वहीं राज्य के 10 कलेक्टर करोड़पति हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की संपत्ति 1.6 करोड़ रुपये की है।

प्रदेश के आईएएस अधिकारियों के ऑनलाइन ब्यौरे से पता चला कि 2004 बैच के आई ए एस अमित कटारिया की कुल संपत्ति 46 करोड़ रुपए है। अमित कटारिया की अधिकतर संपत्ति गुड़गांव में है, जहां कीमतें ऊंची हैं। इसी तरह 2005 बैच के टोपेश्वर वर्मा के पास 12.4 करोड़ की सिंगल प्रॉपर्टी है। यह भी देखा गया कि 2004 और उसके बाद के बैच के कई अधिकारी करोड़पति हैं, और उनकी स्वघोषित संपत्ति में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।प्रदेश के 33 जिलों में तैनात कलेक्टरों में 10 करोड़पति हैं। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल के पास 2.68 करोड़ की संपत्ति है। करोड़पति कलेक्टरों में राजेंद्र कटारा, जन्मेजय महोबे, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, गोपाल वर्मा, सर्वेश्वर भूरे, दीपक सोनी, लीना मंडावी और हरीश एस शामिल हैं।


अमित कटारिया और टोपेश्वर वर्मा सबसे अमीर आईएएस अधिकारी

**1989 से 2005 तक के अधिकारी**

अर्पित जैन (1989 बैच) के पास 1.6 करोड़ की संपत्ति, जबकि रेणु पिल्लै (1991 बैच) ने 4.15 करोड़ की संपत्ति है। सुबोध सिंह (1992 बैच) के पास 1.47 करोड़ और अमित अग्रवाल (1993 बैच) के पास 0.63 करोड़ की संपत्ति। 1994 बैच से, मनीष रिचारिया, प्रियंका शुक्ला और विकास शील के पास क्रमश: 1.91 करोड़, 2.5 करोड़ और 2.0 करोड़ की संपत्ति। आर्यन त्रिपाठी (1995 बैच) के पास 1.8 करोड़, जबकि नीरज मांडवीकर और वल्लीश्वरी वासुकि (दोनों 1997 बैच) के पास क्रमश: 2.75 करोड़ और 1.5 करोड़ की संपत्ति। 2001 और 2002 बैच से, गुलशन सिंह के पास 2.04 करोड़, मयंक श्रीवास्तव के पास 1.55 करोड़ और कमलप्रीत सिंह के पास 2.65 करोड़ की संपत्ति।

**9 अधिकारियों के पास सिर्फ एक ही प्रॉपर्टी**

इनमें अमित अग्रवाल, निखिल चंद्र श्रीवास्तव, प्रियंका शुक्ला, गोपाल वर्मा, दिव्या उईके, जितेंद्र शुक्ला, टोपेश्वर वर्मा, नीरज बंसोड़ और विपिन श्रीवास्तव जैसे नाम शामिल हैं.

# तामसी प्रवृत्ति को रोकने, सतोगुण को बढ़ाना जरूरी : झम्मन शास्त्री

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सब लोगों के हित में सोचने वाला ही सच्चा राजनीतिज्ञ होता है। लेकिन आज की राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐशो आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। भागवत कथा इतिहास का बखान करने वाला सबसे उन्नत ग्रंथ है। वर्तमान समय में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकने तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। रात्रि में सोते तक हाथ में मोबाइल होता है यदि इसे छोड़कर प्रभु सुमिरन करते सोएं तो नींद अच्छी आयेगी और बुरे सपने भी परेशान नहीं करेंगे। रायपुरा अग्रोहा कालोनी विष्णुमंगलम में श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथाव्यास आचार्य झम्मन शास्त्री ने बताया कि आज देश की सुरक्षा के लिए जवानों पर करोड़ो रुपए खर्च किए जाते हैं । जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत लिया। संस्कार और वचनों का क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए। जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया । रात्रि मे सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए। तो अच्छी नींद आएगी खराब सपना परेशान नहीं करेंगे। भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं। यही कारण है कि उनके बच्चे दूध, मक्खन, रबड़ी ,मलाई का स्वाद नहीं जानते। जब तक बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक आकार भी नहीं बनेगा। बच्चों को अच्छी संस्कार प्रदान करें नहीं तो तकलीफें बढ़ती रहेंगी। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में तमोगुण बढ़ रहा है। तामसी प्रवृत्तियों को रोकने तथा सतोगुण को बढ़ाना होगा। सात्विक आहार के सेवन से काम, क्रोध ,लोभ, मोह ,ईर्ष्या, द्वेष ,कलह रूपी दोष दुर्गुणों से विजय प्राप्त कर सकते हैं। शास्त्री जी ने इस अवसर पर भगवान के विविध लीलाओं का चिंतन कराते हुए कहा कि सनातन धर्म में पंचदेव उपासना का विधान है। एक ही भगवान के कई रूपों में अवतार होता है ।इससे भक्तों को उपासना करने में सुगमता होती है। तत्वता परमात्मा एक ही है । नाम ,रूप ,लीला ,धाम के भेद से कई रूपों में दर्शन प्रदान कर भक्तों के ऊपर अनुग्रह करते हैं।



भगवान के तीन रूप है ।निर्गुण निराकार ,सगुण निराकार ,और सगुण साकार सगुण साकार रूप से ध्यान पूजा आराधना करते-करते मन और चित्त की चंचलता समाहित हो जाए तो निर्गुण ब्रह्म का ध्यान संभव हो सकता है। क्योंकि मन बहुत चंचल है। रसिक भी है । उसे वश में करने के लिए सुमधुर नाम रूप का आलंबन लेकर वश मे सकते है । इसलिए भक्तों में भगवान के हजारों नाम से सहस्त्रार्चन करने की परंपरा है। भगवान तो एक ही है कार्य भेद से पांच बनकर भी एक ही रहते हैं। सृष्टि पालन, संहार, विग्रह और अनुग्रह सनातनी धर्मावलम्बी हम हिंदुओं के यहां सौभाग्य प्राप्त है। पंच देव शिव, विष्णु ,गणेश ,दुर्गा, सूर्य आदि । भक्त तो जगत पालक परमात्मा को बालक बना लेते हैं और जगत जननी मां देवी को पुत्री बना लेते हैं। भगवान की विविध लीला है । यह हिंदुओं के देवी देवताओं की विशेषता है।

**जब तक बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक आकार भी नहीं बनेगा**

## जसम की रायपुर ईकाई के आनंद अध्यक्ष, इंद्र कुमार बने सचिव

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में जन संस्कृति मंच की रायपुर ईकाई का पुर्नगठन किया गया है. रविवार को यहां अपना मोर्चा के शंकर नगर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में कवि एवं कथाकार आनंद बहादुर को सर्व सम्मति से दूसरी बार ईकाई का अध्यक्ष चुना गया। सचिव की जिम्मेदारी युवा आलोचक इंद्र कुमार राठौर को दी गई है। युवा कवि प्रोफेसर अजय शुक्ला सह- सचिव बनाए गए हैं. लेखिका वंदना कुमार को उपाध्यक्ष एवं मधु वर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी में युवा आलोचक भुवाल सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल, अजुल्का सक्सेना, नरोत्तम शर्मा,वसु गंधर्व, निवेदिता शंकर, अखिलेश एडगर को शामिल किया गया है. देश के नामचीन आलोचक एवं केंद्रीय साहित्य अकादमी दिल्ली में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि सदस्य डॉ. सियाराम शर्मा तथा संस्कृतिकर्मी राजकुमार सोनी को ईकाई का संरक्षक नियुक्त किया गया है।

# सुनील सोनी ने किया मठपुरैना में जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घघाटन विधायक सुनील सोनी ने फीता काटकर किया । जन औषधि केन्द्र खुलने का समय सुबह 9 बजे से 3 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। इस केंद्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी । श्री सोनी ने कहा कि मोदी जी का विजन है कि हर शहर के कोने कोने में हर वार्ड में , गांव तक जेनेरिक दवाओं की पहुंच हो ताकि लोगों को सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध हो सकें। कोई भी मरीज महंगी दवाइयों के कारण उपचार से वंचित न रहें अच्छे स्वास्थ से निरोगी समाज का निर्माण होता है। विधायक सोनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना में पूरे परिसर का साफ सफाई , मेडिकल सुविधा , डॉक्टर रूम , नर्सिंग स्टाफ , एवं पूरे परिसर का अवलोकन करने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी संख्या में इलाज के लिए इंतजार करते हुए रोगियों से उन्होंने बात किया और डाक्टर की संख्या बढ़ाने हेतु सीएमओ को निर्देश दिए और सभी प्रकार की दवाइयां लोगों को उपलब्ध हो उस पर ध्यान देने की बात किए । कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथियों को प्रतिक स्वरूप पौधे भेंट किया गया। जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर विशेष रूप से सीएमओ मिथिलेश चौधरी, मेडिकल ऑफिसर डॉ ज्योतिष टंडन , जोन अध्यक्ष बद्रीप्रसाद गुप्ता, पार्षद रमेश सपहा , पूर्व कुलपति प्रो. लक्ष्मी शंकर निगम जनऔषधि केंद्र की प्रोपराइटर श्रीमती वंदना निगम, जितेन्द्र निगम , अजीत निगम , प्रज्ञा निगम, कृष्ण कुमार निगम , डॉ शैलजा निगम के स्टाफ और नागरिक उपस्थित रहे।



**इस केंद्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी**

## कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने ब्राह्मण समाज ने किया प्रदर्शन



**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के बारे में अभद्र भाषाओं की टिप्पणी किए जाने पर उनके ऊपर एफ आई आर दर्ज करने की मांग को लेकर सोमवार को ब्राह्मण संगठनों ने कोतवाली थाना में प्रदर्शन किया ।लगातार तीन घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद भी अब तक जुर्म दर्ज नहीं किया है। लेकिन अब भी संगठन के कार्यकर्ता थाने में मौजूद है। सोमवार को दोपहर 12 बजे नीलकंठ त्रिपाठी के नेतृत्व में ब्राह्मण महासंघ के सदस्यों ने अनुराग पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली थाना पहुंचे। थाने के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे।

# छग डॉक्टर्स फेडरेशन ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में सुपरस्पेशलिटी, पीजी और एमबीबीएस डॉक्टरों को बॉन्ड पोस्टिंग, आर्थिक दवाब और प्रशासनिक विलंब जैसी कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन मुद्दों के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपा है।

पीजी डॉक्टरों को पी एचसी और सीएचसी में नियुक्त किया जा रहा है, जहां उनकी विशेषज्ञता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता ।इससे जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी रहती है। एमबीबीएस और पीजी डॉक्टरों को क्रमश: ?25 लाख और ?50 लाख की बॉन्ड राशि जमा करनी होती है। जिसमें प्रॉपर्टी मॉर्टगेज की आवश्यकता होती है। यह निम्न और मध्यम वर्गीय छात्रों के लिए आर्थिक रूप से अत्यधिक बोझिल है। बॉन्ड पोस्टिंग में विलंब- जनवरी 2025 में पीजी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कई डॉक्टर अभी तक बॉन्ड पोस्टिंग की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका और अनुभव दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सुपरस्पेशलिटी कैडर का अभाव- राज्य में सुपरस्पेशलिटी डॉक्टरों की कमी है, जिसका मुख्य कारण कम वेतन और सुपरस्पेशलिटी कैडर का न होना है ।अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की तर्ज पर सुपरस्पेशलिटी कैडर का निर्माण आवश्यक है।

**ये हैं प्रमुख मांगें**

बॉन्ड पोस्टिंग में पीजी डॉक्टरों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार मेडिकल कॉलेजों या जिला चिकित्सालयों में नियुक्त किया जाए। बॉन्ड राशि और मॉर्टगेज की शर्तों में शिथिलता प्रदान की जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। बॉन्ड पोस्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि डॉक्टरों को समय पर नियुक्ति मिल सके। राज्य में सुपरस्पेशलिटी कैडर का गठन किया जाए, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों को उचित मान-सम्मान और वेतन मिल सके।

**सुपरस्पेशलिटी कैडर बनाने, बॉन्ड पोस्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने सहित प्रमुख मांगें**

## जेईई मेंस 2025 में ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए यह विद्यालय सतत् प्रयासरत रहता है यहां छात्रों के बौद्धिक क्षमता को परख कर उन्हें उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन अनुभवी और विषय विशेषज्ञों की मदद से आगे बढ़ाया जाता है। यहां केवल पाठ्यक्रम से संबंधित ही नही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी पूरी तैयारी कराई जाती है, जिसके फलस्वरूप इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने जेईई मेंन्स 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशतसे ज्यादा हासिल किया। छात्रों के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर, विद्यालय प्रबंधन कमेटी तथा सभी शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की है।

## नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम आयुक्त ने जोन क्र. 2 के अंतर्गत महात्मा गाँधी वार्ड में नारायण हॉस्पिटल के समीप आरआरआर ( रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल ) सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होने आरआरआर सेंटर्स का समाजहित में केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन और रायपुर जिला प्रशासन की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप अच्छी तरह से संचालन करना जोनों के माध्यम से सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए हैं।

## निधन

### रोशन चंद्राकर

**महासमुंद** 21 अप्रैल। स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी रोशन चंद्राकर 70 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे केवल चंद्राकर के पिता, विजय ज्वेलर्स, रूचि, ज्वेलर्स, चंदूलाल ज्वेलर्स के संचालक विजय चंद्राकर के बड़े भाई थे।



### समारिन बाई तेलक

**महासमुंद** 21 अप्रैल । ग्राम साराडीह निवासी श्रीमती समारिन बाई तेलक 84 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम साराडीह में किया गया। वे नंदलाल, नगर पालिका में पदस्थ लिपिक सीताराम तेलक, गोकूल तेलक, नाथूराम तेलक की मां थी।

### विजय चंद्र सिंह

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल। एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के पूर्व कर्मी, क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य, एकता चौक कैलाश नगर निवासी विजय चंद्र सिंह का आज सुबह 11 बजे बीएम शाह अस्पताल में निधन हो गया वे 70 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 22 अप्रैल को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र, 4 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं वे ट्रांसपोर्टेर अनिल सिंह, सुनील सिंह के पिता थे।



### लीला बाई हत्थेल

**डोंगरगढ़,** 21 अप्रैल। ग्राम अछोली बगदई पारा निवासी श्रीमती लीला बाई हत्थेल 88 वर्ष का सोमवार को दोपहर मे निधन हो गया जिनकी शव यात्रा उनके निवास स्थान से अंतिम संस्कार के लिए इंदिरा नगर मुक्तिधाम के लिए 22 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे निकाली जायेगी। वे उमेश, रितेश हत्थेल की माता थी।



# रात दो बजे तक डीजे बजने से स्कूल कालेज के छात्र व वार्डवासी परेशान

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पंजाब केसरी भवन में देर रात तक झनकने वाले डीजे साउंड से परेशान लोगों ने निजात पाने के लिए पार्षद का दरवाजा खटखटाया। पार्षद रेणु जयंत साहू ने वार्डवासियों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की।

पूरे मामले की जानकारी देते हुए पार्षद रेणु जयंत साहू ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51 जोरा तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंजाब केसरी भवन आता है। भवन के आसपास बस्ती और कॉलोनी है, जहां स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं द्य उक्त भवन विवाह व अन्य समारोह के लिए किराए पर दिया जाता है। यहां हमेशा देर रात तक डीजे साउंड का उपयोग किया जाता है द्य इसके ध्वनि प्रदूषण से काफी लोग विचलित हो जाते हैं। विशेषकर पढ़ने वाले बच्चों एवं बीमार व वृद्ध लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।



स्थानीय निवासियों ने बताया, उक्त भवन के प्रबंधन समिति के अधिकारी को धीमी आवाज का उपयोग करने के लिए निवेदन किया किंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई ।पंजाब केसरी भवन के प्रबंधकों द्वारा हाईकोर्ट की गाइडलाइन का स्पष्ट उल्लंघन किया जा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

**पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन**

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्षद रेणु जयंत साहू ने कहा कि प्रबंधन समिति द्वारा इस पर रोक नहीं लगाई गई तो प्रबंधन समिति के घर के सामने डीजे बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा द्य इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पंजाब केसरी प्रबंधन समिति की होगीद्य वहीं इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग भी की है।

**पार्षद ने एसपी से की शिकायत**

# 26 को लॉन्च होगा रहेजा अम्बारा

## रायपुर का नया प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट

**रायपुर,** 21 अप्रैल। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पिरदा क्षेत्र में रहेजा ग्रुप अपने नए प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट च्रहेजा अम्बाराज का भव्य शुभारंभ 26 अप्रैल को करने जा रहा है। यह लॉन्च कार्यक्रम 26 एवं 27 अप्रैल को आयोजित होगा, जहां ग्राहक प्रोजेक्ट से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और ऑन-स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक ऑफ़र्स का लाभ उठा सकेंगे। रहेजा अम्बारा को चलिव लाइफ लिमिटलेसज की सोच के साथ विकसित किया गया है। यह प्रोजेक्ट आधुनिक जीवनशैली, बेहतरीन कनेक्टिविटी और प्रकृति के सौंदर्य का संतुलन प्रस्तुत करता है।

इस प्रोजेक्ट में सभी आयु वर्ग के लोगों की ज़रुरतों को ध्यान में रखते हुए योगा ज़ोन, बच्चों के लिए प्ले एरिया, क्लब हाउस, गार्डन, वॉकिंग ट्रैक और इंडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं दी जा रही हैं। इसकी एक खास विशेषता चार भव्य गार्डन्स हैं, जो प्रोजेक्ट के विभिन्न सेक्टरों में विकसित किए गए हैं ताकि हर दिशा में हरियाली और प्रकृति से जुड़ाव बना रहे।

रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय रहेजा ने बताया, च्रहेजा अम्बारा को इस सोच के साथ डिज़ाइन किया गया है कि लोगों को च्बेस्ट लोकेशन में बेस्ट प्राइसज मिल सके। यह प्रोजेक्ट सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भविष्य के लिहाज से एक स्मार्ट इनवेस्टमेंट विकल्प होगा। पिरदा स्थित यह प्रोजेक्ट एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे, नया रायपुर, विधानसभा रोड सहित शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, ज़ोरा मॉल और मैग्नेटो मॉल जैसे प्रमुख शॉपिंग माल्स से बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड है तथा सभी शासकीय अनुमतियों से स्वीकृत है।

**लिव लाइफ लिमिटलेस की अवधारणा पर आधारित प्रोजेक्ट, जहां सुविधाएं और सुकून साथ-साथ मिलेंगे**

## 10 में से 8 मामलों में आरोपी का होता है कांग्रेस कनेक्शन : भाजपा

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया. कांग्रेस के इस प्रदर्शन को भाजपा ने अपराध के खिलाफ अपराधियों का प्रदर्शन करार दिया है। मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने को लेकर कांग्रेस पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन आम लोगों के लिए आश्चर्यजनक है क्योंकि 10 में से 8 मामले में अपराधी कांग्रेस से जुड़े होते हैं. कांग्रेस के शासनकाल में नशे को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस दौरान उन्होंने भूपेश सरकार की प्रमुख घटनाएं गिनाई। उन्होंने कहा कि सूरजपुर की घटना में कांग्रेस कार्यकर्ता कुलदीप साहू था।

# एनएचएम कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**रायपुर,** 21 अप्रैल। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी बहुतायत जिलों में वेतन को तरस रहे हैं। त्यौहार और शादियों के सीजन में कर्मचारियों की खाली जेब ने उन्हें न केवल परेशान कर रखा है बल्कि रोजमर्रा के खर्चों को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के मुताबिक 25 जिलों रायगढ़, कोंडागांव,सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, सूरजपुर, कोरिया, कबीरधाम, गरियाबंद, कोरबा, मुंगेली, जशपुर, दुर्ग, कांकेर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, गौरेला पेंड्रा मरवाही, राजनांदगांव समेत अन्य जिलों में एनएचएम कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है ।वही राज्य कार्यालय के स्टाफ को वेतन जारी हो गया है ।छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने मिशन संचालक को ज्ञापन सौंपकर जल्द वेतन का भुगतान करने की मांग की है। परेशान कर्मचारियों ने बताया कि, संविदा की नौकरी जिसमें अल्प वेतन में कार्य कर रहे है और बचत इस महंगाई में कर नहीं सकते। आजकल कई कर्मचारियों के लोन होते हैं, घर का किराया, बच्चों की फीस, बड़े बुजुर्गों की दवाई का खर्च भी रहता है ।ऐसे में समय पर वेतन न मिलना कर्मचारियों में निराशा पैदा कर रहा है ।स्थिति यह हो गई है कि रोजमर्रा के खर्चों को संभालने भी उधार लेने की नौबत आ रही है।





इसे लेकर कमर्चारियों में बहुत आक्रोश है। उनका कहना है कि नई सरकार से संविदा से मुक्ति के लिए कुछ प्रयास की आशा थी पर यहां तो समय पर वेतन मिलना मुश्किल हो गया है। मोदी की गारंटी तो पूरी होती नहीं दिखती अलबत्ता दैनिक जीवन जरूर प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने कहा, यही हाल रहा तो आंदोलन करने मजबूर होंगे ।अभी हाल ही में मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला को बनाया गया है, जो पूर्व में भी इसका दायित्व निभा चुकी हैं और उनके पूर्व कार्यकाल में वेतन के लिए बजट की कमी नहीं होती थी। उनके द्वारा कर्मचारियों के नियमितीकरण, ग्रेड पे के संबंध में भी काम हुआ था।

**मोदी की गारंटी तो पूरी नहीं हुई, वेतन नहीं मिलने से परिवार चलाना मुश्किल**

# भीषण गर्मी, स्कूलों में छुट्टी देने की मांग

**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को लेकर राज्य भर के स्कूली बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी है। लिहाजा अब स्कूलों में गर्मी की छुट्टी की मांग उठने लगी है। गर्मी की छुट्टी देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने एक पत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को लिखा है।

पत्र में प्रदेश के सभी स्कूलों में तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता द्वारा भेजे गए इस पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है, जिससे खासकर छोटे कक्षा (नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक) के बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कई स्कूलों से छोटे बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों दोनों में चिंता का माहौल है ।राजीव गुप्ता ने कहा कि छोटे बच्चे न तो गर्मी को ठीक से सहन कर पाते हैं और न ही उन्हें इस मौसम में स्वयं को सुरक्षित रखने के पर्याप्त उपाय पता होते हैं।



ऐसे में स्कूलों तक पहुंचना और वहां कई घंटे बिताना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। एसोसिएशन ने आग्रह किया है कि राज्य सरकार तुरंत प्रभाव से सभी शासकीय और निजी स्कूलों के लिए गर्मी की छुट्टियां घोषित करे। इसके अलावा, एसोसिएशन ने सुझाव दिया है कि यदि छुट्टियां तुरंत घोषित नहीं की जातीं, तो कम से कम कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को स्कूल आने से अस्थायी रूप से छूट दी जाए या स्कूल समय में परिवर्तन कर उसे सुबह के समय तक सीमित किया जाए।

**छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री साय को लिखा पत्र**



छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहला राष्ट्रीय अखबार
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
के स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अंजय शुक्ला
अध्यक्ष
छ.ग. सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन
विनीत – छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन
सबका साथ सबका विकास

## उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।

मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

## संपादकीय

### रील बनाने मौत को गले लगाते लोग

*मोबाइलों की उपयोगिता से इंकार न करने के बावजूद इसका खतरनाक स्तर तक दुरुपयोग सामने आ रहा है। उसके जरिये अपराध तो हो ही रहे हैं, लोग काम-धाम छोड़कर उनमें खोये रहते हैं। वाट्सएप, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म लोगों को व्यस्त रखते हैं। मोबाइल कैमरों से सेल्फी खींचने के अलावा लोगों का नया शौक रीलें बनाने का है। जहां भी देखें तो लोग रील बनाते दिखते हैं। इसका शौक इस कदर बढ़ रहा है कि लोग अपनी जान पर खेल कर रीलें बना रहे हैं। कई ऐसी भी घटनाएं होती है कि उन्हें बनाने न दिया जाये तो वे आत्महत्या तक कर रहे हैं।*

*पिछले साल फरवरी में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल डीकेएस प्रबंधन ने 3 नर्सों को नौकरियों से बर्खास्त कर दिया है जो अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में रीलें बनाकर सोशल मीडिया पर डालती थीं। तीनों बर्न विभाग की यूनिफॉर्म पहनकर फिल्मी गानों पर रीलें बनाती थीं जबकि उनकी ड्यूटी ऑपरेशन थियेटर में नहीं थीं। उन्हें कई बार इसके लिये मना किया गया था फिर भी वे बाज नहीं आती थीं। कई बार बर्न विभाग की प्रभारी सिस्टर तथा विभागाध्यक्ष ने प्रबंधन से उनकी शिकायत की थी। इन तीनों नर्सों- पुष्पा साहू, तेजकुमारी साहू व तृप्ति दासर द्वारा जब रीलें बनाना जारी रहा तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बर्खास्त कर दिया। एक अन्य घटना भिलाई की है जहां रचना साहू नामक महिला का पति उसके द्वारा सारे वक्त मोबाइल के इस्तेमाल करने से परेशान रहता था क्योंकि वह घर के काम छोड़-छाड़कर पूरा समय मोबाइल पर व्यस्त रहती थी। वह अपनी रीलें सोशल मीडिया पर डालती रहती थी। उसका पति भूपेन्द्र मिस्त्री है जिसका पेशा टाइल्स का है। वह बार-बार उसे घर के कामों पर ध्यान देने के लिये कहता था। इसके चलते दोनों के बीच झगड़े होते थे। कुछ माह पहले की बात है, एक दिन उसके पति ने रचना का मोबाइल छीन लिया और अपने साथ लेकर काम पर चला गया। नाराज़ महिला ने पति के जाने के बाद उसने फांसी लगा ली।*

*ताजा घटना भिलाई की है। तीन नाबालिग हर्ष, जय और आदित्य आधी रात को निकले थे और शनिवार को बहुत सुबह मोटर साइकल पर सवार होकर रील बना रहे थे। हर्ष बाइक चला रहा था जबकि दोनों पीछे बैठे थे। रील बनाने हुए मोटर साइकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। हर्ष व जय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और आदित्य बुरी तरह घायल हो गया।*

*तीनों ही घटनाएं बतलाती हैं कि सोशल मीडिया पर दिखने का क्रेज़ ऐसा बढ़ चला है कि लोग, खासकर युवा इसके पीछे लगकर न केवल नौकरी खो रहे हैं बल्कि आत्महत्या कर रहे हैं और मौत को गले लगा रहे हैं।*

# दस वर्षों से बंद स्टेशन रोड-दादाबाड़ी मार्ग फिर खुलेगा : यादव

## मुआवजे के लिये 6 करोड़ स्वीकृत, इसी वर्ष बन जानी चाहिए सड़क, विधायक ने लोक निर्माण अधिकारियों को किया निर्देशित

**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। स्टेशन रोड में दादाबाड़ी जाने के लिए लगभग 10 वर्षों से बंद हो चुका रास्ता अब फिर से खुल जायेगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा किया गया प्रयास अब पूर्णता की ओर है। इस रास्ते से बड़ी संख्या में आवागमन करने वाले नागरिकों को परेशानी को देखते हुए रास्ते को विधिवत पुन: शुरू करने विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा की गई पहल को शासन ने संज्ञान में लिए और सड़क को पुन: शुरू करने सहमति दिए है। शासन के वित्त विभाग ने प्रभावित को 6 करोड़ मुआवजा राशि देने स्वीकृति मिलने पर विधायक गजेन्द्र यादव पीडब्लूडी के अधिकारियों, क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में स्थल का निरिक्षण किये और बंद सड़क को इसी वर्ष से शुरू करने सभी आवश्यक कार्यवाही त्वरित करने निर्देश दिए।



बंद सड़क को पुन: शुरू करने सिंधी कॉलोनी के नागरिकों ने पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी के साथ विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर समस्या बताये थ, जिस पर तत्कालीन कलेक्टर ऋचाप्रकाश चौधरी, एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार, नगर तथा ग्राम निवेश के संचालक, निगम आयुक्त के साथ मौका मुआयना कर बंद रास्ता को विधिवत शुरू करने कलेक्टर को राज्य शासन को मुआवजा संबंधित प्रस्ताव भिजवाकर जनहित से जुड़े मुद्दे पर स्वयं विभागीय मंत्री, सचिव और शासन का ध्यान आकर्षण कराये ताकि वार्ड न. 24, 25,26 एवं 27 के नागरिक मालवीय चौक पार कर दादाबाड़ी होते स्टेशन रोड, ग्रीन चौक और बाजार की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए जीवन रेखा सड़क पर आवागमन में सहूलियत मिल सके तथा स्टेशन रोड पर ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित किया जा सके।

गौरतलब है की बोरसी, पोटिया, कसारिडीह, सुभाषनगर, पद्मनाभपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले नागरिक मालवीय चौक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ब्रम्हाकुमारीज ने किया गया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

## जनता ने विश्वास से चुना है, वाणी पर संयम जरूरी : चंद्राकर



**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा के आनंद सरोवर में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने ब्रम्हाकुमारीज संस्था की प्रशंसा करते हुए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से कहा कि जनता ने हमें बड़े विश्वास से चुना है तो हमे अपनी वाणी पर भी संयम रखना चाहिए।

इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष धमधा प्रीति देवांगन के अलावा दुर्ग, धमधा, व गुण्डरदेही ब्लाक के जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य पंच सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी संस्था की संचालिका रीटा बहन, वरिष्ठ राजयोगी रूपाली बहन ने भी संबोधित किया और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन दाऊराम भाई ने किया।

# विधायक ललित चंद्राकर की मां पूर्णिमा चंद्राकर का निधन

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक जताया

**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। आर्य नगर निवासी पूर्णिमा चंद्राकर (89) का आज सुबह साढ़े 11 बजे निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. अर्जुन चंद्राकर की पत्नी, अशोक चंद्राकर तथा दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर एवं मैत्री नगर रिसाली की पार्षद सुनंदा चंद्राकर की मां तथा सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर की सास थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर की मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



श्री चंद्राकर के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार श्रीमती चंद्राकर विगत कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। आज सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास उनका निधन हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जिले के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण व आम कार्यकर्ता श्री चंद्राकर के आर्य नगर स्थित निवास में पहुंचने लगे।

दोपहर उनकी शवयात्रा निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए शिवनाथ नदी के घाट स्थित शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम पहुंची। अंतिम संस्कार के समय विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन वैशाली नगर, विधायक अहिवारा डी.एल.कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, नगर निगम के सभी पार्षदगण, जिला जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदस्यगण, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, नगर निगम के सभी नये पुराने पार्षदगण सहित आम नागरिकगण चंद्राकर समाज सहित विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे।

# कलेक्टर जनदर्शन में शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूल में प्रवेश दिलाने सर्वाधिक आवेदन

**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सहायक कलेक्टर अभिजीत पठारे एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 137 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में सबसे अधिक शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश दिलाने के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे अंजोरा निवासियों ने पेयजल की समस्या को लेकर आवेदन दिया। ग्राम अंजोरा(ढाबा) में पेयजल हेतु कोई भी पर्याप्त संसाधन नही है। गांव में एक ही बोर हैए जिससे पूरा गांव पानी पी रहा है। पानी की टंकी बने सात साल हो गए हैं, लेकिन गांव वालों को आज तक टंकी से पानी प्राप्त नही हुआ है। पानी को लेकर गांव वालों को बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में बोर खनन,



- ग्राम अंजोरा में पेयजल समस्या निराकरण को लेकर ग्रामीण की गुहार

हैंडपम्प सुधारने एवं टेंकर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने पीएचई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत कक्षा पहली में प्रवेश हेतु नोडल अधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया कि बीपीएल राशन कार्ड में माता.पिता का नाम दर्ज नहीं है। इस पर अभ्यर्थी के परिजनों ने आपत्ति जताया। अभ्यर्थी के पिता ने बताया कि वर्ष 2007.08 में जब बीपीएल सर्वे हुआ था, उस समय उनकी पुत्री नाबालिक थी और उनके दादा जो उस समय परिवार के संरक्षक थेए के नाम पर ही बीपीएल कार्ड बना था। वर्तमान सत्र ना तो नगर निगम और ना ही राज्य शासन द्वारा कोई नया बीपीएल सर्वे किया गया है, जिस कारण वर्तमान बीपीएल कार्ड में उनका नाम नहीं जुड़ सका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007-08 में जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में उनके परिवार का नाम हितग्राही के रूप में दर्ज है और यह प्रमाण पत्र शाला प्रवेश हेतु जारी किया गया था। इसी आधार पर आरटीई के अंतर्गत बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। इस पर सहायक कलेक्टर ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदनों का परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

बगदाई धाम कॉलोनी वासियों ने स्ट्रीट लाईट लगवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बघेरा से कोटनी मार्ग बहुत ही व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग में हजारों लोगों को आना.जाना लगा रहता है। रात होते ही सड़क पर पशु-मवेशी तथा शराबी लोगों का जमावाड़ा लगा रहता है। यह मार्ग अंधेरा होने के कारण दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# कलेक्टर ने पतोरा में एफएसटीपी और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के कार्यों को सराहा



**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और वाटर एड संस्था के कर्मचारियों द्वारा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की विस्तृत कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस यूनिट में 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों से मल-जल को एकत्र कर फिल्टरिंग हेतु टैंकों में संग्रहित किया जाता है। मल-जल को विभिन्न चेंबरों और टैंकों से गुजारकर कई स्तरों पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके पश्चात् इससे तैयार खाद को सोना खाद के नाम से जाना जाता है। यह खाद खेतों में उपयोग हेतु बेहद लाभकारी है।

एफएसटीपी में उपचारित जल को भी एक अलग चैम्बर में संग्रहित कर उसे गार्डनिंग (बागवानी) हेतु पुन: उपयोग किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस नवाचार की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि आसपास के गांवों में क्लस्टर बनाकर इसी प्रकार की और यूनिट स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि हम अब गांवों को ओडीएफ बना चुके हैं, अब हमारा अगला लक्ष्य ठोस मल-जल प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करना है। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भूजल एवं मृदा को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से बचाने पर विशेष बल दिया और प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटारे के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# चेम्बर ऑफ कामर्स के शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग जिला छाया रहा



**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग छाया रहा। इस अवसर पर चेम्बर के अध्यक्ष सतीश थारानी के साथ ही उपाध्यक्ष अशोक राठी, महामंत्री अजय भसीन, एवं प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा, ने भी शपथ ग्रहण कर दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व किया। इन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष नंदन जैन, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, चंद सुंदरानी, पूरन लाल अग्रवाल, संजय रूंगटा, पूर्व अध्यक्ष अमर पारवानी सहित छत्तीसगढ चेंबर ऑफकॉमर्स के वर्तमान पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारीगण सहित छत्तीसगढ़ से सभी स्थानों से आए व्यापारीगण की उपस्थिति थे। समारोह में दुर्ग जिला के व्यापरीगण शामिल हुए।

# अंडर 11 शतरंज विजेता बनने पर प्रांजल सिंह को जिला शतरंज ने दी बधाई

**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। जगदलपुर स्पोर्ट्स क्रॉनिकल, जिला शतरंज संघ बस्तर के सहयोग से चेस कॉम द्वारा जगदलपुर में 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित अंडर 11 अंडर 15 एवं ओपन वर्ग की शतरंज स्पर्धा में अंडर 11 आयु वर्ग में भिलाई के प्रांजल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रांजल सिंह को तीन हजार रुपए नगद, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल सिंह के पी एस स्कूल नेहरू नगर के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता पंकज सिंह तथा जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नालोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय सहसचिव संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी के अलावा जयंता दास, जवाहर सिंह, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा ,त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान, अजय साहू ने खुशी जताते हुए प्रांजल सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# विधायक ने ट्रांसपोर्ट नगर में बारिश के पूर्व सड़क व नाली निर्माण के दिए निर्देश

**दुर्ग**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने अपने आज के प्रभात भ्रमण के अंतर्गत सिकोला भाठा वार्ड पहुंचकर जनता से संपर्क किया व समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियक के साथ सिकोला भाठा के ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क बनाने व मुख्यमार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण भी किया। उन्होंने इंजीनियर को निर्देशित किया कि वार्ड में स्वीकृत हो चुके कार्यो को शीघ्रता से पूरा करायें।

वार्ड पार्षद युवराज कुंजाम ने विधायक को ट्रांसपोर्ट नगर की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि यहां के निवासी वर्षो से यहां पर पक्की सड़क व नाली निर्माण की मांग करते आ रहे है। विधायक श्री यादव पार्षद श्री कुंजाम एवं वार्डवासियों की बातें सुनकर बरसात से पहले सड़क निर्माण कार्य पूरा करने को कहा।

विधायक गजेन्द्र यादव के सिकोला भाठा पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में वार्डवासियों के साथ भाजपा के लोग भी वहां पहुंचें। इस अवसर पर पार्षद व एमआईसी प्रभारी कांशीराम कोसरे, मनोज सोनी, खिलावन मटियारा, रेशाम सोनकर, ललिता ठाकुर, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, मंडल भाजपा अध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



# दुर्ग संभाग के 36 व जिले के 6 व्याख्याता जाएंगे भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे

**कुम्हारी**, 21 अप्रेल (देशबन्धु)। पी एम श्री योजना के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ चरण के विद्यालयों से, दुर्ग संभाग के 36 और दुर्ग जिले के 6 व्याख्याता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) पुणे जाएंगे।

राष्टीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पी एम श्री विद्यालयों से 132 व्याख्याताज भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे7 यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय,समग्र शिक्षा छ. ग. रायपुर के द्वारा ,पी एम श्री योजना के अंतर्गत, शिक्षकों की गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में क्षमता विकास हेतु आयोजित की जा रही है 7 इस कार्यशाला में आशीष गौतम, पी एम श्री समन्वयक, छत्तीसगढ़,के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम आगामी 25 अप्रैल 2025 को पुणे प्रस्थान करेगी। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे ।कार्यशाला में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। दुर्ग संभाग से राजनांदगांव,बालोद ,बेमेतरा,दुर्ग,कवर्धा,खैरागढ़, छुईखदान,मोहला मानपुर चौकी जिलों के 36 व्याख्याता भागीदारी देंगे। दुर्ग जिले से अपने विद्यालय के गणित ,रसायन , जीवविज्ञान में सक्रिय छ्व्याख्याताओं का चयन इस कार्यशाला हेतु किया गया है जिनमें,श्रीमती प्रीति जैन ,व्याख्याता ,पीएम श्री,नगपुरा,श्रीमती चंद्रमुखी साहू, व्याख्याता,पीएम श्री बालाजी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

पीएमश्री योजना

# निर्धन परिवारों की लड़कियों-लड़कों का विवाह 29 से



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद् की अपनी 1600 इकाईयों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सरल विवाह कार्यक्रम देश के विभिन्न स्थानों में प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किये जाते हैं। जिसका उद्देश्य है सरल, सस्ती, संस्कारित और सुखद भावना से सकल समाज के सहयोग द्वारा निर्धन परिवारों की लड़कियों और लड़कों का विवाह गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराना। भिलाई में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व.भगवती प्रसाद रायका की स्मृति में यह कार्यक्रम अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई,श्री बाँके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई, भारत विकास परिषद भिलाई एवं परिषद् की ही महिला प्रधान इकाई नारायणी के संयुक्त तत्वावधान में 29 एवम् 30 अप्रैल मंगलवार एवं बुधवार को अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, महेश्वरी भवन सेक्टर 6 एवं राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर पूर्व में संपन्न होने जा रहा है। 29 अप्रैल मंगलवार को हल्दी, मेहंदी, मंगलगीत, दूल्हा दुल्हन को कपड़े और श्रृंगार समग्री वितरण तथा 30 अप्रैल बुधवार अक्षय तृतीया के दिन बारात हुडको आमदी नगर से सेक्टर 9 हनुमान मंदिर एवं अन्य मंदिर, स्थानों से होते हुवे अग्रसेन भवन आएगी जहाँ वरमाला वैदिक विधि से परिणय संस्कार और फिर गृह उपयोगी सामग्री तथा विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए जायेगें। इस पावन अवसर पर अनेक परिवार विशेषकर जिनकी बेटियाँ नही होती हैं वे बढ़ चढ़ कर कन्यादान कार्यक्रम मे तन मन धन से सहभागी बनते हैं। समग्र भारतीय समाज के सभी वर्गों का सहयोग एवं सहभागिता इस पुनीत सामाजिक कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है।

# निगम में आने वालों से अच्छा व्यवहार करें : राजीव

## निगम आयुक्त की उपस्थित में भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आज सोमवार को नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान अधिकारियो को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमे मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिको के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है उसको सूना जावे, इससे उनको भरोसा मिलता है। जो काम खुद के करने लायक हो उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दुबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियो को भी सूचित करना चाहिए। शासन का दिशा-निर्देश है कि हमे समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आए, अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है जिससे हमारा परिवार चलता है। आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समीक्षा के दौरान प्रमुख मांगे जो थी उसमें पानी की समस्या जिस पर शीध्र अतिशीध्र निराकरण किया जावे। अगर कहीं पुरानी स्वीकृति है तो आवश्यकता के अनुसार कार्यो को पूर्ण कराया जाए। नागरिको के मांग अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जावे। सुशासन तिहार में जितने भी मांग वाले आवेदन है उसमें क्षेत्र के सब इंजीनीयर मौके पर जाकर संबंधित व्यक्ति से मिलकर निरीक्षण करें। जोन आयुक्त भी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। आयुक्त कभी भी किसी भी वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। सभी प्रकरणो पर समय अवधि के अंदर निराकरण करना आवश्यक है। प्रमुख रूप से सुशासन तिहार में जो आवेदन आए है उसमें से औसतन पानी की समस्या, साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क, नाली, ढक्कन निर्माणए पानी जमा होनाए अवैध कब्जा, महतारी वंदन योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। सबका निराकरण यथा संभव किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने डोम शेड के लिए दिए 20 लाख

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस के तत्वाधान मे सेक्टर 6 स्थित कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ प्रदेश स्तरीय भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिकेश सेन वैशाली नगर भिलाई के युवा विधायक ने भिलाई इस्पात मजदूर संघ के आग्रह पर 20 लख रुपए डोम शेड निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की एवं घोषणा की गई। जिसका निर्माण एक वर्ष के अंतराल में पूरी की जाएगी भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में हो रहे इस तरह की कार्यक्रम की नजर केंद्र सरकार विशेष कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी रहती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की संगठन भारतीय मजदूर संघ इकाई है। केंद्र सरकार इस तरह की आयोजनों पर गर्व करती है और पार्टी को मजबूती मिलती है। बीएमएस भारतीय मजदूर संघ जो कि श्रमिक संगठन है जो कि वर्तमान में मजबूती से खड़ी है उक्त बातें आज भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व मेंयुवा सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे वैशाली नगर के युवा विधायक ने कही। पंडालों में जो खर्च होता है वह बचाकर गरीबों कीं बच्चों की शादी में लगाने के लिए कहा और भारतीय मजदूर संघ के मांग पर उन्होंने 20 लख रुपएसे डोम शेड बनवाने की घोषणा की ।।गरीब मजदूरों की बच्चों की शादी में खर्च होगा । पंडाल में खर्च होने वाले पैसों से किसी गरीब की सहायता की जा सकती है। किसी गरीब के बच्चे की शादी या किसी गरीब को उनकी आवश्यक मदद किया जा सकता है। रिकेश सेन का स्वागत करते हुए उन्हें आभार व्यक्त किया गया। श्री सेन ने कहा कि दिल्ली में उन्होंने सेल चेयरमैन, स्टील मिनिस्टर से मुलाकात की और बैठक भी हुई। अगली बैठक बीएसपी के सीईओ सेल अध्यक्ष स्टील मिनिस्टर, स्टील राज्य मंत्री और भिलाई इस्पात इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू के अलाव भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी भी इस बैठक में शामिल होंगे।




कार्यक्रम में पुरुषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ जो कि भारतीय मज़दूर संघ का श्रमिक संगठन है उसकी इकाई भारतीय इस्पात मज़दूर संघ है और भारतीय मज़दूर संघ मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये लड़ने के लिए बनाई गई एक ईमानदार पार्टी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंख ध्वनि सिंह, के द्वारा की गई । उद्घाटन राधेश्याम जायसवाल ने किया और विशिष्ट अतिथि सुनील किरवई, योगेश दत्त मिश्र, दिनेश कुमार पांडेय, चन्ना केशवलू के द्वारा आयोजित किया गया। संघ के रीति नीति से प्रभावित होकर संयंत्र के दो दर्जन युवाओं ने संघ यूनियन में प्रवेश लिया। सभी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन संघ के महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय एवं आभार प्रकट प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंख ध्वनि सिंह के द्वारा किया गया । यह जानकार चन्ना केशवलू ने दी ।

# नकली नोट के आरोप में एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में नकली नोट खपाने पहुंचा के अरोप में एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चरोदा स्थित एक बेकरी में उक्त व्यक्ति पहुंचा और पांच सौ रुपए का नोट देकर आइसक्रीम की मांगी। दुकानदार ने नोट छूकर देखा तो उसे नकली होने का अहसास हुआ। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस से उस व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उस व्यक्ति के पास से 500 रुपए के और 200 रुपए के नकली नोट मिले। फिलहाल पुलिस ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुरानी भिलाई पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की है। चरोदा ज्योति विद्यालय के पास विवेक कुलश्रेष्ठ की जलाराम बेकरी के नाम से दुकान है। दुकान में एक व्यक्ति आईसक्रीम लेने के लिए पहुंचा और 500 रुपए का नोट दिया। नोट देखने से उसकी प्रिंट से नकली लग रहा था इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक योगेश्वर कुमार वर्मा उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी शुरू की। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेद्र महासमुंद का होना बताया। नकली नोट खपाने पहुंचा नरेन्द्र पहले भी इसी दुकान में नकली नोट खपा चुका है। दुकान संचालक विवेक ने बताया कि चार से पांच दिन पहले भी वह दुकान में पहुंचा था। दुकान में वह रात को करीबन 9.45 बजे आया और कुछ सामान लेने के बाद 200-200 रुपए चार नोट देकर चला गया। बाद में पता चला कि वह नकली नोट हैं। इससे उसने पहचाना और अपने पिता से भी पहचान कराने के बाद पुलिस को सूचना दी। आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) 179, 180 बीएनएस तहत कार्रवाई की गई।

# एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने बीएसपी के ईडी से की मुलाकात



**भिलाईनगर** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने नए फइनेंशियल ईयर में बीएसपी के ईडी एमएम एण्केण् चक्रवर्ती के साथ सौजन्य मुलाकात की और अपने कुछ ज्वलंत मुद्दे उनके समझ रखे। इन मुद्दों में एमएसएमई उद्योगों को इंक्वारी देते समय हेल्दी कॉम्पटीशन करने, एमएसएमई उद्योगों का निरीक्षण करने, प्रोपराइटरी आइटम की एक प्रदर्शनी लगाने, हर 5-6 माह में एमएसएमई के साथ बैठक करने और पूरे 1 वर्ष के लिए पास बनाए जाने की मांग प्रमुख थी।संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ईडी एमएम से उनके कक्ष में मिला। सर्वप्रथम ईडी श्री चक्रवर्ती का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात एक-एक करके सभी ने अपनी बात रखी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री खुराना ने ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि एमएसएमई उद्योगों को जो भी इंक्वारी दी जा रही है उसमें हेल्दी कॉम्पटीशन करने की जरूरत है। क्षमता के आधार पर जो बराबर की इंडस्ट्रीज है उन्हें समान इंक्वारी दी जानी चाहिए। देखा यह जा रहा है कि कुछ बड़े इक्विपमेंट आते हैं तो उसमें छोटी इंडस्ट्रीज को भी डाल दिया जाता है। छोटी इंडस्ट्रीज काम ले लेती है और फंस जाती है क्योंकि उनके पास वह काम करने की क्षमता नहीं होती। अब वह इंडस्ट्रीज काम करके नहीं दे पाएगी तो उसे 6 माह के लिए ब्लॉक कर दिया जाता है। इससे एमएसएमई इंडस्ट्री और स्टील प्लांट दोनों को नुकसान होता है। उद्यमी बृजमोहन अग्रवाल ने आग्रह किया कि बीएसपी प्रबंधन एमएसएमई उद्योगों का विजिट करें ताकि उसे पता चल सके कि उसके पास लोकल में कितने एमएसएमई है। यह एमएसएमई हर कार्य में पूर्ण है और हर कार्य करके दे सकते हैं। उद्यमी भगवान अग्रवाल ने प्रोपराइटरी आइटम की एक प्रदर्शनी प्लांट के भीतर लगाए जाने की मांग रखी। ऐसे आइटम जो बीएसपी प्रबंधन बाहर से ले रहा है उनकी प्रदर्शनी लगाई जाए ताकि यहां के एमएसएमई उद्योग उन्हें देख सके। प्रदर्शनी देखने के बाद उद्यमी अपनी इच्छा जाहिर कर सकते हैं कि वह यह आइटम बना सकते हैं। यदि इन आइटमों को लोकल एमएसएमई बना सकते हैं तो उन्हें यह इंक्वारी दी जानी चाहिए। उद्यमी आशुतोष तिवारी ने पास के मुद्दे को गंभीरता से रखा। उनका कहना था कि एमएसएमई उद्योगों के लिए पूरे 1 वर्ष का पास बनाकर दिया जाए। यदि किसी एमएसएमई उद्योग के पास परचेज ऑर्डर नहीं है तो भी पास मिलना चाहिए ताकि वह अधिकारियों से मिल सके और अपनी बात रख सकें। उद्यमी रामकुमार बंसल ने हर 5-6 माह में एक बार बीएसपी प्रबंधन के साथ एमएसएमई की बैठक रखे जाने की मांग रखी।अधिशासी निदेशक एमएम श्री चक्रवर्ती ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और उन्होंने आस्वस्थ किया कि वह अपने अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और सभी का हल निकालने का प्रयास करेंगे। एमएसएमई उद्योगों का विजिट करने का उन्होंने आश्वासन दिया। बैठक में बीएसपी प्रबंधन की ओर से सीजीएम के.सी. मिश्रा और ए.के. मिश्रा, जीएम मनोहर शर्मा एवं पी.बी. प्रभाकर तथा एमएसएमई उद्योग संघ की ओर से आशुतोष तिवारी, विजय अग्रवाल, भगवान अग्रवाल, देशराज यादव, बृजमोहन अग्रवाल, आर.के. सिंह, रामकुमार बंसल, अनिल शुक्ला और अंकित मेहता उपस्थित थे। बैठक पश्चात एमएसएमई संघ के पदाधिकारी व सदस्य अध्यक्ष के.के. झा से मिले और उन्हें इस बैठक की पूरी जानकारी दी।

# रतन माहिनी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की दिवंगत मुख्य प्रशासिका राजयोगीनी दादी रतनमाहिनी की पुण्य स्मृति में सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि दादी को सदा देह और कर्म के बंधन से मुक्त फरिश्तेपन की स्थिति में लाईट शक्ति स्वरूप में देखा। दादी साइलेंस पॉवर की अथॉरिटी थी। भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव प्रवास के दौरान दादी को स्वास्थ संबंधी परेशानी हुई। फिर भी दादी ने यह कहते हुए सेवाएं की यह कार्य परमात्मा का है हमे निमित्त बनकर सहयोग देना है, तब ही परमात्मा की संपूर्ण मदद मिलती है। दादी के निमित परमात्मा को विशेष भोग अर्पण करने के पश्चात भिलाई स्थित सर्व सेवाकेंद्रो की वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों सहित सभी ब्रह्मावतसो ने 101 वर्ष की आयु में दिवंगत मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ब्रह्मा वत्सो ने दादी की शिक्षाओं को जीवन में धारण कर कंट्रोलिंग पॉवर द्वारा एक मास मन को एकाग्र करने का दृढ़ संकल्प किया।

# विदाई में अपनी यादें साझा कर भावुक हुए बीएसपी कर्मी

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 ने समारोह का आयोजन कर माह मार्च 2025 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की। किसी कर्मी को सोसायटी के ऋण से लिया गया पहला ब्लैक एंड व्हाइट टेलीविजन याद आया तो किसी को यहां के ऋण से परिवार की पूरी की गई जरूरत की याद आई। स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के प्रति रिटायर कर्मियों का स्नेह हमेशा बना रहेगा।



इस दौरान कर्मियों ने भी अपनी बातें रखीं। पीएनई (सामान्य) से रिटायर आशा चौरसिया ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा यहां स्टाफऔर पदाधिकारियों का व्यवहार बहुत ही अच्छा रहा। कोई भी जरूरत हो तो तुरन्त पूरी की गई। उन्होंने कहा कि हम रिटायर लोग चाहते हैं कि भविष्य में भी सोसाइटी से ऐसा ही सहयोग मिलता रहे। इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग लेबोरैटरी (ईटीएल) से रिटायर अरूप रॉय ने सोसाइटी की कार्य प्रणाली की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की कार्य संस्कृति आगे भी ऐसे ही बनाए रखिए। वायर रॉड मिल से शिव कुमार डे ने अपना सेवाकाल याद करते हुए कहा कि जब मैंने पहला नियमित ऋण लिया था तो सोसाइटी से 5000 रूपए मिले थे, जबकि आज इस नियमित ऋण की सीमा 5 लाख तक की है, जो कि कर्मचारी हित में है। मशीन असेंबलिंग एंड रि.इंजीनियरिंग शॉप मार्स-1 से रिटायर बी वी दुर्गा प्रसाद ने कहा हमारे लिए सोसाइटी कुबेर का खजाना रही है। हमें जब भी जरूरत पड़ी ऋण मिलता रहा। टाउनशिप इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग विभाग से रिटायर रघुवीर प्रसाद पाटिल ने कहा कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा देने में इस सोसाइटी का कोई मुकाबला ही नहीं है और यही परंपरा अनवरत चलती रहे। वायर रॉड मिल कर्मी रहे हीराराम वैकर ने कहा कि मैंने पहले लोन से ब्लैक एंड व्हाइट टीवी खरीदा था। आज रिटायरमेंट पर अपने पुराने दिनों की याद ताजा हो गई। अन्य कर्मियों ने भी सोसाइटी की कार्यप्रणाली को सराहा और भविष्य में भी सोसाइटी की उन्नति की कामना की। अन्य रिटायर कर्मियों में टाउनशिप इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग विभाग से प्रकाश महाले, प्लेट मिल से पीलू राम साहू, ब्लास्ट फर्नेस से बुधैया, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से राम बलि और रामप्रवेश सिंह, सीआर से सुखदेव, भंडार से आर राम मूर्ति,वायर रॉड मिल से रवीन्द्र कुमार नागले, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से दया राम धुर्वे और पीताम्बर वर्मा, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गेनाइजेशन से नरेंद्र कुमार और प्रहाद सिंह ठाकुर, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस-3 से धनुष राम निषादराज, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से विजय कुमार पशीने, मशीन असेंबलिंग एंड रि.इंजीनियरिंग शॉप-1 से कुलेश्वर और सतर्कता से विनोद कुमार सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीनएसंचालक मंडल सदस्यगण पुरुषोत्तम सिंह कंवरए विपिन बन्छोरए जानकी राव, सतानंद चंद्राकर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन संचालक शशिभूषण सिंह ने और आभार प्रदर्शन संचालक वेदप्रकाश सूर्यवंशी ने व्यक्त किया।

# आपसी मसले सुलझ रहे रजामंदी से हो



**भिलाईनगर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुस्लिम समुदाय की तंजीम दारुल कजा भिलाई.दुर्ग के तीन साल पूरे होने पर इज्लास.ए.आम फरीद नगर मैदान में रखा गया। जिसमें तंजीम के कामकाज और इससे जुड़ी तमाम जानकारियां अवाम के सामने दी गई। इस इजलास की सदारत कर रहे मौलाना अतीक अहमद बस्तवी कन्वीनर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि मुल्क की आजादी में सभी धर्म ओर जाति समुदाय के लोगों का योगदान रहा है। इस मुल्क को अमन और शांति के प्रतीक बनाने में सभी की भूमिका रही है। हमारे उलेमा ए दीन की कुर्बानियां लगी है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि मुल्क के भाईचारे को कायम करने अपनी भूमिका निभाएं। खास मेहमान मौलाना तबरेज आलम कासमी आर्गेनाइजर काजी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस दौरान बताया कि सभी समाज में अपने समुदाय के भीतर के घरेलू और निजी मामलों में आपसी रजामंदी से हल निकालने पहल की जाती है। सदर जिल्लू रहमान और सेक्रेटरी मोहम्मद अरशद ने यहां मौजूद सभी तंजीमो के नुमाइंदों का इस्तकबाल किया। नायब सदर मोहम्मद नासिर ने दारूल कजा भिलाई दुर्ग का मकसद बताया। दारूल कजा के काजी शहर मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने बताया कि इसके जरिए 50 पारिवारिक मामलों के आपसी बातचीत रजामंदी से हल किया गया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के पारिवारिक व सामाजिक मसलों हल करने के लिए लोगों को अल्लाह का डर रखना चाहिए। इस मौके पर मौलाना शकील, मोहम्मद युसूफ नैय्यर इकबाल, सैय्यद असलम, हाजी अब्दुल हमीद, हाफिज़ सिराज, मौलाना दिलशाद, हाफिज शाह, आलम मोहम्मद इरफान, शरीफ खान, हबीबुर्रहमान, मेहबूब भाई, जहांगीर, सुलेमान, मोहम्मद अनवर पाशा, हाफ़िज़ मकसूद, मौलाना फैसल अमीन गुलजार भाई, रजा सिद्दीकी मौजूद थे।

# अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर के खिलाफ निगम का अभियान

**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र में चौक चौराहों पर सड़क के बीच में लगे बिजली पोलों या सरकारी दीवारों पर अवैध होर्डिंग बैनर पोस्टर लगा दिए गए हैं। जिसके कारण शहर की सुंदरता खराब हो रही है। आंधी पानी चलने पर बैनर पोस्टर गिर जाते हैं। जिसके कारण कभी-कभी इससे बड़ी दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सभी जोन में अवैध बैनर पोस्टर होडिंग निकालने का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही उन एजेंसी का नाम नोट किया जा रहा है, जिनके द्वारा बैनर पोस्टर लगाया जाता है। उन्हीं एजेंटीयों को नोटिस जारी की जाएगी, उनके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसी जानकारी मिली है कि एजेंसी के लोगों द्वारा ही ठेका लिया जाता है। बैनर पोस्टर लगवाने वाला व्यक्ति उनको पैसा दे देता है। वह कहीं भी सरकारी जगह पर अपना बनाया पोस्टर लगा देते हैं। एक तरफ देखने में आ रहा है कि लोगों में को होड लगी है, बैनर पोस्टर लगाने में। निगम भिलाई लोगों से अपील करता है कि नगर को साफ सुथरा सुंदर बनाने में सहयोग करें। यह शहर सबका है सबको मिलकर के साफसुथरा रखने की जिम्मेदारी है।




# तथागत महिला समिति ने सत्यलोक केन्द्र कैसदा का किया भ्रमण



**भिलाईनगर**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। तथागत महिला समिति के तत्वावधान में भिलाई के करीब 24 महिला का दल अध्यक्ष आयुष्मति कल्पना गजभिए के नेतृत्व में सत्यलोक केन्द्र कैसदा (सिमगा) में संचालित धम्मघोष दीपक छात्रावास के बच्चों के लिए भोजन सामग्री जिसमें 60 किलो चावल, 30 किलो आटा, एक टीन तेल, दाल 15 किलो व अन्य सामान दान किया। सर्व प्रथम बुद्ध वंदना की व धम्मचारी अमृतरत्न व्दारा सत्यलोक केन्द्र की जानकारी के साथ बोधिसत्व को दो कहानियों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अध्यक्ष कल्पना गजभिए व सभी महिलाओं ने 5200 रुपये दान दिया। कल्पना गजभिए ने महिला समिति गठित होने के उद्देश्य बताया। सुनंदा गजभिए, मीना नारनवरे ने बौद्ध धर्म में दान के पुण्य कार्य से संबंधित जानकारी दी। महिला समिति ने छात्रावास का भ्रमण किया व लाइब्रेरी एवं बुद्ध धर्म से संबंधित जानकारी ली। महिला समिति के सभी सदस्यों ने छात्रावास के बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान करुणा सहारे, सीमा धोक, रीना मडामें, तृषाली फुलझलें, आशा चौहान, वंदना गढ़पायलें, प्रिया खोबरागड़े, नम्रता मेश्राम, मीना नारनवरे, सुनंदा गजभिए, रंजन घोडके सविता इंदुरकर, इंदु ऊके, प्रतिभा मंडपे, संतकला श्याम कुवर, हंसा खोबरागड़े, नलिनी चौहान, सुनीता मेश्राम, एसुनीता प्रकाश मेश्राम, माधुरी बौद्ध, धन्य खोबरागड़े, श्रेया खोबरागड़े यश फूलझेले उपस्थित थे'

## प्रीबीएड, डीएलएड और नर्सिंग कोर्स के प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 25 तक

**बिलाईगढ़,** 21 अप्रैल। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी सत्र से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। प्रीबीएड, प्रीडीएलएड, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है।

# मकरनपुर में आयोजित विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर में 282 लोगों ने नि:शुल्क लिया लाभ



**डोंगरगढ़,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के द्वारा संचालित टीम राजनांदगांव द्वारा वनांचल ग्राम मकरनपुर में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर चर्म रोग निवारण एवं जनरल जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें आसपास के नौ गांवों के 282 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 25 लोगों का पैथोलॉजी परीक्षण करके निशुल्क दवाई वितरण भी की गई। जनपद पंचायत सदस्य गिरिजाबती कंवर, सरपंच ग्राम पंचायत कोठीटोला के रामलाल दांडेकर एवं पंचायत के पदाधिकारियों के द्वारा पूजा अर्चना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में डोंगरगढ़ के 20 गांवों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को घर पहुंच सेवा दे रहे हैं जिसमें आम लोगों को अच्छा फायदा मिल रहा है एसबीआई संजीवनी टीम जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चर्म रोगों से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाने एवं गांव के लोगों को उनके गांव में स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर डी. साहू डॉक्टर एल. साहू डॉक्टर ईश्वर यादव, जिला समन्वयक योगेश चौहान, ग्राम पंचायत के सरपंच मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग स्टॉफ नर्स दीपिका जोशी, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, फार्मासिस्ट सूर्यकांत नेताम पायलट निखिल सहारे का विशेष सहयोग रहा है।

## अवैध शराब बिक्री पर मोहारा पुलिस की कार्रवाई



**डोंगरगढ़,** 21 अप्रैल। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्ग दर्शन में कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु गुण्डा बदमाशों एवं अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालो पर पुलिस चौकी मोहारा द्वारा कार्यवाही की जा रही है। रविवार को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि पंचराम वर्मा पिता नत्थू वर्मा उम्र 58 साल निवासी रूवातला ताला अपने घर के एक कमरे में पीले रंग के प्लास्टिक थैला में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखा गया है कि सुचना पर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी पंचराम वर्मा निवासी रूवातला के कब्जे से एक पीला रंग के प्लास्टिक थैला में रखे 25 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब मात्रा 4.500 बल्क लीटर कीमती 3000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरी. ढाल सिह साहू, प्र. आर. 214 महादेव साहू आर. 1586,1962,619 का कार्य सराहनीय रहा।

## केकराजबोड़ में मनाया गया भक्त माता कर्मा की जयंती

**खैरागढ़,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। परिक्षेत्रीय साहू संघ करमतरा एवं ग्राम इकाई केकराजबोड़ में मां कर्मा की भव्य शोभा यात्रा कर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारभ किया गया ध्वजारोहण के साथ अतिथियों का स्वागत सम्मान सामाजिक परीक्षेत्रिय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया अतिथियों के द्वारा उद्बोधन की कड़ी में जागेशर साहू अध्यक्ष ग्राम इकाई केकराजबोड़ द्वारा स्वागत भाषण के साथ प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम को मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत केसीजी ने मां कर्मा की भक्ति और उनके त्याग, सेवा भाव को सर्व समाज के लिए अनुकरणीय बताया। साहू समाज को शिक्षित और संगठित समाज के रूप में जाना पहचाना जाता है साथ ही कर्मा मां की भक्ति को निस्वार्थ भाव से अनुकरण करने की बात कही गई। और ग्राम पंचायत केकराजबोड़ के मंच निर्माण के लिए 2 लाख राशि की घोषणा की गई विशिष्ट अतिथि घम्मन साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने साहू समाज को सर्व समाज के लिए अनुकरणीय बताया और मां कर्मा के भक्ति के साथ युवा पीढ़ी के बेटों को बेटियों के साथ-साथ संस्कार देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टिलेश्वर साहू अध्यक्ष जिला केसीजी साहू संघ ने तैली समाज की प्राचीन परंपराओं पर प्रकाश डाला इसी कड़ी में बीच-बीच में उपस्थित कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमें कवि दूजराम साहू अन्यय ने वर्तमान समय में बेटियों के साथ हो रहे दुष्कर्म को लेकर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी जिनको सुनकर लोगों की आंखें नम हो गई। डॉ. पदमा साहू पर्वणी ने मां कर्मा के जीवन चरित्र, उनके त्याग और संघर्षमय जीवन को कर्मा चालीसा के रूप में समाज के समक्ष प्रस्तुत की जो समाज के लिए अनुकरणीय था। इसे सामाजिक बंधुओ ने सराहा। गिरधारी साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ खैरागढ़ ने समाज में बंधुत्व, भाईचारा को बनाए रखने की बात कही। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में यदु कुमार साहू न्याय प्रकोष्ठ संयोज, नुनकरण साहू, अमर सिंह साहू, परमानंद साहू, दशरत बघेल, पुराणिक वर्मा, सौरभ साहू सरपंच, विभितोष सिंह, खेमराज जैन, सूर्यदमन सिंह, भूपेंद्र साहू, महेंद्र कुमार साहू, पीलू साहू, संतोष साहू, पितांबर साहू, कोमल साहू, हेमलाल साहू, बाबूलाल साहू, विश्राम साहू, गोपाल साहू, चंद्रेश साहू, प्रमिला साहू, केसरी साहू, के एल साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वजाति भाई बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मां कर्मा का भोग प्रसादी खिचड़ी और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोपाल साहू सचिव तहसील साहू संघ खैरागढ़ ने की।



## स्कूल अमाली में बाल संस्कार सभा का आयोजन किया गया



**नगरी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कमारपारा प्राथमिक शाला अमाली में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा, अनुशासित जीवन, समय की उपयोगिता एवं प्रबंधन की जानकारी दी गई। विनय नाहटा नगरी के द्वारा अपने पिताजी के पुण्य स्मृति में बच्चों को न्योता भोज, आंशिक पोषण आहार, खीर, पूड़ी, केला वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमाली सरपंच श्री मति हिरोंदी ध्रुव, उप सरपंच जीत बाई सेन, समस्त पंच गण, ग्राम पटेल हरचंद साहू, अमृत बाई साहू, विष्णु साहू, सोहन जैन, विनय नाहटा सह परिवार, प्रधान पाठक हर्षलता साहू, गंगा नवरंग, सिद्धेश्वर साहू, श्वेता गौर, नीलिमा साहू, चंद्रकुमारी नवरंग, आस बाई मौजूद रहे। शाला समिति ने सभी अतिथियों एवं भोजन प्रदाता का शाला परिवार की ओर से धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया।

## गणित विषय के व्याख्याता की एक दिवसीय कार्यशाला



**डोंगरगढ़,** 21 अप्रैल। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल की अध्यक्षता में गणित विषय के व्याख्याता की एकदिवसीय कार्यशाला डोंगरगढ़ नवोदय स्कूल में आयोजित की गई. जिसमें जिले में गणित विषय में छात्रों की कम होती हुई दर्ज संख्या पर उनके कारन तथा निवारण पर एक सारगर्भित कार्यशाला के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी ने गणित विषय की प्रति छात्रों में रुचि जागृत करने हेतू उनके करियर काउंसलिंग के साथ- साथ गणित विषय की महत्ता व्याख्याता .प्राचार्य के माध्यम से छात्र तथा पालकों को बताने हेतु प्रेरित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा दसवीं के छात्रों को 11वीं विषय में गणित लेने हेतु प्रेरित करने हेतु सुझाव तथा परामर्श व्याख्याता को दिया.. पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी तथा गणित विषय के विशेषज्ञ वर्तमान प्राचार्य बी टी आई डोंगरगांव मुकुल साव ने कई उदाहरण के साथ-साथ गणितीय अवधारणाओं को रुचिकर बनाने हेतु कक्षा तथा स्कूल में अनुकूलमाहौल निर्मित करने हेतु व्याख्याता को निर्देश तथा परामर्श दिया। सभी व्याख्याता ने इस कार्यशाला पर दिए गए निर्देशों का पालन करने के साथ-साथ इस वर्ष गणित विषय में छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने हेतु प्रयास करने का संकल्प लिया। व्याख्याता ने इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए संतोष व्यक्त किया। कार्यशाला में नवोदय स्कूल के प्राचार्य. आदित्य खरे, विरेंद्र कौर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश सर, मनोज चौहान, मनोज मरकाम सहित जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल के गणित विषय के व्याख्याता उपस्थित थे.

## भुरवाटोला की डॉ. आंबेडकर नगर के नाम से होगी पहचान : नलिनी मेश्राम



**डोंगरगढ़,** 21 अप्रैल। नगर के संजय नगर के अति गरीब अनुसूचित जाति के लोग यहां निवास कर नारियल प्रसाद की छोटी मोटी दुकान लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे इनके लिए शासन द्वारा शहर के अंतिम छोर में जगह दी थी वह पूर्व में भुरवाटोला के नाम से जाना जाता था यहां 90त्न लोग बाबा साहब के कोम के लोग निवास करते है डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पी.आई.सी.के सदस्य प्रगति महिला मंडल की अध्यक्ष मीना घरडे समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर सहित वार्ड के समस्त नागरिकों की उपस्थिति में नलिनी मेश्राम ने नवीन बस्ती के नाम को डॉ आंबेडकर नगर के नाम से वैधानिक प्रस्ताव पास कर नगर पालिका में पारित कराने हेतु मांग रखी जिसे अगली बैठक में पास करने का पक्का आश्वासन नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

## संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व की शिक्षा यहां मिलती है

**नगरी,** 21 अप्रैल। श्रीराम प्रभात शाखा, नगरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा नगर के साहू सदन में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व की शिक्षा दी जाती है। नगर के संघ प्रमुख ने बताया कि आज के दौर में जब समाज और परिवारों को मजबूती देने की आवश्यकता है, संघ की शाखा एक ऐसा आदर्श मंच है जहां हमारे बच्चे शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त बनते हैं। इस शाखा में योग, खेल और अनुशासन के साथ देशभक्ति, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व, भारतीय संस्कृति, इतिहास और मूल्य, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संगठन कौशल सिखाया जाता है।

## निधन

### रोशन चंद्राकर



**महासमुंद** 21 अप्रैल। स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी रोशन चंद्राकर 70 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे केवल चंद्राकर के पिता, विजय ज्वेलर्स, रूचि, ज्वेलर्स, चंदूलाल ज्वेलर्स के संचालक विजय चंद्राकर के बड़े भाई थे।

### समारिन बाई तेलक

**महासमुंद** 21 अप्रैल। ग्राम साराडीह निवासी श्रीमती समारिन बाई तेलक 84 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम साराडीह में किया गया। वे नंदलाल, नगर पालिका में पदस्थ लिपिक सीताराम तेलक, गोकूल तेलक, नाथूराम तेलक की मां थी।

### विजय चंद्र सिंह



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल। एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के पूर्व कर्मी, क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य, एकता चौक कैलाश नगर निवासी विजय चंद्र सिंह का आज सुबह 11 बजे बीएम शाह अस्पताल में निधन हो गया वे 70 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 22 अप्रैल को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र, 4 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं वे ट्रांसपोर्टर अनिल सिंह, सुनील सिंह के पिता थे।

### लीला बाई हत्थेल



**डोंगरगढ़,** 21 अप्रैल। ग्राम अछोली बगदई पारा निवासी श्रीमती लीला बाई हत्थेल 88 वर्ष का सोमवार को दोपहर मे निधन हो गया जिनकी शव यात्रा उनके निवास स्थान से अंतिम संस्कार के लिए इंदिरा नगर मुक्तिधाम के लिए 22 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे निकाली जायेगी। वे उमेश, रितेश हत्थेल की माता थी।

## बीमार अस्पताल का हाल देखने पहुंचीं नंप अध्यक्ष व एसडीएम

**डोंगरगांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार रात डोंगरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दृश्य देखने को मिला, जो किसी भी संवेदनशील जनप्रतिनिधि को झकझोर दे। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी मरीजों की शिकायत पर अस्पताल पहुंचीं और जो देखा, वह किसी च्बीमार अस्पतालज् से कम नहीं था—चारों ओर गंदगी, पीने के पानी का संकट और जिम्मेदार अफसर नदारद।

**शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचीं अध्यक्ष**

मरीजों और परिजनों ने अस्पताल की बदहाली की शिकायत सीधे अध्यक्ष त्रिपाठी को फोन पर की थी। बिना देर किए वे अस्पताल पहुंचीं और खुद हालात का जायजा लिया। निरीक्षण में सामने आया कि न सफाई का इंतजाम है, न पीने के पानी की कोई व्यवस्था।

**अफसर गायब, फोन तक नहीं उठाया**

अधिक चिंता की बात यह रही कि अस्पताल का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं था। जब अध्यक्ष ने बीएमओ रागनी चंद्रे और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को कॉल किया, तो दोनों ने कॉल रिसीव करना भी जरूरी नहीं समझा। इस गैरजिम्मेदारी से खफा त्रिपाठी ने तत्काल पानी का टैंकर मंगवाया और मरीजों को राहत दिलाई।

**तहसीलदार को दिए सख्त निर्देश, स्वास्थ्य मंत्री तक मामला पहुंचाने की चेतावनी**

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार से चर्चा करते हुए उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को जल्द सुधार के निर्देश दिए। चेतावनी भी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे, तो वे इस मुद्दे को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाएंगी।

**गंदा वाटर कूलर, बहते नल—लापरवाही की खुली पोल**

अस्पताल में वाटर कूलर में गंदा पानी पाया गया और बाथरूम के नल खुले हुए थे, जिन्हें अध्यक्ष ने खुद बंद किया। यह दृश्य अस्पताल की बदइंतजामी और लापरवाह प्रशासन की पोल खोलता है।

**एसडीएम ने लिया संज्ञान, सुधार के निर्देश**

सोमवार को एसडीएम श्रीकांत कोर्राम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी बीएमओ हिमांशु नामदेव को अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही हर दिन दो पानी के टैंकर उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया।

**बीएमओ लंबे समय तक छुट्टी में**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ रागनी चंदे लंबे समय के लिए छुट्टी में चले गए हैं बीएमओ के छुट्टी में जाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सारे कार्य चरमरा गए हैं एक ओर शासन द्वारा सुशासन दिवस मनाया जा रहा है जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित कई आवदेन दिया गया है यहां पर वर्तमान में पानी की समस्या बनी हुई है पानी के लिए अस्पताल में मरीज पानी के लिए भटक रहे हैं।



**अस्पताल में गंदगी, पानी की किल्लत और अफसरों की लापरवाही का खुलासा**

## नवपदस्थ कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

**खैरागढ़,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। केसीजी जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 21 अप्रैल की दोपहर में जिला कार्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री चन्द्रवाल के जिला कार्यालय पहुँचने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। नवपदस्थ कलेक्टर श्री चन्द्रवाल 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे कलेक्टर, जिला बालोद के पद पर पदस्थ थे। नव पदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। कार्यभार ग्रहरण करने के पश्चात नवपदस्थ कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों का संक्षिप्त परिचय भी प्राप्त किया। इस दौरान एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान सुश्री रेणुका रात्रे, तहसीलदार खैरागढ़ आशीष देवहारि सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी—कर्मचारी उपस्थित रहे।



**मीडिया से हुए मुखातिब**

नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने पदभार ग्रहण के पश्चात मीडिया के प्रतिनिधियों से मुखातिब हुए। उन्होंने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से जिले की विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। साथ ही पत्रकारों से जिले की विकास के लिए सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने पत्रकारों से सुझाव पर कहा कि सभी के सहयोग से जिले की विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### दस वर्षो से बंद स्टेशन रोड ...

पार कर स्टेशन रोड सहित आस पास के मार्केट, ग्रीन चौक, अग्रसेन चौकए सिंधी कॉलोनीए संतराबाड़ी की ओर जाने के लिए दादाबाड़ी होते हुए स्टेशन रोड तक जाने के लिए प्रमुख मार्ग है, सड़क की भूमि विवादित होने के कारण लगभग 10 सालों से सड़क को बंद कर आवागमन बाधित कर दिया गया है। सड़क बंद होने से लोगों को आने जाने में परेशानी बढ़ गई है, ग्रीन चौक, मार्केट, स्टेशन रोड एरिया में जाने के लिए लोगों को राजेंद्र प्रसाद चौक अथवा रेलवे स्टेशन के सामने होकर जाना पड़ रहा है।

विधायक के प्रयास से वर्षों से बंद सड़क पुन: खुलने की खबर मिलने पर सिंधी कॉलोनी के नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर उनकी लंबित मांग को गंभीरता से लेकर पूर्ण कराने पर उनका आभार जताये। इस दौरान पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, अटल गोदवानी, ईश्वर पंजाबी, बादल भवनानी, विनोद अरोरा, परमजीत राजपूत, संजय जैन, प्रफुल्ल दीक्षित, ललित जैन सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### दुर्ग संभाग के 36 व जिले के...

नगर, खुर्सीपार,सुश्री आर आर रोशनी, व्याख्यात,पीएम श्री बोरी, श्रीमती माया पेटकर, व्याख्याता पीएम श्री जामुल एवं श्रीमती गीतिका बन्छोर, व्याख्याता,पीएम श्री अहिवारा, और अजय सिंह, व्याख्याता जीव विज्ञान,पीएम श्री कुम्हारी, का नाम शामिल हैं। इनके चयन पर पीएम श्री कुम्हारी विद्यालय की प्राचार्य लता रघुकुमार एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मोर दुआर-साय सरकार महाभियान के अंतर्गत विक्रांत ने किया पात्र हितग्राहियों का सर्वे



**खैरागढ़,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पखवाड़ा के तहत केसीजी जिले में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न ग्रामों में घर - घर जाकर सर्वेक्षण किया जा रहा है ताकि पात्र हितग्राही वंचित न हो। इसी क्रम में रविवार को केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम सण्डी का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर हितग्राहियों से बातचीत की और उन्हें आवास निर्माण से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया। श्री सिंह ने हितग्राहियों से सीधे बात कर उनके मकानों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह प्राथमिकता है कि कोई भी परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। साथ ही सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित सभी पात्र परिवारों को योजना में शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि ग्राम सण्डी में श्री सिंह द्वारा आवास सर्वे में शामिल होने पर ग्रामीणों ने कहा कि गाँव में कई परिवारो का घर बहुत जर्जर हालत में है लेकिन उन्हें अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार से पूरी तरह भरोषा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान बनाने का सपना पूरा होगा साथ ही ग्रामीणों ने जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के समक्ष साय सरकार का आभार जताया। जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पात्र परिवारों को इस योजना में अवश्य शामिल करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जैनेन्द्र जंघेल, खेलन जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम श्री विद्यालयों के व्याख्याताओं का कौशल विकास कार्यशाला पुणे में

**खरोरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पी एम श्री विद्यालयों के (रायपुर जिलासे— श्री मती सोमा बनिक पीएम श्री खोरपा, डॉ देवयानी बघेल पीएम श्री आमापारा रायपुर,मिनीपाल पीएम श्री सरागांव, नज़ीम कुरैशी पीएम श्री नेवरा तिल्दा, नाज़िमा अज़ाज़ पीएम श्री अभनपुर, श्रीमती ज्योतिबाला साहू पीएम श्री गोबरा नवापारा, श्री गोमेंद्र ठाकुर पीएम श्री बिरगांव, श्रीमती रीतारानी वर्मा पीएमश्री खरोरा, श्रीमती प्राची शर्मा पीएमश्री चंद्रखुरी, श्रीमती इंदु साहूपीएम श्री कुंरा धरसींवा, श्री प्रतीक यादव पीएम श्री माना कैंप, श्री गौरव वर्मा पीएम श्री अरुनधतिदेवी आरंग, महासमुंद जिला से—श्री अश्वनी धीवर पीएम श्री तुमगांव, श्री लखविंदर छाबड़ा पीएम श्री बागबाहरा, श्री लखपति पटेल पीएम श्री पिथौरा, श्री योगेश प्रधान पीएम श्री बसना बलौदाबाजार जिला से—श्रीमती प्रीती पटेल पीएम श्री भाटापारा, श्रीमती हिमानी पाहरे पीएम श्री बलौदाबाजार, श्री रामकरण वर्मा पीएम श्री बलौदाबाजार, श्री पलाश रामटेके पीएम श्री सिमगा, श्रीमती मिथलेश राजपूत पीएम श्री सुहेला, श्रीमती स्वीटी कसेर पीएम श्री कसडोल धमतरी जिला से —श्रीमती रेशमा साहू पीएम श्री बथेना, श्रीमती नम्रता देशमुख पीएम श्री कुरुद, श्रीमती शालिनी साहू पीएमश्री भैसमुडी, श्रीमती आस्था जाचक पीएम श्री धमतरी, गरियाबंद जिला से— श्रीमती संध्या ठाकुर पीएमश्री गरियाबंद) रायपुर जोन से 27 व्याख्याता च भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान च,पुणे (ढ्ढढ्ढस्श्वक्र,क्कह्वठ्ठश्व)में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागिता देंगे7 यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना ,रायपुर ,छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया है। श्री आशीष गौतम पी एम श्री समन्वयक रायपुर छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु पुणे प्रस्थान करेगी।इस प्रशिक्षण में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।



# बोरियारंग महोत्सव एवं मड़ई मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का सम्मान

**बेमेतरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के ग्राम बोरिया में आयोजित दो दिवसीय बोरियारंग महोत्सव एवं मड़ई मेला में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस भव्य आयोजन में बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और आयोजन समिति के लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का समाजसेवी के रुप में सम्मान किया ।आयोजन समिति के लोगों ने कहाँ और कल्पना योगेश तिवारी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि अपनी उपस्थिति से ग्रामीणों और आयोजकों में नई ऊर्जा का संचार किया। ईसके लिये आयोजन समिति के संयोजक पद्म राघेशयाम बारले अभार प्रकट किया और इस भव्य आयोजन में कल्पना योगेश तिवारी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें सम्मानित करने के लिए महिलाओं की लंबी लाइन लगी रही।



जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि च्हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों की लोक परंपराएं जीवित रहती हैं और अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनती हैं।ज्ञ उन्होंने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि बोरियारंग जैसे महोत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और लोककला को बढ़ावा देने का श्रेष्ठ उदाहरण हैं।

कल्पना तिवारी ने यह भी आश्वस्त किया कि जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और ग्रामीणों से अपनी परंपराओं को जीवित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिलाओं की अधिक भागीदारी होने पर उन्होंने खुशी भी जताया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन से तीन बार सम्मान प्राप्त गुरुघासीदास कला प्रदर्शन करने वाली टीम ने अद्भुत प्रस्तुति दी। साथ ही विभिन्न लोक कलाकारों व सांस्कृतिक समूहों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। यहां कई प्रख्यात स्थानीय कलाकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से भी लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले विशिष्ट व्यक्तियों में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहुं पुर्व विधायक अवधेश चंदेल विशेष अतिथि के रूप में कल्पना योगेश तिवारी (जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा), योगेश तिवारी पद्म आरएस बारले, बिरेन्द्र टंडन (सरपंच), चेतन बघेल (उपसरपंच), संतोष साहू (सरपंच, बहेरा ), डा. चुरामन साहू, राजू साहू, राजू नेताम, रामसोहामिल टंडन, द्वारिका पाल, हरिपाल, कैलाश टंडन, भागा प्रसाद टंडन, झाड़ू धीवर, सदाराम टंडन, सुखधीर टंडन, सुखेलाल कोसरिया, दाऊलाल देशलहरे सहित अनेक ग्रामीणजन व समाज के सम्मानित नागरिक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विशेष आकर्षण के रूप में डॉक्टर वाई एपल नायडू की उपस्थिति भी रही, जिन्होंने देश के राष्ट्रपति से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं छत्तीसगढ़ के तीन बार के मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का भी उपचार किया है।और छत्तीसगढ़ के अनेक क्षैतो रे से आये कलाकारों और समाजसेवी का सम्मान किया गया का सम्मान किया गया।

# कबीरधाम जिले की लखपति दीदी चुन्नी कुम्भकार ने मिट्टी से गढ़ी आत्मनिर्भरता की मिसाल

**कवर्धा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना ने नारी सशक्तिकरण की एक नई कहानी लिखी है। इस योजना ने जहाँ हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है, वहीं बोड़ला विकासखंड के रेंगाखारकला गाँव की श्रीमती चुन्नी कुम्भकार की प्रेरणादायक यात्रा इस बदलाव की एक जीवंत मिसाल बन गई है। एक समय मिट्टी के साधारण बर्तन बनाकर गुजर-बसर करने वाली चुन्नी आज लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं। श्रीमती चुन्नी कुम्भकार की मेहनत यह दर्शाता है कि यदि हुनर को सही मंच और सहयोग मिले, तो ग्रामीण महिलाएँ भी सफलता की बुलंदियाँ छू सकती हैं।



श्रीमती चुन्नी कुम्भकार पहले घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी के बर्तन, दीये और मूर्तियाँ बनाकर स्थानीय बाज़ारों में बेचती थीं। आमदनी बेहद कम थी, जिससे परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा था। लेकिन सरकार की बिहान योजना ने उनकी ज़िंदगी की दिशा ही बदल दी। जब वे गौरी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं, तो उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाज़ार तक पहुँच जैसी अनेक सुविधाएँ प्राप्त हुईं। इससे उन्हें अपनी कला को निखारने और व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर मिला। चुन्नी कुम्भकार ने राज्य व जिला स्तरीय मेलों जैसे भोरमदेव महोत्सव और सरस मेला में भाग लेकर न केवल अपने उत्पादों को नई पहचान दी, बल्कि पारंपरिक मिट्टी शिल्प को भी एक नया बाज़ार दिलाया। उनकी सालभर की मेहनत रंग लाई और उन्होंने कुल 1 लाख 80 हजार रुपये का विक्रय किया, जिसमें 1 लाख 20 हजार रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। उनकी यह सफलता यह प्रमाणित करती है कि परिश्रम और योजना का सही संगम आत्मनिर्भरता की सशक्त राह बनाता है।

श्रीमती चुन्नी कुम्भकार ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने हम जैसी ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। बिहान योजना ने हमें सिर्फ कमाई का ज़रिया नहीं दिया, बल्कि आत्म-सम्मान और पहचान भी दी है। अब मैं अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पा रही हूँ, परिवार का अच्छे से ख्याल रख पा रही हूँ, और गाँव की दूसरी महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हूँ। श्रीमती चुन्नी कुम्भकार आज न केवल अपने गाँव की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति की एक जीवंत और सफल मिसाल भी बन चुकी हैं। उनकी कहानी यह सिद्ध करती है कि जब संकल्प को सहयोग का साथ मिलता है, तो महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना सकती हैं।

# शहीद लोकेश साहू की पुण्य स्मृति मे फुण्डा पहुंचे कौशल्या साय

■ कहा मातृभूमि की रक्षा करते अपने जीवन समर्पित किए

**गुण्डरदेही,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम फुण्डा मे रविवार को शहीद लोकेश साहू एवं उनके पिता स्वर्गीय थानसिंह साहू की पुण्य स्मृति मे आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या साय थे कार्यक्रम की अध्यक्षता तिमिरेंदू शेखर सिंह कंवर समाज सेवी विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन आकाश पांडे समाज सेवी पूर्व विधायक राजेंद्र राय विरेन्द्र साहू उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत कबीर आश्रम से आए संत रवीकर साहेब संत पूर्णेन्द्र दास के प्रवचन से की गई जिन्होने शहीद लोकेश साहू के जीवन गाथा को सत्संग के रूप मे पिरोकर अपने कर्म के प्रति निष्ठावान रहने और मातृभूमि के प्रति अपना कर्तव्य निभाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम मे कवि सीताराम श्याम शिवकुमार अंगारे केशवराम साहू ने अपने कविता के माध्यम से मंच मे शमा बांधा उन्होंने शहीद लोकेश साहू के शहादत को याद करते हुए उनकी इस बलिदान को कविता के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया





कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती कौशिल्या साय ने अपने उद्बोधन मे कहा की परमात्मा द्वारा यह मानव जीवन अपने कर्म को प्रधानता देते हुए जीवन जीने के लिए दिया गया है जो अपने कर्म को अच्छे से करता है वो अमरत्व को प्राप्त कर लेता है जैसे शहीद लोकेश साहू ने किया उन्होने अपने मातृभूमि की रक्षा करने का अपना दायित्व रूपी कर्म निभाते हुए सदा सदा के लिए अमर हो गए हम सब को भी इनके जीवन का अनुसरण करना चाहिए जिस प्रकार उन्होने अपने जीवन को देश के प्रति समर्पित कर दिए उसी प्रकार हम सब को भी अपने परिवार समाज धर्म हेतु अपने आप को समर्पित कर देना चाहिए ताकि जिस मां बाप ने हमे नाम दिया उसके नाम रौशन करते हुए अपने जीवन को सार्थक और सफल बना सके। कार्यक्रम के पहले श्रीमती साय व अन्य अतिथियो ने शहीद लोकेश कुमार साहू की मूर्ति पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रंदाजलि अर्पित की

कार्यक्रम में पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास ने शहीद परिवार के सादगी को बताते हुए देश के प्रति और अपने धर्म के प्रति निष्ठा को प्रवचन के माध्यम से लोगों को बताया कार्यक्रम में आए सभी अतिथियो का शहीद परिजन ने स्वागत व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया

कार्यक्रम में तहसील साहू अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी टोमन साहू सतीश साहू जेआर साहू किशन साहू कुलेश्वर साहू भीखाराम सरपंच ग्राम पंचायत बोरगृहन प्रतिमा देशलहरे जितेश्वरी ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत पेंड्री सेतराम साहू संतराम चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व आसपास के सैकड़ो ग्रामीण व परिजन उपस्थित रहे ।

## मरार (पटेल) समाज द्वारा आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन

# विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे हुए शामिल

**बेमेतरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार (पटेल) समाज, राज धमधा (तेलगा) द्वारा समाज के सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों को सहेजते हुए ग्राम मावली मंदिर प्रांगण मे आदर्श विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए द्य वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने किया द्य कार्यक्रम की शुरुवात पटेल समाज के आराध्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ शुरुवात हुई द्य तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का फल साल एवं मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया ।



ग्राम तेलगा में आयोजित आदर्श विवाह समारोह में आज क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर मरार (पटेल) समाज को उनके सादगीपूर्ण और संगठित सामाजिक आयोजन हेतु बधाई दी। विधायक साहू ने अपने संबोधन में कहा, च्यह आयोजन केवल विवाह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सादगी और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मरार (पटेल) समाज द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में अनुकरणीय है और अन्य समाजों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को उनके नए जीवन के प्रारंभ पर शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि, च्आप सभी का वैवाहिक जीवन सुखद, समृद्ध, स्नेहमयी और संस्कारों से परिपूर्ण हो यही मेरी हार्दिक कामना है।ज्ञ विधायक साहू ने यह भी कहा कि, च्मरार समाज ने सदैव कृषि, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में राज्य और देश को दिशा देने का कार्य किया है। समाज की एकता, सहयोग और संगठित प्रयास, आने वाले समय में इसे और अधिक सशक्त बनाएंगे।ज्ञ अंत में उन्होंने कहा, च्मैं समाज की हर सकारात्मक पहल के साथ सदैव खड़ा रहूँगा। मरार समाज की प्रगति, युवा शक्ति का मार्गदर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं।ज्ञ यह आयोजन समाज में परंपरागत आदर्शों, सादगीपूर्ण जीवनशैली और सामूहिकता की भावना को सशक्त करता है।

कार्यक्रम मे तेजराम पटेल महासंघ अध्यक्ष, कोसरिया मरार (पटेल) समाज ,कल्पना योगेश तिवारी जी अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा, रेखा पोषण सिन्हा सदस्य, जनपद पंचायत बेरला,भगवती प्रसाद पाटिल राजा ठाकुर, धमधा राज (तेलगा),हरिशचंद देवांगन सरपंच, ग्राम पंचायत तिलई कीर्ति साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत तिलई मीनू पटेल भाजपा नेत्री अनीता मिश्रा भाजपा नेत्री एवं ग्राम पंचायत तिलई के समस्त पंचगण मरार (पटेल) समाज के कई प्रतिष्ठित पदाधिकारी एवं सम्माननीय जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार

# कलेक्टर ने ली जिला अधिकारियों की बैठक

**बेमेतरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज जिला कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक ले कर बैठक लेकर सुशासन तिहार - 2025 में समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की समीक्षा की । बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी सहित जिले के सभी एसडीएम और जिला अधिकारी उपस्थित थे ।



कलेक्टर ने वारी-वारी से जिला अधिकारियों प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी ली । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें ।किसी दूसरे विभाग के आवेदन किसी अन्य विभाग को आगये हो तो तत्काल संबंधित विभाग को भेज दें । इसमें किसी प्रकार की ऑनलाइन दिक्कत हो तो जिला सूचना अधिकारी ( डी आई ओ) से संपर्क कर लें ।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों के निराकरण पर फोकस करें । आगामी माह 5 मई से 31 मई 2025 तक होने वाले समाधान शिविर भी अच्छे ढंग सम्पन्न करें इन शिविरों में समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों की संबंधित लोगों को किए गए निराकरण की जानकारी भी दी जायेगी । इसके अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस इसके लिए समय रहते तैयारी कर ली जाए।

# नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत ने किया जिला कार्यालय का निरीक्षण

**खैरागढ़,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 21अप्रैल को जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री चन्द्रवाल ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिला कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यों को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी—कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिला कार्यालय में स्थित कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, स्वान कक्ष, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय, नजारत कक्ष, आवक-जावक कक्ष, वित्त शाखा, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागीय कक्षों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने खनिज शाखा, आदिवासी विकास विभाग आदि का निरीक्षण कर उनके विभागों के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने जनसम्पर्क विभाग, योजना एवं सांख्यिकी शाखा, आबकारी विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने निर्वाचन शाखा सहित अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।



# नए थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने लिया प्रभार

**थान खम्हरिया,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नए थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने थाना का चार्ज ले लिया है। उन्होंने थाना स्टाफ से परिचय लिया। खम्हरिया थाना के अंतर्गत आने वाले गांव की जानकारी ली भेट, वार्ता के दौरान थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा ने कहा, बेहतर पुलिसिंग की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा , लोगों से जनप्रतिनिधियों से मिलकर थाना क्षेत्र में शांति स्थापित करने, अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। आगे आपने कहा अमन शांति के साथ असामाजिक तत्वों पर विशेष लगाम लगाई जाएगी। नगर में अवैध गतिविधियां जैसे अनेक वार्डों में शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर विशेष शिकंजा कसा जाएगा। आम जनता का भरोसा कायम रखा जाएगा। क्षेत्र में सतत रात्रि कालीन ग्रस्त की जाएगी। जनता पुलिस के बीच बेहतर संबंध बनाए जाएंगे। ताकि अपराधों में कमी आ सके। थाने में आए फरियादियों के साथ नम्रता पूर्वक व्यवहार किया जाएगा। उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। चर्चा के दौरान आपके द्वारा बताया गया। अगर किसी भी समय कोई व्यक्ति अनावश्यक तरीके से परेशान करता है। या कहीं कोई गलत गतिविधियां होते देखे, तो तुरंत उनके फोन सूचना प्रदान करें व तत्काल इस पर कार्रवाई करेंगे। जनता की सुविधा के लिए आपके द्वारा मोबाइल नंबर जारी किया गया है। जो इस प्रकार है। मो.9479192035



■ न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा अपराध खत्म करना प्राथमिकता
■ देशबंधु प्रतिनिधि से खास मुलाकात

# रुद्र महायज्ञ में सीताराम विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए लोग

**थान खम्हरिया,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। समीप ग्राम पलानसरिय में रुद्र महायज्ञ पर 14 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामवासी, क्षेत्रवासी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में व्यास पीठ पर आसींन सुश्री विद्या दुबे, चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर, श्री जगतगुरु, श्री रामानंद आचार्य स्वामी, रामस्वरूप आचार्य जी की कृपा पात्र शिष्या ने कथा के दौरान बताया। जब भगवान राम ने राजा जनकपुरी की प्रतिज्ञा अनुसार भगवान शिव के धनुषों को तोड़ दिया। तब सीता ने राम के गले में वरमाला डाली, राजा जनक ने अयोध्यापुरी राजा दशरथ को बारात लेकर आने का निमंत्रण दिया। आगे आपने बताया, धनुष यज्ञ और श्री सीताराम जी का विवाह की कथा करते हुए बताया, की राम जी ने धनुष को तोड़कर सारे राजाओं का अहंकार को तोड़ा। और श्री सीताराम जी के विवाह को साधारण विवाह नहीं बल्कि वह तो सत्य ब्रह्मा का मिलन था। बिना शक्ति के राम जी भी कुछ नहीं कर पाते। यहां तक की राम जी रावण को भी बिना शक्ति के मार नहीं पाते। हम सब को भी सत्य की आराधना कर शक्ति प्राप्त करना चाहिए। कथा हमें सावधान करती है। कि हम भी अहंकार से बचे नहीं तो भगवान हमारे भी अहंकार को अवश्य तोड़ेंगे। आगे आपने कथा के दौरान कहा, धर्म की रक्षा के लिए भगवान ने पृथ्वी पर अवतार लेकर कंस का वध किया। भगवान विष्णु ने राम अवतार लेते हुए। और दुष्टों का संहार करते हैं। संसार में धर्म और सत्य की स्थापना की उन्होंने कहा, कि अगर हम बिना कर्म करें फल की प्राप्ति चाहेंगे। तो वह कभी नहीं मिलेगा। कर्म तो हमें करना ही होगा। भजनों की धुन पर उपस्थित, श्रद्धालुओं ने जमकर बधाई, नृत्य किया। यज्ञ कथा में सुनने के लिए स्थानीय व आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच श्री अमित चंद्रवंशी, डॉ. संतोष साहू, ओंकार सोनी, गोवर्धन साहू, माखन चंद्रवंशी, नंद चंद्रवंशी, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, जनपद सदस्य रवि चंद्रवंशी के साथ अन्य लोगों ने कथा वाचिका विद्या दुबे का पुष्पहार से स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।



# झुरानदी में धूमधाम से मनाया गया बाबा साहेब डॉ आंबेडकर की 134 वी जयंती

■ भीम के गीतों पर थिरकते रहे अनुयाई
■ डॉ. आंबेडकर की जयंती पर ग्रामीणों में रहा जबरदस्त उत्साह



**खैरागढ़,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम झुरानदी में 20 अप्रैल रविवार को ब्लॉक स्तरीय आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बौद्ध समाज के उपासक उपासिकाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भीम अनुयायियों के द्वारा रैली निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया उसके पश्चात भीम अनुयायियों के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया बौद्ध समाज के अतिथियों द्वारा सर्व समाज को संबोधित किया गया मंच पर उपस्थित अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे सामाजिक कार्यकर्ता जयंत वासनिक, रवि शंकर बसोड़ मुकेश साहू, विमल बोरकर, केदार मेश्राम, दिनेश वैष्णव,विनोद रजक सहित अन्य वक्त गण मंच पर मौजूद रहे। सभी अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक रूप से पंचशील त्रिशरण का पाठ किया गया इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खैरागढ़ बौद्ध समाज के सचिव व पत्रकार विमल बोरकर ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 134 वी जयंती के अवसर पर आप सभी को बधाई श्री बोरकर ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी एक ऐसे महामानव थे जिन्होंने संविधान की रचना किए आप सभी अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करे। ताकि आपका बच्चा पढ़ लिखकर अपने माता पिता गांव समाज का नाम रोशन करे। जरूरी नहीं है कि सरकारी नौकरी ही करें यदि आप पढ़े लिखे और शिक्षित रहेंगे तो आप अपने दम पर व्यवसाय और रोजगार का साधन अपने आप चुन सकते हैं। इसके पश्चात रवि शंकर बसोड़ ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की मिशन को आगे बढ़ाना है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी एक जाती धर्म के लिए काम नहीं किया उन्होंने सर्व समाज के हित में काम किया और आज सभी को समानता भाई चारा बोलने का अधिकार है। आप अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करे ताकि आने वाली पीढ़ी समाज का नाम रोशन करे।

बौद्ध समाज के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि झुरानदी में आंबेडकर जयंती के अवसर पर आसपास से आए सभी साथियों को आंबेडकर जयंती की बधाई देते हुए श्री कामडे ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जी के बताए मार्ग पर चलकर आप अपने घर परिवार का नाम रोशन करे। आप सभी बच्चों को अपना भविष्य बनाने के लिए शिक्षा पर अधिक जोर देना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी समाज का नाम रोशन करे। बाबा साहेब के बारे में आप सभी को जानना जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी ने संविधान की रचना कर हम सबको जीने के अधिकार, बोलने का अधिकार शिक्षा समानता का अधिकार दिए है। माताओ बहनों को 6महीने का मातृत्व अवकाश की छुट्टी दी जाती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी हम सब के लिए पूजनीय है। उनके बनाए गए कानून से आज पूरा भारत देश चलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन ईशु रामटेके ने किया कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष केदार मेश्राम ने किया इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे लाला मेश्राम, देवव्रत ऊके, प्रदीप ऊके, रिंकू मेश्राम, सरिता मेश्राम, रामिन ऊके, सलिता मेश्राम,कौशल मेश्राम,शीतला मेश्राम,मीना मेश्राम,कमलेश मेश्राम, सावित्री मेश्राम,अरविंद मेश्राम,कमला मेश्राम, नेहा मेश्राम,ममता मेश्राम, दिनेश वैष्णव जनपद सदस्य प्रतिनिधि विनोद रजक सरपंच प्रतिनिधि आनंद सिन्हा, कमलेश चंदेल,भगवानी वर्मा ग्राम पटेल,समयलाल वर्मा, लुझु वर्मा सहित अन्य ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बौद्ध समाज के कांग्रेसियों को पार्टी ने काबिल नहीं समझा !

## बौद्ध समाज महज राजनीतिक दलों के लिए वोट बैंक ... ?

■ दीपांकर खोब्रागड़े

**राजनांदगांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। समाज और समझ जिसमें जितनी ज़्यादा विकसित होगी उस लिहाज से उनका इस्तेमाल भी राजनीतिक ऊंचाइयों को छूने किया जाता रहा है। हर राजनतिक दलों के पास उनके आवश्कता और उपयोग करने समाज होता है जिससे वो अपने वोट बैंक को पुख्ता कर सकें। कांग्रेस पार्टी के लिए अनुसूचित जाति का नव बौद्ध समाज बड़ा वोट बैंक है इस बात से इंकार कांग्रेस की विपरीत पार्टियां भी इंकार नहीं करती पर बौद्ध समाज में वैसे तो बड़ी संख्या में कांग्रेसी जन जो समर्पित भाव से कांग्रेस का झंडा बैनर उठाते रहे हैं और जिंदाबाद के नारे लगाते रहे हैं लेकिन अवसर आने पर कांग्रेस के बड़े नेताओं ने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी जाती है इससे बौद्ध समाज के कांग्रेसी जन आहत हुए हैं। बौद्ध समाज का हितैषी होने का दावा ठोकने वाली कांग्रेस पार्टी के चार दिवसीय न्याय यात्रा के गठित विभिन्न समितियां में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विभिन्न कमेटियों के उप समितियां में बौद्ध समाज के किसी भी कांग्रेस नेताओं और नेत्रियों को कोई दायित्व नहीं सोपा गया है इस से यह साबित होता है कि पार्टी के नेताओं ने बौद्ध समाज के कांग्रेसी जनों की अपेक्षा की है और सिर्फ उन्हे झंडा बैनर उठाने और नारा लगाने के काबिल ही समझा जा रहा है इसके अलावा भी किसी बड़े और महत्वपूर्ण पदो पर जिम्मेदारी सौंपना उचित नहीं समझा जा रहा है इससे बौद्ध समाज के कांग्रेसी जनों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचना लाजमी है। इसी तरह की अपेक्षा की स्थिति रही तो इसका नुकसान धीरे-धीरे चुनाव में नकारात्मक प्रभाव डालता है।



# भाजपा भी वर्ग विशेष को रिझाने में लगी, मना रही जयंती और होगी संगोष्ठी

राजनांदगांव डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर संगोष्ठी बीजेपी दलित वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिए एक बड़ा प्लान तैयार कर उसे धरातल पर उतार चुकी है। वही पार्टी ने अपने नेताओं को साफ संदेश दिया है कि वे डॉ. बीआर अंबेडकर, संविधान, आरक्षण और दलित मुद्दों पर संभलकर बोलें. बीजेपी चाहती है कि उसके नेता अनावश्यक बयानों से बचें और सिर्फ पार्टी की नीति के अनुसार ही अपनी बात रखें. यह फैसला हाल ही में राष्ट्रीय कार्यशाला में लिया गया. इस कार्यशाला में बीजेपी अध्यक्ष भी मौजूद थे जिसका असर स्थानीय कार्यक्रम की तैयारियों में दिख सकता है। राजनांदगांव में गोविंद राम निर्मलकरऑडिटोरियम में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी के कार्यक्रम की रूपरेखा जी तरह तैयार की गई है उसमें जिले भर से और आसपास जिले से भी लोगों को लाया जाएगा जिसमें ग्राम पंचायत सामाजिक संगठन और खासकर अंबेडकर विचारधारा और बहुत अनुयायियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को संविधान बदलने वाले बयानों की वजहो से काफी नुकसान उठाना पड़ा था. भाजपा संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहती है इस मंशा से नुकसान तो हुआ है। कही न कही भाजपा वर्ग विशेष को रिझाने के बड़े पैतरे बाजी में लगी हो ताकि दलित वोटरों का भरोसा जीता जा सकें इसके लिए वह जमीन पर काम करेगी और लोगों से सीधा संपर्क बनाएगी. पिछले चुनावों में दलित वोटों का बंटवारा बीजेपी के लिए चुनौती बना था. इस बार पार्टी इसे अपने पक्ष में करना चाहती है. पार्टी के बड़े नेता अब दलित समाज के बीच जाएंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और उन्हें हल करने की कोशिश करेंगे. सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी चाहती है कि दलित वोटरों का भरोसा जीता जाए. इसके लिए वह जमीन पर काम करेगी और लोगों से सीधा संपर्क बनाएगी. पिछले चुनावों में दलित वोटों का बंटवारा बीजेपी के लिए चुनौती बना था. इस बार पार्टी इसे अपने पक्ष में करने की सोच रही है। दूसरी ओर वर्ग विशेष से अचानक प्रेम सद्भावना, समरसता न तो भाजपा के मुख्य वोट बैंक को समझ आ रहा है और ना ही उसे वर्ग को जिन्हे आकर्षित करने की कवायद की जा रही है। देखना यह है कि भाजपा आखिर वर्ग विशेष को कितना संभाल पाती है जहां उन्हे आत्मसम्मान खोने पाने के जोखिम की पूर्ण रुप से गारंटी मिल सके।



# जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किया कार्यभार ग्रहण



**राजनांदगांव** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज अपरान्ह कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे वर्ष 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी ली तथा जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की। इसके उपरांत कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के लिए रवाना हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, संयुक्त कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले भर में एमसीपी लगाकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**राजनांदगाव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)।पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने छीनाझपटी करने वाले बदमाशों पर नजर बनाये रखने, शराब पीकर वाहन चलाने व तेज आवाज वाले साइलेंसर वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने, शादी के सीजन में मालवाहक वाहन में जा रहे यात्री वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु दिया गया था निर्देश। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 20/04/2025 को रात्रि 09 से 11 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के विरूद्ध थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 57 प्रकरणों में 57 वाहन चालकों से 17100/-रूपये, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 04 प्रकरणों में 04 वाहन चालकों से 1200/-रूपये, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 03 प्रकरणों में 03 वाहन चालकों से 900/-रूपये, यातायात पुलिस द्वारा 50 प्रकरणों में 50 वाहन चालको से 37500/-रूपये कुल 114 प्रकरणों में 114 वाहन चालकों से 56700/-रूपये की चालानी कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में सांसद संतोष पांडे ने नव दंपति को उपहार भेंट किया

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 15 जोड़ी परिणाय सूत्र में बंधे

**राजनांदगांव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। डोंगरगांव ग्राम बगदई में कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी जिला राजनांदगांव/ मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी (छत्तीसगढ़) द्वारा 20 अप्रैल 2025 को आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्नेह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे, जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गुप्ता पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, दीना पटेल अध्यक्ष भाजपा मंडल डोंगरगांव, कोसरिया समाज अध्यक्ष देव कुमार पटेल के अतिथि में हुआ।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कोसरिया मरार पटेल समाज की कुलदेवी मां शाकंभरी एवं भगवान श्री राम के तैलचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर की गई है तत्पश्चात सामाजिक बंधुओ ने अतिथियों का पुष्प माला, बैच,तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया।

राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत कर रहे नव विवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किया और हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। सांसद श्री संतोष पांडे ने कहा कि सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं समाज के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

सामूहिक आदर्श विवाह में 15 जोडे नवदंपत्ति परिणाय सूत्र में बंधे। अतिथियों द्वारा नव दंपति को उपहार एवं आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया और अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीबों के लिए एक वरदान है इसमें खर्चीली शादी को रोक लगाती है और कम खर्चे में विवाह हो जाती है आज के जमाने में झूठी शान शौकत के लिए लोग दिखावटी खर्च कर रहे हैं ऐसे समय में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विवाह करवाना गरीब तबके के लिए एक वरदान से काम नहीं है इससे गरीबों को आर्थिक लाभ भी मिलता है और सामग्री भी द्व दी जाती है।

इस अवसर पर देव कुमार पटेल, द्वारका पटेल, चरण पटेल, मोहन पिपरिया, मेहत्तर पटेल,महासिंह पटेल, देव सिंह पटेल, उमेंदी पटेल, रोमन पटेल, भुवनेश्वर पटेल, टेक राम पटेल, मोहन पटेल,देवीलाल पटेल, पुनाराम पटेल,सुरजू राम पटेल प्रेम सिंह पटेल मानसिंग पटेल,हीरामन पटेल,सुदर्शन पटेल, देवचंद पटेल,अनिल पटेल, नरेश पटेल, टेशन पटेल,प्रकाश पटेल, राम पटेल,ईश्वर पटेल, अनक पटेल, महादेव पटेल,उर्मिला पटेल, रेनू पटेल,गुलशन पटेल,डेरहा राम पटेल,बिझवार पटेल, रमेश पटेल सहित सामाजिक बंधु जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मोर जमीन मोर मकान की जानकारी एवं सुशासन तिहार मे आए आवेदनो का निराकरण करने महापौर ने दिये निर्देश

**राजनांदगाव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण 2.0 का अधिक से अधिक लाभ देने हितग्राहियों को जानकारी देने विभाग के अधिकारियों से कहा है तथा उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में आए आवेदनों की जॉच कर समय सीमा में निराकरण कर पात्र हितग्राहियो को योजना का लाभ देने कहा है। इसी प्रकार आवास योजना का लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वर्मा द्वारा समय समय पर योजना के कार्यो की समीक्षा की जा रही है, समीक्षा में उनके द्वारा आवास योजना की प्रगति की जानकारी एवं योजना के द्वितीय चरण 2.0 में नये आवेदन की जानकारी तथा प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन उपरांत डीपीआर तैयार करने व इसी तारतम्य में निर्माणाधीन आवासों का फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ देने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।

महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे ने योजना से जुडे अधिकारियों एवं वास्तुविदो के साथ बैठक कर योजन के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत भौतिक प्रगति की जानकारी वास्तुविदों से ली। साथ ही साथ धीमि प्रगति से असंतुष्ट होकर निराशा व्यक्त करते हुये कडे शब्दों में सभी वास्तुविदो को छत स्तर तक सभी आवासों को पूर्ण करने एवं एवं लेंटर लेबल के निर्माणधीन आवास को 30 अप्रैल 2025 तक रूप स्तर तक पहुचाने तथा वार्डो में जाकर आवास का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में योजना के सहायक नोडल अधिकारी वसीम खान एवं आवास योजना के संबंधित सीएलटीसी सिविल इंजीनियर सजल तिवारी सामाजिक विशेषज्ञ ललित मानकर संबंधित आवासों के वास्तुविदों के साथ योजना के घटक बी ?एल ?सी मोर जमीन मोर मकान के निर्माणाधीन एवं निर्मित पूर्ण आवासों के निरीक्षण हेतु निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आवास योजना के निर्माण की गुणवत्ता को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का कार्य कर रहे है। इसी तारतम्य में सहायक नोडल अधिकारी श्री वसीम खान एवं आवास की टीम हितग्राही द्वारा निर्माणाधीन स्वयं से आवास का जायजा लेकर हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण के संबंध में योजना के नियमो की जानकारी उपलब्ध कराई जा रहा है और आवास निर्माण पर उन्हें चरणबद्ध भुगतान किया जा रहा है।



प्रधानमंत्री आवास योजना का उदेश्य सर्वसुविधायुक्त स्वयं का पक्का आवास प्रदान करना है। जिसके लिये आवास निर्माण पर चरणबद्ध भुगतान किया जाता है। चरणबद्ध स्तर पर आवास निर्माण करने पर जियोटैंगीग करने के बाद चार किस्तों में हितग्राहियों के खाते में शासन के निर्देशानुसार आधार बेस भुगतान किया जाता है। सर्वप्रथम आवास निर्माण करने पर पहली किस्त नींव खनन स्तर पर, द्वितीय किश्त छज्जा स्तर पर, तृतीय किश्त छत ढलाई करने पर एवं चौथी एवं अंतिम किश्त आवास पूर्ण होने पर जारी की जाती है।

आवास योजना के कार्यो में गति लाने महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त विश्वकर्मा द्वारा योजना से जुडे अधिकारियों को प्रगति की जानकारी देने निर्देशित किया है, निर्देशानुसार सिविल इंजीनियर सजल तिवारी के द्वारा निर्माणाधीन आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु हितग्रहियों से इस संबंध में चर्चा कर उन्हें आवास पूर्ण करने के दौरान आ रही कठिनाइयों को दूर करने में सहयोग प्रदान कर तकनीकी गुणवत्ता की जानकारी प्रदान कर आवास को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनों का निराकरण तय तिथि तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आवास योजना से जुडे अधिकारी हितग्राहियों को जानकारी दे रहे है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर उत्कृष्ट एवं अच्छे आवास निर्माण करने वाले हितग्राहियों का सम्मान शासन द्वारा किया जाता है इसी आधार पर हितग्राहियों से अच्छे और सुविधा युक्त आवास निर्माण करने हेतु सामाजिक विशेषज्ञ श्री मानकर के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान हितग्राहियों को इसके संबंध में जानकारी दी गयी, साथ ही इस दौरान वार्डों में कुछ आवास योजना से वंचित कच्चे घरों में निवासरत परिवार को योजना की जानकारी प्रदान कर मोर जमीन मोर मकान घटक के तहत आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि निगम सीमाक्षेत्र के लोगों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके।

# उदयाचल की नई कार्यकारिणी घोषित

## अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना, सचिव अतुल रायचा, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी बने

**राजनांदगाव,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विगत दिनों उदयाचल के संरक्षक उत्तमचंद जैन, पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना एवं चतुर्भुज ठक्कर ने वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी की सदस्यों को मनोनित किया।



अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी, सचिव अतुल रायचा, उपाध्यक्ष एवं भवन निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन, नेत्र चिकित्सालय प्रभारी पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, प्रमुख सलाहकार उत्तमचंद जैन, भवन प्रभारी भरत डाकलिया, व्यवस्था प्रभारी विनेश कुमार चोपड़ा, युवा संगठन प्रभारी विनोद डड्ढा, सूचना प्रकाशन प्रभारी गौतम बाफना, बक्शी पुस्तकालय प्रभारी शरद अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी सुनील बरड़िया, पेयजल प्रभारी प्रकाशचंद रंगारी, विधि सलाहकार प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, फिजियोथैरेपी विभाग प्रभारी त्रिलोचन सिंग बग्गा, होम्योपैथिक विभाग प्रभारी इंदरचंद कोठारी, कार्यकारी सदस्य गुरुमुख दास वाघवा, हरिशचंद जैन, बालचंद पारख, विष्णु प्रसाद लोहिया, आमंत्रित सदस्य- सुरेश डुलानी, रमेश जैन, राजकुमार अग्रवाल बनाए गए। उदयाचल के सभी सदस्यों ने नव मनोनित सदस्यों को बधाई दी। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

# डॉ सुशील बांगली का निधन

**थान खम्हरिया,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। डॉ. सुशील बांगली विगत एक साल से अस्वस्थ चल रहे थे। धर्मशाला वार्ड क्रमांक 2 में निवास रत थे। जिनका कल शाम निधन हो गया। अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री छोड़ कर गए हैं। पुत्र विजेंद्र बांगली, सुकुमार बांगली के द्वारा अन्त्येष्टि किया जाएगा। डॉ. बांगली व्यावहारिक मिलनसार व्यक्ति थे। पूर्व में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पार्षद का दायित्व निर्वाह कर चुके हैं। अपने उपचार दृष्टिकोण के लिए वार्ड में प्रसिद्ध थे। उन्हें लोगों के द्वारा डॉक्टर के रूप में जाना जाता था। मरीज के साथ उनका दोस्ताना बातचीत के शुरुआती परामर्श के रूप में काम करते थे। वह एक आदर्श व्यक्ति थे। जैसे ही निधन का समाचार मिला परिवार के सदस्य मित्र और पड़ोसी बड़ी संख्या में एकत्रित हो गये। आज सुबह 11ः00 बजे मुक्तिधाम में उनकी अन्त्येष्टि किया जाएगा।



# मोर दुआर साय सरकार अभियान में जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा मनीराम साहू ने निभाई सक्रिय भागीदारी

**कवर्धा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिनो जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मनीराम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम खड़ौदा में प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों से मुलाकात की और उन्हें केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मोर दुआर साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिला पंचायत सभापति ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सर्वे किया जा रहा है, जिससे किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 30 अप्रैल तक अपना सर्वे जरूर कराएं। श्रीमती साहू ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने क्षेत्र के पात्र हितग्राही का प्रतीकात्मक सर्वे किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलने वाले इस सर्वे में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जो परिवार रोजगार के लिए बाहर हैं, वे भी समय निकालकर गांव लौटें और अपना सर्वे करवाएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। यह अभियान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीनों को पक्का मकान मिल सकेगा। इस अवसर पर लालचंद साहू दूजेराम साहू सरपंच खड़ौदा कला टीकाराम साहू कामता निर्मलकर रोजगार सहायक ग्रामीणजन उपस्थित थे।



■ ग्राम खड़ौदा में पूर्णिमा मनीराम साहू ने किया आवास योजना का सर्वे

# ग्राम भरदा मे सीमेंटीकरण के बाद मुख्य मार्ग किनारे हुआ गड्ढा, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**गुरुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 930 ग्राम भरदा से ग्राम घोघोपुरी तक डामरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। उपरोक्त मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया गया है। डामरीकरण के पहले ग्राम भरदा में मुख्य मार्ग से 200 मीटर तक सीमेंटीकरण किया गया है, जिसके चलते मार्ग की ऊंचाई बढ़ गई है। सीमेंटीकरण के बाद निर्माण एजेंसी को मुख्य मार्ग के दोनों तरफ मुरुम डालकर समतल करना था, लेकिन अब तक समतल नहीं करने के कारण ग्रामीणों को एवं राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों के सामना करना पड़ रहा है।



मुख्य मार्ग के दोनों तरफ खतरनाक गड्ढा बन जाने के कारण आए दिन यहाँ लोग बेवजह दुर्घटना का शिकार होने लगे हैं, इसके अलावा राहगीरों को आने-जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार की शाम साढ़े 5 बजे ग्राम घोघोपुरी की तरफ से आ रहे बाइक में सवार युवक नियंत्रित होकर गिर गया था, हालांकि उसे मामूली चोट आई हैं। बता दे कि यह मार्ग गुरुर विकासखंड का महत्वपूर्ण मार्ग है जहां ग्राम भरदा के अलावा ग्राम घोघोपुरी, पेन्वरो, रमतरा, भानपुरी, सुर्रा जैसे दर्जनों गांव के ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे गुजरते हैं, उपरोक्त मार्ग सीधे ही नेशनल हाईवे से जोड़ती है, जिसके कारण इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में मोटर गाड़ियों गुजरती है, लेकिन यहां सड़क निर्माण के दौरान सीमेंटीकरण के बाद मुरुम डालकर समतल नहीं करने से मुख्य मार्ग के किनारे दोनों तरफ गड्ढा हो गया है।

मुख्य मार्ग के किनारे मुरुम डालकर समतल करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा एवं ग्रामीणों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है लेकिन कोई ध्यान नहीं देने के कारण राहगीरों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

## रील बनाने मौत को गले लगाते लोग

मोबाइलों की उपयोगिता से इंकार न करने के बावजूद इसका खतरनाक स्तर तक दुरुपयोग सामने आ रहा है। उसके जरिये अपराध तो हो ही रहे हैं, लोग काम-धाम छोड़कर उनमें खोये रहते हैं। वाट्सएप, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म लोगों को व्यस्त रखते हैं। मोबाइल कैमरों से सेल्फी खींचने के अलावा लोगों का नया शौक रीलें बनाने का है। जहां भी देखें तो लोग रील बनाते दिखते हैं। इसका शौक इस कदर बढ़ रहा है कि लोग अपनी जान पर खेल कर रीलें बना रहे हैं। कई ऐसी भी घटनाएं होती है कि उन्हें बनाने न दिया जाये तो वे आत्महत्या तक कर रहे हैं।

पिछले साल फरवरी में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल डीकेएस प्रबंधन ने 3 नर्सों को नौकरियों से बर्खास्त कर दिया है जो अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में रीलें बनाकर सोशल मीडिया पर डालती थीं। तीनों बर्न विभाग की यूनिफॉर्म पहनकर फिल्मी गानों पर रीलें बनाती थीं जबकि उनकी ड्यूटी ऑपरेशन थियेटर में नहीं थीं। उन्हें कई बार इसके लिये मना किया गया था फिर भी वे बाज नहीं आती थीं। कई बार बर्न विभाग की प्रभारी सिस्टर तथा विभागाध्यक्ष ने प्रबंधन से उनकी शिकायत की थी। इन तीनों नर्सों- पुष्पा साहू, तेजकुमारी साहू व तृप्ति दासर द्वारा जब रीलें बनाना जारी रहा तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बर्खास्त कर दिया। एक अन्य घटना भिलाई की है जहां रचना साहू नामक महिला का पति उसके द्वारा सारे वक्त मोबाइल के इस्तेमाल करने से परेशान रहता था क्योंकि वह घर के काम छोड़-छाड़कर पूरा समय मोबाइल पर व्यस्त रहती थी। वह अपनी रीलें सोशल मीडिया पर डालती रहती थी। उसका पति भूपेन्द्र मिस्त्री है जिसका पेशा टाइल्स का है। वह बार-बार उसे घर के कामों पर ध्यान देने के लिये कहता था। इसके चलते दोनों के बीच झगड़े होते थे। कुछ माह पहले की बात है, एक दिन उसके पति ने रचना का मोबाइल छीन लिया और अपने साथ लेकर काम पर चला गया। नाराज़ महिला ने पति के जाने के बाद उसने फांसी लगा ली।

ताजा घटना भिलाई की है। तीन नाबालिग हर्ष, जय और आदित्य आधी रात को निकले थे और शनिवार को बहुत सुबह मोटर साइकल पर सवार होकर रील बना रहे थे। हर्ष बाइक चला रहा था जबकि दोनों पीछे बैठे थे। रील बनाने हुए मोटर साइकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। हर्ष व जय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और आदित्य बुरी तरह घायल हो गया।

तीनों ही घटनाएं बतलाती हैं कि सोशल मीडिया पर दिखने का क्रेज़ ऐसा बढ़ चला है कि लोग, खासकर युवा इसके पीछे लगकर न केवल नौकरी खो रहे हैं बल्कि आत्महत्या कर रहे हैं और मौत को गले लगा रहे हैं।

**उल्टा पुल्टा**

बुजुर्ग- पढ़ाई कैसी चल रही है?
चिंटू- बिल्कुल आपकी जिंदगी की तरह।
बुजुर्ग- इसका क्या मतलब है?
चिंटू- मतलब राम भरोसे।



# एक देश एक चुनाव पर देश में बने सर्वसम्मति : रूपकुमारी चौधरी

## एक देश एक चुनाव देश से आर्थिक, प्रशासनिक, विकासात्मक लक्ष्यों को गति मिलेगी : अजय चंद्राकर

- धमतरी से उठी चिंगारी राष्ट्र में राजनीतिक सुधार की अलख जगाएगी : एल पी गोस्वामी
- विपक्ष राजनैतिक सुधार के प्रयासों में अवरोध उत्पन्न न करे : डॉ अनंत दीक्षित



**धमतरी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला अधिवक्ता संघ धमतरी द्वारा एक देश एक चुनाव विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अधिवक्ता संघ के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संघ के द्वारा जिस विषय को गोष्ठी हेतु चुना गया है वो ऐसा विषय है जो आने वाले समय में राष्ट्र का भविष्य तय करेगा। वर्तमान समय में देश का बहुत सारा वक्त, संसाधन और ऊर्जा केवल चुनाव कराने में नष्ट होती है। इसके चलते विकास कार्य अवरुद्ध होता है। इसे लेकर आम राय बनाने में बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी भूमिका निभा सकता है। सरकार केवल संसद में बहुमत के आधार पर इस कानून को नहीं लाना चाहती हम चाहते हैं कि इस विषय पर सर्वसम्मति बने क्योंकि ये राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हुआ विषय है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से प्रेरित 'एक देश एक चुनाव' केवल एक चुनावी सुधार नहीं है बल्कि यह भारत के लोकतंत्र को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने वाला क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगा अपितु देश के आर्थिक, प्रशासनिक और विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता एल पी गोस्वामी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि अधिवक्ता संघ ने ये बीड़ा उठाया। धमतरी से उठी यह चिंगारी राष्ट्र में राजनीतिक सुधार की अलख जगाएगी। इससे देश को लाखों करोड़ के अपव्यय से बचाया जा सकेगा। चुनाव में बड़े पैमाने में होने वाले अवैध अनैतिक हथकंडों से निजात मिलेगी। यह प्रयास कोई नया नहीं है 90 के दशक से इस पर बहस होती आई है परन्तु अब ऐसा लगता है कि देश का जनमानस इसकी आवश्यकता को समझने लगा है और जल्द ही राजनैतिक सुधारों का युग आने वाला है। सेवानिवृत प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित ने इस विषय पर अपने समालोचनात्मक उद्बोधन में वर्तमान में देश के राजनीतिक परिदृश्य को देश के विकास के लिए घातक बताया और एक देश एक चुनाव को लागू करना देश हित में जरूरी बताया। साथ ही उन्होंने आशंका भी व्यक्त की कि देश का विपक्ष केवल विरोध करना है इसलिए इस राजनैतिक सुधार के प्रयासों पर अवरोध उत्पन्न न करे। इस कानून के दीर्घकालीन लाभ होंगे और देश चुनावों के चक्रव्यूह से बाहर निकल विकास के रथ पर सवार हो सकेगा। वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक पांडे ने रोचक अंदाज में अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत जैसे विशाल वर्सेटाइल देश में विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दे गौण हो जाते हैं। ये भारत के लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। देश में चुनाव जब एक साथ होंगे तो राष्ट्र हित को महत्व देने का माइंडसेट और नेरेटिव अपने आप देश में बनेगा, राष्ट्र सर्वोपरि की बात होगी। गोष्ठी में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण साहू ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बी के सिन्हा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि इस विषय पर संगोष्ठी रखने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई। संचालन संघ के सचिव सौरभ मिश्रा ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापन संघ के सदस्य कविंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य वी.के. पाठक एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय, भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल प्रसाद शर्मा, डॉ एन पी गुप्ता, डॉ के एस शांडिल्य, शशि पवार, प्रकाश बैस, एतराम साहू, अनिल चंद्राकर, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, नवीन सांखला, रोहिताश मिश्रा, राजेश गोलछा, चेतन >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ संभागीय अध्यक्ष बने मुन्ना कुर्रे



**राजिम,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के दो बार अध्यक्ष रहे बकली (राजिम) निवासी मुन्न कुर्रे को रायपुर संभाग सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया। मुन्ना कुर्रे को सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रायपुर संभाग के सतनामी समाज एवं मुन्न कुर्रे के शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया। मुन्ना कुर्रे समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहते है जिस कारण उन्हें दो बार तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत बकली के दो बार सरपंच, जनपद सदस्य बनने का अवसर मिला साथ ही आज भी समाज हित के कार्यों में लगातार सहभागिता निभाते हैं। निश्चित ही मुन्न कुर्रे को युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष बनाने से युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज छत्तीसगढ़ मजबूती के साथ सशक्त होगा। मुन्ना कुर्रे को संभागीय अध्यक्ष बनाने जाने डॉ आनंद मतवाले (गुरुजी) संरक्षक सतनामी समाज राजिम, राधाकृष्ण टंडन अध्यक्ष सतनामी समाज अभनपुर, त्रिभुवन महिलांग, देवसिंह रात्रे, मुन्ना बंधे, नीलकमल गिलहरे, दिनेश बंजारे, हीरालाल बंजारे,, तुलेश्वर घृतलहरे, सहदेव बंजारे, देवानंद मन्नाडे, सुघरमल आड़े, विष्णु जांगड़े, राकेश मांडरे, रेवा ओगरे, कोमल ढीढी, राकेश भारती, विजय गिलहरे, चम्पू नवरंगे, नेमीचंद बंजारे, राजेशगिलहरे, दिलीप मार्कण्डेय, भागचंद चतुर्वेदी, कमलेज >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# अक्षांश कश्यप का राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अंडर 14 टीम में चयन



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय लवन जिला बलौदाबाजार के छात्र अक्षांश कश्यप का नवोदय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अंडर 14 टीम में चयन हुआ है। अक्षांश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अंबुजा विद्या पीठ रवान से किया। नवोदय विद्यालय में चयन होने के पश्चात पढ़ाई के साथ क्रिकेट में रुचि होने के कारण कई जिला व राज्यस्तरीय क्रिकेट टीमों में खेलते हुए बलौदाबाजार रीजनल टीम में चयनित होते हुवे ढेंकानाल उड़ीसा में जोरदार प्रदर्शन रहा। केंद्रीय नवोदय विद्यायल द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में नवोदय लवन से अक्षांश नेशनल टीम जयपुर राजस्थान में खेलेगें। उनके इस सफलता और चयन होने पर छात्र अक्षांश ने नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी.गिरिजा, प्रदीप कुमार खेल शिक्षक सहित मंदोदरी, राकेश सिंह, ज्ञान प्रकाश, शालिनी राजेन्द्र सिक्का व अकादमी कोच सागर सक्सेना, बलराम सहित अपने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का व अपने माता शिक्षिका शालिनी कश्यप व पिता समाज सेवी कपिल कश्यप का विशेष भूमिका मानते है।

अक्षांश के चयन पर विद्यालय परिवार व परिजन व मित्रगणों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित किया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मिश्रीलाल कश्यप, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार के राजप्रधान >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# नपा उपाध्यक्ष ने ली पीएम आवास की जानकारी



**प्रभारी को दिए आवश्यक निर्देश**

**महासमुंद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर पालिका के आवास प्रभारी लोकरजंन साहू से प्रधांनमंत्री आवास योजना के आवेदनो की जानकारी ली गई। श्री राठी ने बताया कि प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई 253 आवेदन प्राप्त हुये है। जिनका आनलाईन किया जा चुका है इसमें आबादी भूमि का 42, संयुक्त स्वामी की 76 अवैद्ध प्लाटिगं के 5, 2500 वर्ग फिट से अधिक भूमि के 3 और एकल भू स्वामी के 127 आवेदन प्राप्त हुये। छ.ग. सरकार द्वारा सही आवेदनों को अनुमोदन के लिए नगर पालिका से मांगा गया है। बेउब की बैठक रायपुर 15 मई के लगभग होनी है उस बैठक में शीघ्र ही अनुमोदन के बाद अनुज्ञा सहित हितग्रहियों के आवास निर्माण की अनुमति व प्रथम किश्त की राशि जारी की जावेगी। श्री राठी ने बताया कि राशि 226000 के जगह 250000 चार किश्तों में दिया जावेगां उसके बाद मकान निर्माण उपरान्त गृह प्रवेश पर छ.ग. सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के द्वारा मुख्यमत्री गृह प्रवेश योजना के तहत 32850रू. की राशि दी जावेगी कुल मिलाकर 282850रू. प्रत्येक हितग्राहियों को प्राप्त होगा। पहले की तुलना में 56000रू. राशि अतिरिक्त दी जावेगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# पेंशनर्स समाज का जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह

- पेंशनर्स समाज की बैठक में राजिम विधायक ने कहा आप लोगों ने मुझे पढ़ाया, यहाँ तक पहुंचने में आप सबका आशिर्वाद मिला
- मांग पूरा करने का अश्वासन दिया साथ ही स्वेच्छा अनुदान से बीस हजार रुपए देने की घोषणा



**राजिम,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने उदबोधन में पेंशनर्स समाज की बैठक में कहा आप लोगो ने ही मुझे पढ़ाया है आज यहाँ तक पहुंचने में आप सबका आशिर्वाद है मांग पूरा करने का अश्वासन दिया साथ ही बीस हजार स्वेच्छा अनुदान राशि देने की घोषणा किया। राजिम नगरी को स्वच्छ सुन्दर एवं समस्या को दूर करने का प्रयास करूँगा कहा एक राष्ट्र एक चुनाव पर सहमति लिए, विधायक ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहमति मांगी उक्त बातें राजिम विधायक रोहित साहू ने पेंशन समाज तहसील शाखा राजिम के मासिक बैठक गायत्री मंदिर राजिम के नवनिर्मित सभागार में आयोजित बैठक में व्यक्त की।

नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव ने कहा आप लोगो ने मुझे आशिर्वाद दिया उसे पूरा करूँगा राजिम नगरी को स्वच्छ व सुन्दर संवांरूगा, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू ने अपने उदबोधन में सबसे आशिर्वाद मांग कर क्षेत्र में अच्छा कार्य करने कहा।

पेंशनर्स समाज की बैठक में भगवान् राजिव लोचन एवं माता सरस्वती की पूजा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम एवं अध्यक्षता कर रहे छग पेंशनर समाज तहसील शाखा राजिम के अध्यक्ष बैसाखूराम साहू के द्वारा किया गया, तत पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत पेंशनर समाज के साथियों के द्वारा किया गया, उसके बाद नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के स्वागत तिलक चंदन एवं पुष्पहार से किया गया, अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत राधेश्याम सेन ने प्रस्तुत किया, कार्य क्रम शुरू होने के पहले गायत्री परिवार के शंकर सिन्हा एवं हीरा राम हिरवानी के द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुत किया गया, स्वागत भाषण पेंशनर समाज के अध्यक्ष बैसाखूराम साहू ने किया। उन्होंने पेंशनर समाज के गतिविधियों पर प्रकाश डाला नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मान के साथ हम सब बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मिलता रहेगा जिससे आप सबको आगे बढ़ने अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलेगा, पेंशनर्स साथियों को मंहगाई भत्ता राज्य शासन के द्वारा वृद्धि हुई है वो नहीं दिया गया है जबकि कर्मचारी भाइयों को अप्रैल महिना से भुगतान किया गया है।

कार्यक्रम के संचालक रोमन लाल साहू ने उम्र साठ के बाद ही ठाठ है कविता सुनाया, विधायक श्रीसाहू के उदबोधन के पहले मांग पत्र वाचन सलाहकार विक्रम मेघवानी ने पेंशनर समाज >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# मजदूर एवं बेरोजगार साथियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा : के.के. वर्मा



**के.के. वर्मा भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष बने**

**बलौदाबाजार,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पद, पावर, पैसा, एवं प्रतिष्ठा पाने के लिए भागते भागते मनुष्य का जीवन व्यतीत हो जाता है लेकिन बमुश्किल इनमे से एकात ही मिल पाता है लेकिन उसे भी वह अपने अतिमहत्वाकांक्षी के कारण सम्भाल नहीं पाता। परन्तु गरीब, युवा, महिला, किसान, एवं मजदूरों की सेवा करने की जिसमें जज्बा हो वह किसी पद की मोहताज नहीं होता। उक्त बातें भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल बलौदा बाजार जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के के वर्मा ने कही। ज्ञात हो कि के.के. वर्मा को भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के सचिव बृजेश कुमार पांडेय ने बलौदाबाजार जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

श्री वर्मा ने अपने नियुक्ति पश्चात कहा है कि बलौदाबाजार जिला सीमेंट हब जिले के नाम पर देश विदेश में अपनी पहचान बना रही है। यहां राष्ट्रीय एवं अंतरास्ट्रीय स्तर पर कई सीमेंट कंपनियां संचालित हैं लेकिन यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि जिन किसानों ने इन कंपनियों को अपनी तीन पीढ़ी से जीवन यापन करने वाली जमीन को औने पौने दाम पर इस उम्मीद से बेच दी कि उद्योग लगने से इनके बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा लेकिन रोजगार तो दूर इन किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिला। पढ़े लिखे युवा साथी काम के लिए इधर उधर भटक रहे हैं, मजदुर साथियों को पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही है, मजदूरों का भारी शोषण हो रहा है। इन्हीं सब समस्याओं एवं मेरी पिछले काम काज को देखते हुए भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के सचिव बृजेश कुमार पांडेय ने मुझे बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष नियुक्त करते हुए निर्देशित किया है कि एक माह के भीतर जिला कार्यकारणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करना है। जिसे श्री वर्मा ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि जिस उद्देश्य एवं विश्वास के साथ मुझे जो सम्मान दिया गया है उसे पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जावेगी, किसी मजदुर साथियों एवं बेरोजगार साथियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। चाहे इसके लिए हमें सड़क की लड़ाई लड़ना पड़े। श्री वर्मा के नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि गण, किसान, बेरोजगार युवाओं एवं भारी संख्या में मजदूर साथियों ने बधाई दी। श्री वर्मा ने इस नियुक्ति >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# हिन्दू संगठनों ने हिंसा के विरोध में ममता सरकार का किया पुतला दहन, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग



**महासमुंद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। वक्फकानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी। इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फतो केवल बहाना थाए असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। आज यह हिंसा मुर्शिदाबाद से निकलकर संपूर्ण बंगाल में फैलती जा रही है। अब यह बंगाल तक भी सीमित नहीं रहेगी। इसलिए देश की जनता मांग करती है बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पुतला दहन एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शौरभ अग्रवाल, विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया, जिला मंत्री बसंत देवता, मातृ शक्ति जिला सयोजिक श्रीमती अनीता चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राहुल चन्द्राकर, आनंद साह, हनीश बग्गा, पार्षद भाऊ राम साहू, मुन्ना साहू, भरत चन्द्राकर, देवेन्द्र दुबे, हुकुम चंद शार्मा, रितेश गोलछा, अग्रज शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सर्व हिन्दु समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सट्टा खिलाते दो महिला गिरफ्तार



**धमतरी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर सूचना मिली की दो महिलाओं द्वारा गौशाला मैदान के पास विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी में आम जगह पर सट्टा नामक जुआ खेला रही हैं की सूचना पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर टीम द्वारा दबिश देकर मुखबिर के बताये जगह पर दो आरोपिया द्वारा आम जगह में लोगो से पैसा लेकर हारजीत का खेल अंको वाली सट्टा पट्टी नामक जुआ खिलाते रंगे हाथ पकड़ा गया, पुलिस को देखकर सट्टा लिखवा रहे लोग भाग गये, और सट्टा खिलाने वाली दोनों आरोपिया सुल्ताना बेगम पति फिरोज खान उम्र 53 वर्ष, मेहरून निशा पति ईकबाल अहमद उम्र 50 वर्ष सा0 रामबाग धमतरी को पकड़ा गया। पकड़े गये दो आरोपिया 3 नग सट्टा पट्टी विभिन्न अंक व हजारों की रकम लिखा, दो नग डाट पेन, दो नग मोबाईल तथा नगदी रकम 7200 रूपये गवाहों के समक्ष जब्त कर थाना सिटी कोतवाली धमततरी के अप.क्र.105/25, छत्तीसगढ जुआ अधिनियम वर्ष 2022 धारा 6 (ख) जुआ एक्ट के तहत, दोनों आरोपिया के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से सउनि. संतोषी नेताम, मआर. गोदावरी ध्रुव, कलेश्वरी कुंजाम, आरक्षक डायमंड यादव, सुरेंद्र डडसेना, मुकेश सिन्हा सायबर प्रभारी सउनि. प्रदीप सिंह एवं प्रआर. हरीश साहू, आर. महेंद्र सिन्हा, ओम प्रकाश निषाद का विशेष योगदान रहा।

# श्री बाबा देव धाम में भजन कीर्तन संपन्न

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम रावन व अंचल के सुप्रसिद्ध मंदिर श्री बाबा देव धाम में शनिवार को रावन अल्ट्राटेक धार्मिक समिति एवं सदस्यों द्वारा संध्या सात बजे से एक दिवसीय अखंड संगीतमय भजन कीर्तन का आयोजन सम्पन्न हुआ। भजन मंडलियों द्वारा भोजन प्रसादी व्यवस्था किया गया था। इस दौरान बुजुर्ग लतेल मंडल, संतोष वैष्णव, कन्हैया वर्मा, चंद्र प्रकाश वैष्णव, संजीव ठाकुर, व्यास सर, आर के मिश्रा, सुशील तिवारी, दाऊलाल, भागीरती यादव, मेघनाथ, कीर्तन साहू, सालिकराम, मानसिंह और बैजु राम वर्मा आदि मौजूद रहे।



# गोधूली बेला में पाणिग्रहण कर चावल टिकने की परंपरा को बनाए रखें : रोहित साहू

## चौबेबांधा में साहू समाज राजिम परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**राजिम,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति लगातार बढ़ती जा रही है। आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि साहू समाज के सिर ऊंचा रखना और सम्मान को बढ़ाने के लिए हमेशा काम करता रहूंगा। उक्त बातें ग्राम चौबेबांधा में राजिम परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज के द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती, वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से राजिम विधायक रोहित साहू ने व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि साहू समाज आदर्श समाज है। भक्त माता राजिम के कुल में जन्म लेने सौभाग्य मुझे मिला है। साहू समाज के साथ ही सभी समाज का आशीर्वाद से क्षेत्र के नेतृत्व करने के लिए मौका मिला है जिसका ऋण चुकाने के लिए लगता है मुझे एक और जन्म लेना पड़ेगा। राजिम क्षेत्र का विधायक बनना बहुत बड़ी गौरव की बात है। इस पद को पाने के लिए लोगों की कई पीढ़ी निकल जाती है। भक्त माता कर्मा की कृपा से साहू समाज के इस बेटे को क्षेत्र की समस्त जनता ने आशीर्वाद दिया। उन्होंने सामाजिक पदाधिकारी के मांग पर राजिम परिक्षेत्र के लिए 15 लाख रुपए तथा चौबेबांधा साहू समाज भवन में टीना शेड के लिए 7 लाख देने की घोषणा की।



विधायक रोहित साहू ने राजिम परिक्षेत्र के लिए 15 लाख और चौबेबांधा साहू भवन में टीना शेड के लिए सात लाख देने की घोषणा

**शादी गोधूलि बेला में किया जाए:** विधायक रोहित साहू ने आगे कहा कि मैं सिर्फसाहू समाज के लोगों से ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोगों से यह निवेदन कर रहा हूं कि पानी ग्रहण के लिए शुभ मुहूर्त तय किया जाता है। इस तिथि और मुहूर्त पर विवाह कार्य संपन्न कराया जाए। आजकल देखा जा रहा है कि विवाह में गोधुली बेला का कोई अर्थ ही नहीं निकल रहा है। बाराती रात 8रू00 बजे आते हैं। उनका स्वागत करते, नाचते गाते हुए 11रू00 जाते हैं। 12रू00 भोजन करते हैं। तब तक दूसरा दिन लग जाता है। रात भर शादी रस्म अदायगी होती है। यह ठीक नहीं है। शादियां तो गोधुली बेला में ही करें।

**पेड़ ऑक्सीजन देने वाली मां : भुनेश्वर साहू**

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि जीवन में कुछ अच्छा करें, लोक कल्याणकारी कार्य से अपनी पहचान बनाएं पहले के जमाने में राजा महाराजा तालाब खुदवाते थे मंदिर बनवाया जाता था विद्यालय के अलावा जनहित के काम में लगे रहते थे, हम लोग इतना बड़ा काम तो नहीं कर सकते, परंतु हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए। पौधा लगाना सबसे बड़ा परोपकार है जन्म देने वाली मां एक बार जन्म देती है लेकिन वृक्ष प्रतिदिन ऑक्सीजन देकर हमें जीवन दे रही है भोजन पानी दो-तीन दिन नहीं मिलेगा फिर भी चल जाएगा परंतु ऑक्सीजन ढाई मिनट तक नहीं मिलेगी तो मनुष्य हमेशा के लिए विदा हो जाएंगे इसलिए पेड़ हमारे ऑक्सीजन देने वाली मां है। एक पेड़ अपने माता-पिता के नाम लगा दीजिए। जन्मदिन, पुत्र पुत्री के विवाह इत्यादि अवसर पर भी जरूर पेड़ लगाएं, अब मठ बनाने की आवश्यकता नहीं है बल्कि पेड़ लगाना जरूरी है। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि फैशन और चकाचौंध से अलग होकर हमें अपनी संस्कृति और संस्कार का सम्मान करना जरूरी है। हमारे समाज में चावल टिकने की परंपरा दूर होते जा रही है। गोधूली बेला में विवाह कर टिकावन टिकने का मौका सबको मिलना चाहिए। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि हम साहू समाज के वंशज हैं। यह बहुत ही गौरवशाली समाज है। साहू समाज अब रोटी बेटी तक ही सीमित नहीं रह गया है यह आगे बढ़ने वाला समाज है। हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। माता कर्मा साहू समाज की कुलदेवी है।

प्रतिभाएं हुई सम्मानित

राजिम विधायक रोहित साहू ने मंच से ही विभिन्न क्षेत्रों में पहचान बनाने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया जिसमें शिक्षा दान करने के लिए काजल साहू, सावित्री साहू, रानू साहू, शासकीय सेवा में जाने वाले धनेश्वरी साहू, भानु प्रताप साहू के अलावा कक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों का शानदार स्वागत किया गया। राजिम परिक्षेत्र के द्वारा विधायक रोहित साहू को उनके ही तस्वीर भेंट किया गया जिसमें दोनों पति-पत्नी को दिखाया गया है। स्मृति चिन्ह अभी भेंट किया गया। राजिम परिक्षेत्र ग्रामीण जिसमें श्याम नगर, बरोंडा, सिंधौरी, चौबेबांधा, पीपरछेड़ी, सेम्हरतरा, कोमा, कुम्ही के पदाधिकारी के अलावा सदस्यगण भी मौजूद थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण लाल साहू, साहू संघ तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, डॉ महेंद्र साहू, डॉ रामकुमार साहू, कुंजन लाल साहू, जनपद सदस्य आशीष पांडे, तुमेश साहू, दुलीचंद आंडे, मनहरण साहू, ओमप्रकाश साहू, नकछेड़ा राम साहू, सुलोचना निर्मलकर, बलराम साहू, डीगेश्वर साहू, प्रकाश साहू, पुरुषोत्तम साहू, चमेली साहू, द्रौपदी साहू, किशोर साहू, बिशेलाल साहू, भवानी शंकर साहू, किस लाल साहू, वेदराम साहू, हीरामन साहू, नंदू साहू, प्रेम साहू, गणेश साहू, लोकेश साहू, दिलीप साहू, लीलाराम साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत पिसीद में जल संकट गहराया



- नल जल योजना में चेंबर बना कर छोड़ दिया गया हैं
- टेंकर से किया जा रहा हैं पानी की आपूर्ति

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन पूरी तरह फ्लॉप होती नजर आ रही है। इस योजना से सरकार जहां एक ओर किसी भी माता बहनों को बाहर से पानी नहीं लाना पड़े और सीधे घर तक नल के माध्यम से पीने का पानी पहुंचे इसके लिए विकास खंड के प्रत्येक गांव में आबादी के अनुसार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वही संबंधित अधिकारियों की मनमानी के कारण घर तक नल से पानी पहुंचना तो दूर घर के आस पास भी नल से पानी नहीं पहुंच पा रही है जिसके कारण गांव में टैंकर से पानी वितरण किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में अभी से पानी की भारी समस्या बन गई है जबकि अभी पूरी गर्मी का मौसम सामने है। यहां का जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण हैंड पंप और कुआं ने जवाब दे दिया है। यहां पीने और निस्तारी की पानी की भारी समस्या बन गई है। जिसके कारण ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर से पानी वितरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यहां अब तक जल जीवन मिशन के तहत शिवाय चेंबर के कोई कार्य नहीं हुआ है। यहां करीब तीन साल पूर्व करीब पांच सौ घरों में नल का चेंबर बना कर छोड़ दिया गया है इसके बाद अब तक न ही पाइप लाइन बिछाई गई है और न ही टंकी बनाई गई है। यहां के पूर्व उप सरपंच दिनेश देवांगन सहित ग्रामीण लोगों का कहना है कि जब यहां घरों में नल का चेंबर बनाया जा रहा था तब लग रहा था कि पानी की समस्या नहीं होगी लेकिन अब पता चला कि यह सिर्फलॉलीपॉप रहा है। आज तीन साल हो गया सिर्फ चेंबर बना कर छोड़ दिया गया है।

इस संबंध में सरपंच कार्तिक बंजारे ने बताया कि यहां जल जीवन मिशन के तहत नल चेंबर के अलावा कोई कार्य नहीं हुआ है और वह भी सभी घरों में नहीं बनाया गया है। जल जीवन मिशन के तहत बड़ी टंकी बनाई गई होती तो आज पानी की समस्या नहीं होती। इस संबंध में पी एच ई के प्रभारी एस डी ओ मनोज डाकोड़े से संपर्क करने पर कहा कि पिसीद का दोबारा टेंडर हुआ है।

# नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र के अजय ठाकुर को मिला प्रथम स्थान व मेडल

**बागबाहरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। वनांचल ग्राम पंचायत खैरटकला निवासी आदिवासी युवक अजय ठाकुर एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो जिला, प्रदेश, देश एवं विदेश में भी जाकर अपना जौहर दिखाकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। जिससे प्रदेशवासी गौरवान्वित हैं। इस युवा शक्ति की ताकत का हमें जमकर प्रशंसा करनी चाहिए। ताकि वे अपने खेल में हमेशा अपना नाम रोशन करते रहें।



बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरटकला पोस्ट भलेसर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 के निवासी अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी युवा जांबाज़ अजय ठाकुर पिता तेजूराम ठाकुर मध्यप्रदेश में आयोजित प्रथम बार कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय में प्रथम गोल्ड मेडल प्राप्त किए। तथा इस बार अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला आयोजन नेपाल में हुआ। उसमे भी वे प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर पूरे देश का नाम एवं हमारे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किए हैं। उसमे भी कबड्डी खिलाड़ी युवा जांबाज़ अजय ठाकुर ने भाग लिए। यह हमारे जिले एवं प्रदेश के लिए बड़े ही गौरव की बात है। तथा हम सभी प्रदेशवासी उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है।

# नपा अध्यक्ष ने दी ईस्टर की शुभकामनाएं, प्रार्थना सभा में हुए शामिल

**भाटापारा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार 20 अप्रैल को प्रभु यीशु के अनुयायियों ने ईस्टर के मौके पर अनेक तरह से अपनी आस्था प्रभु यीशु के प्रति प्रकट की। इस मौके पर भाटापारा नगर से लगे गणेशपुर और विश्रामपुर में स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। ईसाई समाज के आमंत्रण पर भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा भी ईस्टर की प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए इस दिन को पुनरुत्थान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा ईस्टर का संदेश सिर्फ ईसाई धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अवसर नयी आशा के साथ प्रेम, सच्चाई और शांति की सीख देता है।

गौरतलब है कि ईस्टर ईसाई धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे गुड फ्राइडे के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस साल गुड फ्राइडे 18 अप्रैल को थी और ईस्टर रविवार 20 अप्रैल 2025 को मनाया गया. यह पर्व प्रभु यीशु के बलिदान के बाद उनके पुनर्जन्म और पुनरुत्थान का प्रतीक है, जिसे दोगुनी खुशी के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि ईस्टर संडे के दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो गए थे और 40 दिन तक पृथ्वी पर रहकर



ईस्टर पर गणेशपुर और विश्रामपुर चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन

उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम, दया, क्षमा, मानवता और करुणा का पाठ पढ़ाया था, इसके बाद वे वापिस स्वर्ग लौट गए थे। ऐसे में ईस्टर के मौके पर देशभर सहित भाटापारा नगर के नजदीक गणेशपुर एवं विश्रामपुर स्थित चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई धर्म के अनुयायी जुटे। समाज के पदाधिकारियों के आमंत्रण पर नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा भी प्रार्थना सभा के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रभु यीशु के संदेश और ईस्टर पर बात करते हुए कहा कि, ईस्टर हमें सिखाता है कि चुनौतियों के बाद उम्मीद की नई किरण जागती है साथ ही यह अवसर सभी समुदायों के बीच शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि वे नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले हर समुदाय और समाज के लोगों को समान रूप से ध्यान में रखकर योजनाएं बना रहे हैं और काम कर रहे हैं। नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगर विकास में हर समुदाय की सहभागिता की भी अपील की। इस शुभ अवसर पर पूर्व सरपंच अमित दास, अभिषेक दास, विकास पॉल एवं सुभाष हेनरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जयमाला पांच हजार रुपए पार, लोकल आवक से मोंगरे पर खामोशी

**भाटापारा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जयमाला 500 से 5000 रुपए। कार की सजावट 1500 से 7000 रुपए। मई-जून में विवाह की सीमित तारीखों को देखते हुए फूल बाजार ने यह नई कीमत इसलिए तय की हुई है क्योंकि मांग के अनुरूप फूलों की उपलब्धता नहीं है। निकाय चुनाव और परिणाम के बाद, दो माह बेहतर की आस में गुजरे। अब यह आस पूरी हो रही है क्योंकि शुभ मुहूर्त की तारीखें करीब आ चुकीं हैं लिहाजा पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और महाराष्ट्र के फूल उत्पादक क्षेत्र से अग्रिम सौदे किए जाने लगे हैं। जहां देश स्तर की मांग पहुंची हुई है।

**महंगी पड़ेगी जयमाला:** जयमाला। बेहद अहम है इस परंपरा का निभाया जाना लेकिन महंगी पड़ेगी जयमाला की खरीदी क्योंकि जरूरी गुलाब और रजनीगंधा जैसे फूल महंगे हो गए हैं। साथ ही श्रम भी महंगा हो गया है क्योंकि जयमाला बनाने के लिए कुशल हाथ चाहिए। ऐसे में जयमाला में शुरुआती कीमत 500 रुपए बोली जा रही है। अंतिम कीमत 6000 रुपए तक तय कर दी गई है।



**कार की सजावट भी महंगी हुई:** वर-वधु पक्ष की नजर रहती है दूल्हे की कार पर। इसलिए बीते दो वर्षों से कार की सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यही वजह है कि इस बार कार की सजावट 1500 से 7000 रुपए जैसी उच्च कीमत पर करवानी होगी। आगे भी जा सकता है यह खर्च, जब गुलाब और रजनीगंधा जैसे फूलों की संख्या बढ़ाई गई तो।

**गर्म गुलाब और गेंदा:** कर्नाटक और महाराष्ट्र से आ रहे हैं गुलाब। जबकि गेंदा की आवक पश्चिम बंगाल से हो रही है। लोकल फूल बाड़ियों से मोगरा भी आने लगा है। लेकिन चौतरफा मांग है इन सभी फूलों में। इसलिए गेंदा 100 से 150 रुपए किलो पर पहुंच गया है।

गुलाब में प्रति स्टिक कीमत 20 से 30 रुपए और रजनीगंधा में 30 से 35 रुपए प्रति स्टिक कीमत बताई जा रही है। अलबत्ता कमजोर मांग की वजह से मोगरा की माला 10 से 50 रुपए पर शांत है

# नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने कम्पोस्ट सेंटर एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**बागबाहरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बागबाहरा को 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत शासन ने राशि जारी की है। उक्त राशि से वार्ड क्रमांक 12 में कम्पोस्ट सेंटर निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 कम्पोस्ट सेंटर में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 09 कम्पोस्ट सेंटर तक पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।



आज 18 अप्रैल को नगर पालिका बागबाहरा की अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डी.एल. बर्मन एवं शशिप्रताप सिंह उप अभियंता द्वारा उपरोक्त स्थानों का निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य स्वीकृत होते ही उक्त सभी कार्यों को तत्काल प्रारम्भ कराया जाएगा। जिससे नगर का विकास बढेगा।

# बारहमासी हो रहा मच्छर मारने का कारोबार

**भाटापारा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। माना जाता रहा है 4 माह का कारोबार लेकिन इस बार मच्छर अगरबत्ती की जोरदार डिमांड छठवें माह में भी कम नहीं हुई है। कम होने की संभावना लगभग शून्य ही है क्योंकि मच्छरों को अनुकूल माहौल मिला हुआ है।



रोकथाम के उपाय शून्य, मिल रहा अनुकूल माहौल

मच्छर अगरबत्ती के सीजन के दिनों में एक माह की वृद्धि हो चुकी है। दूसरे माह के मध्य में पहुंच चुकी यह सामग्री, इस बार बिक्री का कीर्तिमान बनाने की राह पर है। यह दोगुना से ज्यादा होने की संभावना इसलिए है क्योंकि नियंत्रण के सटीक उपाय लेकर लापरवाही अभी भी बनी हुई है।

**बढ़ रहे सीजन के दिन:** नवंबर से फरवरी के बीच के दिवस मच्छरों के लिए आदर्श माने जाते हैं। इस बार अक्टूबर में ही सीजन ने दस्तक दे दी। समाप्ति के दिन को गुजरे दूसरा माह होने को आया लेकिन डिमांड को देखकर संभावना बन रही है कि मच्छरों का आक्रमण जून तक बना रह सकता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि पनपने और आबादी बढ़ाने वाली स्थितियां अब भी बनी हुई हैं।

**दोगुना के करीब डिमांड:** स्वच्छता अभियान तो चल रहा है लेकिन अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही है। ऐसे में मच्छरों से बचाव के उपाय पर दोगुना खर्च करना पड़ रहा है। इसलिए इस सीजन में 5 लाख रुपए का यह बाजार 10 लाख रुपए के करीब पहुंचता नजर आ रहा है। मांग को देखते हुए अग्रिम तैयारी की हुई हैं संस्थानों और ईकाइयों ने।

**स्टिक सबसे आगे:** तरल, टिकिया और अगरबत्ती के रूप में आते हैं मच्छरों से बचाव के उपाय। स्प्रे में भी डिमांड रहती आई है लेकिन अगरबत्ती को लेकर जैसा रुझान बना हुआ है, उसे देखते हुए देश की उपभोक्ता सामग्रियां बनाने वाली कई बड़ी कंपनियों के उत्पादन बहुत जल्द नज़र आने वाले हैं। इन सब के बावजूद मच्छरों से बचाव की राह आसान नजर नहीं आ रही है।

# आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की भागवत कथा आज से




**महासमुंद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानीय खैराबाड़ा में 22 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलियारी धाम द्वारा भक्तों को कथा श्रवण कराया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस 22 अप्रैल को श्री गणेश पूजा एवं पित्रेश्वर पूजन, कलश यात्रा, श्रीमद भागवत जी स्थापना एवं महात्म्य गोकर्ण उपाध्यान, 23 को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ परीक्षित जन्म कथा, 24 को कपिल मुनिदेव कथा, रवि संवाद, ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत कथा, 25 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार कथा, 26 को श्रीकृष्ण जन्म, नंदोत्सव, कृष्ण अवतरण प्रसंग कथा, 27 को प्रभु श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन लीला, छप्पन भोग समर्पण, 28 को बैकुण्ठ दर्शन, कंश वध, रूखमणी विवाह, रामपंध्यायी, 29 को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण.उद्धव संवाद, श्रीमद भागवत समापन, फूलों की होली खेली जाएगी। उक्त आयोजन उषा कमलनारायण चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा है।

# धमतरी को मिला अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन

**धमतरी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन मंशा से जिले को आज अग्निशमन के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। आज स्थानीय रत्नाबंधा रेस्ट हाउस में सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी और विधायक कुरूद अजय चंद्राकर ने अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि जिले को तेल, गैस, बिजली या अन्य अति ज्वलनशील कारणों से उत्पन्न होने वाली आगजनी की घटनाओं से त्वरित और प्रभावी रूप से निपटने के लिए अत्याधुनिक फोम वेंडर सहित अधिक क्षमता वाली नई अग्निशमन वाहन प्राप्त हुई हैं, जो जिले को पहली बार उपलब्ध हुई है। इसकी क्षमता 6 हज़ार लीटर है, जिसमे 5 सौ लीटर फोम टैंक तथा 5 हज़ार 5 सौ लीटर पानी टैंक क्षमता है। साथ ही वाहन की क्षमता 6 हज़ार लीटर पानी की है। दोनों वाहन तकनीकी एवं अत्याधुनिक दृष्टि से लैस है।




सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक अजय चंद्राकर ने किया हरी झंडी दिखा कर रवाना

इस अवसर पर सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश का हर जिला आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। शासन की जनहितकारी सोच के अनुरूप जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सड़क और अग्निशमन जैसे मूलभूत ढांचों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों कि सुरक्षा हमारी सेवा है, इसी भाव से विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन के साथ काम काम कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस पहल को जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस समस्या पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के लिए अग्निशमन वाहन की स्वीकृति प्रदान की। हाल ही में मुख्यमंत्री श्री साय ने 20 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें से एक वाहन धमतरी जिले को आवंटित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि नई दमकल वाहनों में बड़ी आगजनी की घटनाओं में लगातार और लंबे समय तक आग बुझाने की क्षमता रखता है। फॉग और जेड ब्रांच के माध्यम से पानी की अत्यधिक बचत के साथ आग पर जल्दी नियंत्रण पाया जा सकता है। वाहन में एक सौ मीटर लंबी होज़ लाइन की सुविधा है, जिससे उन स्थानों तक भी पानी पहुँचाया जा सकता है जहाँ वाहन सीधे नहीं पहुँच सकता। ऊँचाई वाले क्षेत्रों व संकरी गलियों में यह विशेष रूप से लाभकारी है। हाइड्रोलिक लाइटिंग सिस्टम से रात के समय या अंधेरे में बेहतर दृश्यता मिलती है। यह सुविधा राहत एवं बचाव कार्य को और अधिक सुरक्षित बनाती है। वाहन में आपातकालीन स्थिति में घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर की व्यवस्था है। इससे घायलों को सुरक्षित और जल्द से जल्द अस्पताल पहुँचाया जा सकता है। वाहन में श्वसन यंत्र की सुविधा उपलब्ध है। यह अग्निशामकों को धुएँ और विशैली गैसों से सुरक्षित रखते हुए सुरक्षित रूप से अंदर घुसकर राहत कार्य करने में मदद करता है।

## प्रीबीएड, डीएलएड और नर्सिंग कोर्स के प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 25 तक

**बिलाईगढ़,** 21 अप्रैल। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी सत्र से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। प्रीबीएड, प्रीडीएलएड, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है।



# स्ट्रीट लाइट्स बनी शो-पीस, करोड़ों खर्च के बाद भी अंधेरे में डूबा सड़क






**पिथौरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत लहरौद और लाखागढ़ में करोड़ों की लागत से लगाए गए स्ट्रीट लाइट खंभे अब शो-पीस बनकर रह गए हैं। अंधेरे से निजात दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए गए, लेकिन नतीजा शून्य है। करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए 108 स्ट्रीट लाइट्स में से एक भी चालू नहीं हुई, जबकि चार खंभे अब तक गिर चुके हैं।

इस परियोजना को डीएमएफ मद से तत्कालीन कलेक्टर प्रभात मलिक की पहल पर लोक निर्माण विभाग, विद्युत एवं यांत्रिकी शाखा के माध्यम से कराया गया था। लेकिन कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मनमाने ढंग से अपने चहेते ठेकेदारों को काम सौंपकर इस योजना में भारी भ्रष्टाचार किया गया। लोगों की मानें तो इन लाइटों को लगे एक साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर तक नहीं लगाया गया। बिजली खंभों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि कुछ तो पहले ही गिर चुके हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

डर के साए में सफर कर रहे राहगीर

यह मार्ग पिथौरा शहर से अंजली स्कूल होते हुए लाखागढ़ गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग 53 बाईपास तक जुड़ता है, जहां रोज़ाना हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष आना-जाना करते हैं। रात के अंधेरे में यह रास्ता खतरनाक बन जाता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सबसे रोचक बात यह है कि यह खम्भा कभी भी किसी के ऊपर गिर सकता है लेकिन इससे स्थानीय प्रशासन को कोई लेनादेना नहीं है। अगर ऐसा ही रहा तो यह कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस कार्य की उच्च स्तरीय जांच हो ताकि भ्रष्टाचार की परतें खुल सके।

### डीएमएफ मद से हुए निर्माण में भारी भ्रष्टाचार की आशंका, चार खंभे धराशायी

*बिजली के खंभे और लाइटें हमारे विभाग द्वारा ही लगाई गई हैं। कितने का काम हुआ है, यह पूछकर बता सकता हूं। सात-आठ महीने हो गए हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं लग सका है। बिजली विभाग से देरी हुई है, जल्द ही लाइटें जलेंगी।*

– **राकेश यादव,** एस.डी.ओ., लोक निर्माण विभाग (विद्युत एवं यांत्रिकी)

*खंभे लगे एक साल हो गए हैं, अब तो वे उखड़ने भी लगे हैं। न जाने कब इनमें रोशनी आएगी। रात में लोगों को काफी दिक्कत होती है।*

– **प्रियरंजन कोसरिया,** सरपंच ग्राम पंचायत लाखागढ़

# कलेक्टर दीपक अग्रवाल का तबादला भगवान सिंह उईके ने संभाला कार्यभार

**गरियाबंद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उन्हे कार्यभार दिया। इस दौरान नवनियुक्त कलेक्टर उईके को पुष्प गुच्छ भेंटकर नए दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 2016 बैच के आईएएस उईके गरियाबंद जिले के 13वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर श्री उईके का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की। साथ ही जिले में चल रहे कार्यो की सामान्य जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री उईके ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि



शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। नवपदस्थ कलेक्टर श्री उईके इससे पहले जिला उत्तर बस्तर कांकेर के अंतागढ़ में अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। पदग्रहण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पांडे, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक की दुर्दशा कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना



**सिमगा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकनिर्माण विभाग की निष्क्रियता एवं लापरवाही के चलते नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में गड्ढे ही गड्ढे। जिससे की चार पहिया एवं दोपहिया वाहन चालकों एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । तथा प्रतिदिन सड़क दुर्घटना हो रही है। उक्त मार्ग से अतिविशिष्ट जनों का आना जाना लगातार हो रहा है। किन्तु उक्त चौक की दुर्दशा की ओर किसी का ध्यान आकृष्ट ना होना आश्चर्य की बात है। वहीं लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार नौकरशाह कुभंकरणी नीद में सोए हुए हैं। उन्हें वाहनों चालकों एवं राहगीरों को हो रही परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है । नगर के मुख्य मार्ग में धल्लड़े से भारी वाहन दौड़ रहे है । जबकि नगर में भारी वाहनों की आवाजाही न हो इसलिए बाईपास सड़क का निर्माण किया गया है। लेकिन उसके बावजूद भी भारी वाहनों का नगर के अदंर धल्लड़े से दौड़ना समझ से परे है।

# स्कूल अमाली में बाल संस्कार सभा का आयोजन किया गया



**नगरी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कमारपारा प्राथमिक शाला अमाली में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा, अनुशासित जीवन, समय की उपयोगिता एवं प्रबंधन की जानकारी दी गई। विनय नाहटा नगरी के द्वारा अपने पिताजी के पुण्य स्मृति में बच्चों को न्योता भोज, आंशिक पोषण आहार, खीर, पूड़ी, केला वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमाली सरपंच श्री मति हिरोंदी ध्रुव, उप सरपंच जीत बाई सेन, समस्त पंच गण, ग्राम पटेल हरचंद साहू, अमृत बाई साहू, विष्णु साहू, सोहन जैन, विनय नाहटा सह परिवार, प्रधान पाठक हर्षलता साहू, गंगा नवरंग, सिद्धेश्वर साहू, श्वेता गौर, नीलिमा साहू, चंद्रकुमारी नवरंग, आस बाई मौजूद रहे। शाला समिति ने सभी अतिथियों एवं भोजन प्रदाता का शाला परिवार की ओर से धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया।

# नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**कुरुद,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पोषण पखवाड़ा के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी साहू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कुरुद श्रीमती ज्योति चंद्राकर द्वारा संयुक्त रूप से महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कुपोषण दूर करने में पोषण संबंधी जागरूकता लाने का शपथ भी दिलाई गई। गौरतलब हो कि सरकार द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा चलाकर महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से से विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस दौरान घरेलू उपायों से बच्चों को कुपोषण मुक्त होने की जानकारी दी जा रही है। इसी के अंतर्गत सोमवार को बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए सामाजिक जागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जीवन के सुनहरे 1000 दिन बच्चे के सर्वांगीण विकास की नींव संदेश के साथ पोषण पखवाड़ा रथ महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं ग्रामों में भ्रमण कर लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के सभापति सिंधु बैस, पार्षद मनीष साहू, सीईओ अमित सेन, परियोजना अधिकारी सरिता कुशवाहा, पत्रकार मूलचंद सिन्हा, यशवंत गंजीर, पर्यवेक्षक रेणुका साहू, सोमलता शुक्ला, हीरा बघेल, जयश्री, सेक्टर प्रभारी शहरी व सिर्री की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कार्यालय के कर्मचारीगण श्रीवास, प्रितिक दर्रो, उमेश देशलहरे आदि उपस्थित थे।

# सट्टा संचालित करते सटोरिया गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के दुर्गा मंदिर गोदड़ी धाम के पिछे एस बी आई बैंक के सामने संट्टा संचालित करते एक ब्यक्ति को एण्टी क्राईम एंड साईबर यूनिट व तिल्दा-नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम ने धर दबोचा। बीते दिन एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्रांन्तर्गत दुर्गा मंदिर के समीप एक ब्यक्ति रूपयों का दांव लगाकर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा है ,जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट व तिल्दा-नेवरा पुलिस उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया । रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित करते आरोपी ऋषभ तलरेजा तिल्दा-नेवरा निवासी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 10,500/ रुपए एवं सट्टा पट्टी जप्त कर सटोरिया के विरुद्ध तिल्दा-नेवरा में अपराध क्रमांक 144/2025 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया । कार्यवाही में निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा,एण्टी क्राईम साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पांडेय,सउनि गेदूराम नवरंग,प्रधान आरक्षक कृपा सिंधु पटेल आर धनंजय गोस्वामी,संजय मरकाम, प्रकाश नारायण पात्रे ,तथा विधानसभा से प्र . आर . सुखदेव बोस की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व की शिक्षा यहां मिलती है



**नगरी,** 21 अप्रैल। श्रीराम प्रभात शाखा, नगरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा नगर के साहू सदन में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व की शिक्षा दी जाती है। नगर के संघ प्रमुख ने बताया कि आज के दौर में जब समाज और परिवारों को मजबूती देने की आवश्यकता है, संघ की शाखा एक ऐसा आदर्श मंच है जहां हमारे बच्चे शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त बनते हैं। इस शाखा में योग, खेल और अनुशासन के साथ देशभक्ति, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व, भारतीय संस्कृति, इतिहास और मूल्य, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संगठन कौशल सिखाया जाता है। यह सिर्फ एक शाखा नहीं वरन राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है। डॉ. जीआर. देवांगन, मोतीलाल दिवाकर ने पालकों से विशेष अनुरोध किया है की आपके बच्चे का भविष्य केवल किताबों से नहीं, अच्छे संस्कारों और अनुशासन से भी बनता है। इसलिए आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त पीढ़ी और सशक्त भारत बनाएं।

# शिक्षा के क्षेत्र में नया मुकाम, आशा शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**सरायपाली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। फुलझर अंचल की प्रतिभाशाली शिक्षिका सुश्री आशा शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। स्वर्गीय महावीर प्रसाद शर्मा और श्रीमती संतोष शर्मा की पुत्री सुश्री शर्मा को हाल ही में डाक्टर की उपाधि से नवाज़ा गया। यह उपलब्धि न केवल सुश्री शर्मा के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे फुलझर अंचल के लिए भी एक प्रेरणा है। यह उनकी मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। सुश्री शर्मा जैन कालोनी, सरायपाली की निवासी हैं एवं सेजेस सरायपाली में प्रायमरी विभाग में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत हैं। उनके पास एम ए (अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी साहित्य) बी एड की डिग्री है। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और ज्ञान की प्यास ने उन्हें डॉक्टरेट हासिल करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और विशेषज्ञता का प्रमाण है।




सुश्री शर्मा की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके हितैषियों, छात्रों और परिवार ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त की है। उनकी सफलता से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। यह साबित करता है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सुश्री शर्मा की कहानी युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

सुश्री शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया है। उनके शिक्षण कौशल और छात्रों के प्रति समर्पण ने उन्हें हमेशा से एक आदर्श शिक्षिका के रूप में पहचान दिया है। वे अपने छात्रों को न केवल ज्ञान प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित भी करती हैं। उनके शिक्षण में नवाचार और छात्रों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने की उनकी क्षमता ने उन्हें एक सफल शिक्षिका बनाया है।

डाक्टर की उपाधि उनके समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। यह न केवल उनके शैक्षणिक ज्ञान को दर्शाती है, बल्कि उनके शिक्षा के प्रति जुनून और छात्रों के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है। सुश्री शर्मा इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में गहन अध्ययन किया है। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उनके ज्ञान को और अधिक समृद्ध किया है।

यह उपलब्धि सुश्री शर्मा की शिक्षा के प्रति समर्पण और उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने पेशेवर जीवन में भी उत्कृष्टता हासिल की है। उनकी सफलता से साबित होता है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सुश्री शर्मा अपने परिवार, हितैषियों के समर्थन से इस मुकाम तक पहुँची हैं। उनकी सफलता उन सभी के लिए प्रेरणा है जो शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं। सुश्री शर्मा की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए, हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हम आशा करते हैं कि वे अपने ज्ञान और अनुभव का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक योगदान देने के लिए करेंगी। उनकी सफलता से शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक महिलाओं को प्रेरित होगा और वे भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगी। सुश्री शर्मा की सफलता एक प्रेरणादायक कहानी है जो हमें बताती है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हेतु आवेदन आज तक

**बिलाईगढ़,** 21 अप्रैल(देशबंधु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना अंतर्गत ग्राम रेड़ा, दमदरहा और हिर्री के आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से 22 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, खेलभांठा सारंगढ़ के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है।

**बरमकेला क्षेत्र के भकुर्रा में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती**

महिला एवं बाल विकास विभाग के बरमकेला परियोजना अंतर्गत ग्राम भकुर्रा के आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती हेतु 22 अप्रैल तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, बरमकेला के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है।

**आंगनबाड़ी सहायिका के लिए योग्यता एवं आवेदन प्रक्रिया**

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित गांव का निवासी होना चाहिए। गांव के मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो सूची की कॉपी आवेदन में संलग्न की जाए या निवास प्रमाण पत्र में गांव के सरपंच और सचिव दोनों का हस्ताक्षर होना चाहिए या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**सारंगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नगरीय निकाय सारंगढ़ के वार्ड 10 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से एकीकृत बाल विकास परियोजना खेलभांठा सारंगढ़ में 22 अप्रैल 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित वार्ड या नगरीय निकाय का निवासी होना चाहिए। नगरीय निकाय के मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर उसकी कॉपी या निवास प्रमाण पत्र में वार्ड के निवासी के लिए पार्षद या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज, 12वी, 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

## निधन

### रोशन चंद्राकर



**महासमुंद** 21 अप्रैल। स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी रोशन चंद्राकर 70 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे केवल चंद्राकर के पिता, विजय ज्वेलर्स, रूचि, ज्वेलर्स, चंदूलाल ज्वेलर्स के संचालक विजय चंद्राकर के बड़े भाई थे।

### समारिन बाई तेलक

**महासमुंद** 21 अप्रैल । ग्राम साराडीह निवासी श्रीमती समारिन बाई तेलक 84 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम साराडीह में किया गया। वे नंदलाल, नगर पालिका में पदस्थ लिपिक सीताराम तेलक, गोकूल तेलक, नाथूराम तेलक की मां थी।

### विजय चंद्र सिंह



**भिलाईनगर,** 21 अप्रैल। एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के पूर्व कर्मी, क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य, एकता चौक कैलाश नगर निवासी विजय चंद्र सिंह का आज सुबह 11 बजे बीएम शाह अस्पताल में निधन हो गया वे 70 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 22 अप्रैल को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र, 4 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं वे ट्रांसपोर्टर अनिल सिंह, सुनील सिंह के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### एक देश एक चुनाव पर ...

हिंदुजा, प्रकाश गोलछा, विजय मोटवानी, विजय साहू, उमेश साहू, डॉ बीथीका विश्वास, कोमल थवाईत, सरिता मिश्रा, गीतेश प्रजापति, त्रिलोक जैन, होरीलाल साहू, लोकेश साहू, अकबर कश्यप, हुमित लिमजा, अजय ध्रुव, मोनिका देवांगन, ऋषभ देवांगन, समर भूषण गुप्ता, यशवंत कौशिक, अखिलेश खंडेलवाल, विनय जैन, गौरव मगर, पवन गजपाल, अमन राव, तल्लीन पूरी गोस्वामी, अजीत साहू, लील पटेल चंद्रशेखर राजपूत, शिव ओझा, अनामिका शर्मा, सुमैया बानो , दिव्या साहू, मायापुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा...

बघेल, नेमीचंद बंजारे,थानेश्वर बंजारे,कमलेश खूंटे,जीतू खूंटे, मिलाप बंजारे,मनोज सोनवानी,किरण टंडन,सनत चेलक ,धरमुदास कुर्रे तुला खूंटे, देवीप्रसाद मार्कण्डेय , बलवंत बघेल,दीनदयाल टंडन सहित सतनामी समाज के पदाधिकारियों प्रसन्नता व्यक्त कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### अक्षांश कश्यप का राष्ट्रीय...

श्रीमति सुनीता वर्मा, राजमंत्री द्वारिका वर्मा (झीपन) सचिव प्रदीप बघमार, सह-सचिव देवेश वर्मा, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर, योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा, अर्जुनी राज के राजप्रधान हरिराम वर्मा, मिडिया प्रभारी रुपेश वर्मा, मोटर के शिक्षक राकेश वर्मा, विजय वर्मा सदस्य युवा प्रकोष्ठ अर्जुनी, चोवाराम वर्मा, चेतेंद्र वर्मा, ठाकुर, चंदु, इंदर डाकेश्वर, लक्ष्मण, संतोष कश्यप, रवि शंकर आदि ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### नपा उपाध्यक्ष ने ली...

सहित भजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उपाध्यक्ष राठी ने शहर के सभी भु स्वामी हक के हितग्राहियों से अपील करते हुये कहा कि शीघ्र अपना आवास संबंधित दस्तावेज नगर पालिका के आवास शाखा में जमा करे जिससे आप हितग्राहियों का आवेदन शासन तक भेजकर आवास बनाने में नगर पालिका सफ्ल हो पायेगी। आवेदन करने में काई परेशानी होने पर अपने पार्षद से सम्पर्क कर सकते हैं । आवेदन करने वाले हितग्राही के पास कम से कम 250 वर्ग फीट की जमीन होनी चाहिए। आवास प्रभारी को निर्देशित किया गया कि जब तक आवेदन रायपुर नही भेजे जाते है तब तक सभी का आवेदन लेकर जांच उपरान्त शासन को भेजा जाये उन्होने हितग्राहीयों से भी अपील करते हुये कहा की शासन द्वारा जारी राशि आपके खाते में सीधे आयेगी कहीं पर किसी प्रकार के पैसे देने की जरूरत नही हैं। अगर कोई मांग करता है तो उसकी शिकायत नगर पालिका में करें।

### पेंशनर्स समाज का जनप्रतिनिधि...

तहसील शाखा राजिम के बैठक ब्यवस्था हेतु एक एकड़ जमीन नगर पंचायत राजिम नगरी में मांग किया और विधायक श्रीसाहू को पत्र सौपा, । जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, एवं सभी पार्षदों, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा छ ग पोलिस पेंशनर समाज धमतरी के अध्यक्ष एवं उनके साथियों को पेंशनर समाज गोबरानवापारा के अध्यक्ष , पेंशनर समाज खरोरा के अध्यक्ष सभी को शाल श्री फ्ल भेंट कर सम्मानित किया, सम्मान के लिए नया सदस्य श्रीमती हिम्मत बाई साहू परसदा वाली को भी शाल श्री फ्ल से सम्मानित किया और विधायक जी ने चरण स्पर्श कर आशिर्वाद लिए, कार्यक्रम पधारे धमतरी के साथी ने विधायक से आग्रह किया कि संगम स्थल जहाँ अस्थि विसर्जन किया जाता है वहाँ स्वच्छता बहाल करवाया जाये। कार्यक्रम का संचालन रोमन लाल एवं आभार ब्यास नारायण चतुर्वेदी ने किया।

### मजदूर एवं बेरोजगार साथियों के...

पर भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ इकाई के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करते हुए इनके हितों की लड़ाई लड़ना, जरूरत पड़ने पर आंदोलन एवं प्रदर्शन करना, इन्हें प्रशिक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सेवाएं प्रदान करना एवं इनके अधिकारों की रक्षा, इन्हें न्याय और समानता दिलाना हमारा उद्देश्य है।

# पीएम श्री विद्यालयों के व्याख्याताओं का कौशल विकास कार्यशाला पुणे में

**खरोरा,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पी एम श्री विद्यालयों के (रायपुर जिलासे--श्री मती सोमा बनिक पीएम श्री खोरपा, डॉ देवयानी बघेल पीएम श्री आमापारा रायपुर,मिनीपाल पीएम श्री सरागांव, नज़ीम कुरैशी पीएम श्री नेवरा तिल्दा, नाज़िमा अज़ाज़ पीएम श्री अभनपुर, श्रीमती ज्योतिबाला साहू पीएम श्री गोबरा नवापारा, श्री गोमेंद्र ठाकुर पीएम श्री बिरगांव, श्रीमती रीतारानी वर्मा पीएमश्री खरोरा, श्रीमती प्राची शर्मा पीएमश्री चंद्रखुरी, श्रीमती इंदु साहूपीएम श्री कुंरा धरसींवा, श्री प्रतीक यादव पीएम श्री माना कैंप, श्री गौरव वर्मा पीएम श्री अरुनधतिदेवी आरंग, महासमुंद जिला से--श्री अश्वनी धीवर पीएम श्री तुमगांव, श्री लखविंदर छाबड़ा पीएम श्री बागबाहरा, श्री लखपति पटेल पीएम श्री पिथौरा, श्री योगेश प्रधान पीएम श्री बसना बलौदाबाजार जिला से--श्रीमती प्रीती पटेल पीएम श्री भाटापारा, श्रीमती हिमानी पाहरे पीएम श्री बलौदाबाजार, श्री रामकरण वर्मा पीएम श्री बलौदाबाजार, श्री पलाश रामटेके पीएम श्री सिमगा, श्रीमती मिथलेश राजपूत पीएम श्री सुहेला, श्रीमती स्वीटी कसेर पीएम श्री कसडोल धमतरी जिला से --श्रीमती रेशमा साहू पीएम श्री बथेना, श्रीमती नम्रता देशमुख पीएम श्री कुरुद, श्रीमती शालिनी साहू पीएमश्री भैसमुडी, श्रीमती आस्था जाचक पीएम श्री धमतरी, गरियाबंद जिला से--श्रीमती संध्या ठाकुर पीएमश्री गरियाबंद) रायपुर जोन से 27 व्याख्याता च भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान च,पुणे (द्धद्बस्श्वक्र,क्कह्वश्व)में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागिता देंगे7 यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना ,रायपुर ,छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया है। श्री आशीष गौतम पी एम श्री समन्वयक रायपुर छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु पुणे प्रस्थान करेगी।इस प्रशिक्षण में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।




छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहला राष्ट्रीय अखबार
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
के स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अंजय शुक्ला
अध्यक्ष
छ.ग. सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन
विनीत – छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन
सबका साथ सबका विकास

# छत्तीसगढ़ के प्रयाग नगरी में तुलाराम साहू ने संगीत की कमी को पूरा किया है : महेश यादव

## कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल, शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर एवं संगीत कला में रामकुमार देवांगन हुए सम्मानित

**राजिम**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राजिम के श्री राम संगीत कला केंद्र में महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें संगीत की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की आरती करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। देवी सरस्वती की जयकारा से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार को कभी नहीं भूलना चाहिए। पाश्चात्य सभ्यता हावी है। श्री राम संगीत कला केंद्र वाद्य यंत्र नृत्य गीत संगीत इत्यादि का प्रशिक्षण दे रही है छत्तीसगढ़ के प्रयागराज में संगीत की कमी को पूरा कर रही है उन्होंने केंद्र के संचालक तुलाराम साहू को शुभकामना देते हुए कहा कि इसी तरह से क्षेत्र के लोगों को आप गीत संगीत में पारंगत करते रहे, ताकि राजिम का नाम पूरे देश में हो। अध्यक्षता कर रहे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि तुलाराम साहू ग्राम कोमा से निकलकर खूब संघर्ष किया विपरीत परिस्थितियों में संगीत से जुड़कर जीवन जीने का रास्ता निकालने का काम किया है। इंसान के अंदर अनेक कला होते हैं उसे प्लेटफॉर्म दे रहे हैं संगीत में




लगातार मनोयोग से जुड़े रहना बहुत बड़ा उदाहरण है। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि जीवन में संगीत के बगैर कुछ भी नहीं है इससे दुख सुख में खुश रह सकते हैं जीवन में बच्चों को प्रोत्साहित करते रहे उनका संगीत सीखते रहे इसी तरह से अवसर मिलते रहे तो बच्चे फिल्मी दुनिया में भी जा सकते हैं। पार्षद तुषार कदम ने कहा कि यह संस्था राजिम का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रोशन कर रही है इनका कार्य प्रशंसनिक एवं विश्वसनीय है।

**संगीत के देवी मां सरस्वती की श्रीराम संगीत कला केंद्र में हुई महाआरती**

**श्री राम संगीत कला केंद्र में 5800 विद्यार्थी हो चुके निपुण:** स्वागत उद्बोधन में श्री राम संगीत कला केंद्र के संचालक तुलाराम साहू ने कहा कि सन 2007 से लेकर अब तक 5800 से भी ज्यादा विद्यार्थियों ने संगीत की बारीकियां सीख चुके हैं। वर्तमान में 140 छात्र छात्राएं अध्यनरत है। छात्रों की बढ़ती संख्या के चलते यह भवन अब छोटा पड़ रहा है। इसलिए सुबह 8रू00 से लेकर रात्रि 8रू00 बजे तक लगातार कक्षाएं संचालित हो रही है। इस अवसर पर संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रामकुमार देवांगन, साहित्य के क्षेत्र में संतोष कुमार सोनकर मंडल, जितेंद्र सुकुमार साहिर को स्मृति चिन्ह, गमछा और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं ड्राइंग शिक्षिका योगिता साहू, म्यूजिक टीचर गंगा मरकाम, डांस सहयोगी प्रिया, साधना साहू को अंग वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष सोनकर ने किया तथा आभार प्रकट तुलाराम साहू ने किया इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा पालकगण उपस्थित थे।

**बच्चों ने किया आदिवासी नृत्य:** इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आदिवासी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी नृत्य कर मन मोह लिया। प्रमुख रूप से संजय पुरी गोस्वामी कल्पना साहू, सुशील देवांगन, स्वाति, गोपाल चौधरी, जमुना वर्मा, यशोदा पटेल कंप्यूटर शिक्षिका, फल्गुनी, गणेशु साहू वकील संगीतकार के रूप में रूपेश साहू, खिलेश्वर साहू, गौरव कंसारी विशेष सहयोगी के रूप में गिरधारी बघेल, खेमचंद साहू, सोनू पटेल, लक्की साहू, पुरुषोत्तम साहू दीनानाथ वर्मा, द्रोण साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# जल संचय महाभियान की हर स्तर पर हो मॉनिटरिंग : कलेक्टर



## जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बलौदाबाजार**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जल संचय महाभियान अंतर्गत जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी ने ऑनलाइन प्रशिक्षण में शामिल जल संचय वाहिनियों को जल संचय की महत्ता व जल संकट की स्थिति से बचने के उपाय के बारे में जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रहे जल संचय महाभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संचय वाहिनी के कार्य और जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए महाभियान की हर स्तर पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्पर्क केंद्र में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने कहा कि पानी बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को जल संचय और पानी के सदुपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में 18 अप्रैल से जल संचय महाभियान शुरू किया गया है जो 15 मई 2025 तक चलेगा। इस दौरान हर ग्राम पंचायत में जल वाहिनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करते हुए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके लिए तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जल वाहिनी अपने ग्राम पंचायत के समस्त नलकूपों के पास सोखता गड्ढे का निर्माण, पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने में तकनीकी सहायक और सब-इंजीनियर का सहयोग लें। गांव में कोई भी व्यक्ति टुल्लु पंप से अतिरिक्त पानी का दोहन करता है या पाईप काटकर पानी लेता है उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाएं। टुल्लु पम्प जब्त करें। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर वार्ड में जल समस्या का आकलन करें।उन्होंने कहा कि महाभियान के दौरान नहर या एनिकट मरम्मत, गेट सुधार की भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देना है। महाभियान को जन-जन पहुंचाने के लिए व्यापक-प्रचार करें। कलेक्टर श्री सोनी ने जल संचय महाभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल वाहिनी को पुरस्कृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह जल वाहिनी के कार्यो की समीक्षा करें और 5 बेहतर कार्य करने वाले जल वाहिनी को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित करें। प्रशिक्षण में पीएचई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, जनपद सीईओ एवं समस्त ग्राम पंचायत के जल वाहिनी सदस्य जुड़े थे।

# शराब दुकान के पास खोमचा में गैस सिलेंडर लिकेज होने से लगी आग

**धमतरी**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित एक शराब दुकान के पास खोमचा में अचानक आग लग गई। आग गैस सिलेंडर लीकेज होने से बढ़ने लगा। इसके बाद खोमचे के कर्मचारी तीतर बितर हो गए। सिलेंडर फटने की भी आशंका थी। शराब दुकान खोमचा के कर्मचारियों ने दमकल की टीम को सूचना दी। तत्काल मौके पर दमकल की टीम फायर मैन अरुण यादव, राजेश हिरवानी, शितेश पवार, भरत ठाकुर, भगवान दास, चन्द्र कुमार कुर्रे चालक दिलीप निषाद पहुंचे और आग पर काबू पा लिया।



दमकल की टीम ने पहले फायर ब्रिगेड से पानी मारते हुए नजर आए। इसके बाद धीरे-धीरे कर सिलेंडर तक पहुंचे सिलेंडर को गीले कपड़े में पहले लपेटा गया। इसके बाद सिलेंडर को बाहर निकाला गया। इससे पहले पानी से सिलेंडर को दमकल की टीम ने बुझा लिया था। फटने की डर से सिलेंडर को बाहर किया गया। शराब दुकान खोमचा के बाजू में बच्चों का अस्पताल है। वहीं आसपास में लोग निवास भी करते हैं। आग लगने से लोगों में डर भय समा गया था, हड़कंप मच गया था। उनको डर था कि कहीं सिलेंडर फट न जाए। अगर सिलेंडर फट जाता तो कहीं ना कहीं बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# किसानों की आय में वृद्धि तथा मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने कलेक्टर ने ली बैठक

**महासमुंद**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महासमुंद जिले में मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग, किसान उत्पादक संघ, किसानों और संबंधित विभागों की बैठक ली। उन्होंने जिले में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिले में कार्यरत 10 किसान उत्पादक संघ ;एफपीओ को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना तथा उन्हें उचित बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसमें किसान उत्पादक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, किसान उत्पादक संघ के प्रतिनिधि, बैंकर्स एवं किसान शामिल हुए। जिला



पंचायत के सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि परम्परागत धान के फसलों के स्थान पर रागी, कोदो, कुटकी जैसे मिलेट्स और दलहन, तिलहन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। श्री लंगेह ने कहा कि धान के रकबा को कम करते हुए कम लागत, ज्यादा उपज और ज्यादा आय के सिद्धांत को लेकर कार्ययोजना बनाया जाएगा। इसमें अंचल में कार्यरत किसान उत्पादक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संघ किसानों के साथ बैठकर उन्हें धान के अलावा अन्य नकदी फसलों के फायदों के संबंध में बताएं और उन्हें जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि हम किसानों को उचित मूल्य और सही बाजार भी उपलब्ध कराएंगे। महासमुंद जिले में मिलेट्स कैफे के तर्ज पर रेस्टोरेंट भी खोला जाएगा। यहां मिलेट्स से बने उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इसमें मिलेट्स से बने विभिन्न तरह के उत्पाद और व्यंजन खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। कलेक्टर ने कहा कि यहां उत्पादन की संभावनाओं और किसानों की रुचि को ध्यान में रखते हुए मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाया जा सकता है। कलेक्टर ने इस कार्ययोजना को आगामी 6 माह में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील किया है कि वे मिलेट्स की खेती को अपनाएं और लाभ कमाएं। कृषि उप संचालक एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में लगभग 1100 किसान वर्तमान में मिलेट्स रागी की खेती कर रहे हैं। इस बीते वर्ष खरीफ में लगभग 300 हेक्टेयर और वर्तमान रबी में 900 हेक्टेयर में रागी का फसल लगाया गया है। बैठक में मौजूद किसानों ने कलेक्टर की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हम किसान रागी फसल को अपनाने के लिए उत्सुक हैं एवं आगामी दिनों में धान के अलावा मिलेट्स की खेती भी करेंगे। इस अवसर पर किसानों ने कलेक्टर श्री लंगेह को सुगंधित चावल भेंट किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में थूके या धूम्रपान किया तो भरना पड़ेगा 200 का जुर्माना

**राजिम**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों चर्चा में है उन्होंने परिसर में ही पेंटर बुलाकर दीवाल पर लिखवा दिए हैं कि थूकना मना है। थूकते हुए पाए जाने पर 200 का जुर्माना लिया जावेगा। आदेशानुसार, यदि आप अपने इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच रहे हैं तो बाहर से ही थूक लेना ज्यादा अच्छा होगा, यदि परिसर में धोखे से भी थूक दिए तो आपको पैकेट से जुर्माना 200 निकालना पड़ेगा। तब आपको प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करने से भी ज्यादा महंगा साबित हो सकता है। इसमें कई लोग ऐसे होते हैं जो बार-बार थूकते रहते हैं उनके लिए तो किसी सजा से कम नहीं है। वैसे इस तरह के लिखवाने से कई लोग खुश भी है इससे गंदगी नहीं आएगी और यहां उपस्थित मरीजों को एक स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

**थूक या लार कई वजह से आ सकती है:** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि थूक या लार कई वजह से आ सकती है। जैसे-श्वसन तंत्र में समस्या होने पर फेफड़ों से बलगम के साथ थूक निकलता है इसमें मवाद रक्त फाइबरीन या बैक्टीरिया हो सकते हैं। सोते समय मुंह में लार टपकना सामान्य है। शिशुओं और छोटे बच्चों का भी अक्सर लार टपकता है। निर्जलीकरण की स्थिति में लार गाढ़ी या चिपचिपी हो सकती है। धूम्रपान और पुरानी एलर्जी भी लार का कारण बन सकती है। मुंह से सांस लेने से लार का उत्पादन बढ़ सकता है। करवट लेकर सोने से मुंह में लार जमा हो सकती है एसिड रिफ्लक्स से लार का उत्पादन बढ़ सकता है। दांतों की सड़न




या मसूड़े की बीमारी जैसी स्थितियां लार के उत्पादन को बढ़ा सकती है। नाक बंद होने के कारण मुंह से सांस लेनी पड़ती है जिससे ज्यादा लार बनती है।

**थूक से जुड़ी कुछ बातें:** थूक आपके मुंह को नम बनाए रखता है और भोजन को तोड़ने में मदद करता है। यह दातों को साफरखने में मदद करता है। सुखा मुंह या मुंह सूखने का रोग थूक के प्रवाह को प्रभावित करता है। यदि आपके पास लंबे समय से गाढ़ी लार है। मुंह में ज्यादा लार आ रही है लार सफेद और गाड़ी दिखती है ब्रश करने के बाद आपका थूक लाल है तो इस समस्या से राहत पाने के लिए यह उपाय किया जा सकता है जिसके अंतर्गत नियमित मौखिक स्वच्छता बनाए रखें। माउथवॉश का इस्तेमाल करें, व्यावहारिक संशोधन और स्पीच थेरेपी ले, जीभ को कंट्रोल करना और लार को निकालने की तकनीक सीखें।

**धूम्रपान करना अपराध है:** दीवाल पर धूम्रपान रहित क्षेत्र, यहां धूम्रपान करना एक अपराध है। शब्द लिखा हुआ है और मोनो छपा हुआ है। इसमें भी नियम का उल्लंघन करने पर 200 का जुर्माना रखा गया है।अर्थात पूरी तरह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वच्छता पर फोकस कर रही है और धूम्रपान जैसे गलत कार्यों को लगाम लगाने का शानदार प्रयास की चर्चा भी हो रही है। बताना होगा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। धर्म नगरी होने के कारण यहां सुविधाएं बड़ी होनी चाहिए अभी भी इलाज के लिए बड़े शहरों की और झांकना पड़ता है। जो चिंता का विषय है।

# कलेक्टर व एसपी ने समर कैम्प का किया शुभारम्भ

**बलौदाबाजार**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने रविवार को पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बलौदाबाजार स्पोर्ट्स एसोसियेशन के समर कैम्प का शुभारम्भ किया। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण पश्चात फीता काटकर समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि यह समर कैम्प बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इस कैम्प के माध्यम से बच्चे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के साथ ही खेल की तकनीक भी सीख सकेंगे। उन्होंने खेल में बालिकाओं की सहभागिता पर जोर देते हुए बालिकाओं को प्रशिक्षित कर खेल का वातावरण तैयार करने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि समर कैम्प बच्चों को मनोरंजन के साथ अपनी क्षमता और प्रतिभा को निखारने का अवसर देता है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज बाजपेयी, सचिव बलराम साहु, राजकमल मिश्रा, डॉ जयनारायण केशरवानी, बी. पी.बघमार, के. के. कश्यप, अमित अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# हरिहर शाला के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**नवापारा** राजिम, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के योजनांतर्गत पीएमश्री हरिहर शास उत्कृष्ट विद्यालय गोबरा नवापारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्रायों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु 19 अप्रैल को हिदायतुल्लाह लॉ विश्वविद्यालय ट्रिपल आईटी, ऊर्जा पार्क और मुक्तांगन ले जाया गया, छात्र-छात्राओं के लिए नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं शाम के स्नैक्स की भरपूर व्यवस्था रखी गई। इस भ्रमण का उद्घाटन 19 अप्रेल को प्रात: 10 बजे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी साहु के द्वारा किया गया। इस समारोह में उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, संजय साहू, सचिन सचदेव, हरिहर शाला के सभी स्टाफस्वं छात्र-छात्राएं शामिल थे। इसी तारतम्य



में 20 अप्रेल को घोंट गांव में श्याम राईस मिल (मनमोहन अग्रवाल), चम्पारण, जंगल सफारी की सैर बच्चों को कराई गई। दूसरे दिन भी नाश्तेभोजन आदि की पूर्ण व्यवस्था रखी गई। श्री श्याम राईल मिल में प्राचार्य स्टॉफएवं छात्र-छात्राओं का मनमोहन अग्रवाल एवं उनकी टीम के द्वारा भरपूर स्वागत किया गया। जंगल सफारी में घुमने की व्यवस्था विधायक इंद्र कुमार साहू के द्वारा की गई। प्राचार्य श्रीमती एफ के. दानी ने विधायक श्रीसाहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नपा अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी साहू, मनमोहन अग्रवाल जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य, आासपास के उद्योगों की जानकारी देना, वातावरण, संस्कृति की जानकारी देना है और बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाना है।

श्रीमती एफके दानी और एसएमडीसी अध्यक्ष सौरभ जैन ने विधायक श्री इंद्र साहू मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा श्रीमती मनमोहन अग्रवाल को धन्यवाद दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी धन्यवाद ज्ञापित किया कि पीएमश्री योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विविध संस्थानों, लघु उद्योगों, और सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी मिल रही है।

# दानवीर भामाशाह जयंती धूमधाम से मनाया गया

**नवापारा राजिम**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार को दानवीर भामाशाह की जयंती भामाशाह समिति एवं साहू समाज द्वारा भव्य रूप से मनाया गया। साहू समाज परिक्षेत्र नवापारा,युवा प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ,मंदिर समिति एवं दानवीर भामाशाह समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में भामाशाह की जयंती भव्य रूप से मनाया गया इस अवसर पर दानवीर भामाशाह के आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके दानवीरता,आदर्शो एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए सभी को इस मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भामाशाह समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू,नगर साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू,उपाध्यक्ष भागवत साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेन्द्र बल्लू सोनी,




अशोक गंगवाल, ,पार्षद सहदेव कंसारी,नम्मू नारायण ध्रुव,राम रतन निषाद,अर्जुन साहू,फगु देवांगन,जग्गू यादव,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी , पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव,नगर साहू समाज के संरक्षक गण छन्नूलाल साहू,प्रेमलाल साहू,रज्जू साहू,परदेसी राम साहू कन्हैया साहू,डॉ लीलाराम साहू,साहू,धीरज साहू,पुर्व पार्षद मायाराम साहू,दीपक साहू,नूतन साहू,चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ.तेजेंद्र साहू डॉ.रमेश डॉ.लीलाराम साहू,सुखराम भगत सहित अन्य सामाजिक गण उपस्थित थे।

# जामा मस्जिद के सदर ने किया हज यात्रियों का इस्तकबाल

**महासमुंद**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी 23 मई को हज की मुबारक यात्रा में जाने वाले हाजी जनाब कलाम भाई का हुआ इस्तकबाल। इस वर्ष हज यात्रा में महासमुंद नगर से जनाब कलाम भाई और उनकी अहिल्या 23 मई को हज यात्रा के लिए रवाना होंगे। इस मुबारक मौके पर जामा मस्जिद के कार्यवाहक सदर जनाब हाजी जमील चौहान राजू भाई के निवास में इस्तकबालिया प्रोग्राम रखा गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने जनाब कलाम साहब का फूलों



के हार से इस्तकबाल किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाजी लतीफ चौहान, हाजी जमील चौहान राजू भाई, हाजी अशरफधनवानी, शब्बीर चौहान, सुल्तान अहमद बागड़ी, जाकिर रजा साहब नयापारा, रसीद चौहान, शेर मोहम्मद, नासिर खान, पार्षद हाफिज कुरैशी, तबरेज खान, शहीद खान, कलीम कुरैशी, साजिद कुरैशी, तहिसिन अली, रहमान भाई, सुलेमान खान, नईम खान, इम्मू भाई, फिरोज खान, बाबा भाई फल वाले, अनवर हुसैन, पूर्व एल्डरमैन जावेद चौहान, आसिफधनवानी, अमीन चौहान अम्मू, शकील चौहान, अकरम खान, सिराज बक्श, इरफान कुरैशी, बाबा भाई, राजा भाई, गुड्डु भाई, शेल्प वाले जाहिद चौहान, सैय्यद ईमरान अली, हाफिज भाई, नफीस कुरैशी, सैय्यद इरफान अली, शाहिद चौहान, इदरीश चौहान, इकबाल खान, अर्सी खान, बाबा भाई आदि मौजूद थे।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए एक हज़ार 876 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**धमतरी**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु आज जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों में चयन परीक्षा हुई। इनमें मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी, मेनोनाईट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, सर्वोदय उ.मा.वि. धमतरी, डॉ. शोभाराम देवांगन शा.उ.मा.वि. धमतरी, स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट हिन्दी उ.मा.वि. हटकेशर धमतरी, मेनोनाईट हिन्दी उम.मा.वि. धमतरी, स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट हिन्दी उ.मा.वि. गोकुलपुर धमतरी, नूतन उ0मा0वि0 धमतरी शामिल है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास और नोडल अधिकारी, प्रेक्षक एवं केन्द्राध्यक्ष ने बताया कि प्रवेश हेतु कुल ढाई हजार छात्र-छात्राओं से आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से एक हजार 876 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 624 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।